॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

दिगंबर जैन.

THE DIGAMBAR JAIN

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्वत्रमिदं प्रवर्त्तताम्, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष १६ वाँ. | वीर संवत् २४४८. पोष–माह विक्रम सं० १९७८. | अंक ३–४ था



लखनऊमें महासभा।

जबसे लखनऊमें महासभाको निमंत्रण मिला था। तबसे लखनऊ महासभाकी चर्चा चला ही करती थी क्यों कि महासभाके कितनेक कार्यकर्ताओंका लखनऊके भाइयों पर विश्वास न था! वे समझते थे कि क्या जाने लखनऊके भाई महासभाको लखनऊ ले जाकर इसकी दशा क्या जाने कैसी कर डालेंगे इससे किसी न किसी प्रकार लखनऊमें महासभा न हो तो ठीक। इसीसे दो तीन बार ऐसे २ विघ्न उपस्थित किये गये थे परंतु हमारे लखनऊके भाई इतने हिम्मती उत्साहशील और महासभाकी सेवा और उन्नतिके लिये कटिबद्ध थे कि अंतमें लखनऊके भाईयोंको इस बारकी महासभामें इतनी सफलता मिली है कि जैसी किसीको भी आशा थी। अर्थात् लखनऊमें भरतवर्षीय दि० जैन महासभाका २६ वां वार्षिक अधिवेशन माघ सु० १–७–८को अतीव समारोह और सफलताके साथ हो गया। स्वागत समितिने ठहरनेके लिये डेरे, दरी, कुर्सी, पानी आदिका इतना उत्तम प्रबंध किया था कि किसीको शिकायत न थी तथा सेवाके लिये तीन चार सेवा समितिके स्वयंसेवकोंने रातदिन परिश्रम उठाकर सबकी सेवा की थी। स्वागत समितिके सभापति बाबू फतेचंदजी, बाबू अजितप्रसादजी मंत्री, बा० बालीलालजी उपमंत्री, लाला देवीदासजी आदिर। लखनऊके वकील सभी भाई व्यापार धंदा छोड़कर डालीगंजमें डेरा करके ठहरे थे और सबका उत्तम स्वागत करते थे। ला० देवीदासजीने तो अपने खर्चसे कई भाईयोंका नित्य भोजन साकार किया था। त्यागियोंमें ब्र० शीतलप्रसादजी, ब्र० ज्ञानानंदजी, ब्र० ठाकुरप्रसादजी, ब्र० चांदमलजी, मा० दीपचंदजी, ब्र० छोटेलालजी, और ब्र० सुखानंदजी पधारे थे। माघ सुदी ६ और ९को रथयात्रा उत्सव खूब धूमधामसे निकला था तथा नित्य जैन गुंजके मंदिरमें पूजन विधान हुआ करता था। सबसे बढ़कर महासभाके अधिवेशनकी सफलताके आप रबूत तो इसके सभापति थे। इसबार महासभाको ऐसे उत्तम, विचारशील, अनुभवी, विद्वान्, परिश्रमी, शांत स्वभावी, समाज सेवाके इच्छुक और समयको

परिस्थितिके माननेवाले बाबू चम्पतरायजी बेरिस्टर हरदोई सभापति पदपर मिले थे कि महासभाका कार्य कुछ भी विघ्न न आते हुए अतीव सफलताके साथ पूर्ण हुआ था। हमें जहां तक मालूम है यह प्रथम ही मौका था कि एक बेरिस्टरको यह पद मिला था। जब कि हमारे कितने ही पंडित तथा पुराने विचारके भाई यही समझते हैं कि अंग्रेजी पढ़े लिखे तो धर्मसे विमुख होते हैं और धर्मविरुद्ध चलते हैं आदि परन्तु उनके इन विचारोंको बेरिस्टर चंपतरायजीने निर्मूल कर दिया है और महासभामें नई जान पैदा करदी है जिसके लिये महासभा चिरकाल तक बेरिस्टर साहबकी ऋणी रहेगी इस बार महासभामें प्रबंधकारिणी क० का चुनाव जो नियमसे होनेवाला था उसको रोकनेके लिये अर्थात् एक वर्ष बढ़ करनेके लिये नई खटपटबाजी प्रथमसे की गई थी परन्तु सुयोग्य और निष्पक्ष सभापतिजीके सामने उचित ही न्याय हुआ और नवीन चुनाव इसी वर्ष हुआ है। इस बारके चुनावमें महत्वका चुनाव सभापतिका हुआ है अर्थात् वार्षिक अधिवेशनके सभापति ही वर्षभर अर्थात् आगामी अधिवेशन तक स्थायी सभापति रहेंगे इसमें बेरिस्टर साहब ही १ वर्षके लिये सभापति 'गजट' कार्यालयको देहली ले जावें और वहांसे अपनी निगरानीमें गजटका प्रकाशन करावें और आप खुद अच्छी तरहसे संपादन करें तो 'गजट' की दशा सुधरनेका अच्छा मौका है। कोषाध्यक्ष बा० निर्मलकुमारजी नियुक्त हुए हैं जो बहुत ही योग्य हैं।

महासभाके सभापति बा० चंपतरायजीका व्याख्यान बहुत ही विद्वत्तापूर्ण और लंबा था। यह 'मिल'में छप रहा है। हो सकेगा तो आगामी अंकमें हम उसका सार प्रकट करेंगे। और महासभामें पास हुए प्रस्ताव हमने इसी अंकमें अन्यत्र प्रकट किये हैं उस पर भी यहां हम कुछ निवेदन करना चाहते हैं जो उपयुक्त होगा।

ऐसे तो १० प्रस्ताव हुए हैं परंतु उनमें उल्लेख योग्य प्रस्ताव पर ही कुछ लिखेंगे। चौथे प्रस्तावमें सबजेक्ट कमेटीमें पास हुए प्रस्तावको परिवर्तन करनेका अधिकार साधारण सभाको दिया गया है जो युक्त हुआ है और इससे साधारण जनताका आदर बढ़ा है। पांचवां प्रस्ताव जैन-गजट (लॉ) बनानेके लिये एक कमेटी नियुक्त होनेका है। इस कमेटीके मेंबरोंको शीघ्र ही अपना परिश्रम करके यहांतक हो शीघ्र ही जैन कानून तैयार करके सरकारसे पास करा लेना चाहिये। इसके प्रयत्नित होने के लिये

रनेका है। पारसी जैसी एक लाख प्राकी वाली कौमका त्यौहार सरकार मानती है तो क्या १२ लाखकी वस्तीवाली जैनकौमका एक भी जाहिर त्यौहार सरकार न मनावेगी ?

सातवां प्रस्ताव—इंदौर नागौरके शास्त्र भंडारकी रक्षा करनेका है। इसके लिये ला० जम्बूप्रसादजी और ला० देवीप्रसादजी तन मन धन लगाकर कोशिश करेंगे तो अब सफलता हो सकेगी ऐसी पूर्ण संभावना है।

१२वां प्रस्ताव—अपने आचरण दि० जैन धर्मानुसार शुद्ध रखनेका है तथा इसमें रा० महासभाके अस्पृश्य स्पर्श आदि प्रस्तावका विरोध शास्त्रानुकूल किया गया है सो उचित ही है।

१५वां प्रस्ताव महासभाके धौव्य फंडकी एक ट्रस्ट कमेटी नियत करनेका है। यह प्रस्ताव अतीव उचित हुआ है और अब इसके मंत्री बा० निर्मलकुमारजीको उचित है कि महांतक हो शीघ्र ही ट्रस्ट करा लेवें।

१९वां प्रस्ताव तीर्थक्षेत्र कमेटीकी लाग प्रति वर्ष १) हरएक गृह पीछे देनेका है। इस प्रस्तावके अमलमें लानेकी अतीव आवश्यक्ता है। क्योंकि कई तीर्थोंका प्रबंध तीर्थक्षेत्र कमेटीको करना पड़ता है, कई तीर्थोंकी रक्षाके लिये हमारो रुपये खर्च करने पड़ते हैं तथा कमेटीमें कुछ स्थायी फंड तो है नहीं परंतु खर्च तो नित्यका ही चालू है और अभी महासभामें भी अयोध्याजी, पिसनहारी व काशीपुरके मंदिरोंका प्रबंध तीर्थक्षेत्र कमेटीको करनेका है इस लिये सभी जैन भाइयोंका फर्ज है कि वे तीर्थ रक्षा फंडका एक २ रुपिया प्रतिवर्ष पहुंचाते रहें। इस एक २ रुपयेसे हजारों रुपये इकट्ठे होते रहेंगे और तीर्थ रक्षाका कार्य सुचारु रूपसे चालू रह सकेगा।

२०वां प्रस्ताव स्वदेशी वस्त्र और स्वदेशी वस्तुके व्यवहारका है। आज सारे देशमें स्वदेशीका आंदोलन पूरे वेगसे चल रहा है जिसका फल यह हुआ है कि सर्वत्र गाढेका और चर्खेके सूतका प्रचार होनेसे अनेक गरीबोंकी आजीविकाका मार्ग निकल आया है। यदि इसी प्रकार स्वदेशीका ही व्यवहार रहेगा तो हिंदुस्तानकी आर्थिक उन्नति होनेमें देर न लगेगी। हम जैनियोंको तो स्वदेशी गाढेका ही व्यवहार इसी लिये भी करना चाहिये कि वह शुद्ध है। चर्बी मिश्रित मीलके कपड़ेका व्यवहार अब त्याग देना चाहिये तथा जो २ वस्तु स्वदेशी मिलती हों उनको ही खरीदना चाहिये चाहे वे कुछ मंहगी भी क्यों न हों।

अंतमें हम इतना ही कहते हैं कि महासभके महामंत्री अब यदि कोशिश करेंगे तो नये संगठनके अनुसार अब महासभा को सर्वव्यापी बना सकेंगे। आगामी अधिवेशनके लिये कहींसे भी निमंत्रण नहीं हुआ है इसका खेद है परन्तु इसके लिये कोशिश करनेकी आवश्यक्ता है। हमारे खयालसे अबके महासभका जलसा दक्षिण या तो गुजरातमें होनेकी आवश्यक्ता है। यदि हमारे बंधुओंके भाई कोशिश करें तो आगामी मगसिर मासमें रथ यात्राके समयमें बंबईमें महासभाका अधिवेशन करा सके हैं। गुजरात और दक्षिणके लिये बंबई स्थान अतीव उपयुक्त है।

* * *

अष्टाह्निका और होलाशणी।

अभी ही फाल्गुण सुदी ८ से १५ तक हमारा अष्टाह्निका पवित्र पर्व आ रहा है और साथमें मिथ्यात्वी हिंसक और बीभत्स पर्व होलाशणी (होली) का भी आरहा है। अब भी हमारे कई भोले भाई अष्टान्हिका जैसे पवित्र पर्वमें होलीके दिनोंमें मिष्टान्न व्यवहार करते हैं तथा होलीको पूजते हैं और उसमें श्रीफल होमते हैं तथा कृत्रिम धींमें पटते हैं सो जैन धर्मसे बिल्कुल विरुद्ध है। हम ऐसे भाइयोंको इसलिये याद दिलाते हैं कि वे किसी भी अवस्थामें अब ऐसा पाप न करें और अपना समय धर्मध्यानमें बितावें।

* * *

'देवेन्द्र' का स्वागत।

जैन साहित्यसेवी स्वर्गीय कुमार देवेन्द्रप्रसादजी आराकी स्मृतिमें कुछ भी होनेके अतीव आवश्यकता थी और अतीव हर्षके साथ प्रगट किया जाता है कि इसकी पूर्ति जैनसमाजसेवक, परम उत्साही और हमारे विद्वान् बन्धु बाबू अजितप्रसादजी जैन एम० ए० एल०एल० बी० वकील लखनऊ की है। आपने "देवेन्द्र" नामका एक साप्ताहिक पत्र जैन समाजमें प्रगट करनेका साहस हमको दिलाया है जिससे आपकी मितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। इस साप्ताहिक पत्रका प्रथम अंक ता० १८-१-१२को प्रगट होचुका है जो ८पृष्ठका है। कागज अच्छा कवर उत्तम है और इसके संग्रह करनेसे एक वर्षमें ४००-५०० पृष्ठकी एक उत्तम पुस्तक तैयार हो सकेगी। इस अंकमें महासभा लखनऊका दिग्दर्शन बाबूजीने संक्षेपमें अच्छी तरह दर्शाया है तथा 'देवेन्द्र' नामका प्रारम्भिक लेख देवेन्द्रकुमारको उद्देश करके लिखा गया है जो अतीव पढ़ने योग्य है। इसका वार्षिक मूल्य ४) रु० है परन्तु छह २ मासके दोदो रु० अग्रिम लिये जाते हैं। वी०पी० करनेकी झंझट बाबूजीने नहीं रखी है परन्तु जिनको ग्राहक होना होवे २) रु० मनियार्डरसे भेजें, 'देवेन्द्र' उनके पास आता रहेगा। यदि किसीको नमूना देखना हो तो ०)॥ की टिकट भेजनेसे मुफ्त मिलता है। 'देवेन्द्र' की स्मृतिका पत्र और फिर बाबू अजितप्रसादजी वकील जैसे प्रखर विद्वान् अपने तन मन और धनसे इस पत्रके संपादनके लिये कटिबद्ध हुए हैं तब सारी जैन समाजका धर्म है कि वह इसको उत्तेजन दे। हरएक जैन भाई को २) भेजकर इसका ग्राहक हो जाना चाहिये। पत्र व्यवहारका पता—व्यवस्थापक—देवेन्द्र, अजितआश्रम-लखनऊ है।

दि० जैन पुस्तकालयमें आया हुआ बिलकुल नवीन ग्रन्थ।

महात्मा गांधी।

कवीर ९०० दोहोंका सुन्दरी टीकी सिन्दूरी म० गांधीजीका वृहत् जीवनचरित्र सचित्र। इसमें गांधीजीके अनेक व्याख्यान भी हैं। मूल्य ४॥) सबको अवश्य पढ़ना चाहिये। यह दूसरी परिवर्द्धित आवृत्ति है। लिखनेका पता—

मैनेजर दि० जैन पुस्तकालय-सूरत



परवार जातिकी मनुष्यगणना–अमरावती निवासी सि० पन्नालालजी परवारने हजारों रुपया खर्च करके परवार जातिकी मनुष्यगणना करनेका काम दो वर्ष हुए प्रारम्भ किया था। वह करीबर पूर्ण होने आया है। आपके मैनेजर राजेन्द्रकुमारने अभी इसका गोशवारा प्रकट किया है जिससे मालूम होता है कि संयुक्त प्रदेश ७१७४, मध्य प्रदेश व बुंदेलखंड २७०-४६, राजपूताना और माळवा ७२८३, बंगाल बिहार उड़ीसा १३४, पंजाब अहाता १२, बम्बई अहाता १३ इस प्रकार कुल ४१६७२ मनुष्योंकी गणना हो चुकी है जिसमें २२०८६ पुरुष और १९५८६ स्त्रियें हैं। पुरुषोंमें कुंआरे ११०९८, विवाहे ८९८७ और विधुर २००१ हैं जब स्त्रियोंमें कुंआरी ५६६१, विवाही ८९६४ और विधवा ४९१९ हैं। इन विधवाओंमें सिर्फ २२१४ पढ़ी हुई हैं जब १७३९२ अनपढ़ हैं। अब भी किसी परवार भाईने अपना नाम इस गणनामें नहीं लिखाया हो तो वे फोर्म मंगाकर उसकी खानापूरी करके भेज देवें। इस विषयमें पत्र व्यवहारका पता–राजेन्द्रकुमार जैन मैनेजर परवार डिरेक्टरी, अमरावती है।

दक्षिण महाराष्ट्र जैन सभा–का २४ वां अधिवेशन स्तवनिधि पर गत माहमें मं० पायसागर कुंथलगिरीके सभापतित्वमें हो गया। जिसमें उल्लेख योग्य प्रस्ताव ये हैं–प्राथमिक शिक्षा मुफ्त व जबरन की जाय, स्वदेशी उद्योगको उत्तेजन देना, जैनोंमें अंतर्जातीय रोटी बेटी व्यवहार करना, पठनक्रमकी पुस्तकोंमेंसे हिन्दू धर्मके पाठ कम करने, बोर्डिंगोंमें उचित धार्मिक शिक्षा देने; और २२००) का बजट पास करने आदि। उत्तम कीर्तनकार चोपड़ेको सुवर्ण पदक दिया गया था। महिला परिषद भी हुई थी।

सेठ ही० गु० बोर्डिंग–बम्बईमें धार्मिक परीक्षा ब्र० शीतलप्रसादजी द्वारा ता० २९–१२ २२ के दिने छापेखा प्रश्न पत्रों द्वारा रत्नकरंड, द्रव्य संग्रह, मोक्ष शास्त्र अने सामायिक पाठमांथी लेवाई हती।

ललितपुर–की क्षेत्रपाल दि० जैन पाठशाला जो दो माहसे बन्द पड़ी थी अब ता० १५ फर्वरीसे फिर प्रारम्भ होगई और अध्यापक पं० शीतलचन्द न्यायतीर्थ नियुक्त किये गये हैं। यहां विद्यार्थियोंकी आवश्यकता है।

कुंडलपुर–में वार्षिक मेला हो गया। ५००० जन संख्या थी। ब्र०पं० गणेशप्रसादजी, ब्र० ज्ञानानंदजी आदिके धार्मिक व्याख्यान तथा बा० गोकुलचंदजी, भैयालालजी, चौ० दीपचंदजी आदिके अनुरोध पर जोशीले व्याख्यान होनेसे बहुतसे स्त्रीपुरुषोंने स्वदेशी कपड़े बनाने की प्रतिज्ञा ली और विदेशी त्याग दिये। मेलेका प्रबंध दमोहकी सेवासमितिने किया था। जैन संस्थाओंकी व्यवस्था व देवद्रव्यके प्रबंधके लिये एक कमेटी नियुक्त हुई है। रसद न देनेकी सूचना प्रस्ताव हुआ तथा

खास प्रस्ताव यह हुआ कि यदि कोई पवार भाई देश सेवाके कारण जेल जावे तो उनके छूटने पर उनके साथ कोई व्यवहार बंद न किया जावे परंतु शास्त्रोक्त शुद्धिके बाद सब व्यवहार चालू किया जावे।

वारां (कोटा)–में रथयात्रा, तेरहद्वीप मंडल विधान व हाडौती प्रां० दि० जैन सभा का अधिवेशन ता० ६–७–८ मार्चको होगा।

कोडरमा–में बिहार उड़ीसा प्रां० दि० जैन सभाका अधिवेशन मी फा० सु० ७ से १० तक होगा। सभापति सेठ लालचंदजी छिंदवाडा निवासी होंगे।

खैरवाड़ा–जैन कन्या पाठशाला खडवाहका वार्षिक अधिवेशन माघ सुदी १२को हो गया। स्त्रियोंके व्याख्यान तथा कन्याओंके गायन, भजन आदिके बाद इनाम बांटा गया था।

धीनाजी–में वार्षिक मेला होचुका। १०० जन समुदाय था। चौधरी गिरधारीलालजीके सभापतित्वमें सभा होकर उदयलाल कासलीवालके विद्याविवाहमें सामिल होनेवाले रतनलाल, नन्हेलाल ये दो महाशय उपस्थित थे उनसे उचित दंड लिया गया।

अहि क्षेत्र–पर संयुक्त प्रां० दि० जैन सभाका प्रथम अधिवेशन चैत्र वदी ९ से १२ तक पूर्ववतसे होगा। यह अहिक्षेत्र (रामनगर) बरेली स्टेशनसे ४ मील पर है। ठहरने आदिका उचित प्रबंध किया गया है।

आत्मधर्म सम्मेलन–का प्रथम अधिवेशन बनारसमें माघ सुदी ९ को गुरुवारको बाबू ज्वालाप्रसादजी मैनेजर हरदोईके सभापतित्वमें हुआ था। इसमें करीब १२ समाचद [illegible] वर्ष १० १५० आदमी उपस्थित थे। एक अंग्रेज भी सर भी उपस्थित हुए थे। सभापतिजीका 'आत्मधर्म' पर उत्तम व्याख्यान हुआ था जो हम आगे प्रकट करेंगे। ब्रह्मचारीजी शीतल-प्रसादजीने आत्मधर्मके उद्देश पर व्याख्यान दिया और प्रस्ताव किया कि हरएक सभासदको (१) आत्मधर्मका अभ्यास करना, (२) मौनशौक छोड़ कर सादा जीवन बिताना (३) अहिंसा पर चलते हुए सर्व प्राणियोंसे प्रेम करना, (४) और आत्म धर्मके सिद्धांतोंको दूसरोंको अच्छी तरह समझाना चाहिये। इसका समर्थन सेठ मूलचंदजी कापड़िया, हकीम कल्याणरायजीने किया था और पास हुआ था। अंतमें सेठ मूलचंदजीके इशारा करनेपर कई महाशयोंने सभासदमें अपने नाम लिखाये थे।

नजीबाबाद–में सभा होकर सेठ पदमराजजी, दिग्विजयसिंहजी, म० भगवानदीनजी, पं० अर्जुनलालजी सेठी आदि जो देशसेवाके लिये जेल गये हैं उनको धन्यवाद दिया गया था।

भिवानी–में फा० सु० ६से पंजाब प्रां० खंडेलवाल सभाका अधिवेशन होगा।

सोलापुर–के जीवदया ज्ञान म० मंडलको सेठ मलकचंद पानाचंद मोंहती कलकत्ते ५१) दिये हैं।

नेमगिरि क्षेत्र–निजाम राज्यमें परमणी स्टेशनसे जिंतुरके पास नेमगिरि नामक पर्वत पर विशाल जैन मंदिर है उसमें ८ अडग २ मौजूद हैं। इनमें नेमनाथ स्वामीकी प्राचीन प्रतिमा ७ फुट ऊंची पद्मासन है तथा और भी

प्राचीन प्रतिमाएं हैं। इस मंदिरके जीर्णोद्धारकी आवश्यकता है। गजपंथाजीके यात्रियोंको इस अतिशय क्षेत्रका भी दर्शन करते जाना चाहिये। प्रबंधक सेठ अंबादास नेमासा साबजी निंतुर (परभणी) हैं।

परस्पर जातिमें संबंध–गुजरातवाला (पंजाब)में बीसा ओसवाल, दशाओसवाल, बीसा खंडेलवाल व दशा खंडेलवालका एक व्यवहार होकर ओसवालोंकी कन्या खंडेलवालोंको और खंडेलवालोंकी कन्या ओसवालोंको व्याही गई है। क्या गुजरातकी दशा–बीसा हुमड, मेवाडा आदि जाति इसका अनुकरण नहीं करेगी?

आगरा–के तारगली के पं० दि० जैन मंदिरमें माघ शु० ९की रात्रिको बड़ी भारी चोरी हो गई और बदमाश लोग चंवर, छत्र, थाल रकाबी आदि सब लेगये। रक्षकको खूब मारा पीटा था।

गोपाल-दि०जै०सि० विद्यालय–मोरेनाका वार्षिकोत्सव माघ शुद १-२ को सेठ पानाचंद रायचंद मौहरीके सभापतित्वमें हुआ था। ब्र० शीतलप्रसादजी, पं० माखनलालजी, नत्थे वकील, ला० मुन्नीलालजी, पं० बंशीधरजी, आदि पधारे थे। पंडितोंके तथा विद्वान छात्रोंके व्याख्यान हुए थे। सभापतिने (१०१) विद्यालयको व (१०) व्याख्यान देने वाले ५ छात्रोंको भेट किये थे तथा ला० मुन्नीलालजी कमलापतने इस कोटके विद्वान् बनानेको बीस २ रुपये मासिक तककी तीन छात्रवृत्ति देनेको स्वीकार किया था। धन्य है ला० मुन्नीलालजीके विद्याप्रेमको!

झांसी–में ला० विशंभरदास गार्गीयको १००) जुर्माना न देनेपर तीन माहकी सादी जैल हुई थी। इतनेमें गत ता० २२ जनवरीको पुलिस उनके बसन्त प्रेसमें जाकर ताला तोड़कर तिजोरीमेंसे (१००) निकाल ले गई और वे ता० २५ को छोड़ दिये थे।

साहित्य सभा–लखनऊमें माघ सुदि ८ की रात्रिको पं० माणिकचंद्रजी न्यायाचार्यके सभापतित्वमें जैन साहित्य सभा हुई थी जिसमें जैन काव्यके महत्वपर तीन लेख पं० बनवारीलालजी, पं० सतीशचंद्रजी और पं० अमितकुमारजीके आये थे उनमें प्रथम दो सुनाये गये और तीनोंको क्रमशः ५०) ३०) और २०) लखनऊकी स्वागत समाकी ओरसे दिया गया तथा षट् द्रव्योंकी आवश्यकता पर भी तीन लेख पं० मथुरापसाद, पं० अजितप्रसाद और पं० बुद्धूलाल श्रावकके आये थे उनको भी क्रमशः ५०) ३०) और २०) इनाम दिया गया था। अंतमें सभापतिजीका जैन काव्यके महत्व पर उत्तम व्याख्यान हुआ था।

नागपुर–में नागपुर प्रां० दि० जै० खंडेलवाल सभा द्वारा विद्यालय खुल चुका। २० विद्यार्थी प्रवेश हो चुके हैं। बोर्डिंग भी प्रबंध है। प्रधानाध्यापक पं० शांतिराजजी न्यायतीर्थ हैं। छात्रालयमें भोजनके लिये खंडेलवाल विद्यार्थीको प्रथम मौका दिया जाता है।

जैन बाला विश्राम–बनुपुरा, आराके भवन निर्माणकी नींव गत माघ बदी ०)) को विधिपूर्वक रखी गई थी। आश्रममें आजकल ११ छात्राएं हैं। उत्तम प्रबंध है। पं० चंदाबाईजी आश्रमकी तन मन धनसे अपूर्व सेवा कर रही हैं।

ला० अमीचंद जेलमें-गोहाना (रोहतक) के लाला अमीचंद जैन रईस जो कि कॉंग्रेस कमेटीके सभापति थे, गत ता० १८को पकड़े गये और आपको छ माह सख्त कैदकी सजा हुई है। जेल जाते समय आपने अपनी माताजीसे कहा कि-हे माता! अब तुम्हारा एक पुत्र बलदेवसिंह ७ वर्षमें अमेरिकासे L. L. B. पास करके आये हैं तो मेरे विषयमें भी यह समझ ले कि मेरा पुत्र अमीचंद देशको दासत्व समुद्रसे पार उतारनेके लिये तीर्थकी यात्रा करने गया है आदि। माताने भी आपको अशीर्वाद दिया और उनकी कैदसे आने कुलका गौरव समझा। गोहाना निवासियोंने आपको धन्यवाद देकर फूलमाला पहनाई थी। शिक्षामंत्री।

अष्टान्हिकामें उत्सव-आगामी का० सुदी ८ से १५ तक अष्टान्हिका पर्वमें हस्तिनापुर में ८ दिन तक मेला होगा। तेरहद्वीप मंडलविधान व रथयात्रा होगी तथा इस बार ब्र० ब्रह्मचर्य आश्रमके व्यवस्थापकोंने उत्सवका विशेष प्रबन्ध किया है। वर्णी गणेशप्रसादजी, ब्र० सितलप्रसादजी, ब्र० शीतलप्रसादजी आदि सात पधारनेवाले हैं। आश्रममें नये विद्यार्थी भी इसी समय भर्ती किये जावेंगे। व्यवहारिक विद्याके लिये अभी ठाकुरप्रसादजी एम० ए० नियुक्त किये गये हैं जो २-३ दिनमें आजावेंगे तथा यहां धर्म व संस्कृतकी उन्नतिके लिये भी सराहनीय प्रयत्न किये जावेंगे। जिसतरह हस्तिनापुरकी प्रसिद्धि अच्छी है और वर्णीमुनि बाबू सूरजभानुजी है इसलिये वर्णीमुनिके आने से ही आश्रमके स्थान परिवर्तनका पक्का विचार होचुका है। ब्र० ज्ञानानंदजी, अधिष्ठाता।

विरोध-पं० अर्जुनलालजी सेठी आजकल सागरकी जेलमें है वहां उनको मंजन इंडे और बीड़ी लेनेका प्रयत्न उनकी मरजी विरुद्ध किया जाता है जो जैन धर्मके विरुद्ध है इस पर लाहोरके महावीर जैन ऐशोशिएशनने गत १९ ता० को सभा करके सरकारकी इस नीतिका घोर विरोध किया है और अन्य स्थानोंको ऐसा प्रस्ताव करनेकी सूचना की है और प्रस्तावकी नकल ला० बाबूरोयको भी भेजी है।

खेमवड़ा (मेरठ)-में फाल्गुन वदी ९ को भूमिमेंसे दो जिन प्रतिमा निकली हैं जिनमें एक पार्श्वनाथकी शुक्ल वर्ण प्रतिमा २ फुट ऊंची है उपर 'मूलसंघ' आदि लिखा है।

६०००)का दान-श्री कुंथलगिरि ब्र० आश्रमको सोलापुर निवासी सेठ हीराचंद नेमचंदके पुत्र सेठ बालचंदजी की धर्मपत्नीने ६०००) स्थायी कोषमें दिये हैं। आपका यह दान अन्य धनिकोंको अनुकरणीय है।

'परवार बन्धु'-नामक मासिक पत्र परवार जातिकी ओरसे पैत्र मासमें प्रकट करनेका प्रबंध हो रहा है। संपादक हैं पं० तुलसीरामजी न्यायतीर्थ दि० जैन हाईस्कूल बड़ौत (मेरठ) वार्षिक मू० ।॥) होगा।

ब्यावरमें ब्र० सभा-ब्यावर (मेवाड़)में नवीन मंदिरोंमें बेदी प्रतिष्ठा प्रबंध आपमें है उसी मौके पर वहां मान० दि० जैन डेपुटेशन महासभाका दूसरा अधिवेशन होगा। सो ९ मार्च होना निश्चित हो चुका है।



पं० अर्जुनलालजी सेठी बी० ए०

(देशसेवाके लिये जेलका दुःख सहन करनेवाले निडर वीररत्न)

जैन 'विजय प्रेस-सूरत।

शरीर रक्षार्थ आवश्यकीय कार्य।

शरीर रक्षाके लिये प्रतिदिनके कार्योंका नियमित होना अत्यावश्यक है। प्राकृतिक जगत्पर दृष्टि डालनेसे सर्वत्र देखा जाता है कि एक नियमके अनुसार ही प्रकृतिके समस्त कार्य चल रहे हैं। नियम विरुद्ध जीवनके लिये क्लेश रूप है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि सम्पूर्ण पुरुषार्थोंका मूल जीवन है। और उस जीवनका मूल उत्तम स्वास्थ्य है। अतएव शरीर और मन जिससे उत्तम प्रकार स्वस्थ रहें इस विषयमें विचारपूर्वक कार्य करना, मनुष्य मात्रका कर्तव्य है। स्वास्थ्य रक्षाके लिये दिन २ नियमोंका पालन करना चाहिये और कौन २ से पदार्थ हमारे लिये किस प्रयोजनीय हैं इस विषयका सबको अच्छे प्रकारसे ज्ञान होना उचित है। नीचे कुछ साधारण नियमोंका उल्लेख संक्षेपसे किया जाता है।

हमारे शरीरका प्रतिक्षण क्षय होता रहता है। हम उठना, बैठना, चलना, फिरना आदि जो कुछ कार्य करते हैं उन सबसे हमारे शरीरका प्रतिक्षण क्षय होता रहता है। और हम प्रतिदिन जो कुछ खाते पीते हैं उसके द्वारा क्षयकी पूर्ति हुआ करती है।

जल हमारी जीवन रक्षाके लिए अत्यंत आवश्यकीय पदार्थ है। जलके बिना हम बहुत समय तक कदापि जीवन धारण नहीं कर सकते। जल हमारे शरीरके पोषणमें विशेष रूपसे सहायता करता है—और रुधिरको स्वच्छ करता है। शरीरके भीतरी भागमें रहनेवाले दूषित पदार्थोंको बाहर निकालनेके लिये जलकी हमें प्रतिदिन विशेष आवश्यकता होती है। इसके सिवाय शरीरके बाहरी भागोंको धोनेके वास्ते और भोजनादिके तयार करनेके लिये भी हमें नित्य प्रति जलका व्यवहार करना पड़ता है। हमारे शरीरके तीन भागोंमें दो भाग जल और एक भाग दूसरे पदार्थ हैं। रुधिरके प्रायः सौ भागोंमें नब्बे भाग जल और शरीरकी हड्डियोंमें भी प्रायः सौमें दस भाग जल है। पसीना, मूत्र, कफ इत्यादिके रूपमें प्रतिदिन प्रायः तीन सेर जल हमारे शरीरसे बाहर निकलता है। पिपासाके लगने पर हमें शरीरमें जलका अभाव मालुम होता है हमारे भोजनके पदार्थोंमें कुछ जलका भाग कम होने पर भी हमें प्रतिदिन तीन सेर जल ग्रहण करना चाहिये।

भोजनके एक घंटे बाद जल पान करने एवं शयन करनेसे पहले और प्रातःकाल शय्या त्यागनेके पश्चात् एक गिलास जल पान करनेसे शरीरका बहुत उपकार होता है। भोजनके समय अति जलपान करना कदापि उचित नहीं है। क्योंकि इससे पाकस्थली निर्बल हो जाती है और जठराग्नि मन्द हो जाती है। थोड़ा या अल्पमात्रामें जलपान करनेसे शरीरका क्लेद अच्छे प्रकारसे नहीं निकलता इस कारण उससे कोष्ठबद्धता होकर अनेक प्रकारके रोग उत्पन्न होजाते हैं।

हमें शरीर स्वच्छ रखनेके लिये प्रतिदिन स्नान करना भी उचित है। हमारे शरीरका समस्त क्लेद (मैल) पसीनेके रूपमें रोमकूपोंके मार्गसे शरीरके बाहर निकला करता है इस

कारण रोमकूपोंके बन्द (मैल) से बन्द हो जानेपर शरीरके भीतरका बलेद (मैल) बाहर नहीं हो सकता और इसके द्वारा त्वचा संबंधी अनेक प्रकारके रोग उत्पन्न होजाते हैं। फुफ्फुस और मूत्राशयके बहुतेरे कार्य त्वचाके द्वारा सम्पन्न होते हैं। इस कारण रोमकूपोंके द्वार बंद होने पर फुफ्फुस और मूत्राशयको अधिक कार्य करना पड़ता है जिससे कि वह शीघ्र दुर्बल होकर अनेक रोगोंके कारण बन जाते हैं। इस कारण हमें रोमकूपोंको उत्तम प्रकारसे स्वच्छ रखना आवश्यक है। हमें प्रतिदिन स्नान करना चाहिए। साधारणतः शीतल जलसे ही स्नान करना श्रेष्ठ है, किन्तु शीत ऋतुमें दुर्बल मनुष्यों को और जिनको कि शीतल जलसे स्नान करना अनुकूल नहीं पड़ता उनको गरम जलसे स्नान करना चाहिये। किन्तु पूर्ण भोजन करने और अधिक शारीरिक परिश्रम करनेके पश्चात स्नान नहीं करना चाहिए। स्नान करनेसे पहले तेलका मलना बहुत अच्छा है। साबुन अधिक लगाना भी ठीक नहीं है।

प्रतिदिन दांतोंको स्वच्छ करनेके लिए नीम कूचा आदिकी दातौन करनी चाहिये। क्योंकि हम जो कुछ आहार करते हैं उसके कितने ही कण प्रायः हमारे दांतोंमें लग जाया करते हैं और उनके सड़नेसे दांतोंका विशेष अनिष्ट होता है। दांतोंके चारों ओर मैल जमजाता है। उससे दांतोंमें कीड़ा लगकर दन्तशूल आदि रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

अंगुली दातौन अथवा दंतमंजन आदिके द्वारा दांतोंको प्रतिदिन स्वच्छ रखना चाहिए।

खाने पकानेके बासनोंको खूब स्वच्छ रखना चाहिए, और उनको धोनेके लिये भी स्वच्छ जल व्यवहार करना चाहिये। बर्तनमें जूठन लगी रहनेसे अनेक प्रकारके शरीरमें विकार पैदा होसकते हैं। नित्यप्रति खानेके शाकोंको खूब स्वच्छ जलसे धोकर काममें लाना चाहिए। कारण कि-शाकोंके ऊपर अनेक प्रकारके कीट रहा करते हैं। विशेषकर पत्र शाकोंमें सूक्ष्म कृमि अधिकतासे वास करते हैं। उसी प्रकार फलोंको भी अच्छे धोलेना चाहिए।

भोजन हमारे जीवन धारणके लिये सबसे आवश्यकीय कार्य है। भोजनके द्वारा हमारे शरीरका उत्तम रीतिसे पोषण होता है। और हमारे शरीरका जो प्रतिक्षण क्षय होता है उसकी पूर्ति होती है। हमारे नित्यप्रतिके भोजनमें सब ही प्रकारके शरीरोपयोगी पदार्थ होने चाहियें। जिससे शरीरका उत्तमरूपसे पोषण हो और जो स्वभावके विरुद्ध न हों ऐसे ही पदार्थ प्रत्येक मनुष्यके भोजनोपयोगी होसकते हैं। प्रत्येक मनुष्यको देश, काल, मल, वायु, अवस्था, प्रकृति और उपयोगिता समझ कर जो सहजमें हजम हों ऐसे पदार्थ ही भोजनके लिये लेने चाहियें। विशेष कर देखा जाता है कि-प्रोटिड Protoids (पौष्टिक) जातिके भोजनके पदार्थ हमारे शरीरके अंगोंको संगठित करते और उनकी पूर्ति करते हैं। स्नेह जातिके पदार्थ Fratly हमारे शरीरकी गर्मीकी रक्षा करते हैं और हमारे शरीरमें स्निग्धता वृद्धि करते हैं। शर्करा व श्वेतसारादिके पदार्थ स्नेह जातिके पदार्थोंके समान शरीरकी गर्मी व तेज

की रक्षा करते हैं किन्तु स्नेह जातिके पदार्थोंकी अपेक्षा बहुत कम। अतएव जातिके खाद्य पदार्थोंके द्वारा अस्थि प्रस्तुत होती है और पचन क्रियामें सहायता मिलती है। हम जो कुछ प्रतिदिन भोजन करते हैं, जब उसको समस्त शरीरमें बहाकर फैला देता है और शरीरके दूषित पदार्थोंके बाहर निकालनेमें सहायता करता है। भोजनके परिमाणका सब मनुष्योंके लिये कोई नियम निर्दिष्ट नहीं होसकता। व्यक्तिगत परिश्रमके अनुसार ही भोजनकी आवश्यकता होती है। जो किसी प्रकारका कठिन शारीरिक परिश्रम नहीं करते उनके लिये अधिक भोजनकी आवश्यकता नहीं है। वृद्ध मनुष्योंकी अपेक्षा युवकोंका भोजन कुछ अधिक परिमाणमें होना चाहिये। साधारणतः सब मनुष्योंको दो बार भोजन करना चाहिये। बार बार अधिक मात्रामें भोजन करना हानिकारक है।

जीवनरक्षाके लिये हमें खुली हुई और शुद्ध वायु आवश्यकीय है। मनुष्य आहारके बिना बहुत दिनों तक जीवन धारण कर सकता है और जलके बिना भी कई दिन तक बच सकता है, किन्तु वायुके बिना कुछ क्षणोंमें मृत्यु हो जाती है। दूषित वायुमें रहनेसे अनेक प्रकारके रोग उत्पन्न होसकते हैं। और शुद्ध वायु अनेक रोगोंको दूर करती है। इसलिये हमें वायुकी उपयोगिता पर विशेष रूपसे ध्यान देना चाहिये। मन्द स्थानोंमें और जहांकी वायु दूषित हो ऐसे स्थानोंमें हमें कभी नहीं जाना चाहिये। जिस मकानमें बहुतसे आदमी एक जगह शयन करते हों वहां नहीं रहना चाहिये। बहुतसे मनुष्योंके श्वासोच्छ्वासके मिलनेसे वायु सहज ही दूषित होजाती है। जाड़ेके दिनोंमें घरको गरम रखनेके वास्ते अग्नि जलाकर घरके किवाड़ वगैरह बिलकुल बंद न करने चाहियें। कारण कि वहांकी वायु शीघ्र दूषित होकर महा अनिष्ट कर सकती है। यहां तक कि—इससे मृत्यु भी हो सकती है।

स्वास्थ्य रक्षाके लिये कुछ व्यायामकी भी आवश्यकता है। व्यायामके द्वारा शरीर बलवान तथा उत्तम प्रकारसे संगठित होता है। खुली हवामें ही व्यायाम करना अच्छा है। व्यायाम करते समय फुफ्फुसकी तत्परता अधिक बढ़ जाती है। और उस समयके श्वास प्रश्वासके साथ कारबन (अंगाराम्लवान) हमारे शरीरमेंसे बाहर होती है और उसके परिवर्तनमें विशुद्ध वायुके साथ (अम्लजान—आक्सीजन) हमारे शरीरमें प्रविष्ट होता है और हमारे शरीरकी पुष्टि करता है। जो अधिक मस्तिष्क सम्बन्धी कार्य करते हैं उनके लिये व्यायाम करना अत्युपकारी है। प्रति दिन सभी मनुष्योंको व्यायाम करना आवश्यक है। अधिक व्यायाम करनेसे शरीरका अनिष्ट होता है इसलिये अपनी शक्तिके अनुसार ही व्यायाम करनेका नियम करना चाहिये। जो लोग बहुत कमजोर हैं उनको सवेरे शाम एकाध मील खुली हवामें भ्रमण करना ही उत्तम व्यायाम है। खुली हवामें भ्रमण करनेसे फेफड़ोंमें बल और परिपाक शक्तिकी वृद्धि होती है।

जो मनुष्य नित्य अधिक शारिरीक परिश्रमका कार्य करते हैं उनके लिये और किसी दूसरे प्रकारकी व्यायामकी आवश्यकता नहीं है। वे जो कुछ दिन भर काम करते हैं उसीमें उनकी खासी व्यायाम होजाती है।

स्वास्थ्य-रक्षाके लिये विश्राम और निद्राकी भी आवश्यकता है। जिस अवस्थामें हमारा मन और शरीर सम्पूर्ण रूपसे विश्राम करते हैं उस अवस्थाको निद्रा कहते हैं। हम दिन भर जो परिश्रमके कार्य करते हैं उनसे जो शरीरका क्षय होता है, निद्रा व विश्रामके द्वारा उसकी पूर्ति हुआ करती है। अवस्था, परिश्रम और अभ्यासके अनुसार निद्रा कम ज्यादह हुआ करती है। निद्राका अधिक आना अच्छा नहीं है। इससे मस्तिष्ककी अकर्मण्यता प्रगट होती है।

निद्रा हमारे शरीर रक्षाका प्रधान उपाय है। भोजनके अभावसे हमारी इतनी हानि नहीं होती जितनी कि निद्राके अभावसे होती है। परिक्षा द्वारा जाना गया है कि कुत्ता प्रायः तीन सप्ताह तक भोजनके बिना जिवीत रह सकता है परन्तु निद्राके बिना वह पांच ही दिनमें मर जाता है। बालकोंके लिये अधिक निद्राकी आवश्यकता है। युवक मनुष्योंके लिये छै घंटा वृद्ध और दुर्बल मनुष्योंके लिये कुछ अधिक निद्राकी आवश्यकता है।

भोजन करनेके पश्चात तत्काल ही नहीं सो रहना चाहिये। बिल्कुल मुख तक कर नहीं सोना चाहिये।

एक घरमें बहुतसे मनुष्योंके साथ नहीं शयन करना चाहिये।

शयनका स्थान अधिक साफ सुथरा होना चाहिये और उसपर विशेष रूपसे इस बातका ध्यान रहना चाहिये कि वहां बदबू अच्छे प्रकार संचार हो। वैद्य:—बी० एल० वर्मा।

स्वास्थ्यरक्षाकी पचास बातें

(गत वर्ष अंक १०से आगे)

१४ बहुत सवेरी उठकर कुछ देर तक शरीरमें शुद्ध वायु लगनेसे विलक्षण स्फूर्तिका संचार होता है। रात्रिमें शयन करनेके पहले एक बार शरीर, और हाथ पांवोंको मलनेसे रक्तका संचालन अच्छे प्रकारसे होता है।

१५ पहरनेके कपड़े मौसमके अनुसार थोड़े होने चाहिएं। शीतकालमें भी अत्यन्त गरम और चुस्त वस्त्र पहरने ठीक नहीं हैं, कारण उनसे रक्त संचालनकी क्रिया उत्तम प्रकारसे नहीं होती और व्यर्थ भार सहन करना पड़ता है। ग्रीष्म और वर्षाऋतुमें चौबीस घंटे शरीर पर कपड़े थोड़े रहना ठीक नहीं है। उक्त ऋतुओंमें एक मलमल या हलके गाढ़ेका कुर्ता या कुरता रहना पर्याप्त है।

१६ जिनको केवल मानसिक परिश्रम करना पड़ता है उनके लिए प्रतिदिन नियमसे कुछ शारीरिक परिश्रम करना भी बहुत जरूरी है। और जो केवल शारीरिक परिश्रम करते हैं, उनके लिए प्रतिदिन १०—१५ मिनट अथवा आध घण्टा या १ घंटा मानसिक परिश्रम करना अच्छा है। साहित्यिक पुस्तक या गल्प अथवा समाचार पत्रोंको पढ़नेसे मन प्रसन्न होता है। जो लिखना, पढ़ना नहीं जानते, उनके लिए दूसरोंके पास बैठकर रामायण, भारतादि धार्मिक ग्रन्थोंका सुनना अच्छा है। यह अवकाशिक शरीर और मनके लिए अत्यन्त श्रम और विश्रामका देनेवाला है।

२७ जूता हल्का और ढीला पहरना चाहिए। गरमीके मौसममें टाट या कपड़ेका जूता पहरना भी अच्छा है।

२८ स्नायविक दुर्बलतासे उत्पन्न हुई शिरकी पीड़ा धीरे २ थोड़ी देर तक माथेकी त्वचाको पकड़ कर खींचनेसे दूर हो जाती है।

२९ वात रोगसे पीड़ित रोगी कुछ देर तक घूमने सेवन करनेसे आरोग्य हो जाते हैं। सूर्यकी किरणें लगते ही वातका वेग कम होकर रोग नष्ट हो जाता है।

३० शरीरमें पीड़ा या क्लेश मालूम होनेपर तत्काल उसका कारण जानकर उपाय करना चाहिए। रोगकी उपेक्षा करना कभी ठीक नहीं है।

३१ सर्वदा अपनेको स्वस्थ समझते रहना चाहिए। कभी रोग होगा, इस भयसे कदापि भयभीत नहीं होना चाहिए। इच्छा शक्तिकी क्षमताकी सीमा नहीं है। प्रबल इच्छा शक्तिके द्वारा अनेक रोगोंके आक्रमणोंको दूर कर आत्म रक्षा करनी चाहिए। यह अत्यन्त शक्तिशाली रोगनाशक उपाय है। जो सर्वदा अपनेको रोगी समझते हैं, वे ही सदा बीमार रहते हैं।

३२ विद्याध्ययन करनेमें यदि स्वास्थ्य नष्ट होजाय तो वह विद्या निष्फल है। आरोग्यता होने पर विद्योपार्जन करना ठीक है।

३३ शिक्षक लोग इस बातका सदा ध्यान रक्खें कि विद्यार्थियोंकी मानसिक उन्नति करना ही उनका एकमात्र कार्य नहीं है किन्तु विद्यार्थियोंके शरीर आरोग्य रखने और उनके बल, वीर्यकी वृद्धिके लिए भी वे ही प्रतिभू हैं।

३४ बहुतसे आदमी चलते समय सामनेको झुककर चलते हैं, इससे उनकी पीठमें कुबड़ापन हो जाता है और दोनों कंधे गोल हो जाते हैं यह रोगका लक्षण है अथवा इसका परिणाम रोग है। इस बुरे अभ्यासको छोड़नेके लिए सामने को नेत्रोंके समभाव होनेकी अपेक्षा ऊंची वस्तुओंकी ओर दृष्टि रखकर चलनेसे कुबड़ापन दूर हो जाता है। यदि रास्तेकी सड़क पर बड़ी वाला गिर्जा या ऊंचा मंदिर हो तो उस घड़ी अथवा मंदिरके शिखरकी ओर दृष्टि लगाकर चलना अच्छा है। मंदिर या गिर्जेके न होनेपर उस तरहकी दूसरी ऊंची वस्तुकी तरफ निगाह रखनी ठीक है। किन्तु गाड़ी, घोड़े, मोटर आदिसे भी पूरी तौरसे बचाव रखना चाहिए।

३५ सायंकालको भोजन करनेके पश्चात् किसी प्रकारका मानसिक या शारीरिक श्रमसाध्य कार्य नहीं करना चाहिए। भोजनके घंटे और सोनेसे पहले किसी पुस्तकको पढ़ना अथवा एकाध हास्यजनक वार्तालाप करना अच्छा है।

३६ एक ही समयमें एक साथ फल, शाक, दाल, भात; मिष्टान्न आदि पदार्थ नहीं खाने चाहिए।

३७ प्रातःकालके साथ पदार्थोंमें फल अधिक होने चाहिएं।

३८ हफ्तेमें एक दिन केवल फल खाकर रहना बहुत अच्छा है इस अभ्यासका उत्तम फल शीघ्र ही प्रत्यक्ष हो जाता है।

३९ जितना भोजन सहजमें हजम हो सके उतना ही खाना चाहिए। उससे ज्यादा नहीं खाना चाहिए।

४० जो मनुष्य अपने स्वास्थ्यकी रक्षाके लिए सदा यत्नवान् रहता है, उसको कभी भी डाक्टर या वैद्योंके पास नहीं जाना पड़ता।

४१ खूब ठूंस ठूंसकर खाना, गुरुपाकी (भारी) पदार्थोंको खाना और उत्तम प्रकारसे भोजनको चबाकर न खाना, इन्हीं कारणोंसे विशेष कर रोगोंकी उत्पत्ति होती है।

४२ नेत्रोंके चारों तरफ काले रंगकी रेखा दीख पड़े तो समझना चाहिए कि यह स्वास्थ्य खराब होनेकी सूचना है। तभीसे इसके प्रतिकार करनेकी व्यवस्था करनी चाहिए।

४३ जहां पर वायु न आ जासकता हो, उस स्थानमें नहीं रहना चाहिए। यदि किसी प्रकारकी बाधा होनेसे ऐसे घरमें रहना ही पड़े तो जितना कम उस घरमें रहा जाय उतना ही अच्छा है। अनावृत्त स्थानका वायु भी स्वास्थ्यकर नहीं होता।

४४ बालक यदि रोवें तो उनको ताडन न कर उनके रोनेका कारण जान करके उसको दूर करनेका उपाय करना चाहिए। बालकके रोने पर ठंडी हवाको देकर या उसे मिठाई देकर अथवा मीठी २ बातें करके उसको सुलानेकी चेष्टा करना ठीक नहीं। इससे बच्चोंकी तात्कालिक इच्छा शांत होनेपर भी रोनेका असली कारण दूर न होनेसे उसका फल अच्छा नहीं होता।

४५ जिससे अपने शरीरका अनिष्ट होता जान पड़े वह किसना ही उत्तम खाद्य क्यों न हो उसको कदापि नहीं खाना चाहिए। भोजनमें थोड़ा रोटा ही अच्छा है।

४६ बीच बीचमें एकाध दिन उपवास करनेसे शरीर बहुत अच्छा रहता है, इस प्रकार करनेसे अनेक रोगोंके आक्रमणसे भी रक्षा होती है।

४७ काम करते २ यदि शरीर अधिक शिथिल हो तो काम बन्द करके विश्राम करना चाहिए। आत्म शक्तिसे अधिक कार्य करना विचारसंगत नहीं है।

४८ शयन करनेका कमरा खुला रहना चाहिए। विलासिताके कारण उसको हमेशा पर्दे या चिक आदि द्वारा ढका रखनेसे अनिष्ट होता है। उसमें अनेक रोगोंके बीजाणु आश्रय पाजाते हैं।

४९ रोगी मनुष्यको सदा प्रसन्न रखनेकी चेष्टा करनी चाहिए, किन्तु उसप्रसन्नतासे उसकी कोई हानि न होती हो, इस पर भी ध्यान रखना चाहिए।

५० चोरी, डकैती, हिंसा, और मिथ्या भाषणकी समान शरीरका अस्वस्थ रहना भी एक पाप समझना चाहिए। जिससे उस पापका भागी न होना पड़े, इस पर प्रत्येक मनुष्यको लक्ष्य रखना चाहिए।

जैन इतिहास

दूसरा भाग तैयार है।

इसमें १९वें तीर्थंकर श्रीविदेहनाथसे लेकर २०वें श्री मुनिसुव्रतनाथ तकका अर्थात् ९ तीर्थंकरोंका इतिहास बड़े मजेमें पढ़ने लायक है। विद्यार्थियोंको तो अवश्य उपयोगी है। मू० १८० मू० सिर्फ १) आदरसे मंगाइए।

मैनेजर-दि० जैन पुस्तकालय-सूरत

गृहस्थ जैन स्त्री पुरुषोंके लिये आवश्यक काम

धार्मिक कर्त्तव्य।

(१) सूर्योदयसे पहले उठकर हाथ पैर धो, मनकी ग्लानि मिटा थोड़ी देर ध्यान, सामायिक, जप व भावना द्वारा अपनी आत्माको रागादि विभाव, ज्ञानावरणादि ८ कर्म, शरीरादिसे भिन्न शुद्ध ज्ञाता दृष्टा आनंदमई स्वभावधारी विचारना चाहिये।

(२) मन व इंद्रियोंको वशमें रखनेके लिये व आलस्यको जीतनेके लिये २४ घंटोंमें क्या २ काम करना है सो सोचकर २४ घंटोंके लिये पांचों इंद्रियोंके भोगोंकी सीमा नियम द्वारा बांध लेना चाहिये।

(३) शुद्ध जलसे नित्य स्नानकर श्री जिनेन्द्र देवकी शांत वीतराग प्रतिष्ठित प्रतिमाका दर्शन ले अरहंत व सिद्धका स्तवन पढ़ना तथा जलादि आठ द्रव्योंसे पूजन करके भावोंमें निर्मलता बढ़ाना चाहिये।

(४) मुनि महाराज अथवा अन्य त्यागी महात्मा व विशेषज्ञ शास्त्रज्ञाताके द्वारा पवित्र जिनवाणीका धर्मामृत रस पीना चाहिये।

(५) अपने ज्ञानके बढ़ानेके लिये नित्य स्वयं जैन शास्त्रका स्वाध्याय थोड़ी देर अवश्य करना चाहिये। बिना दो मिनट भी शास्त्र पढ़े भोजन न करना चाहिये।

(६) जैन त्यागी मुनि व श्रावकको व श्रद्धावान गृहस्थ स्त्री व पुरुषको भक्तिसे व दयाभावसे भुक्षितको भोजन देना चाहिये। अपने धनको विद्या, औषधि, अभय व अन्न दानमें लगाकर परलोकके लिये पुण्यकी कमाई बांध ले जाना चाहिये।

(७) अपने यहां जिन मंदिरका सुप्रबन्ध रखके वार्षिक आमद व खर्चका हिसाब प्रगट कर देना चाहिये।

(८) बालक व बालिकाओंको धर्मज्ञान देनेके लिये जैन पाठशाला व कन्याशाला अवश्य खोल देना चाहिये।

(९) शुद्ध पानी छानकर, व शुद्ध भोजन ताजा शास्त्रकी मर्य्यादाका खाना चाहिये जिससे उत्तम धार्मिक बुद्धि रहे तथा शरीर रोगोंसे बचे। हाथका पीसा आटा व घरका दूध घी वर्तना चाहिये।

(१०) जुआ खेलना, आकुलता बढ़ाने सट्टेका व्यापार, चोरी, कुशील, झूठ बोलना, परपीड़ा आदि पापोंसे बचकर शुभ आचार व परोपकारसे जीवन बिताना चाहिये।

सामाजिक कर्तव्य।

(१) बालक, बालिकाओंको विद्यावान बनाकर वीस २० वर्षके पहले पुत्रका व १५-१६ वर्ष पहले पुत्रीका लग्न न करना चाहिये।

(२) अपनी पुत्रीको कुमार युवा पुरुषको ही विवाहना चाहिये। यदि कुमार न मिले तो अन्य युवान पुरुषको देना चाहिये। पैसेके लोभसे अयोग्य वर बनाना पुत्रीके साथ घोर अन्याय करना है-इस महापापसे बचना चाहिये।

(३) वेश्या नृत्य, आतशबाजी, आदि कुरीतियोंको मिटाकर व पंचायती नियम कम खर्चके बनाकर थोडे खर्चमें विवाहादि काम निवटाना चाहिये।

(४) विवाहादि सब मंगलीक कार्य जैन धर्मकी पद्धतिसे करना चाहिये।

आर्थिक कर्तव्य।

(१) भारतवर्षके गरीब भाई बहनोंके हाथका बना हुआ मोटा महीन जो शुद्धस्वदेशी वस्त्र मिले उनको ही पहनना चाहिये। मिलोंके कपड़ोंके बननेमें मनों चरबी खर्च होती है तथा वे टिकते भी कम हैं।

(२) घरोंमें चरखा कातने व कपड़ा बुननेका रिवाज बढ़ाना चाहिये।

(३) किसानों आदिको चरखा देकर उनके खेतीसे बचे समयको काममें लगाना चाहिये।

(४) कपड़ोंके सिवाय हरकोई वस्तु जहांतक मिले अपने देशकी ही बर्तनी चाहिये।

(५) उपयोगी पशु रक्षार्थ चमड़ा हड्डी न बरतो न विदेशी शक्कर खाओ।

राजनैतिक कर्तव्य।

(१) भारत देश पहले समृद्धिशाली था अब वह अन्य देशोंके मुकाबलेमें तन्दुरस्त, धन व शिक्षामें हदसे ज्यादा गिरा हुआ है। इसके उद्धारके शांतिसहित व न्यायपूर्वक उपायमें अपना मन वचन काय व धन लगाना चाहिये तथा भारतकी सेवा अहिंसामई भावसे करते हुए यदि उपसर्ग पड़ें तो उनको प्रसन्न मनसे सहना चाहिये। किसीपर क्रोध का भाव भी न लाना चाहिये।

पढ़िये "जैनमित्र" साप्ताहिक पत्र

हरएक जैनीको जैनमित्रका ग्राहक १॥=) वार्षिक मूल्य भेजकर बन जाना चाहिये। महीनेमें ४ दफे जैनमित्र द्वारा धार्मिक व लौकिक समाचार व अनेक उपदेश प्रगट होते हैं। यह पत्र अपने नमूनेका एक ही है। इससे पाठकोंको बहुत लाभ होगा। एक वर्ष पढ़कर देखें। ब्रह्मचारी मूलचन्द सोलापुरवाले परोपकार बुद्धिसे इसका सम्पादन करते हैं और बाबू दि० जैन सं० हमारी ओरसे सूरतसे हरएक गुरुवारको प्रकट होता है।

मित्र मंगानेका पता-मूलचंद किसनदास कापड़िया,

प्रकाशक "जैनमित्र" चंदावाड़ी-सूरत।

मक्खियोंके कर्म।

यूरोपमें जब युद्ध होते हैं और सेनाओंके पड़ाव पड़ते हैं तब बहुधा वहां पर छूतवाले रोग अपना फैलने वाली बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। उन रोगोंसे सेनाका ऐसा संहार होता है कि जैसा शत्रुकी गोला-बारूदसे भी नहीं होता। पहले लोगोंने विचार किया था कि पानी द्वारा ही ऐसे रोगोंकी सृष्टि होती है। परन्तु जब १८९८ ईसवीमें स्पेन और अमेरिकासे युद्ध छिड़ा था तब डाक्टरोंकी खोजसे निश्चित हुआ कि ये बीमारियां पानी से नहीं—मक्खियों द्वारा उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कई प्रकारसे इस बातकी जांचकी। एक हटोरे भर दूधमें एक मक्खीको डाला और फिर उस दूधका निरीक्षण किया तो उसमें हजारों जीवाणु पाये गये। खाद्य द्रव्यों पर बैठी हुई मक्खियोंको उड़ाकर देखा गया कि रोटियों पर लाखों जीवाणु उपस्थित हैं। इतना होने पर भी डाक्टरोंने मक्खियोंकी यह करतूत संसारमें प्रकाशित नहीं की। जिस समय दक्षिण अफ्रीकामें युद्ध हो रहा था उस समय भी नाना प्रकारके रोग फैले। वहांके डाक्टरोंने भी खोज द्वारा मक्खियोंका कारण ही निश्चित किया। फिर तो मक्खियोंके ऊपर धड़ाधड़ ट्रैक्ट, पुस्तकें और लेख प्रकाशित होने लगे। प्रत्येक देशके डाक्टरोंने इस खोजका समर्थन किया। म्युनिसपैलटियोंमें गड़बड़ी मची और जनताका ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया। यूरोपके कई देशोंमें कुछ दिन तक मक्खियोंपर घोर आंदोलन होता रहा। मक्खियोंको दूर करना और मार डालना ही एकमात्र उपाय निश्चित होनेके कारण, नानाप्रकारके संहारक उपाय तजवीज किये गये। उनमेंसे यहां पर कुछ उपायोंका उल्लेख किया जाता है।

(१) एक प्रकारके कागज़ोंकी सृष्टि हुई कि जो सदैव चिपकते रहते हैं। उनको चिरचिपे कागज़ भी कहा जासकता है। उन कागज़ोंको दीवालों पर आटपीनोंसे लगाया गया और जब हज़ारों मक्खियां उन पर चिपट गईं तो उन कागज़ोंको उतार कर जला दिया गया।

(२) टेनिसकी गेंद खेलनेके जैसे दस्ते होते हैं वैसे ही दस्ते बनाये गये और उनको हाथमें लेकर गेंदकी तरह मक्खियों पर आक्रमण किया गया। इस प्रकार मक्खियोंको मारा गया।

(३) छोटे २ जल बनाये गये कि जिनमें रोटी, मिठाई और गोश्तके टुकड़े रक्खे जाते हैं। एक तरफसे नाल खुला रहता है, जो मक्खियोंके लिये द्वारका काम देता है। जब बहुतसी मक्खियां इकट्ठी होजाती हैं तब नालको बंदकर पानीमें डुबो देते हैं।

(४) रातके समय छतोंपर ही मक्खियां नष्ट करती हैं। अतएव लोगोंने कमरेके दरवाजे बंद करके, गरम तवों पर 'प्रेयूम पाउडर' नामक दवा डाली कि जिसके जहरीले धुएंसे मक्खियां मरकर गिरपड़ें।

(५) फारमउन का सल्यूशन मक्खियोंको मारनेके लिए निकाला गया। बाजारमें यह दवा बिकती है। शीशियोंमें प्रतिशत पानीमें चालीस हिस्सा सल्यूशन मिलाकर बेचा जाता है। उसको पांच भाग पानीमें मिलाकर और कुछ

शक्कर व दूध डाल देनेसे उस दवाका स्वाद और रंग बदल जाता है। शक्करके लालचसे मक्खियां आना चाहती हैं। उस दवाको प्रातः और सायंकाल रकाबियोंमें भरकर रखते हैं। बिचारी भूखी, प्यासी मक्खियां ज्योंही उसे पीती हैं त्योंही लोट पोट होकर मरजाती हैं। इस दवामें बहुत लोग रोटीके टुकड़े मिलोकर उनको इधर उधर डाल देते हैं।

मक्खियोंके विषयमें सफाईके महकमों और म्युनिसपैलटियोंने दो प्रकारके सिद्धांत स्थिर किये हैं। मकानोंकी सफाई और कूड़ा करकटकी नवीन ढङ्गसे हिफाजत।

मकानोंकी सफाईसे मक्खियोंमें कमी होसकती है। पाखाने आदि भी साफ रखाने चाहिए और बराबर उनको धुलवाना चाहिए।

कूड़ा करकटका जलाना सबसे अच्छा है। परन्तु इससे 'खाद'में कमी उपस्थित होगी। अतएव शहरका कूड़ा करकट आबादीसे दूर पहुंचाया जाय। यह अच्छा उपाय है।

अथवा कूड़ेके ऊपर कुछ ऐसी दवाएं डाली जावें कि जिससे मक्खियां उस पर न बैठने पावें। कूड़े करकट ही से उनकी उत्पत्ति और उन्नति होती है। कूड़े करकट पर कसीस का पानी या फीनाइल खूब छिड़कना अच्छा है। कसीस का पानी शौचालयोंमें भी छिड़कना चाहिए। मक्खियोंकी उत्पत्ति कूड़े करकटसे ही होती है और बारः शहरके बाहरसे मक्खियोंके दल आबादीमें आया करते हैं। यदि सड़ी गली चीजोंको नष्ट किया जाय, घरमें पूरी सफाई रखी जाय और मेंढ़ोंकी छींट, गोबर एवं कूड़ा करकट किसी बंद स्थान पर जमा करके, फिर गाड़ियों द्वारा शहरके बाहर भिजवा दिया जाय और वहांपर ऐसे उपायोंसे ढेरकी रक्षा की जाय कि जिससे मक्खियां उत्पन्न न हों तो जनताको पूरा लाभ पहुंच सकता है। कसीस के पानी के सिवाय यदि साढ़े तीनसेर पानीमें आध सेर गुड़ाब मिलाया जाय और पाव भर सोडियम आरसीनियट डाला जाय तो इससे दस सेर कूड़ा शुद्ध होसकता है। साढ़े तीन सेर पानीमें सेर भर नमक मिला दिया जाय तो यह आठ सेर कूड़ा करकट साफ कर सकता है।

यूरोपमें फ्लोरेडा नामक एक रियासत है। वहांके सफाईके कार्यालयने एक विज्ञापन बांटा था। यहां पर उस विज्ञापनका अनुवाद दिया जाता है।

"फ्लोरेडा के सफाई और तन्दुरस्तीके महकमे द्वारा आप लोगोंसे प्रार्थना की जाती है कि निम्नलिखित कारणों पर ध्यान पूर्वक विचार करनेके बाद आप लोग स्थिर करें कि मक्खियोंको मारा जाय या नहीं। यदि उनको मारनेकी आवश्यकता नहीं है तो उनसे बचनेके लिए कौन २ से उपाय किए जाने चाहिए। प्रमाणित हुआ है कि—

(१) मक्खियों द्वारा फैलने वाले रोग दारुण होते हैं।

(२) गन्दगीसे उनकी उत्पत्ति और उन्नति होती है।

(३) खाने, पीनेकी वस्तुओं पर मक्खियां, मीठापनको छोड़ा करती हैं।

(४) हर सीजनमें प्रत्येक मक्खी १५० अंडे

देती है। प्रति दूसरे सप्ताह अंडे, मक्खी बन जाते हैं।

(५) जिस घरमें मक्खियोंकी अधिकता होगी उस घरके लोगोंकी सफाई पसन्दगी शोचनीय समझी जायगी।

(६) मक्खियों द्वारा हवा साफ़ होती है। परन्तु, यह लाभ तभी तक अच्छा है कि जब वे घरके बाहर रहें।

(७) रोगियोंके थूकमें नाना प्रकारके जीवाणु होते हैं और उन थूकों पर मक्खियां एकदम टूट पड़ती हैं। अतएव सर्वत्र थूकना उचित नहीं है।

(८) स्टेशन, होटल और घरोंमें उगालदानोंका होना आवश्यक है और उनको ढक कर रखना और भी आवश्यक है।

(९) मक्खियां जीवाणुओंको खाजाती हैं परन्तु उनको कोई कष्ट नहीं होता है और वे अपने पाखाने द्वारा जीवाणुओंको बाहर निकाला करती हैं। अतएव जहां मक्खियोंसे बचाव करना उचित है वहीं उनके मैलेसे भी।

(१०) मक्खियोंके सूखे मैलेसे इस कारण उदासीन न होना चाहिये कि मैलेके साथ ही साथ जीवाणु भी सूख गये होंगे। वे यों नहीं सूखते हैं और थोड़ीसी नमी पाकर पुनः सजीवता प्राप्त किया करते हैं।

(११) सूखे और हरे फल पकाये नहीं जाते हैं, इस कारण उनको अच्छी तरह धोकर और छील कर खाना चाहिये। पकी हुई वस्तु जीवाणुओंसे बचजाती है।

(१२) पक्षियोंको प्रतिदिन धूपमें सुखाना चाहिये और जालीदार मसहरीमें सोना चाहिये।

(१३) रोगीकी कै, दस्त और थूक जलाना चाहिये और उसे मसहरीमें सुलाना चाहिये।

(१४) खाद्य पदार्थों पर जाली होनी चाहिये।

(१५) दूधको पकाकर व्यवहृत करना चाहिये।

(१६) उन जीवोंकी रक्षा होनी चाहिये कि जो मक्खियोंको खाजाते हैं।

पाठक! आपको मालूम होगया कि मक्खियोंके लिये कैसे १ दण्ड निश्चित किये गये हैं और बताया गया है कि इनके द्वारा प्रतिशत ९० सफलता हुई है। पर हमारी रायमें उक्त उपाय अधिक लाभकारी नहीं हैं।

संसारमें सुख और दुःख दोनों हैं। इसी कारण इस सृष्टिमें सुखदायक जीव भी हैं और दुखदायी भी। दुखदायक जीवोंमें मक्खियों और मच्छड़ोंकी भी गणना की गई है। मक्खीको हिंसक जीव भी कह सकते हैं। भारतवर्षमें पुराने समयमें भी इस प्रकारके जीवोंसे बचनेके उपाय निर्धारित किये गये हैं। मक्खी अधिक गलाजत पसन्द है। जहां पर जितनी गलाजत होगी वहां पर उतनीही मक्खियोंकी अधिकता होगी और जहां पर जितनी सफाई होगी वहां पर उतनी ही इस जीवकी कमी होगी। क्योंकि मैलेसे ही इसकी उत्पत्ति होती है और उसीसे उन्नति होती है। खानेके लिए तो यह जीव अच्छा और बुरा दोनों तरहके द्रव्य खाता है, परन्तु इसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति गलाजत ही अधिक होती है। सबसे पहले पखानेका ख्याल कीजिये। बड़े २ शहरोंमें प्रत्येक घरमें पाखाने होते हैं। घोड़ों, बैलोंकी कमी नहीं होती है।

बूचड़खाने भी होते हैं और लोग मांस खाते हैं। अस्पतालोंमें रोगियोंकी भरमार होती है और नालियोंमें पेशाब, थूक, कूड़ा और करकट पड़ा रहता है। सड़क पर निकलने पर दुर्गन्धि की कमी नहीं रहती है। इस प्रकारकी आबादी में मक्खियोंकी उत्पत्ति और उन्नति होना सम्भव है। अतीत कालके प्रकृतिसेवी भारतवासी इतनी घनी आबादी कभी न बनाते थे! उनके छोटे गांव और घर साधुओंकी कुटियोंकी तरह होते थे। प्रत्येक घर छोटा और साफ होता था। प्रायः नित्य ही उनमें लीपा-पोती हुआ करती थी। पाखानोंके कहीं नामोनिशान भी न थे। दूर जंगलमें नदीके किनारे लोग फरागत होने जाया करते थे। इसके सिवाय प्रातः और सायंकाल अग्निहोत्र द्वारा मानसिक सुख उत्पन्न करते थे, वायुको शुद्ध करते थे और मच्छड़ मक्खियों जैसे जीवोंको उड़ाया करते थे। वहां न मांस था न मछली। न पाखाने और न अस्पताल। मक्खियां आवें तो किस लिये? वर्तमान समयमें रहनेका ढंग दूषित है। घनी और अधिक जन-संख्या पूर्ण नगर निर्माण पद्धति ही वीसों प्रकारके रोगोंकी उत्पत्ति करती है। परन्तु इस राजनैतिक और औद्योगिक युगमें अतीत कालकी सभ्यता नहीं आसकती है। सुधार होने पर और उसी आदर्श पर पहुंचने पर संसारकी बाधा कष्ट होसकती है। अतएव वर्तमान अवस्थामें मक्खियोंसे कैसे छुटकारा पाया जासकता है इस विषय पर विचार करना आवश्यक है। हमारी रायमें कूड़े करकट पर औषधियोंका छिड़का जाना अधिक हितैषी नहीं है और इस धर्म-हीन समयमें हम लोग अपने आवश्यक कार्योंको छोड़ कर मक्खियोंके प्रति आन्दोलन भी नहीं कर सकते। इसके साथ ही—कमसे कम हिन्दु जाति-प्रातः और सायंकाल रोटीमें शक्कर मिलाकर मक्खियोंकी हत्या भी नहीं कर सकती है और न टेनिसके बल्लेसे उनकी गेंद, खेल सकते हैं। हमारी रायमें कोई जाति ऐसा करनेका आवश्यक नहीं समझती है। कूड़ा करकट जला देना भी उचित नहीं है। ऐसा होनेसे कृषिकार्य्यको धक्का पहुंचेगा। फलतः, समस्त विषयों पर व्यापक दृष्टि रखकर उपायोंकी योजना करना समयानुकूल कर्तव्य है। हमारी रायमें—

(१) जो लोग शहरमें रहनेके लिये विवश न हों वे शहरमें न रहें।

(२) अंग्रेज और मुसलमान जाति एवं मांसाहारी हिन्दु लोग मांस खाना बंद कर दें।

(३) जब तक मांसाहार बंद हो तब तक बूचड़खाने शहरसे एक मील, दक्षिणमें बनवाये जावें। क्योंकि उधरसे हवा बहुत कम चला करती है।

(४) घूरे को छायामें कदापि न रखना चाहिये। मक्खियोंके सिवाय उससे हवा भी गन्दी होती है। शहरके बाहर मैदानमें उसे इस प्रकार फैला कर डालना चाहिये जिससे रोशनी खूब आया करे। इससे न तो मक्खियोंको अण्डे देनेकी सुविधा होगी और न हवामें दुर्गन्धि उत्पन्न होगी। बरसातके दिनोंमें कूड़ा करकट जला देना चाहिये या तेलोंमें तुरन्त भस्म कर देना चाहिये।

(५) प्रातः और सायंकाल अपने घरमें आगके

ऊपर की, मेवा और सुगन्धियुक्त खाद्य द्रव्य लगाने चाहियें। ऐसा करनेसे हवा भी अच्छी रहेगी और मच्छड़ वा मक्खियां भी भाग जायेंगी। इस क्रियाका कोई आधुनिक नाम भी रक्खा जा सकता है।

(६) खाद्य द्रव्योंको खुला न रखना चाहिये। दूधवाले हलवाई और फल बेचनेवालोंको सावधान करना चाहिये और खोमचेवालोंको भी इस विषयमें सतर्क करना चाहिये।

(७) अस्पताल भी शहरसे बाहर बनाये जायँ।

(८) किसी जीवको न मारना चाहिये। प्रकृतिकी ओरसे कई जीव मक्खियोंके शत्रु हैं। जैसे गिरगिट, छिपकली, मकड़ी, तीतर, बटेर, बत्तक, मुर्गी आदि।

एक प्रकृति सेवक।

अतीव सस्ते नये २ ग्रन्थ।

भक्तियापूजा संग्रह-पृ. २१८ इसमें सादोंमें उपयोगी सभी पूजाओंका संग्रह संस्कृत व भाषा दोनोंमें अभी ही बड़े टाइपोंमें प्रकट हुआ है। मूल्य अत्यल्प सिर्फ आठ आने।

नित्यपूजा ≈) **द्रव्यसंग्रह सान्वयार्थ** ≈) **छहढाला संग्रह** ≈) **विनती संग्रह** ≈) **दानकथा** ≈) **दर्शनकथा** ≈) **शीलकथा** ≈ **स्वामी कार्तिकेयानुप्रेक्षा** टीका सजिल्द ।।।) **ग्रंथत्रयी** भाषा टीका ।।।) **चारित्र सार** २) **सुखसागर भजनावली** ।।≈) **धर्मचर्चा संग्रह** ।।)

इन सुलभ ग्रन्थोंको ही अब मंगाइये।

मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय-सुरत।

विचार-वैचित्र्य।

(ले० नाथूराम सिंघई ललितपुर)

दीन हीन तथा दुःखित जनोंको पुण्य करना यह एकका काम नहीं किन्तु प्रत्येकका काम है। इसका अभ्यास प्रत्येक नरनारीको बचपनसे ही करना चाहिए। अवसर पाकर दूसरेकी सहायता करना भी एक प्रकारका पुण्य कार्य है। दुनियामें ऐसा कोई भी अशक्त तथा असमर्थ पुरुष नहीं जो अवसर आने पर अपने पड़ोसीकी सहायता न कर सके। जो दुःखियोंका दुःख अपहरण नहीं करसकता उसे चाहिए कि वह मूर्खोंको धर्मोपदेश दे जो रोग-ग्रसित मनुष्यकी तीमारदारी नहीं कर सकता, उसे चाहिए कि वह चारित्र हीन मनुष्यको सुधारे। जो स्वयं किसी काममें अधिक भाग नहीं ले सकता उसे चाहिए कि वह उन मनुष्योंको उत्साहित करे जिनसे उस काममें अधिक सहायता मिलनेकी आशा है। विधवा स्त्री जो अपनी फूटी कोड़ी भी कोषको देगी और निर्धन मनुष्य जो पांथिकको शीतल जल पिलाएगा तो ये दोनों व्यक्ति अपने पुरस्कारको अवश्य ही पाएँगे।

एक बड़े आदमीका कहना है कि मैं अपने मस्तिष्कको व्यर्थकी बातोंका गड्ढा नहीं बनाना चाहता किन्तु ज्ञान-भण्डार बनाना चाहता हूं। मैं किसी प्रकारके लेने देनेका व्यौपार नहीं करना चाहता किन्तु ज्ञानका व्यौपर करना चाहता हूं। मैं केवल अपने लिए ही ज्ञानका अभ्यास नहीं करना चाहता; किन्तु उन लोगोंके

लिए ज्ञान प्राप्त करता हूं जो अज्ञानी और मूर्ख हैं। मैं उन मनुष्यों से ईर्ष्या द्वेष नहीं करना चाहता जो मुझसे ज्ञानमें बहुत बढ़े चढ़े हैं, किन्तु जो मुझसे कम जानते हैं उनका मुझे बहुत खेद है। अपने ज्ञान-अभ्यासके कारणमें दूसरोंको नसीहत नहीं देना चाहता और न इस आशयसे उनको उपदेश ही देना चाहता हूं कि जिससे मेरा ज्ञान और बढ़ जाए किन्तु इस अभिप्रायसे उन्हें शिक्षा देना चाहता हूं कि जिससे उनमें ज्ञानकी वृद्धि हो यदि मुझे दुःख है तो केवल इस बातसे कि जिस समय मैं मर जाऊंगा उस समय मेरा सारा ज्ञान मेरे साथ ही नष्ट हो जाएगा वह मैं अपने परमप्रिय इष्ट मित्रोंको नहीं सौंप सकता।

जितना अधिक प्रेमकी मात्रा पशुपक्षियोंमें होती है उतनी मनुष्यमें नहीं होती—परन्तु इस प्रेमकी कमीके कारण जितना कष्ट वा दुःख मनुष्यको होता है उतना उनको नहीं। इसका प्रधान कारण यह है कि जैसे ही उनके बच्चे अपने आप दाना पानी खानेके लिए समर्थ होजाते हैं वैसे ही उनके मालिकोंका प्रेम उनसे कम हो जाता है। फिर वे उन्हें बिलकुल ही छोड़ देते हैं। न तो उनका भी चाहता है वहीं बच्चे मरते हैं। यदि अकस्मात उनके बच्चों पर कोई आपत्ति आपड़े और वे अपना चारा पानी खानेमें असमर्थ हो जाएं तो उनके मालिक कि उन्हें फिर दाना पानी पहुंचाते हैं। इनका मालिकका प्रेम पुनः होजाता है। उदाहरण स्वरूप जैसे चिड़ियाका बच्चा अपना दानापानी खानेके योग्य हो जाता है तो फिर चिड़िया उसे अपने घोंसलेसे बाहर भगा देती है। परन्तु यदि वे किसी जाल या कहरेमें फस जाते हैं तो चिड़िया फिर उनकी सहायता करने लगती है।

यदि भलाई करनेसे किसीको कष्ट पहुंचे तो वह सन्मानके योग्य है। यदि अभाग्यवश उसे दुःख हो तो वह पश्चातापके योग्य है। यदि बुरे कामोंसे दुःख हो तो वह अपमानके योग्य नहीं। क्योंकि जो अपराध उसने किया है उसका प्रतिफल शायद वही हो जो उससे उसे मिला है।

कला कुशल मनुष्य जो प्रशंसनीय और अनोखी वस्तुओंको तैयार करते हैं वे सब उसके निरन्तर परिश्रमका ही फल हैं। परिश्रमके द्वारा ही मनुष्य पत्थरोंसे बड़े २ गुम्बज और मीनार तैयार कर देता है और बड़े २ शहरोंको नहर द्वारा सम्बंधित करा देता है। यदि कोई मनुष्य बराबर गेंती चलाता रहे तो फावड़ेसे उस मिट्टीको अलहदा करता रहे तो एक दिन यह होगा कि जिस दिन वह सारे पर्वतको खोदकर समतल भूमि बना देगा। अविश्रान्त परिश्रम द्वारा मनुष्य समुद्रको भी बांध सकता है। सारांश यह कि परिश्रममें एक महत शक्ति छिपी हुई है।

मृतक व्यक्तिका रंज एक ऐसा रंज है जिसको हम कभी विस्मरण नहीं कर सकते। हरएक मामलेको महंम पड़ी बांध कर अच्छा कर सकते हैं प्रत्येक दुःखको हम भूल जा सकते हैं परन्तु यह ऐसा विकट दुःख रूपी मर्ज है जिसको हम किसी प्रकार भी अच्छा नहीं कर सकते। यह घोर खेद हमें याद आता रहता है और

एकान्तमें इसके कारण अधिक पीड़ा होती है। ऐसी वज्र-हृदया कोई भी माता न होगी जो अपने प्रिय पुत्रकी मृत्युके कारण दुःख न करती हो और ऐसा एक भी पुत्र नहीं जिसे अपने माता पिताके मरने पर दुःख न हो।

संसारमें जरासी हिम्मतके हार खानेसे मनुष्यकी सारी बुद्धि नष्ट भ्रष्ट होजाती है। बहुतसे मनुष्य अपने कायरपनके कारण भेद नहीं आरंभ काम नहीं कर सकते। यदि वे हिम्मतके साथ काम करना प्रारम्भ कर दें तो एक दिन संसारमें वे विख्यात पुरुष होजाएं। अतः बात यह है कि यदि कोई आदमी किसी अच्छे कार्यको करना चाहता है तो उसे फिर कीसी भी बातसे भय न करना चाहिए। निशंक होकर उस कार्यमें लग जाना चाहिए और उसको सफलता पूर्वक समाप्त करना चाहिए। किसी उर्दू शाइरका कहना है कि "हिम्मते मर्दा, मद्दते खुदा"।

दान विचार।

दोहरा.

नाना भांति दान को, देवाधि संसार;
उत्तम है कनिष्ट छे, वर्णवुं धरी विचार.
शास्त्रभेद आंत छे गहन, आगोक्त समुदाय,
अर्थ सहित वर्णन करूं, समजतां संसार.
पहालो भांगुमो!!!

दान शब्द संस्कृतना दा (दी) उपरथी थयो छे. दा एटले देवुं के-आपवुं-ते साथे न आववाथी बिजे भवे-स्वर्ग-इत्यादिके-सद्गतिने अर्थ सहित आपवुं एम थाय छे.

दान अे शब्द आपणे घारीए छीए तेटलो सहेलो नथी. पण अे बे अक्षरना अेक रूपमां अनेक चमत्कारिक भेदो समायेला छे.

दान आपनारे दान लेनारनी योग्यता पूर्णपणे तपासवी जोइअे. नहि तो देनार अने लेनार बंन्तेनी असद्गति थइ दीधेला दाननुं फल पाप स्वरूपे फरी मळे छे. माटेज समजु मनुष्यनुं कर्तव्य छे के-दान आपवानी विधि जाणवा पछी ज दान आपवुं" आज विषयने संपूर्णपणे समजावया आ नियम लखायो छे.

दानना प्रकार.

१ आहारदान, २ शास्त्र दान, ३ अभयदान ४ औषधदान. दान आपनारे पात्रनो विचार करवो जोइअे.

पात्रना प्रकार.

१ धर्मपात्र २ भोगपात्र ३ यक्षपात्र ४ शेवापात्र.

धर्मपात्रना भेद.

१ उत्तम २ मध्यम ३ कनिष्ट.

उत्तम पात्र केने कहेवाय.

जे अठावीस मूळ गुणथी युक्त होय, जेणे व्रत पाळेलां होय, सर्व परिग्रह छोडेला होय, क्रोधने क्षमा करेली होय, शील धारण करेलुं होय, मित्र अने शत्रुने सरखा मानेला होय, ध्यान अने स्वाध्यायमां तत्पर होय-अने रत्नत्रय धारण करेलां होय तेज मनुष्य उत्तम पात्र गणाय छे.

मध्यम पात्रनां लक्षणो.

जेणे अहाचर्य धारण कर्युं होय. जे गृहस्थनां वेपार खेती आदि कर्मोथी रहित होय, अने अल्प परिग्रही होय. ते मध्यम पात्र कहेवाय छे.

कनिष्ट पात्र केने कहेवाय!

जे सम्यग्दर्शन सदाचार श्रावकनो आचार अने गुरुभक्ति आदिथी युक्त होय, अने गर्व रहित होय, ते दान आपवाने कनिष्ट पात्र कहेवाय छे.

भोगपात्र.

स्त्री पुत्र भाइनं आदि सगांसंबंधी जन भोगपात्र गणाय छे.

મુનીસંબંધી જન સંસારમાં એકભેદથી સંયમમાં રહી મુખમાં વધારો કરનારાં હોય, તેમને શક્તિ મુજબ અલંકાર વસ્ત્રાદિનું ધર્મબુદ્ધિથી દાન કરવું તે ભોગપાત્ર દાન કહેવાય છે.

યશપાત્ર.

બ્રાહ્મણ-ભાટ-ભોજક વર્તમાન સમયમાંના કેટલાક દ્રવ્ય પિપાસુ બ્રહ્મચર્યો વિગેરે યશ પાત્ર ગણાય છે. તેઓ દાન આપનારની કીર્તિના ગાન કરે છે.

એકભેદની વ્યવસ્થામાં ઉતરી જ્યાં કીર્તિનાં ગાન થવાનાં હોય એવા આશયે દાન કરવું તે પણ યશ દાનજ ગણાય છે.

और इस लक्षणके लक्षणानुसार उक्त द्रव्यका लक्षण घटित नहीं होता क्योंकि ये द्रव्यका लक्षण पृथिव्यादिकों नौ ही में जाता है अतः असाधारण नहीं कहा जा सकता। असाधारण एक ही जगह रहता है यदि असाधारण बहुत जगह रह निकलें तो असाधारणत्व की हानि होती है तथा ऐसे असाधारण और साधारणमें कुछ भेद भी नहीं कहा जासकता जब कि असाधारणत्वका नाश होनेसे असाधारण कुछ भी न ही सिद्ध नहीं होगा तो 'यह गौ है सींगवाली होनेसे' ऐसे साधारण हेतु दिये जायंगे और इस तरह साधारण हेतु देनेसे अतिव्याप्ति दोष होवेगा अतः किसी भी पदार्थकी व्यवस्था नहीं बनेगी यदि यही दोष जैनियोंके यहां भी दिया जाय यानी जैनियोंने जैसे 'स्पर्शवल्लक्षणं' ये द्रव्यका लक्षण माना है और जीवादि द्रव्योंमें वे उस द्रव्य लक्षणकी अनुवृत्ति करते हैं अतः उनके यहां भी तो द्रव्य लक्षण नहीं बनसकता ऐसा आरोप नहीं कर सकते क्योंकि जैन दर्शनानुसार लक्षणका लक्षण साधारण धर्म वचन नहीं है युक्ति बाधित होनेसे। लकड़ीके सम्बन्धसे मनुष्यको भी कभी २ लकड़ी कह दिया करते हैं लेकिन लकड़ी यह मनुष्यका असाधारण धर्म न होनेपर लक्षण माना जाता है अतः जैन दार्शनिक असाधारण धर्मको लक्षण नहीं मानते अतएव उक्त दोष उनके ऊपर नहीं आसकता बल्कि उन्हींके ऊपर आता है जो कि असाधारण धर्मको लक्षण मानते हैं। दूसरे, जैनियोंके द्वारा स्वीकृत द्रव्यका लक्षण जहां जहांपर पाया जायगा वहां वहां द्रव्यत्वका निश्चय कर देगा।

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

दिगंबर जैन.

THE DIGAMBAR JAIN.

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्तुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्यनमिदं प्रवर्त्तताम्, दिगम्बर जैन समाज-मात्रम् ॥

वर्ष १५ वाँ. || वीर संवत् २४४८. चैत्र विक्रम सं० १९७८. || अंक ६ ठा

विवाहिक कष्ट ।

(ले० पं० गोरेलाल पचरत्न)

भाईयो, हम वक्त हमको एकता की चाह है ।
किन्तु हमरे बुजरगोंको कुछ नहीं परवाह है ॥
वे तो पुरानी रूढियोंके बने पक्के दास हैं ।
किन्तु हम उन रूढियोंसे भोगते अति त्रास हैं ॥१॥
हमको हमारे बाप दादोंने बताया है यही ।
जो करे अपराध कुछ वह जाति खारिज हो सही ॥
येह खारजीय प्रस्ताव हमरे बम दादोंने किया ।
कर उसे स्वीकार हमने अमल उसपर कर लिया ॥
किन्तु अब वह अमलदारी कष्टप्रद हमको बनी ।
जो कभी अमृतमयी थी आज वह विषधर बनी ॥
अपराध मय कुछ लोग जो खारिज हुए हैं जातिसे ।
उन भाईयोंने स्वयं इक फिरका किया हर जातिसे ॥
जाति लहरीमेन उस फिरकेका सार्थक नाम है ।
मानो हुई तैयार ए नवीन जाति विराम है ॥
पर जाति उन्नति मार्ग पर, बढती गई उत्साहसे ।
है मुख्य कारण एक इसका जो बनावें अपने ॥
जातिके धनवान पुत्रोंने बनाया है हमें ।
देखते कैसा रसातलमें पडाया है हमें ॥
इन धनीसी पुत्रोंने अपनी स्वार्थताके वश्ते ।
जातिमें उत्पन्न कर दी रूढियां बहु त्रासते ॥
इस समय हमरे सिंघईजीका पुत्र है दश सालका ।
पढना लिखाना दूर है है सोच उसके ब्याहका ॥
सज्जन इस जालमें फंसते नहीं हैं जानकर ।
जो ब्याहदे पुत्री इन्होंके पुत्रको अज्ञान घर ॥
इनके बराबर जो धनी यहि होय इनके भावका ।
तो ब्याह पुत्री देय इनके पुत्रको यहि चावका ॥
यदि हो नऐसा तो इन्हें फिर खोजना हैं तिजोडियां
निर्धनोंके निकट रूपयोंकी लगावें हेरियां ॥
कुछ लोग ऐसे हैं बने जो रोटियोंके दास हैं ।
दलालें उनका नाम इसमें करें पूर्ण प्रकाश हैं ॥
पारखी या व्याज अपनी जेबमें पहिले धरें ।
फिर दश सहस्रों थैलियां के निर्धनोंका अड मरें ॥
निर्धनी फल लोभसे दिलसे नहीं कुछ सोचते ।
रात रूपयोंकी गिनकर धर्मसे दिल मोचते ॥
हे ! लोभ तेरा हो बुरा तूने हमें अंधा किया ।
हम पुत्रियोंको बेचने हैं लगे अपना किया ॥
इस तरह धनवान पुत्रोंने विवाहे पुत्र हैं ।
यह रूढि बाल विवाहकी बनकोंने की सर्वत्र है ॥
अब और भी धनवान पुत्रोंकी दया कुछ बनरही ।
तिसके कथन करनेको मेरी लेखनी अति डर रही ॥
पर धीर कर साहस निडर हो लेखनी तैयार है ।

लिख यही अब और धनियोंकी कथाका सार है॥
इन धनी पुरुषोंके यदि पुत्रो विवाहिक योग है।
तो धनीके ही घर विवाही जाय सहँ सुख भोग है॥
धनवानका यदि पुत्र चाहे मूर्ख पौरुष हीन हो।
पुत्री विवाहेंगे उसे वह देहसे भी हीन हो॥
निर्धनोंके पुत्र चाहे सर्व गुण सम्पन्न हों।
सुन्दर स्वरूप शरीरबल अरु हृष्टपुष्ट महान हों॥
किन्तु उनके वास्ते कोई न देवे पुत्रियां।
धनवान कैसे ब्याह दे उन निर्धनोंको पुत्रियां॥
यदि निर्धनोंसे यह यहँ पुत्रियां तुम ब्याह दो।
तो कहेंगे प्रथम हमरी थैलियां तुम ब्याह दो॥
पांचसौ या हजार कोई मांगते दिल खोलके।
कोई मानो मांगते हैं लड़कियोंके तौलके॥
निर्धनोंके पास नाही भरी है तीजोड़ियां।
जो खोलकर देवें उन्हें अरु ब्याह लेवें लड़कियां॥
इस हेतु ही सुत निर्धनोंके ब्याहसे वंचित रहें।
अरु ब्याहसे मुख मोड़कर वे ब्रह्मचारी ही रहें॥
बहुतसे इस जाति ही को त्याग देते अंतमें।
अरु जाति लहुरीसेनमें जिन ब्याह करते अंतमें॥
सन्तोष धर संयम ग्रहेंगे वृद्ध भी अति हर्षमें॥
फिर न कोई पुरुष लहुरीसेनमें घुस पायेंगे।
जातिकी संख्या दिनोंदिन वे बढ़ाते जायेंगे।
जाति च्युत होंगे न कोई पाप मारग जायेंगे।
धर्मसे कर प्रीत योंही सद्गृहस्थ कहायेंगे॥
हे! भाईयों अपने हृदयकी भावना तुमसे कही।
अब बंद करता लेख यह मग लेखनी भी थक रही॥
बांचकर यह लेख मेरा जातिकी जय बोलदो।
कहँ "गोरेलाल" ब्याहक फंड जल्दी खोल दो।



आगामी ज्येष्ठ सुदी ५को हमारा श्रुतपंचमी पर्व आ रहा है। यदि हमारे शास्त्रोंकी संभाल और विनय करनेका कोई पवित्र दिन है तो यही श्री श्रुतपंचमी पर्व है। श्री भूतबलि और अर्हद्बलिने जिनवाणीकी कैसी भक्ति की थी सो पाठक याद करेंगे तो मालूम होगा कि जिनवाणी का महत्व और उपयोगिता कितनी है परंतु वर्षोंसे मिटाते रहनेपर भी हमारे अनेक शास्त्र भंडार ताड़ोंमें बंद पड़े हैं, उनके उद्धारका कोई निमित्त कारण है तो वह यही श्रुतपंचमी पर्व है। हरएक स्थानका यह पर्व मानना चाहिये अर्थात हरएक मंदिरके शास्त्र सिंहासन अर्थात भूतबलि का चौकी पर विराजमान करके पूजा पढ़नी चाहिये, बड़ा समारोह होने चाहिये।

यथाशक्ति शास्त्रदान भी करना चाहिये। वेष्टनों में शुद्ध गाढ़ेका ही उपयोग होना चाहिये।

* * *

देवेन्द्र प्रेस कंपनी।

हमारे पाठक जानते होंगे कि मदरासके श्रीयुत सी० एम० मल्लिनाथनी एक उत्साही धर्मप्रेमी युवक हैं जो आजकल अंग्रेजी 'जैन गेझेट' मासिकका कार्य उत्तमतासे संपादन कर रहे हैं और इससे विशेष आपने एक प्रेस कंपनी निकालनेका प्रबंध किया है। स्वर्गीय कुमार देवेंद्र प्रसादजीकी स्मृतिमें प्रेसका नाम 'देवेंद्र प्रिंटिंग एन्ड पब्लीशिंग कंपनी' रक्खा है। १०) के ५०००० शेर निकाले हैं जिससे ५००००) की रकम होगी। शेरके दश रुपये भी पांच हप्तेसे भरनेका है। प्रेसका उद्देश जैन साहित्यके ग्रंथ, पत्रादि छापकर प्रकट करनेका तथा प्राचीन जैन ग्रंथोंकी रक्षा व उद्धार करनेका है। सबको एक २ शेर लेना चाहिये।

पत्रव्यवहारका पता—सी० एस० मल्लीनाथ, मैनेजर जैन गेझेट २। पेरीश वेंकट चाल लायर स्ट्रीट—मद्रास।

* * *

ઇડરની પચને સુચના.

ગુજરાતની જગત્પ્રસિદ્ધ ઇડરની ગાદીના કહેવાતા બ. વિજયકીર્તિ (ઉર્ફે મોતીલાલજી)' અમદાવાદથી પલાયમાન કરી વડનગરમાં રહેલા અને ત્રિદોષક પોરે રોગથી એક માસ થયાં કાળને વશ થયા છે એવી બાતમી અમને શેઠ લલ્લુભાઇ જેઠાભીખ દ્વારા મળી હતી, પણ આ બાબત ઇડર બે કારણ લખવા બાકી રાખી કંઇ સમાચાર ન આપવાથી એ બાબત શંકા ઉભી થવાથી અમે લાલરોડા પત્ર લખેલો જેનો ઉત્તર શા. રેવચંદ હેમચંદ તરફથી એવો મળ્યો છે કે "બ. વિજયકીર્તિ વડનગર છે પણ તેઓ મરણ પામ્યા નથી, કારણ કે તેઓ એકાદ અઠવાડીઆ ઉપર ગામ જંત્રાલના આપણી તેમના ભાઇઓના જોવામા આવ્યા હતા એમ તેઓ કહેતા હતા" આથી અમોને હજુપણ એ બાબત શંકા રહે છે માટે કોઇ ભાઇ ચોકકસ સમાચાર લખી મોકલશે તો આભાર થશે.

વળે ઇડરના ભાઇઓને અમારે એજ નિવેદન કરવનું કે તમે તો એને પદભ્રષ્ટ કરી ચુકયા છો પણ હવે પછી કોઇ બીજાના લોભમા વળી ફસાશો નહિ અને સોથી પ્રથમ કર્તવ્ય ઇડરના શાસ્ત્ર ભંડારનો ઉદ્ધાર કરવાનું જ કરજો. બ્રહ્મચારીજી શીતલપ્રસાદજી અમને લખે છે કે આ વર્ષે જો ઇડર કે નાગોરના ભાઇઓ શાસ્ત્ર ભંડારનો ઉદ્ધાર કરવાની કબૂલાત સાથે આમંત્રણ કરે તો એ એમાથી એક સ્થળે મારો વિચાર ચાતુર્માસ કરવાનો છે તો આ સોનેરી તક ઇડરના ભાઇઓએ જવા દેવી જોઇએ નહિ અને તરતજ પંચે એકત્ર થઈ બ્રહ્મચારી શીતલપ્રસાદજીને ઇડરમાં ચોમાસું કરવાને આમંત્રણ કરવું જોઇએ. આમંત્રણમા શાસ્ત્ર ભંડારનો ઉદ્ધાર કરવાની કબૂલાત તો લખવીજ જોઇએ. અમે ખાત્રીપૂર્વક કહીયે છીએ કે બ્રહ્મચારી શીતલપ્રસાદજી જો ઇડરમાં ચાતુર્માસ કરે તો ઇડરના ભાઇઓને અને શાસ્ત્ર ભંડારને અપૂર્વ લાભ થયા વગર રહેશે નહિ.

* * *

સોળાની લગ્નસરા.

અમારા ગુજરાતના પીસ્તાલીસા બધુઓનો લગનગાળો સોળાબામા બારે છે અને એક દિવસે નહિ પણ ૨૦ ગામે પુનેમ સુધી છુટા છવાયા લગ્નો થનાર છે એ જાણી અમો ખુશી થયા કિંતુ પચ વિશેષ ખુશી તો ત્યારેજ થાય કે જ્યારે એ બધા લગ્નો મિથ્યાતી રૂઢીથી ન થતા જૈન વિધિથી થાય. જૈન લગ્ન વિધિનું ગુજરાતી પુસ્તક પંચ મોદન-

લાલ મથુરાદાસ કાણીસાવાળાએ પ્રકટ કરેલું છે તે એવું છે કે સામાન્ય માણસ પણ આ વિધિ કરાવી શકશે. વળી આ લગ્નગાળા પ્રસંગે બીજું કંઈ નહિ બની શકે તો એટલું તો અવશ્ય થવું જ જોઇએ કે પંચે બળાત્કાર સગાઈ અટકાવવાનો ફરજ્યાત ઠરાવ કરવો જોઇએ અર્થાત્ નાની ઉમરમાં છોકરા છોકરીઓની સગાઇ કરી દેવાનો રિવાજ ફરજ્યાત બંધ કરવો જોઇએ. એમાં ઓછામાં ઓછા દશ વર્ષની ઉમર થયા વગર છોકરીની અને ઓછામાં ઓછા ૧૪ વર્ષની ઉમર થયા વગર છોકરાની સગાઇ ન કરવી અને જો કોઇ કરે તો તેને માટે ઘણો ભારે અંકુશ મુકવો જોઇએ. ગુજરાતમાં મેવાડા કોમ કેળવણીમાં આગળ પડતો ભાગ લઇ રહી છે તો બાળસગાઇનો હાનિકારક રિવાજ શું હજુ પણ નહીં બંધ કરે! આશા છે કે આ લગ્નગાળા પ્રસંગે આ બાબતો જ્ઞાતિ સુધારના ઉપયોગી ઠરાવો જરૂર કરશે.

भारतके हस्तलिखित जैन ग्रन्थकी सूची।

मान्यवर सद्धर्मी बंधुगण!

कलकत्तेकी श्री जैन साहित्योद्धार समिति समस्त भारतवर्षके हस्तलिखित जैनग्रंथोंकी सूची तैयार कर रही है। अनेक स्थानोंकी सूचियां प्राप्त हो गई हैं। आपके स्थानके हस्तलिखित जैन शास्त्रोंकी सूचीकी अति आवश्यकता है। आशा है आप शीघ्र अपने यहांकी सूची तैयार कराके भेजनेकी कृपाकर धर्मके कार्यमें सहायता पहुंचायेंगे। आपके थोड़ेसे परिश्रमसे नीचे लिखे अनेक लाभ होंगे—

(१) आप जानते हैं कि किसी स्थानमें एक ही ग्रंथकी १०–२० प्रतियां हैं और दूसरे स्थानमें उसी ग्रंथकी एक भी प्रति नहीं है। वह सब जगहकी सूची एक साथ छिप जानेसे मालूम हो जायगा।

(२) कहीं कहीं ऐसे ग्रन्थ भी हैं जिनकी प्रतियां बहुत ही अल्प हैं।

(३) किसी किसी स्थानमें ऐसे भी ग्रंथ हैं जो और कहीं भी नहीं हैं।

(४) कहीं २ अति प्राचीन ग्रन्थ हैं जिनकी प्राचीनता सुनने मात्रसे मनुष्योंको दर्शन करनेकी इच्छा होती है।

(५) कितने ही ग्रन्थोंके नाम तो मिलते हैं पर ग्रन्थ नहीं मिलते ऐसे ग्रन्थोंके भी दर्शन हो सकते हैं।

(६) कितने ही ग्रंथ जैनियोंके अजैनोंने चोरी करके कर्ताका और ग्रन्थका नाम बदलकर अपना लिये हैं वे पकड़े जा सकते हैं।

(७) कितने ही शास्त्र जो अभी तक अपूर्ण हैं वे पूर्ण हो सकेंगे।

(८) हमारी शिथिलताके कारण हमारे लाखों शास्त्र म्लेच्छोंके हाथमें चले गये।

(९) *सारा संसार इस बातको जानता है कि* जिस जातिका साहित्य बड़ा (बहुत) है वह जाति दिनोंदिन उन्नति करती है।

(१०) हमारे जैन साहित्यसे बढ़कर संसारमें और कोई भी साहित्य बराबरी नहीं कर सकता।

(११) हमारे जैन आचार्य आज्ञा दे गये हैं कि जैनसाहित्यकी रक्षा तथा प्रचार, तन मन धनसे करो। जो जैनसाहित्यकी प्रभावना करता है वास्तवमें वही धर्मात्मा है। अभी हमारे जैनी भाई शास्त्रदान करते हैं पर नहीं एक शास्त्री

१० प्रतिया मौजूद हैं वहा एक प्रति और दान करनेसे इतना लाभ नहीं हो सकता जितना कि उस जगह देनेसे, जहां उस ग्रंथकी एक भी प्रति मौजूद नहीं है।

हमारे पास जरमनी, इटाली, फ्रांस, अमेरिका, लंदन आदिके हस्तलिखित ग्रंथोंकी सूची है जिसे देखकर हृदय दुःखित होता है पर उपाय कुछ भी नहीं है। अब हम लोग यह बंदोबस्त करना चाहते हैं कि उन पुस्तकोंमें जो अप्राप्य पुस्तक हैं उनकी नकल करवाकर मंगवा ली जाय।

हमारा साहित्य (शास्त्र) अनेक तो लोप हो गया और अनेक होता जाता है अब हम जैनियोंका कर्त्तव्य है कि जिस तरह हो हमको अपने बचे हुए साहित्यकी रक्षा करनी चाहिये जिससे हमारे सत्य धर्मकी भी रक्षा हो सके।

जो सूची हम बना रहे हैं इससे सारे जैन भाईयोंका लाभ होगा। हमारे धर्मकी रक्षा भी होगी, हमारे शास्त्र नष्ट होनेसे बच जायगें इत्यादि।

अतएव आपका कर्त्तव्य है कि इस कामको जितना जल्दी हो सके आप पूराकर हमारे पास सूची बना कर भेज देवें।

सूची इस प्रकार बनानी चाहिये—

ग्रन्थका नाम, ग्रंथ कर्त्ता या टीकाकारका नाम, अध्याय संख्या, विषय, भाषा, लिपि, ताडपत्र या कागज पत्रसंख्या, श्लोकसंख्या और ग्रंथका समय, उपर्युक्त सब बातोंका पता ग्रंथके अंतिम पत्रमें मिल जायगा।

सूची भेजनेका पता—मोतीलाल जैन।
पोष्टबक्स नं ६७१६ कलकत्ता।

समाचार-सूचनाएँ।

महावीर केवलज्ञान जयंती हमारे परम पूज्य अंतीम तीर्थंकर श्री महावीर प्रभुको वैशाख शुक्ल १०को केवलज्ञान हुआ था तब उस समयके लोगोंको उनके ज्ञानसे बहुत लाभ हुआ था तो ऐसे शुभदिवसको स्मरणमें रखनेके लिये महावीर केवलज्ञान जयंती वैशाख सुदी १०को माननेके लिये पूरन मनन करके ठहराव निश्चय लेना चाहिये और सभा करके केवलज्ञानके विषय पर व्याख्यान होनेकी आवश्यकता है।

हीराचंद मलुकचंद कंक—मोलपुर।

रोहतकमें वेदी प्रतिष्ठा—देहलीकी प्रतिष्ठामें रोहतकसे एक चांदीका प्रतिमा प्रतिष्ठाके लिये भेजी गई है उनको वेदी पर विराजमान करनेके लिये रोहतकमें वैशाख सुदि १३से १६ तक रथोत्सव होगा जिसमें बडे २ विद्वान व उपदेशक भी पधारेंगे।

दिगंबर जैन पुस्तकालय—सूरतका नवीन सूचीपत्र अभी ही तैयार हुआ है जिसके ४८ पृष्ठोंमें हिन्दी, गुजराती, अंग्रेजी तथा संस्कृत भाषाके जैन तथा सामान्य करीब ५०० ग्रन्थोंका मूल्य सहित परिचय है। यह सूचीपत्र बांटे जानेपर बिनामूल्य मिलता है।

मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय—सूरत।

યાત્રાનો સંઘ અને ધર્મ પ્રભાવના—પેટલાદ નિવાસી સંઘવી છગનભાઇ હરિભક્તી વિગેરા અગ્રેસરોએ બે સુરેન્દ્રનગર સાથે તારંગા પાલીતાણાની યાત્રાનો સંઘ કાઢયો હતો, જે દરમ્યાન સર્વે પાલીતાણામાં ભેગા રથોત્સવ કર્યો હતો તે

પછી ફાગણવદ ૧ ને દિને સંઘ ભાવનગર આવતાં પંચે ઉત્તમ સ્વાગત કર્યું હતું. ત્યાં વદ ૪ને દિને સંતોકબ્હેન જૈન પાઠશાળામા મેલાવડો કરવામા આવ્યો હતો જે સમયે ચંચળબાઇએ પોતાના પતિની યાદમાં ચૈત્ર સુદ ૭ ને દિને મેલાવડો કરી બાળકોને ઇનામ વેંચવા રૂ. ૭૫) રથાયી તરીકે આપ્યા હતા તથા ભાવનગર ધોવામા કુમકુમ સ્વાગત કર્યું હતુ. તેમજ મડોલીવાળા પરશોતમદાસ તરફથી સ્વાગત થયું હતું તેમજ સંઘના ભાઇઓએ પણ રૂ. ૪૦) ઇનામ પંડમાં ભર્યા હતા. વળી સર્વે સંઘને શેઠ ભગવાન છગને જમણ આપ્યું હતુ. ધોવામા પણ સંઘને સારો સત્કાર મળ્યો હતો.

લલ્લુભાઈ નરોત્તમદાસ ધામી.

महासभा–क मथुरा विद्यालयकी प्रबन्धक कमेटी चौरासी मथुरामें आषाढ वदी १ को मिलनेवाली है।

व्यावरमें–वेदी प्रतिष्ठा और भारत० दि० जैन खण्डेलवाल महासभाका दूसरा अधिवेशन ज्येष्ठ सुदी ९को होगा। यह स्थान अजमेरके पास ही है।

स्या० महाविद्यालय–काशीमें वैशाख सुदी १से डेढ माहकी छुट्टी हुई है और आषाढ वदी २ को विद्यालय खुलेगा। नवीन प्रवेश होनेवाले छात्र हमसे फार्म मंगा लेवें।

सुमतिलाल, मंत्री।

भैयालालजी चौधरी–का स्वर्गवास हो गया। आपके वियोगसे परवार समाज और छिदवाड़ा दमोहकी जनताको बड़ी क्षति पहुंची है। आपके स्मरणमें दमोहके पंचोंने ता. १९-४-२२को निश्चय प्रस्ताव किया है कि हम लोग अपने स्वर्गीय नेता श्री० भैयालालजी चौधरीकी यादगारमें यह प्रण करते हैं कि हम तक रा० महासभा हुकम न देगी विदेशी कपड़ा नहीं मगावेंगे। कोई मंगायगा तो उनसे १०१) या विशेष दंड लिया जायगा।

शोकजनक मृत्यु–पं० उदयलाल काशलीवालको जैन समाज अच्छी तरहसे जानती है क्योंकि आपने बहुतसे संस्कृत ग्रन्थका हिन्दी अनुवाद करके प्रकट किया है तथा बम्बई जैन साहित्य प्रचारक कार्यालय भी निकाला है तथा अभी गाँधी हिन्दी पुस्तक भंडार भी निकाला है और हिन्दी साहित्यके कई ग्रंथ निकाले हैं। प्रथम आपकी प्रतिष्ठा जैन समाजमें बहुत थी परंतु जबसे आपने विधवा विवाह कर लिया आपकी प्रतिष्ठा जैन समाजमेंसे घट गई थी यहां तककि आप जातिच्युत किये गये थे व बम्बईमें मंदिर व्यवहार भी बंद (जो कि अनुचित था) किया गया था और अभी खबर मिली है कि आपका देहांत हो गया जिससे साहित्य संसारको बडी क्षति पहुंची है। हम आपके आत्माको शांति चाहते हैं।

दायभागके ग्रंथ चाहिये–जैन दायभाग तैयार करनेके लिये दायभागके ग्रन्थोंकी आवश्यकता है। १ भद्रबाहु संहिता, २ अर्हन्नीति, ३ वर्द्धमान नीति, ४ इंद्रनंदि जिन संहिता, ५ एक संधि संहिता इन ग्रन्थोंकी आवश्यकता है। जहां २के भंडारमें ये सब या कोई भी ग्रंथ होवे उसकी सूचना हमें देना चाहिये। हमारा पता–सूर्यभानुदास जैन मु० सरनउ पो० नौई (एटा)

स्या० महाविद्यालय काशी–का १६ वां वार्षिकोत्सव पं० गणेशप्रसादजी न्यायाचार्यके

सभापतित्वमें ता० २५-२६ अप्रैलको होगया। ब्र० शीतलप्रसादजी खास पधारे थे, और काशीके बहुतसे अगुए व विद्वान पधारे थे। विद्यार्थियोंने संस्कृत व हिंदीमें स्याद्वाद, पुरुषार्थ, परोपकार, षट्द्रव्य आदि पर मनोहर व्याख्यान दिये थे। रिपोर्टमें बताया गया कि छात्राश्रम १०००) की लागतका बन गया है जिसमें २०००)की घटी है। दूसरे दिन ता० ब० द्वारकाप्रसादजीके सभापतित्वमें आम सभा हुई थी जिसमें पं० सतीशचंद्रने संस्कृतमें 'जैन धर्मकी महिमा' पर, अन्य छात्रोंने धर्म, सुख, एकता, तथा जैन इतिहास पर व्याख्यान दिये, बादमें पं० राजकुमार शास्त्रीने "अहिंसा" पर कहा, वर्णी गणेशप्रसादजीने जैन सिद्धांतपर कहा और ब्र शीतलप्रसादजीने आत्म धर्म व सदाचार, देश सेवा व स्वदेशी वस्तु व्यवहारपर प्रभावशाली व्याख्यान दिया था। इन व्याख्यानोंका काशीमें बहुत प्रभाव पड़ा है। विद्यालयको १८६) की सहायता भी मिली थी।

देवरान—में प्रतिष्ठके समय गोलालारेंकी सभा तथा स्त्री सभा हुई थी जिनका हाल आगे प्रकट होगा।

बम्बईमें सरस्वति भवन—झलरापाटनके सेठ पन्नालाल जैन सरस्वति भवनकी शाखा स्थापन करने बड़ा भारी सरस्वति भवन बम्बईमें सेठ सुखानंदजीकी धर्मशालामें ज्येष्ठ सुदी ५को प्रातःकाल विधिपूर्वक खुलेगा।

कंपिलजी—में दि० जैन बघेरवाल सभाका अधिवेशन हो गया। रेशमी वस्त्रका बहिष्कार आदि प्रस्ताव हुए तथा मैनपुरीका जैन मंदिर भी हुआ था।

जिन मंदिर व्यवस्था फंड—बम्बईमें ता० २-३ अप्रैलको भारत दि० जैन तीर्थक्षेत्र कमेटीकी जनरल मीटिंग हुई थी जिसमें श्वे० जैन भाइयोंकी सूचनानुसार तीर्थोंके झगड़ेका निबटेरा करनेके लिये अपनी ओरके २० महाशय नियुक्त किये गये थे तथा मंदिर और प्रतिमाओंकी अविनय रोकनेके लिये "श्री जिन मंदिर व्यवस्था फंड" खोलनेका प्रस्ताव हुआ और उसमें तुर्त दो १९०१) बा० देवी सहायजी फिरोजपुरने और १९०१) ला० जम्बू प्रसादजी सहारनपुरने देना स्वीकार किया है। अन्य श्रीमानोंको भी इस फंडमें सहायता भेजनी चाहिये।

आवश्यकता—तीर्थक्षेत्र कमेटीको इन्सपेक्टरों, मुनीमों और पुजारियोंकी आवश्यकता है। प्रार्थनापत्र—चन्द्र लाल हेमचंद, महामंत्री, हीराबाग। बम्बई ४ को भेजना चाहिये।

बम्बई आधिवेशन—में ता० २४-४-२२ से ता० ६-५-२२ तक छुट्टी हुई है।

त्यागी मन्नालालजीका स्वर्गवास—हमारे पाठक त्यागी मन्नालालजीको अच्छी तरह जानते हैं। प्रथम दिनोंमें आप क्षुल्लक वेषमें रहे थे और आपकी मान्यता खूब थी परंतु पीछले पांच सात वर्षोंसे आपकी मान्यता इस लिये घट गई थी कि आप परिग्रह रखते थे और आपने जैनमें अपनको दर्शन प्रतिमाधारी बताया था। खेद है कि आपकी ६० वर्षकी आयुमें कटकमें गत मासमें स्वर्गवास हो

गया। आप महारौनी (झांसी) के निवासी थे और आपके कुटुंबी भी अभी हैं। हम आपके आत्मको शांति चाहते हैं।

कुंथलगिरी-के कुंथुसागर ब्र० आश्रममें आजकल ७५ छात्र शिक्षा पा रहे हैं। रहने, भोजन आदिका उत्तम प्रबंध है।

बड़नगर अनाथालय-दि० जैन समाजके अंतर्गत अनाथ बालकोंकी रक्षा शिक्षादि उचित प्रबन्ध करनेके उद्देश्यसे दि० जैन माळवा प्रां० सभाकी ओरसे बड़नगर (माळवा) में इस परोपकारी संस्थाकी स्थापना हुई है। अभीतक ९८ अनाथ प्रवेश हो चुके हैं।

प्रवेश समय अनाथोंकी दशा अति शोचनीय थी, कई धर्मका नाम भी नहीं जानते थे, कई पेट भर पहिने वस्त्र शरीर, अन्न विहीन, रोगोंसे अत्यन्त दुखी थे। इलाज और चिकित्सा द्वारा उनका शरीर निरोग किया और स्नानादि, वस्त्रोंका उत्तम प्रबंध किया गया। धार्मिक और लौकिक शिक्षा का प्रबंध इस ढंगसे किया गया है

विनामूल्य पवित्र औषधियां-यहांसे हैजा, प्लेग, इन्फ्लुएंजा, पसावात, मृगी, सर्पविष आदि कठिन व अनेक साधारण रोगोंकी औषधियां पोस्टेज खर्च मात्रसे विनामूल्य भेजी जाती हैं। भारतमें १८२३ शाखाएं खुल चुकी हैं। आफ्रिका आदि देशोंमें भी प्रचार हो रहा है। यहांकी औषधियोंसे सौ में ९० के हिसाबसे हजारों रोगियोंको फायदा पहुंचा है जिनके अनेक प्रशंसापत्र मौजूद हैं।

ऐसी उपयोगी औषधियोंका प्रचार घर २ में करके सर्व साधारणके प्राण धन धर्मकी रक्षा करना चाहिये और बन सके जिस प्रकार सहायता पहुंचा कर इस महत् पुण्य कार्यमें सर्व बन्धुओंको भाग लेना चाहिये।

मैनेजर, शुद्ध औषधालय-बड़नगर (माळवा)

महावीर जयंती-कारंजामें पूरे बड़ी धूमके समारोहसे उत्सव हुआ था। महाजन वर्गीटने व्याख्यान दिया था और ५००-६०० आदमियोंको फलाहार कराया था। बोर्डिंगमें भूषण, मनन, रथ आ. रोशनी आदि हुए

षट्द्रव्यकी आवश्यकता और सिद्धि। (गतांकसे आगे)

प्रतिपक्षी (शङ्काकार)—जैनियोंके यहां जैसे जहां २ द्रव्यका लक्षण रहेगा वहां वहां द्रव्यत्वका निश्चय करा देगा उसी तरह हमारा भी द्रव्य लक्षण जहां २ रहेगा द्रव्यत्वका निश्चय करा देगा।

(जैनी)—आप ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि आप तो द्रव्यका लक्षण द्रव्यसे सर्वथा भिन्न मानते हैं; यदि अभिन्न मानेंगे तो स्वसिद्धान्त हानि होगी।

(प्रतिपक्षी) द्रव्यत्वके योगसे हम द्रव्य सिद्ध कर लेंगे।

(जैनी) ऐसा करनेसे तो उपचारसे ही द्रव्यकी सिद्धि होगी क्योंकि—"मुख्याभावे सतिप्रयोजने उपचारः प्रवर्तते" मुख्यके न रहनेपर और प्रयोजनके होनेपर उपचारकी प्रवृत्ति होती है।

अस्तु तुष्टु दुर्जनः न्यायसे आपका द्रव्यलक्षण सिद्ध भी मान लिया जाय तथापि पृथ्वी, अप, तेज, वायु, मनमें ही उपर्युक्त द्रव्यका लक्षण जाता है। आकाश, काल, दिशा आत्मामें नहीं जाता अतः पक्षाव्यापक होनेसे द्रव्य लक्षण आदरणीय नहीं कहा जा सकता।

(प्रतिपक्षी) आकाश, काल, दिशा, आत्मामें गुणवत् समवायिकारणं यह द्रव्यका लक्षण संघटित हो जायगा अतः हेतु पक्षाव्यापक नहीं हुआ।

(जैनी) ऐसा कहनेसे दो लक्षण द्रव्यके सिद्ध हो गये एक "क्रियावत् गुणवत्समवायि कारणं" दूसरा 'गुणवत समवायिकारणं'।

जब दो लक्षण सिद्ध हो गये तो द्रव्य पदार्थों की इन दो लक्षणोंसे सिद्धि होनी चाहिये अतः पुनः द्रव्यका लक्षण निर्दोष नहीं कहा जा सकता, जिससे कि पृथ्वी आदि नव द्रव्योंकी सिद्धि हो सके और फिर—"समवायसम्बन्धावच्छिन्न गन्धवत्त्वावच्छिन्न ज्ञेयता निरूपिताधिकरण तावत्वं गन्धवत्त्वं" इत्यादि पृथ्वीका लक्षण नहीं बन सकता। क्योंकि लक्ष्य द्रव्यकी बिना सिद्धि किये लक्षण नहीं बन सकता।

सांख्य अर्थ क्रिया कारित्व ही वस्तुका लक्षण मानते हैं—

इनका कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि मुक्तजीव नोकर्म मलावरणसे सर्वथा मुक्त हो गये हैं उनके क्रियाके अभावसे अवस्तुताका प्रसंग आता है। कोई कहे कि हम मुक्तोंमें भी क्रिया मान लेंगे तो इसके मतमें मुक्त जीवको कर्मामत्वका ही उच्छेद हो जायगा क्योंकि संसारी क्रियावान् है सकर्मक होनेसे। जो जो सकर्मक होते हैं वे ही क्रियावाले होते हैं जैसे कि रथ्यापुरुष। इस अनुमानमें सकर्मक और क्रियावान्का आपसमें अविनाभाव सम्बन्ध बताया है। मुक्तोंमें सकर्मकत्व हेतु न रहनेसे क्रिया नहीं मानी जा सकती, यदि

कोई ऐसी शंका करे कि मरण पश्चात् जीव दूसरी गतिको जाता है उस समय इसके कोई कर्म नहीं होते हैं तथापि दूसरी गतिके लिए गमनरूप क्रिया करता ही है, यह भी ठीक नहीं क्योंकि विग्रह गतिमें जीवके कार्माणकाययोग रहता ही है। क्रिया उत्क्षेपण अवक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण, गमन इसतरह पांच प्रकार बतलाई गई है। मुक्तोंमें उक्त पांच क्रियाओंमेंसे कोई भी क्रिया नहीं देखी जाती अतः मुक्त सक्रिय नहीं हो सक्ते हैं और निष्क्रिय होनेसे अवस्तुताकी आपत्ति आती है अतः वस्तुका लक्षण अर्थक्रियाकारित्व भी नहीं मानना चाहिये। वैशेषिक 'वस्तुका लक्षण सत्तारूप है' ऐसा ही मानते हैं, उनका यह लक्षण मानना भी समुचित नहीं है क्योंकि सत्तासे उनने महासत्ता मानी है और उस महासत्ताको वे नित्य ही मानते हैं अतः सिद्ध नहीं हो सक्ती।

सभ्य महोदय! पूर्वोक्त कथनमें द्रव्यके लक्षणकी परीक्षा करनेके लिए द्रव्यका लक्षण अच्छी तरह तर्क कसौटी पर चढ़ाया गया है। अब अगाड़ी मुझे आपके सामने यह और पेश करना है कि द्रव्य कितनी हैं और किस किसने कितनी मानी हैं।

यह बात भली भांति विदित होगी कि पदार्थको प्रत्यक्षगत करके ही तुलना की जाती है। उससे पदार्थका जितना विशद ज्ञान होता है उतना अनुमानादिसे नहीं होता। तुलनाको हमें कमसेकम द्विष्ठ अवश्य मानना चाहिये क्योंकि तुलना विना पदार्थान्तरके नहीं होती, जैसे कि काले रूपके रहनेसे ही शुक्ल रूपकी महत्ता या अन्धकारके रहनेसे प्रकाशकी, रात्रिके होनेसे दिनकी, मूर्खसे विद्वान्की, तथा द्रव्यके सम्यक् लक्षणकी भी द्रव्यलक्षणमात्रोंसे महत्ता है और द्रव्यसंख्याकी महत्ता भी तभी प्रमाणत्वको प्राप्त होती है जब कि द्रव्यसंख्याभास (झूंठी द्रव्य की संख्या) हो अतः यहां पर कल्पित द्रव्यसंख्याको लिखकर और उसका खण्डन करके स्वयमी जैनियोंके द्वारा कल्पित संख्याके सिद्ध करनेमें यही तात्पर्य है।

जिस तरह दूसरोंके द्वारा स्वीकृत द्रव्यके लक्षण भिन्न २ होने पर भी हुरकुचाको नहीं प्राप्त होते हैं उसी तरह अन्य महाशयों द्वारा निर्धारित द्रव्यकी संख्या में ठीक २ प्रतीत नहीं होती। किन्हीं २ की मानी हुई संख्या किसी न किसी भेद वर्गरहित और किन्हीं किन्हींने उन द्रव्यकी संख्या वृद्धि हित पुनरुक्तको भी दोष नहीं माना है।

"द्रव्यापि रणवृत्ति सत्तासम्बन्ध जातिमत्वंद्रव्यत्वस्य लक्षणं" इस द्रव्यके लक्षणको स्वीकार करने वाले वैशेषिक सात पदार्थ द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव मानते हैं। यहां उनका स्वयं सिद्धान्तबाधित पुनः मैं जैनियोंके द्वारा कल्पित संख्याकी तुलना करता हुआ वैशेषिकोंकी अभिमत द्रव्य संख्याकी निर्धकता बतलाऊंगा।।

वैशिषिक, संसारमें पदार्थ ढूंढते हम देखते हैं तो हमें सात पदार्थ ही ज्ञात होते हैं जो कि ऊपर वर्णित हैं।

शङ्काकार—आप लोग शक्तिको आठवां पदार्थ क्यों नहीं मानते यदि आप कहें कि शक्ति वस्तुभूत नहीं है तो परीक्षा प्रधानी हम आपके वचन मात्रसे यह नहीं मानसक्ते, शक्तिके साधक प्रमाण निर्दोष और सबल हैं अतः शक्तिको आठवां पदार्थ मानना चाहिये। हम देखते हैं कि अग्निका प्रतिबन्धक कोई कारण समीप आता और बराबर अपना दहन करना कार्य जारी रखती है। प्रतिबन्धके मणि आदिके आजाने पर उनकी शक्ति विनष्ट हो जाती है और फिर वह दाह नहीं करती अतः यह बात सुदृढ़ या मान्य है, कि शक्ति पदार्थान्तर है। यह शङ्काकारकी शङ्का भी अविचारित ही है, क्योंकि दाहकत्व कार्यके लिए अग्नि कारण है लेकिन कारणान्तर रहित या किसी के द्वारा बाधित सामर्थ्य कारण कार्योत्पत्तिके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता"। यहां जो मणिके सद्भावसे अग्निकी दाहकत्वका अभाव हुआ तो यहां अग्निके दाहकत्व कार्यके लिए उत्तेजकाभाव विशिष्ट मण्यभाव कारण है जब कि मणिके उपस्थित होने पर उत्तेजकके अभावसे विशिष्ट मणि अभाव रूप कारण ही नहीं तो कार्य कैसे हो सकता है। अतः शक्ति कोई पदार्थान्तर नहीं है।

(शङ्काकार) अस्तु, शक्ति पदार्थान्तर नहीं है ऐसा हम भी मानते हैं किन्तु आपने जो द्रव्यके पृथ्वी, अप (जल), तेज (अग्नि), वायु (हवा), आकाश, काल, दिशा, आत्मा, मन ये ९ भेद माने हैं उनमें आपको अन्धकार भी एक १० वीं द्रव्य मानना चाहिये क्योंकि 'नीलं तमः चलति' यहां पर अन्धकारमें आपकी द्रव्यका लक्षण अच्छी तरह घटित हो जाता है। आपने द्रव्यका लक्षण "क्रियावत् गुणवत् समवायि कारणं द्रव्य लक्षणं" ऐसा किया है। चलति (चलता है) इस क्रियाका आधार होनेसे अन्धकारमें क्रियावत् विशेषण रह ही जाता है तथा नीलं तमः (नीला अन्धकार—अन्धकारकी बहुसमुन्नतदशा)। ऐसा कहनेसे गुणवत् विशेषण भी घटित होही जाता है अतः अन्धकारको द्रव्य मानना ही चाहिये और उक्त ९ द्रव्योंमें इसका अन्तर्भाव भी नहीं है। आकाश, काल, दिशा, आत्मा, मन, ये रूप रहित और अन्धकार रूप हैं। अतः इनमें उसका (अन्धकारका) अंतर्भाव नहीं किया जासक्ता। अन्धकार गन्ध रहित है अतः गन्धवती पृथ्वीमें अन्तर्भावित नहीं हो सकता तथा अन्धकार शीत गुण विशिष्ट भी नहीं है अतः जल, उष्णगुणसे भी रहित है अतः तेजमें नहीं कह सक्ता"। अब सब कि अन्धकार उक्त नौ द्रव्योंमें अंतर्भूत भी नहीं होता, और

द्रव्यका लक्षण इसमें घट ही जाता है फिर भी अन्धकारको द्रव्य न माननेमें सिवाय तीव्र मोहके और कोई कारण नहीं कहा जासकता।"

यह सब उक्त शङ्काकारका नगूनाल मात्र ही है। क्योंकि अन्धकार तेजके अभावके सिवाय कोई भावान्तर नहीं है।

(शङ्काकार) यदि ऐसा ही है तो फिर अन्धकारका अभाव ही तेज द्रव्य हो जायगा। अन्धकार ही को मान लीजिए। तमको तेजका अभाव होनेसे न मानना और तेजको तमका अभाव होने पर भी मानना यहां विद्वेषातिरिक्त क्या कारण कहा जासक्ता है?

(उत्तर दाता) यदि तेज द्रव्यको अन्धकारका अभाव मान लिया जाय तो अभावमें सर्वानुभूत उष्णत्व नहीं रह सक्ता, और फिर उस उष्णत्वकी आधार रूप कोई अन्य द्रव्य माननी पड़ेगी।

द्वितीय, अन्धकार चलता है यहां द्रव्यका लक्षण भी संघटित नहीं होता। क्योंकि नील रूपको जो यहां प्रतीति होती है वह भ्रांत रूप ही है। अतः द्रव्य ९ ही माननी चाहिये न अधिक और न कम। इस सबके माननेवाले वैशेषिकके मतमें द्रव्यकी एकता सिद्ध नहीं हो सक्ती क्योंकि द्रव्यको ९ भेदवाला माना है और द्रव्यको एकता न बननेसे सात पदार्थोंकी सिद्धि नहीं हो सक्ती; क्योंकि स्वतंत्र नौ द्रव्योंको एक द्रव्य सिद्धि होनेपर द्रव्य रूप, रस, गंध, स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म और संस्कार इन २४ गुणोंमें ऐक्य सिद्ध होनेसे एक गुण, उक्षेपादि पूर्वोक्त पांच क्रियाओंमें एकता सिद्ध होनेसे एक क्रिया, पर-अपर दो सामान्योंमें तथा नित्य द्रव्यमें रहनेवाले अनन्त विशेषोंमें एकत्व सिद्ध होने पर एक सामान्य व एक विशेष, प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अत्यंताभाव, अन्योन्याभाव इन चार अभावोंमें एकता सिद्ध होनेसे एक अभाव, एक समवायके समान सिद्ध होने से तो सात पदार्थोंकी सिद्धि होती लेकिन उक्त द्रव्य गुण कर्मादिकोंमें एकता सिद्ध नहीं हो सक्ती अतः पदार्थ सात हैं यह कहना भ्रममात्र है। द्रव्यत्वके योगसे एक द्रव्य मानेंगे तो उपचारसे ही एकता सिद्ध होगी परमार्थतः सिद्ध नहीं हो सकती।

(शङ्काकार)—द्रव्य एक पदकी सामर्थ्यसे द्रव्यके सब भेद, प्रभेद ग्रहण कर लिये जायेंगे अतः द्रव्यमें एकता और गुण कर्मादिमें भी इसी तरह एकता आनेसे सात पदार्थकी सिद्धि हो जायगी, उक्तंच—

विस्तरेणोपदिष्टानामर्थानां तत्त्वनिश्चये।
समासेनाभिधानं यत्सग्रहं तं विदुर्बुधाः॥

अर्थ—विस्तारपूर्वक जिन पदार्थोंका तत्त्वनिश्चयके लिए उपदेश दिया जाता है

उनका जो संक्षेपसे कहना है उसे संग्रह कहते हैं। अतः संग्रहनयकी अपेक्षासे एकता सिद्ध हो जायगी अतः सात पदार्थ मानना चाहिये।

उक्त कथन भी समुचित नहीं है क्योंकि एक पद वाच्य होनेसे एकता की ही प्रतीति होती है, ऐसा नियम नहीं है क्योंकि सेना वन आदि एक पद वाच्य अनेक पदार्थ देखे जाते हैं। यहां ऐसी शंका करना कि सेना वनादि एक पद वाच्यसे संबंध विशेषयुक्त एक की ही प्रतीति होती है। वह सम्बंध संयुक्त संयोगाल्पीयस्त्व लक्षणवाला कहा जाता है।

संयुक्तका जो नैरन्तर्य सम्बन्ध यानी संयुक्तका जो निरंतरवर्तित्व सम्बन्ध उसे संयुक्त संयोगाल्पीयस्त्व कहते हैं। यह कहना भी युक्ति सम्मत नहीं है। क्योंकि सेना वन आदि शब्दसे सबका ज्ञान मनुष्य घोड़ा आदिमें ही होता है। वन शब्दके कहनेसे प्रथक् २ पेड़ोंमें ही होता है। सम्बन्ध विशेषमें जो आप ज्ञान बताते हैं सो नहीं होता अतः एक पद वाच्य होनेसे एकताकी सिद्धि नहीं होसक्ती। अन्यच एक पद वाच्य होनेसे यदि एकताकी सिद्धि की जाय तो एक गोके द्वारा वाच्य जो ११ शब्द हैं उन सभीकी एकता माननी चाहिये।

उक्तं च- वाचि, वारि, पशौ, भूमौ, दिशि, लोम्नि, पवौ, दिवि।
विशिखे, दीधितौ, दृष्टावेकादशसु गौर्मतः॥

गोशब्द वचन, पानी, पशु, भूमि, दिशा, रोम, वज्र, आकाश, बाण, किरण और किरण इन ११ अभिधेयोंमें है।

एवं एक य शब्दके वाच्य त्याग, नियम, यम, वायु, घाता, पाता रक्षका इन छहोंमें भी एकता होनी चाहिये।

(शङ्काकार) वचन पशु आदिका वाचक गोशब्द, त्याग, नियम, यम आदिका वाचक य शब्द भिन्न भिन्न ही हैं फिर एक पद वाच्यत्व ही यहां नहीं रहता तो एकता कैसे।

(उत्तर) यह भी आपका कहना ठीक नहीं, ऐसे हम भी कह सक्ते हैं कि पृथ्वी जल आदिका वाचक अलग अलग ही द्रव्य शब्द हैं अतः एक पद वाच्यत्व न होनेसे एकता नहीं हो सक्ती।

संग्रह किये जांय अनेक पदार्थ जिस शब्दसे ऐसा शब्दात्मक संग्रह और एक प्रत्ययसे अनेक पदार्थ ग्रहण किये जाय ऐसा प्रत्ययात्मक संग्रह और अर्थात्मक इन तीनों संग्रहोंसे द्रव्यकी एकता सिद्ध नहीं की जासक्ती। द्रव्यकी ९ संख्या मानना भी संख्याभास है क्योंकि इन ९ द्रव्योंका जीव पुद्गलमें अन्तर्भाव हो जाता है।

पृथ्वी, जल, तेज, वायु, मनका स्पर्श, रस, गन्ध, रूपवाले होनेसे पुद्गल द्रव्यमें अन्तर्भाव हो जाता है क्योंकि जो जो स्पर्श रूप रस गन्धवाले होते हैं वे पौद्गलिक होते हैं जैसे आँख।

वायु और मनमें रूप न मानना भी न्यायसंगत नहीं है क्योंकि वायुरूप युक्त है स्पर्शवाली होनेसे। इस अनुमानसे वायुको रूपता सिद्ध ही है। वायुका रूप देखनेमें नहीं आता अतः उसे मानना भी नहीं चाहिये, यह कहना भी न्यायसंगत नहीं है क्योंकि जो जो देखनेमें नहीं आवे उन उनका अभाव, यदि आप ऐसा कहेंगे तो तुम्हारे देखनेमें परमाणु नहीं आसकता अतः उसका भी अभाव कहना चाहिये। या तुम्हारे देखनेमें अपने बाबा परबाबा आदि भी देखनेमें नहीं आते अतः वे हैं ही नहीं ऐसा ही कहना चाहिये।

(शङ्काकार)—परमाणु परबाबा आदि यद्यपि प्रत्यक्ष नहीं है तथापि कार्यसे कारणका अनुमान होता है। इस न्यायसिद्धांतानुसार कार्य जो मकान आदि उनसे कारण परमाणु आदिका और पिता हैं अतः परबाबाका हम ज्ञानकरलेंगे। लेकिन वायुके रूपका कोई कार्य नहीं जिससे कि कारण स्वरूप रूपका ज्ञान किया जाय।

(उत्तर)—ऐसा भी नहीं कहसक्ते क्योंकि स्पर्शवत्की रूपवत्के साथ व्याप्ति प्रसिद्ध है अतः जहां जहां स्पर्शवत्व होगा रूपवत्व वहां अवश्य मानना पड़ेगा।

मन दो प्रकारका होता है द्रव्यमन और भावमन। द्रव्यमन अष्टकमलदलमें रहता है और तदाकार जो आत्माके प्रदेश हैं उसे भावमन कहते हैं। चक्षुकी तरह ज्ञान और उपयोगका कारण होनेसे मन भी रूपादिवाला है, भावमनका अन्तर्भाव आत्मामें हो जाता है।

(शंका) आपने जो ज्ञानोपयोगवत्व हेतुसे मूर्तिमत्वकी सिद्धि की सो ठीक नहीं है क्योंकि ज्ञानोपयोगवत्व हेतु शब्दमें भी रहजाता है जो कि विपक्ष है। यानी मूर्तित्व साध्यसे विरुद्ध है अतः अनैकान्तिक दोषसे दुष्ट हेतु होनेके कारण साध्य सिद्धि नहीं कर सकेगा।

(उत्तर) यह आपकी शंका सर्वथा आपहीसे मान्य हो सकती है क्योंकि शब्दको पौद्गलिक होनेसे हम मूर्तिमान् मानते ही हैं।

(शङ्काकार) यदि शब्द पौद्गलिक होता तो अन्य २ पुद्गलके समान दिखाई देता लेकिन शब्द दिखाई ही नहीं देता तो मूर्तिमान कैसे सिद्ध हो सकता है।

यह शङ्का भी नहीं करनी चाहिये क्योंकि वक्ताके मुखके निकट देशी पुरुष प्रायशसे और दूर देश स्थित पुरुष अनुमानसे। यानी मुख पर दाढ़ी आदि इसकी साक्षि

स्वीकार नहीं कर सकते हैं। दूसरे, यदि शब्द पौद्गलिक न होता तो इसका पौद्गलिक वस्तुके द्वारा व्याघात नहीं हो सकता था लेकिन व्याघात होता हुआ देखते हैं। तथा शब्द पौद्गलिक है तभी तो मनुष्य जो कि ज्यादा ठोकापीटीका काम किया करता है बहिरा या कुछ कम सुननेवाला होजाता है। भरी शब्दको सुनकर गर्भिणियोंका गर्भ गिर जाता है। यदि शब्द पौद्गलिक न होता तो मूर्तिमान् कान स्त्री आदिको व्याघात न पहुंचाता। इससे ज्ञात होता है कि शब्द पौद्गलिक है और पौद्गलिक होनेसे मूर्तिमान् है, यदि शब्द पौद्गलिक न होता तो हवासे इधर उधर भी नहीं उड़ सकता। दिशाका आकाशमें अन्तर्भाव हो जाता है अतः द्रव्यकी ९ संख्या मानना संख्याभास है। क्योंकि इन नौका भी जीव-पुद्गल इन दो द्रव्योंमें अन्तर्भाव हो जाता है अतः ९की अपेक्षा जीव-पुद्गल ये दो ही द्रव्य मानना चाहिये किन्तु इतना मानने पर भी धर्म अधर्म आकाश काल ये ४ और द्रव्य माननी चाहिये क्योंकि इनका उक्त जीव पुद्गल दोमें अन्तर्भाव नहीं है अतः इस प्रकरणसे यह समझना चाहिये कि आपकी काल आकाशके सिवाय जीव-पुद्गलमें सभी द्रव्यसंख्या अन्तर्भूत हो जाती है लेकिन तो भी लोकगत सभी पदार्थ उसमें नहीं आते। धर्म अधर्म ये दो द्रव्य बाकी बच ही जाती हैं और जीव अजीवमें तो आकी तथा धर्म अधर्म ये भी सब अन्तर्भूत होजाती हैं अतः आकी द्रव्य संख्या सम्यक् नहीं मानी जा सकती क्योंकि तदाभास होनेसे।

अब नैयायिकोंने कितने पदार्थ माने हैं यह संक्षेपतः बतलावेंगे। नैयायिक उक्त ७ पदार्थोंके अतिरिक्त और भी सोलह पदार्थ मानता है। वे ये हैं-प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, निग्रह, जाति, किन्तु यह भी पदार्थ संख्या ठीक नहीं है क्योंकि प्रमाण प्रमेय इन दोमें ही सबका अन्तर्भाव हो जाता है।

सांख्यमतवाले प्रकृति, महान्, अहंकार, पांच तन्मात्रा (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) पांच इन्द्रियां (श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण) पांच कर्मेन्द्रिय (वचन, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ) पांचभूत (आकाश, वायु, तेज, अप, पृथ्वी) एक पुरुष इसतरह २४ पदार्थ मानते हैं। सांख्यके विषयमें बहुत वक्तव्य है लेकिन लेख वृद्धिके भयसे इतना ही कहना उक्त जो पदार्थकी व्यवस्था है वह भी ठीक नहीं है क्योंकि जब कापिलिक प्रधान (प्रकृति) को ज्ञाता कर्ता मानते हैं तो फिर पुरुषके माननेकी क्या आवश्यकता है।

(कापालिक) कर्ता ज्ञाता प्रकृतिको मानकर भी भोक्ता द्रव्य अवश्य मानना चाहिये।

(जैन) प्रकृति करने वाली नहीं हो सक्ती, भोगनेवाली न होनेसे। जो जो भोगनेवाली नहीं है वह करनेवाली भी नहीं है जैसे मुक्तात्मा कर्मके अभावसे कुछ भोगने वाले नहीं है अ·· वे कर्ता भी नहीं हैं। प्रकृतिको आपने न भोगनेवाला माना ही है अत उसे कार्य कर्तृ भी नहीं माननी चाहिये क्योंकि भोक्तृत्वके अभावकी कर्तृत्वके अभावके साथ व्याप्ति है।"

यहां कोई मनचला आदमी यह कहे कि प्रकृति कर्ता है लेकिन भोक्ता नहीं है, भोक्ता मालिक है यह उसका कहना केवल हास्यके लिए ही हो सक्ता है क्योंकि पाचक जो कुछ प्रयत्न करता है उसका फल यानी भोग रुपया आदि लेकर अवश्य करता है।" अवैतनिक काम करनेवाले भी यश आदि स्वार्थ करके स्वकृत कार्यके फल भोग ही लिया करते हैं और यदि कर्ताको भोक्तासे सर्वथा भिन्न मानेंगे तो भुज धातुसे कर्तामें प्रत्यय होकर जो भोक्ता शब्दकी सिद्धि होती है वह नहीं हो सक्ती।

हास्योत्पादक बात तो यह है कि प्रकृतिको तो सांख्योंने मुक्तदाता माना है और इस उपकारके लिए पुरुषको मोक्ष इच्छुक पूजते हैं। यह सिद्धान्त इस बातकी सिद्धिके लिए पुष्ट बाधक होगा कि "भोजन अन्य ही करे और पेट दूसरेका ही भरे" अत सांख्यके द्वारा स्वीकृत अर्थ सत्ता भी ठीक नहीं है क्योंकि उनके स्वीकृत चौवीसों पदार्थोंका जीव अजीवके अन्दर ही अन्तर्भाव हो जाता है।

अब कुछ बौद्धोंके विषयमें और कहके मैं इस प्रकरणको समाप्त करता हूं। बौद्धके चार भेद हैं-१ माध्यमिक, २ योगाचार, ३ सौत्रान्तिक, ४ वैभाषिक, इन चारों भेदोंका प्रथक् २ सिद्धान्त कहने देनेसे बौद्धमत पदार्थ संख्याका ज्ञान होना है यह अच्छी तरह इसमें आ जायगा।

सर्वो माध्यमिको विवर्तिमखिलं शून्यस्य मेने जगत्।
योगाचारमते तु सन्ति मतयः तासां विवर्तोऽखिलाः॥
अर्थोऽस्ति क्षणिकस्त्वसावनुमितो बुद्धेति सौत्रान्तिकः।
प्रत्यक्षं क्षणभंगुरं च सकलं वैभाषिको भाषते॥

प्रत्यक्षके द्वारा अनुमित पदार्थको ही मानता है और वह पदार्थ क्षणस्थिति शील (क्षणिक) है ऐसा कहता है।

" सौत्रान्तिकेन प्रत्यक्ष ग्राह्योऽर्थो न बहिर्मतः " सौत्रांतिका (नास्तिक) केवल प्रत्यक्ष वस्तु ही को मानता है।

यद्यपि बौद्ध सामान्य पनेसे प्रत्यक्ष अनुमान दो प्रमाण मानते हैं किन्तु बौद्ध भेदान्तर्गत सौत्रान्तिक केवल प्रत्यक्ष पदार्थको ही मानता है। वैभाषिक संपूर्ण पदार्थोंको प्रत्यक्ष और क्षणभङ्गुर मानते हैं।

" अर्थोज्ञानान्वितः वैभाषिकेण बहुमन्यते " वैभाषिक ज्ञानान्वित पदार्थको बहु ज्ञान मानते हैं" यह सूक्ष्मतः बौद्धोंकी पदार्थ कल्पना है।

बौद्ध पदार्थको क्षणिक मानते हैं। वे कहते हैं कि " सर्वं क्षणिकं सत्त्वात् " सब पदार्थ क्षणविनश्वर हैं सत होनेसे। यह अनुमान ठीक नहीं है। क्योंकि सत्त्वरूप जो हेतु है उसे यदि आप स्वभाव हेतु मानेंगे तथापि नहीं बन सकता। क्षणिकके विनश्वर होनेसे हेतुकी ही प्रवृत्ति ही नहीं होती। क्योंकि प्रत्यक्षगोचर पदार्थमें ही हेतुकी प्रवृत्ति होती है। पदार्थोंका क्षणभंगुरता स्वभाव भी नहीं है।

(शङ्काकार) सब ही पदार्थ एक क्षणतक रहनेवाले हैं। विनाशके लिए दूसरोंकी अपेक्षा न होनेसे, जैसे कि कार्योत्पादके ठीक एक समय पहिलेकी सामग्री कार्योत्पत्तिमें किसीकी आवश्यकता नहीं रखती है।

दुनियामें घटादिकका मुद्गरादिकसे नाश होता है, ऐसा कथन सिर्फ स्थूल बुद्धिवालोंका ही है। पदार्थ स्वविनाशी हैं। मुद्गरादिक उसका विनाश नहीं करते।

कल्पना कीजिए कि यदि मुद्गरने घटका विनाश किया तो घटसे भिन्न किया अभिन्न। यदि भिन्न कहेंगे तो घटकी स्थिति बनी ही रहनी चाहिये। यदि अभिन्न नाश किया तो मुद्गरने घटको बना दिया।

सत्त्वरूप हेतुकी विपक्षवृत्ति नहीं है अतः साधु है, क्योंकि सत्त्व अर्थ क्रियासे व्याप्त है, अर्थ क्रियात्मक यौगपद्यसे व्याप्त है, नित्यमें क्रम यौगपद्य नहीं रहते हैं अतः अर्थ क्रिया भी नहीं रहेगी और अर्थ क्रियाके न रहनेसे नित्यमें सत्त्व भी नहीं रह सकता, अतः निर्दोष सत्त्व हेतु क्षणिक पदार्थकी सिद्धि करता ही है।

यह बौद्धोंका कहना भी शोभाको प्राप्त नहीं होता, क्योंकि क्षणिक सिद्धिके लिए जो हेतु दिया था वह सर्वथा सदोष है। घटादि पदार्थ विनाशके लिए दूसरोंकी अपेक्षा रखते ही हैं और पदार्थोंको विनाश स्वभावता क्षणिक रूपसे नहीं मानी जासकती। उत्तरक्षण-

समुदेति विलयमृच्छतिभावो नियमेन पर्ययनयस्य ।
नो देति नो विनश्यति भावनया लिङ्गितो नित्यम् ॥

अर्थ—पदार्थ पर्यायनयकी अपेक्षासे उत्पाद विनाशको प्राप्त होता है। द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा पदार्थ नित्य ही है।

दूसरे जो यह हेतु दिया था कि सत्व अर्थ क्रियासे व्याप्त अर्थ क्रियाक्रम योगपद्यसे क्रम योगपद्य नित्यमें रहते नहीं अतः सत्व रूप हेतु विपक्षमें न रहनेसे साधु है सो हम इसका उल्टा भी कह सकते हैं यानी सत्व अर्थ क्रियासे व्याप्त है, अर्थ क्रियाक्रम योगपद्यसे व्याप्त है और क्रमयोगपद्य क्षणिकमें रहता नहीं अतः विपक्षके समान पक्षमें भी हेतु नहीं रहता। इस लिए हेतु असिद्ध दोषसे दूषित है क्योंकि "असत्सत्ता निश्चितोऽसिद्धः" यानी जिसकी सत्ताका अभाव हो या सत्ताका निश्चय न हो उसे असिद्ध कहते हैं सो यहां सत्व हेतु पक्षमें न रहनेसे असिद्ध है।

इस प्रकार वैशेषिक, नैयायिक, सांख्य, बौद्ध, इनकी पदार्थ संख्याका खंडन किया। अब जैनियोंके स्वीकृत जीवादि ९ पदार्थोंका क्या क्या सामान्य विशेष स्वरूप है और कैसे सिद्धि है यह बतलाते हैं।

युगलात्मक संसारमें निरपेक्ष दृष्टिसे हम देखते हैं तो संसारका सार युग्म ही दिखलाई देता है। जहां देखते हैं युग्मकी ही भरमार है। गौण या मुख्य, स्त्री–पुरुष, पुत्र–पुत्री, लड़का–लड़की, सम्यक्त्व–मिथ्यात्व, एकान्तवादी–अनेकान्तवादी, उल्टा–सीधा, भला–बुरा, ऊंच–नीच जिस तरह इन युग्मोंका आविर्भाव है उसी तरह संसार दो ही पदार्थ दिखलाई एक जीव है और दूसरा अजीव। इसे युग्ममें संसारके सभी युग्म आकर मिल जाते हैं।

"जीव शब्दकी व्युत्पत्ति 'जीवति–प्राणान् धारयति' जो प्राणोंको धारण करे इस प्रकार की गई है"। जिस तरह जीवद्रव्य संसारी मुक्तात्मा इन दो भेदवाला है उसी तरह अजीवके पांच भेद हैं–१ पुद्गल, २ धर्म, ३ अधर्म, ४ आकाश, ५ काल।

अब इनसे पहिले जीवकी सिद्धि करते हुए पुद्गलादिकी आवश्यकता और सिद्धि का निरूपण करेंगे"।

जीवद्रव्यकी आवश्यक्ता और सिद्धिः।

जीवके पूर्वोक्त दो भेदोंके अतिरिक्त और भी एकेन्द्री, दोइन्द्री, तेइन्द्री, चौइन्द्री, पंचेंद्री ये पांच भेद हैं। एकेन्द्रीके पृथ्वीकाय, अप्काय, वायुकाय, तेजकाय, वनस्पतिकाय भेद हैं। वनस्पतिके दो भेद हैं–साधारण०, प्रत्येक०, प्रत्येकके सप्रतिष्ठित-

प्रत्येक० अप्रतिष्ठित प्रत्ये०. ये दो भेद हैं। पृथ्वीके १ पृथ्वी, २ पृथ्वीकाय, ३ पृथ्वीकायिक, ४ पृथ्वीजीव इस प्रकार ४ भेद हैं इसी तरह अप् आदिके भी भेद जानने चाहिये।

सभी जीवतत्वको स्वीकार करते हैं किन्तु कुछ आधुनिक सुसभ्य कोटिमें अपनेको सर्वोत्तम माननेवाले जीवके कुछ भेदोंको नहीं मानते यानी मनुष्य पशु आदिमें जीव मानते हैं, पृथ्वी जल आदिको जीवरूप नहीं मानते और इनसे भी बड़ी बड़ी सभ्यतावाले चार्वाक जीवतत्वको ही नहीं मानते, पृथ्वी जल आदिमें जीव न माननेवाले महाशय वनस्पतिमें भी अभी तक जीव नहीं मानते थे लेकिन कुछ दिनों पहिले डाक्टर बसुने बहुत प्रसन्न होकर और अपने आपकी सफलता मानते हुए यह प्रकाशित किया था कि वनस्पतिमें भी जीव है। डाक्टर बसुका कहना था कि जिस वनस्पतिमें जीव सिद्ध करनेके लिए मुझे अपनी सारी शक्ति लगानी पड़ी और बहुत समय व्यय करना पड़ा। उस जीव सिद्धिको जैनाचार्य हजारों वर्ष पहिले अपने ग्रंथोंमें लिख गये हैं और इतना ही नहीं बल्कि उस जीवकी आयु वर्ण जाति आदि सूक्ष्म २ बातोंका भी वर्णन कर चुके हैं जिसको सिद्ध करनेके लिए बड़े बड़े विज्ञानवेत्ताओंको भी बहुतसा समय शक्ति तथा जीवन समर्पण कर देनेकी आवश्यकता है। यह जैनाचार्योंके क्षयोपशम, ज्ञानशक्ति, तथा सदाचारका ही फल है।

जब कि भूततत्व वादियोंकी दृष्टि भी जीवसिद्धिकी तरफ झुकती जाती है और सफलता भी प्राप्त होती जाती है तो आशा होती है कि यदि और अधिक सूक्ष्म रीतिसे गवेषणा की जाय तो पृथ्वी अप आदिमें भी जीवकी सिद्धि हो जायगी। चार्वाक मतानुयायी जीवको नहीं मानते हैं अतः उनके कुछ सिद्धांतका निदर्शन कराके मैं जीवसिद्धि करूंगा।

चार्वाक मतानुयायी कहता है कि पृथिव्यादि चार भूततत्वोंसे जो कि देहके आकारमें परिणत है चैतन्यकी उत्पत्ति होती है।

जैसे कि मदराके कारणोंसे मादक शक्ति उत्पन्न होती है और जब ये मूलतत्व अलग २ हो जाते हैं तो पृथिव्यादि रूप जो चैतन्य वह विनष्ट हो जाता है। अतः सिद्ध अनादिकालीन कोई जीवतत्व नहीं है। क्योंकि हमारे मतमें एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही मान्य है क्योंकि अनुमानादि अप्रत्य तत्वको ग्रहण करते हैं अतः उन्हें प्रमाणता नहीं।

वेदानुयायी ब्राह्मणोंमेंसे कोई कर्मकाण्डकी प्रशंसा करते हैं और कोई ज्ञानकांडकी, यह सब अपने २ स्वार्थवश कोई किसी तरहका कोई किसी तरहका अर्थ निकालते हैं सो ठीक नहीं है।

नरक, स्वर्ग, मोक्ष मानना युक्तिरहित्य होनेसे मूर्खता द्योतक है। क्योंकि प्रत्यक्षसे न नर्क ही दिखता है और न स्वर्गादि ही, फिर आश्चर्यकी बात है कि इस अंध-परंपरा पर लोगोंका क्यों विश्वास होता आ रहा है। उक्तञ्च—

अत्र चत्वारि भूतानि भूमिर्वार्धनलानिला।
चतुर्भ्यः खलु भूतेभ्यश्चैतन्यमुपजायते ॥

भूमि, वारि (जल), अनल (अग्निः), अनिल (वायुः) ये ४ ही पदार्थ हैं, इनसे ही जीवका निर्माण होता है।

किण्वादिभ्यः समेतेभ्यो द्रव्येभ्यो मद शक्तिवत्।
अहं स्थूलः कृशोऽस्मीति सामानाधिकरण्यतः ॥

अर्थः—जैसे किण्व आदिक मदोत्पादक कारणोंसे मद शक्ति उत्पन्न होती है, उसी प्रकार चार भूतोंसे चैतन्यकी उत्पत्ति होती है। देह और चैतन्य भेद मानना सर्वथा मिथ्या है क्योंकि मनुष्य जो कुछ अधिक मोटा होता है कहता है कि मैं मोटा हूं और इससे जो प्रतिपक्षी है वह अपने आपको कहता है कि मैं बहुत पतला हूं, यहां मैं२ इन शब्दोंसे मोटा शरीर और पतला शरीर इसका ही ग्रहण होता है। देहके सिवाय किसी अन्यका ग्रहण नहीं होता जिससे अदृश्य जीवकी कल्पना की जाय।

देहः स्थौल्यादि योगाच्च स एव आत्मा न चापरः।
मम देहोऽयमित्युक्तिः सम्भवे दौपचारिकी ॥

अर्थः—मेरा यह देह है, मेरा शरीर स्थूल या कृश है इत्यादि भेद प्रतिपादक वचन उपचरित ही हैं क्योंकि देहको छोड़कर आत्मा कोई देही नहीं है।

यावज्जीवं सुखं जीवेत् नास्ति मृत्योरगोचरः।
भस्मीभूतस्य जीवस्य पुनरागमनं कुतः ॥

अर्थ—जबतक कि जीवन है आनन्दसे जीना चाहिये क्योंकि सब ही नाश अवश्यंभावी है और नाश होनेके बाद पुनः जीव आना नहीं जिससे कि फिर सुख भोग सके।

तथा जीव स्वर्ग मोक्ष आदि आदि किसीकी भी सिद्धि नहीं होती। पुनः जो ब्राह्मणादि स्त्रीआदिका उपदेश देते हैं वे अपने स्वार्थवश होकर ही देते हैं।

ततश्च जीवनोपाय ब्राह्मणैः विहितस्त्विह।
मृतानां प्रेतकार्याणि न त्वन्यदिह्यते क्वचित् ॥

अर्थात्–धूर्त ब्राह्मण गणने अपने जीवनोपायके लिए नाना क्रियाओंका कथन किया है। यह उनका कथन है कि मनुष्यके मरनेके बाद प्रेतकार्य करने पड़ते हैं, क्योंकि बिना प्रेतकार्य किये मनुष्य स्वर्ग सुख कभी भी प्राप्त नहीं कर सकता।

त्रयो वेदस्य कर्तारो भण्डधूर्त निशाचरा।
जर्फरीतुर्फरीत्यादि पण्डितानां वचः स्मृताम्॥

अर्थः–वेदके तीन ही मुख्य कर्ता है–भण्ड, धूर्त, राक्षस, क्योंकि जर्फरीतुर्फरी आदि वचन धूर्त, भण्ड, राक्षस पण्डितोंके वचन ही हैं। इस तरह जब जीवकी ही सिद्धि नहीं होती तो फिर अजीव किस तरह सिद्ध होगा, क्योंकि जो जीव नहीं उसे अजीव कहते हैं। अजीव जीवका प्रतिषेध रूप है, प्रतिषेध हमेशह विधि पूर्वक होता है। जब कि मुख्य जीव अजीव ये पदार्थ ही सिद्ध नहीं होते तो जीव पुद्गलकी गति स्थितिके सहायक धर्म, अधर्म द्रव्य, अवगाह देनेवाला आकाश, तथा इनको वर्तानेवाला काल ये कैसे सिद्ध हो सकते हैं। और जीव अजीवके बन्ध निर्जरा मोक्षादि कैसे सिद्ध होंगे।

इस तरह जीव, धर्म, अधर्म, आकाशादि किसीके सिद्ध न होनेसे नास्तिकमत सिद्ध हो गया और उसीका सब लोगोंको आश्रय लेना चाहिये। सांख्य मतानुयायी जीवको मान करके भी कूटस्थ नित्य मानते है। मीमांसक अकिञ्चित्कर मानते है, नैयायिक जीवको जड़ रूप मानते हैं, और बुद्धानुयायी ज्ञान सन्तान रूप ही मानते है। इत्यादि सिद्धांत माननेवाले परमार्थतः सत्य सिद्धांतसे बहुत दूर पड़े हुए है।

प्रथम चार्वाक मतका खण्डन किया जाता है–पृथ्वी, अप, वायु, और अग्निसे यदि जीव बनता होता तो पृथ्वी आदिके गुण उसमें अवश्य पाये जाने चाहिए क्योंकि कारणके धर्म कार्यमें अवश्य आया करते हैं, यदि ऐसा न हो तो मिष्ट गुणके द्वारा बनी हुई चीज़ कड़ुई भी लगनी चाहिये। और विषके द्वारा मनुष्यको नशा भी नहीं आना चाहिये इत्यादि तथा ऐसा होनेसे पदार्थ व्यवस्थाका व्याघात हो जायगा। अतः कार्यमें कारणके धर्म अवश्य आना चाहिये।

जब कि पृथ्वीका गन्धवत्व काठिन्य गुणात्मकत्व आदि गुण, जलका द्रव्यत्वादि, वायुका ईरणादि, अग्निका दाहकत्वादि गुण चैतन्यमें पाये ही नहीं जाते तो कभी भी यह बात मान्य नहीं हो सकती कि जीव चार भूतोंसे बना है। अन्यच्च जैसे कि कारणके धर्म कार्यमें अवश्य रहने चाहिये उसी तरह कार्यके धर्म भी उसके कारणमें अवश्य रहने चाहिये। नहीं तो यह कार्य इन्हीं कारणोंका है इसका निश्चय कैसे हो सकेगा।

चैतन्यका पृथ्वी आदिमें कोई धर्म भी नहीं पाया जाता। मनुष्यको जो ज्ञान होता

है, स्मृति होती है, प्रत्यभिज्ञान होता है, सुख दुःखका अनुभव होता है, यह सब पृथ्वी आदिमें नहीं पाये जाते।

(शङ्काकार)—अलग अलग पृथ्वी आदिमें ये धर्म नहीं पाये जाते किन्तु जब पृथ्वी आदि सब मिल जाते हैं तब इसमें इन सब धर्मोंका उत्पाद हो जाता है। जैसे कि मस्सन (स्फोटक द्रव्यविशेष) को आप अलग चाहे जितनी बारीक पीस सकते हैं और उसी तरह पटासल (स्फोटक द्रव्यविशेष) को भी बहुत बारीक पीस सकते हैं लेकिन यदि आप उन दोनोंको एकत्रित करके पीसना चाहें तो पीसनेकी बात तो दूर रहे आप उस मिली हुई मस्सल और पटासलकी धूलिके ऊपर स्वल्प आघात भी नहीं कर सकते क्योंकि उन दोनोंके मिलनेसे उनमें दाहकत्व शक्ति आ जाती है। यहां जिस तरह अलग २ दाहकत्व शक्ति नहीं भी थी लेकिन मिलाप होनेसे आगई। दूसरा दृष्टांत यह भी दिया जा सकता है कि जैसे ताजी दहीमें स्वतंत्र जीवके शीघ्र पैदा करनेकी शक्ति नहीं है और मिगोड़ों (दालके बने हुए) में भी स्वतंत्र शीघ्र जीव पैदा करनेकी शक्ति नहीं है, लेकिन उन दोनोंका मेल करनेसे कुछ समय बाद ही या मेल करके मुंह तक लेजाते ही जीव पड़ जाते हैं। उसी तरह यद्यपि पृथ्वी आदिमें अलग २ ज्ञानादि उद्घाटनकी शक्ति नहीं है किंतु संयोग होनेपर हो जाती है।

यह कहना भी अविचारितरम्य ही है क्योंकि आपने जो दृष्टांत दिये वे दोनों ही दृष्टांताभास हैं। आपने जो यह कहा कि जैसे अलग २ मस्सल पटासलमें दाह करनेकी शक्ति नहीं है लेकिन मिलनेसे होजाती है यह सर्वथा असत्य है। आपको उन दोनोंमें प्रथक् २ भी अवश्य दाहकत्व शक्ति माननी पड़ेगी, क्योंकि जिनमें प्रथक् २ ही शक्ति नहीं होती उनमें इकट्ठे होने पर कैसे आ सकती है। जिस नीव, कंजीर, विष, हलाहलमें प्रथक् २ माधुर्य शक्ति नहीं है तो मिलने पर भी नहीं आ सकती। यदि आप ऐसा कहें कि प्रथक् २ पृथ्वी आदिमें भी ज्ञानादि शक्तियां रहती हैं तो पृथ्वीसे निर्मित घर भी ज्ञानवान् होना चाहिये। जलके द्वारा बनी हुई बर्फ भी ज्ञानवती होनी चाहिये अतः पृथ्वी आदिमें ज्ञानादि शक्तिके होनेसे पृथ्वी आदिके द्वारा ज्ञानवान् जीवकी कदापि उत्पत्ति नहीं मानी जा सकती और जो आप (चार्वाक) यह कहते हैं कि "जीव नहीं है" सो यहां जो जीवको असिद्ध बताया है और नास्तित्वको साध्य बनाया है। पक्ष हमेशह प्रसिद्ध हुआ करता है लेकिन जीव जब आपके यहां माना ही नहीं जाता तो प्रसिद्ध नहीं हो सकता, और प्रसिद्ध न होनेसे जीव पक्ष कोटीमें नहीं आया जा सकता फिर उसे पक्ष बनाना अन्याय है।

(शङ्काकार) आप जैनी लोग तो जीवको प्रसिद्ध ही मानते हैं अतः हम आपके द्वारा प्रसिद्ध जो जीव है उसका निषेध कर देंगे, अब आप यह नहीं कह सकते कि

तुमने (चार्वाक) विना प्रसिद्ध जीवको पक्ष बना लिया। तुमने जीवकी प्रसिद्धता आपसे जानली और प्रसिद्ध होनेसे उसे पक्षकोटीमें रहकर नास्तित्व साध्य दिया।

(जैन) आपने जो हमारे जाने हुए प्रसिद्ध जीवको माना सो प्रमाण रूपसे या अप्रमाण रूपसे। यदि कहोगे कि प्रमाण रूपसे माना तो फिर नहीं कह सकते कि आप किस बुद्धिमत्ता से उसका खण्डन कर रहे हैं। यदि अप्रमाण रूपसे माना तो वह आपके लिए अप्रमाण ही है फिर आप उस अप्रमाणको अप्रसिद्ध होनेसे कैसे पक्ष बना सकते हैं।

यदि आप कहें कि हम अनुपलब्धि हेतुसे जीवका अभाव सिद्ध करेंगे सो आप ऐसा भी नहीं कह सकते हैं क्योंकि आप अनुमान तो मानते नहीं और साधनसे जो साध्यका ज्ञान करना है उसे ही अनुमान कहते हैं।

यदि आप कहे कि हम व्यवहारके लिए अनुमान मानते ही हैं तो हम आपसे यह पूछते हैं कि आपने जीवके अभावको अनुपलब्धिसे जाना तो आप कहें कि आपने अनुपलब्धिको किससे जाना। यदि कहेंगे कि अभावसे तो अन्योन्याश्रय हो जायगा क्योंकि जीवका अभाव सिद्ध अनुपलब्धिसे हो और अनुपलब्धि अभावसे सिद्ध हो।

तीसरे अनुपलब्धि रूप हेतुकी अभावके साथ व्याप्ति ही नहीं है क्योंकि करण आदानमुपलब्धि ' या ' स्वचक्षुषा प्रत्यक्षे उपलब्धि ' रूपसे ग्रहण करना उपलब्धि कहा जासकता है या अपनी चक्षुसे प्रत्यक्ष करना उपलब्धि कहा जा सकता है और उसको अनुपलब्धि किन्तु परमाणु न तो हाथसे ग्रहण किया जा सकता है और न चक्षुसे प्रत्यक्ष ही किया जासकता अतः अनुपलब्धका उक्त दोनो अर्थोंमेंसे कोई एक अर्थ करनेसे या दोनो ही अर्थ करनेसे परमाणुमें अनुपलब्धि हेतु रह जाता है केवल परमाणुका अभाव तो है नहीं क्योंकि यदि परमाणुका अभाव हो जायगा तो परमाणुका समूह स्कंध नहीं मिल सकता और स्कन्ध न मिलनेसे संसारको सर्व शून्यताकी प्राप्ति हो जायगी।

चतुर्थ दोष यह है कि अनुपलब्धि रूप हेतु प्रत्यक्षसे ही असिद्ध है। क्योंकि जीवका स्वसंवेदनसे प्रत्यक्ष होता ही है। स्वसंवेदन भी सुख आदि रूप संवेदनसे प्रसिद्ध ही है।

(शङ्का)—ज्ञान अन्यसे विदित होने से नहीं होनेसे। जो जो वेद्य होते हैं वे वे अन्यसंविदित होते हैं। जैसे कि घट ज्ञानवेद्य है (उदाहरण) अतः अन्यसंविदित है (निगमन) और जब कि ज्ञान अन्य संवेदित है तो उसके द्वारा जीवकी किसतरह सिद्धि की जासकती है।

ऐसा कहना भी प्रलाप मात्र है क्योंकि ज्ञानकी स्वसंविदितता प्रमाणसे प्रसिद्ध है। ज्ञान स्वसंविदित है। अनुमानमें अपनेसे अतिरिक्त कारणान्तरोंकी अपेक्षाका अभाव होनेसे यहां हेतुको असिद्ध कहनेवाला भी समझदार नहीं कहा जा सकता क्योंकि उक्त हेतु

सिद्ध ही है, कि ज्ञान अपने प्रकाशनके लिए अपनेसे भिन्न कारणान्तरोंकी अपेक्षासे रहित है। प्रत्यक्ष अर्थका गुण होते हुए अदृष्ट। अनुयायिकरण होनेसे प्रदीपके समान जैसे दीप अपने आपको तथा दूसरे पदार्थोंको प्रकाशित करता है।

दूसरे यदि ज्ञानको दूसरे ज्ञानसे वेद्य मानोगे तो दूसरा ज्ञान तीसरे ज्ञानसे वेद्य मानना पड़ेगा। ज्ञान होनेसे इसी प्रकार तृतीयादि ज्ञान अन्य अन्य ज्ञानोंके जाननेमें ही लगे रहेंगे तो प्रकृत पदार्थके जाननेसे वञ्चित ही रह जायंगे।

तृतीय दोष यह है कि परोक्षज्ञानके द्वारा पदार्थोंका प्रकाशन भी नहीं हो सकता। यदि परोक्षज्ञानके द्वारा भी पदार्थोंका प्रकाशन हुआ करे तो दूसरे व्यक्तिका ज्ञान भी हमारे लिए परोक्ष है अतः उस ज्ञानसे भी पदार्थोंका ज्ञान होना चाहिये।

अपने परोक्ष ज्ञानसे पदार्थोंका प्रकाशन होता क्योंकि वह ज्ञान समवाय सम्बन्धसे अपनी आत्मामें रहता है और दूसरेके परोक्ष ज्ञानसे पदार्थ प्रकाशन नहीं होसकता है क्योंकि वह ज्ञान अपनी आत्मामें नहीं रहता। यदि ऐसा कहेंगे तो यह आपका कहना भी विचारशून्य है क्योंकि आप ज्ञानको आत्मासे सर्वथा भिन्न मानते हैं।

चार्वाक तो उक्त कथन कदापि कर ही नहीं सकता क्योंकि वे आत्मा समवाय आदि कुछ नहीं मानते हैं सिवाय पृथ्वी आदि ४ भूतोंके।

उक्त सर्व कथनका सार यह है ज्ञान स्वसंवेदन मानना चाहिये और उस स्वसंवेदन ज्ञानसे जीवकी सिद्धि हो ही जायगी।

और भी देखा जाता है कि उसी समयका उत्पन्न बालक बिना किसीके उपदेशसे अपनी माताके स्तनसे दूध पी निकलता है। बालकके दूध पीनेकी अभिलाषा बिना प्रत्यभिज्ञानके हो नहीं सकती और प्रत्यभिज्ञान बिना स्मरणके नहीं होता, अतः पूर्वानुभव अवश्य ही मानना चाहिये। कोई२ भूत आदि हो जाते वे किसी न किसी आदमीके ऊपर आकर अवश्य बोलते हैं कि मैं पहिले वह था " अब वहां हूं आदि तथा कोई कोई बच्चा वृद्ध युवा पुरुष भी अपने पूर्व भवकी सब बातें बतादिया करता है। यदि ४ भूतसे जीव बने होते तो शरीरके नष्ट होनेके साथ साथ ही जीव भी नष्ट हो जाता लेकिन दूसरे भव तक [illegible] सम्बन्ध जाता है तो ज्ञात होता है कि चार भूतसे जीव नहीं बना है।

उक्तञ्च—

तदहर्जनेस्तनेहातो रक्षोदृष्टेः भवस्मृतेः।
भूतानन्वयानसिद्धः प्रकृतिज्ञः सनातनः॥

उसी दिनके उत्पन्न हुए बालककी स्तनमें स्वतः इच्छा होनेसे, राक्षस आदिको देखनेसे, पूर्व भवकी स्मृति होनेसे और पञ्चभूतोंका अन्वयपन होनेके कारण जीव अनादिसिद्ध मानना ही चाहिये।

મુંબઈ પ્રાંતિક સભા અને ગુજરાતના ભાઇઓ

આપણા ગુજરાતમા દિગંબર જૈનોમાં અનેક જાતિઓ છે જેની કે દશાહુમડ, વીશાહુમડ, નરસીંઘપરા, વીગેરે દરેક જાતિના ભાઇઓ જાણતા હશે કે મુંબઇ દિગંબર જૈન પ્રાંતિક સભા શું છે ને શું કામ કરવા ધારે છે. તેની બેઠક લગભગ દરેક વરસે થાય છે, ઠરાવો થાય છે, તેના જૈન મિત્રમાં તથા દિગંબર જૈનમાં જાતિ સુધાર વીગેરેના લેખો આવે છે. જૈનમિત્ર વખતે કેટલાક ગામોમાં નહિં આવતું હોય તો તે ગામવાળાએ એકેક કોપી અને પત્રની મદિર ખાતે તો અવશ્ય મંગાવવીજ જોઇએ. આ પત્રો દ્વારા ગુજરાત પ્રાંતના મંત્રી કેટલીક બાબતો ઉપર વિવેચન કરવા ઇચ્છા રાખે છે, માટે દરેક જાતિના શુભ ચિંતકોએ પોતાની જાતિમાં જે કંઇ ખરાબ રિવાજ ટીકાપાત્ર હોય તેવા મંત્રી ઉપર મોકલી આપવા કે જેથી તેના ઉપર લંબાણથી ટીકા કરી લોકમત કેળવવાનું કાર્ય સરળ થાય. ઘણા વખતથી એકની એક બાબત ઉપર વધારે ટીકા થાય છે, લોકમાં ચર્ચાય છે તો પછી લોકમત અનુકુળજ થઇ જાય છે માટે ગુજરાત પ્રાંતના મંત્રી તરીકે મારી ફરજ છે કે પ્રાંતિક સભાનો મતલબ દરેક દરેક દિ૦ જૈનોના ઘેર પહોંચાડવો. એ કાર્યમાં સરલતાનો આધાર આપણા ભાઇઓની મદદ ઉપર છે માટે જેની ઇચ્છા હોય તેણે ખુલાસાવાર રીત રિવાજ, કંઇ જરૂરીઆત, વીગેરે બાબત ઉપર પત્ર વ્યવહાર કરવો.

ઉપરનું એ બાબતો ઉપર આપનું લક્ષ ખેંચવા ધારું છું. એક નીરાધાર કુટુંબને મદદ પહોંચાડવાની યોજના માટે છે. બીજું નીરાશ્રયી માણસોને ધંધામાં પૈસાની મદદ કરવા માટે છે

શ્રી દિગમ્બર જૈન ગુપ્ત મદદ ફંડ.

શ્રીમાન ધર્મવત્સલ સુહૃદસાગર દયાનિધાન બન્ધુજનમંજન શેઠ સાહેબ,

વિનંતી કે આપણ સર્વેને આપણા પાછલા ભવના મહાન પુણ્યે કરી જૈન ધર્મ મળ્યો છે. આપણા તીર્થંકર ભગવાને ગૃહસ્થ દશામાં રાજપાટ, કરોડોની દોલત અને રાજવૈભવ પોતાના અને બીજાના કલ્યાણ માટે તજી દીધાં છે, આવા દયાના ભંડાર જીનેશ્વર ભગવાનના આપણે સેવક છીએ, આપણે સુક્ષ્મ જીવથી હાથી જેવા મોટા જીવ ઉપર દયા બતાવીએ છીએ. આપણે જૈનો પાંજરાપોળ, દવાખાનાં, બોર્ડિંગો, મંદિરો જેવાં ખાતા નભાવનારા તરીકે આખી દુનીઆમાં પ્રખ્યાત છીએ, પણ આપણી સમાજમાં એક બાબતની ખામી છે અને આ બાબત તરફ સખી ગૃહસ્થોનું ધ્યાન ખેંચવા રજ લઉં છું. આ દુષ્ટ કાળે કરી કેટલાંક કુટુમ્બમાંથી કમાનાર મુખ્ય પુરૂષ જ્યારે મરણ પામે છે ત્યારે પાછળ વિધવા અને નાનાં બચ્ચાં વિલાપ કરતાં રહે છે, સગાવ્હાલાં અલ્પ-બહુ તેમની બરદાશ લે છે, પણ કેટલાંક કુટુમ્બ એવાં પણ હોય છે કે જેને કોઇનો પણ આધાર નથી. એ સિવાય આજની ભયંકર મોંઘવારીમાં કેટલાક ભાઇઓને પણ ઉદરપોષણ કરવું મુશ્કેલ થઇ પડયું હશે તેવા કુટુમ્બને મદદ કરવી એ જાતિભાઇઓની પહેલી ફરજ છે. આપણે ઘરમાં મિષ્ટાન્ન ખાઇએ અને નિરાધાર કુટુમ્બના બચ્ચાં તે ખાવા કણકી સરખી પણ ન મળે એ જાણી કોને દયા ન ઉપજે ? બચ્ચાં અને મા ઘરમા બેઠાં બેઠાં ટુકડો ભરે એ જાણી કોની આંખમાથી આંસુ નહીં આવે ! આ વાત નજરે જોયલી છે. અરે એથી પણ વધારે દુઃખદાયક સ્થીતિ તમે કદાચ જોઇ કે સાંભળી હશે. જ્યાં સુધી આવાં નિરાધાર માટે મદદ ન થાય ત્યાં સુધી આપણે મિષ્ટાન્ન જમવું આપણને શોભા ભરેલું નથી. આપણા જેવાં તેમજ પુરૂષ બાહેર મજુરી કરી શકતાં નથી તેમ કોઇને મોઢે દુઃખ બાહેર પણ ધરતાં નથી એટલાજ માટે આવી ગુપ્ત મદદની અતીશય જરૂર છે એમ આપના ધ્યાનમા જરૂર આવશે. આને માટે મોટા ફંડની કંઇ જરૂર નથી. નીચે લખેલી કલમો પ્રમાણે આ યોજના અમલમાં મુકાય તો કાર્ય સરળ થાય.

१ ज्ञातिवारे જ્યાં વસ્તી વધારે હોય તે ગામમાં કમીટી નીમાઇ આ યોજના અમલમાં મુકવા તજવીજ કરે.

૨ દરેક ગામદીઠ નીરાધાર કુટુંબની જરૂરીઆતો નક્કી કરવી અને કેટલા પૈસાની જરૂર છે. તેનો આંકડાઓ કાઢવો.

૩ દર વરસે આપ કેટલી રકમ પ્રથમ પાંચ વરસ સુધી દર વરસે આપી શકશો તે નક્કી કરી મંત્રીને લખી મોકલવી.

૪ જે ઠેર મદદ પહોંચાડવાની હશે ત્યાં તે ગામના એક ગૃહસ્થને કમીટી લખી જણાવે એટલે તે પોતાના ગામમાંથી પૈસા ઉઘરાવી અનાજની ગુણ વીગેરે મજુર મારફતે ગુપ્ત રીતે પહોંચતી કરે અને કમીટીને લખી જણાવે.

૫ પોતાના ગામની મદદ પુરતી ન હોય તો કમીટીને લખ્યેથી બીજા કોઇ ગામની ફાજલ પડતી રકમ મોકલી આપશે.

૫ કમીટીએ પૈસા ગામદીઠ ઉઘરાવી એકઠા કરવાની જરૂર નથી પણ એકંદરે આંકડો નક્કી કરી તેની પત્રદ્વારા ગોઠવણ કરે એટલે નાણાંના જોખમદારી વેઠવી પડે નહિં. અગવડ મોડા થાય નહિં.

૬ પોતાના ગામમાં કોઇને મદદની જરૂર ન હોય તો કમીટી લખે ત્યાં પૈસા ઉઘરાવી પહોંચતા કરવા.

૭ દર વરસે માહા સુદી પુનેમ સુધીમાં આ વાર્ષિક રકમ આપી શકાય એવી સગવડ દરેકે

खादी अने गुजरात.

સમગ્ર ભારતનું ગૌરવ ગજાવનાર હિંદના લોકમાન્ય મહાત્મા મોહનદાસ કરમચંદ ગાંધી જેલજીવનમાં જતાં સમગ્ર દેશને ખાદી પહેરવા અને રેંટીઓ ચલાવવાનો છેવટનો સંદેશો આપી ગયા છે. અને તે પછી દરેક ઠેકાણે મહાત્માજીના એ સંદેશાને ઘણા હર્ષથી વધાવી લીધો છે.

રાષ્ટ્રીય સપ્તાહમાં ખાદી પ્રચાર કરવા મોટા વેપારીઓ અને દેશ નેતાઓએ તન મન ધનથી અથાગ પરીશ્રમ કર્યો છે.

દેશબંધુ દાસ, લાલા લજપતરાય, પંડિત મોતીલાલ નહરૂ જેઓ દેશ માટે જેલ જાત્રા કરી રહેલા છે તેઓએ પણ પવિત્ર ખાદી વાપરવા હંમેશાં કહેલું છે.

આપણા જૈનધર્મભૂષણ બ્ર૦ સીતલપ્રસાદજી તેમજ આપણી જૈન સભાઓ પણ આપણને પવિત્ર ખાદી વાપરવા ભલામણ કરે છે તેમ હિંદી રાષ્ટ્રીય કાંગ્રેસનો ઠરાવ પણ ખાદી પહેરવાનો છે અને સમગ્ર દેશનેતાઓ પણ ખાદી પહેરવાનો સંદેશો કહી રહેલા છે તેજ પ્રમાણે આપણે પવિત્ર ખાદી વાપરવી જોઇએ તેને બદલે આપણા ગુજરાતના કેટલાક જૈન ભાઇઓ લગ્ન જેવા શુભ પ્રસંગોમાં વાપરવા સારૂ પરદેશી કાપડ ખરીદ કરે છે!

હમારા કેટલાક જૈન ભાઇઓ પરદેશી કાપડ પહેરી આખા ગુજરાતના નામને કલંકિત કરવા તૈયાર થાય તેનાથી બીજું વધુ પાપકૃત્ય હોઇ શકે?

આપણે આપણા દેશ પ્રત્યેનો આપણો ધર્મ સમજી પરદેશી કાપડ ખરીદ કરી આપણા પૈસાનુ પાણી કરવામાં (આબરૂ અને શ્રીમંતાઇ બતાવવા કરતાં) અને પરદેશી કાપડ પહેરવામાં પાપ સમજવું જોઇએ અને ગુજરાતનુ ગૌરવ વધારવા ગમે તેવા સારા પ્રસંગોમાં પણ ખાદી સિવાય બીજા કાપડનો ઉપયોગ કરવો જોઇએ નહી પણ પવિત્ર ખાદી વાપરી આપણી પવિત્રતા સાબીત કરવી જોઇએ. આપણા પવિત્ર જૈન મંદિરોમાં ચઢરવા તેમ શાસ્ત્રો બાંધવામાં રેશમી કપડાંનો ઉપયોગ કરતા હતા પણ આપણે રેશમ વાપરી કદાન હિંસાના ભાગી બનીએ છીએ કારણકે રેશમ કીડાઓમાંથી ઉત્પન્ન કરવામા આવે છે અને તે કીડાઓને મારી નાખીને રેશમ કાઢે છે માટે એ રેશમ વાપરીએ તે તો મહાન હિંસા ગણાય ત્યારે આપણા મંદિરોમા પણ ખાદી વાપરવાથી હિંસા કરેલી અપવિત્ર વસ્તુ હમેશ માટે નાબુદ થશે. તેમ વિલાયતી કાપડમાં મોટે ભાગે કાંજીમાં હાડકા જેવી અપવિત્ર વસ્તુ વાપરવામાં આવે છે એટલે આપણે અહિંસા વાદીએ અપવિત્ર વસ્તુ વાપરી દોષિત થવા કરતા પવિત્ર ખાદી વાપરવામા આપણો ધર્મ સમજવો જોઇએ

ગુજરાતના ગામડાંઓમા આપણા જૈન ભાઇઓ વ્યાપારમાં અમરસ્થાન ધરાવે છે અને આપણે ખાદી પહેરી તે કંઇ નવી વાત નથી. આપણને ખાદીનો પ્રથમથી સહવાસ છે તેમ ખાદીનો ઉપાડ પણ સારો થાય તેમ છે એટલે આપણા ગુજરાતના જૈન ભાઇ પોતાને ઘેર સાળો રાખી ખાદી બનાવવા લક્ષ રાખે તો દેશને મહો લાભ આપી શકે અને હાથવણાટના ઉદ્યોગને બીલવવા ઉત્તેજન આપે તેનો તાજો દાખલો હાલ અલાહાબાદ (પ્રતીજ) ગામમાં આપણા દિ૦ જૈન ભાઇઓ ભાઇચંદ ગુલાબચંદ ગાંધી, વીરચંદ ગુલાબચંદ માંધી અને છગનલાલ સાબ્બચંદ કાંડ એઓ ખંત અને મહેનતથી પોતાને ઘેર છ સાળો રાખી હાથવણાટની ખાદી બનાવે છે અને તેઓ પોતે બતીલા હોવાથી મજબુત અને સફાઇદાર બનાવી શકે છે. ગુજરાતના દિ૦ જૈનો આ ઘેર સાળ રાખી હાથ વણાટના ઉદ્યોગને બીલવવા બદલ તેમને ધન્યવાદ ઘટે છે અને તેઓશ્રીનું અનુકરણ કરી હાથવણાટ બીલવવા આપણા બીજા ભાઇઓ લક્ષ આપશે, એવી આશા રાખીશું.

છેવટે આપણા ગુજરાતના એકેએક ભાઇની ફરજ છે કે આપણા દેશ માટે આપણા દેશના હમારા ભાઇઓ જેલ મહેલ નિવાસી થયા છે તેમને છોડાવવા અને ગુજરાતને કલંકિત થતા અટકાવવા આપણે ખાદી પહેરીશું. આજે આપણા દેશમાં હજારો વોલંટિયરો દેશનું કામ વગર પગારે કરી રહ્યા છે તો આપણે આપણા ગામના દરેક ભાઇને ખાદી પહેરવને વીનવવા જેટલો પ્રયાસ શું નથી કરી શકાએ?

લી૦ સેવક-ગુજરાતી જૈનબંધુ.

વનસ્પતિ.

બીજની ઉત્પત્તિ-ઝાડ ઉપર ફળી અથવ છે. તે ફળની ઉપર લીલી છાલ હોય છે. તે છાલને વલ્ક કહે છે અને તે ફળીની નીચે કુંપ હોય છે. તે કુંપને આપણે પાપડીઓ અથવા કુતમણી કહીએ છીએ. તે પાપડીની અંદર પુંકેશર અને સ્ત્રી કેશર હોય છે. તેમા સ્ત્રી કેશર પોલી હોય છે. અને પુંકેશર પોલુ હોતુ નથી, તેના ઉપર પરાગકોષ હોય છે. તે પરાગ કેશરને હવા લાગવાથી અથવા ભમરા, માખ વગેરે તેના ઉપર બેસવાથી તે પરાગકોષ સ્ત્રીકેશરના બીજાશય અથવા ગર્ભાશયમા જઇ તેનું બીજ થાય છે. તે બીજ પાકુ થાય છે, જેટલે તે વાવવાના કામમા આવે છે.

વનસ્પતિનાં કારણો-હવા, પાણી અને

ખાતર. જો હવા ન હોય તો વનસ્પતિ પીળા પડે છે, અને સુકાઇ જાય છે. વળી જો પાણી ન હોય તો પણ વનસ્પતિ સુકાઇ જાય છે. અને જો ખાતર ન હોય તો વાવેલી વનસ્પતિ જોઇએ તેવી થઇ શકતિ નથી. માટે વનસ્પતિને હવા, પાણી, અને ખાતરની ખાસ જરૂર હોય છે. વળી કોઇ વનસ્પતિ તો હવા અને પાણીથી થાય છે. તેને ખાતરની જરૂર પડતી નથી, તે વેલા અથવા નાના છોડવા હોય છે. તે ઝાડ થઇ શકતું નથી.

ઝાડની ઉત્પત્તિ–કેવી રીતે થાય છે?

બીજને જમીનની અંદર વાવવાથી તેનો ફણગો થઇ ઉપર આવે છે. પછી તેને પવન લાગવાથી તે દિવસે દિવસે વધતો જાય છે. મોટો થાય ત્યારે તેને છોડ કહે છે, અને તે વધારે વધે તથા તેને ડાળીઓ આવે ત્યારે તેને ઝાડ કહે છે.

વનસ્પતિ ઉગવાનાં ત્રણ પ્રકાર છે.–છોડ, અને વૃક્ષ.

છોડ બે ત્રણ હાથનો હોય છે, તે પાતળો સાંઠા જેવો હોય છે, અને તેનાં મૂળીઆં જમીનની અંદર બહુ મોટાં હોતાં નથી. તે છોડ–કપાસ, ગુલાબ, કન્દરીગલ, તુળસી, ડમરો, ડાંગર અને ઘઉં વગેરે અનેક જાતના છોડ હોય છે. તેમાં કપાસના છોડ ઉપર કેરી આવે છે, અને તે કેરીની અંદરથી રૂ નીકળે છે, તે રૂની અંદરથી કપાસીઆ નીકળે છે. તે કપાસીઆ દોરાને બનાવવામાં આવે છે, વળી એ રૂનું કાપડ વણાય છે. તે કપડાં માણસોને પહેરવાના કામમાં આવે છે.

વેલા જમીન ઉપર પથરાએલા હોય છે, અથવા તો કોઇ ઝાડ અને ઘરના આધારે ઉપર ચડે છે. પરંતુ તેની મારફત આપો આપ વધી શકતા નથી. તે વેલા કારેલાં, કોકાડાં, દૂધીઓ, તુરીયાં અને કાકડી, વગેરેના વેલા હોય છે. ઉપર જે ફળ ફુલ બેસે છે તે ફળ શાકભાજીના કામમાં આવે છે અને કોઇ કોઇ વેલા ઉપર ફુલ થાય છે તે ભગવાનને ચઢાવવામાં આવે છે.

કોઇ બીજને જમીનની અંદર વાવીએ તો તેનો ફણગો થઇ ઉપર આવે છે. પછી તેને પાંદડાં આવે છે. અને તે ડાળીઓ ચારેતરફ ફેલાઇ મોટું વૃક્ષ બને છે. ફરી પાછાં તેને ફુલ આવે છે. તે ફળ ફુલને પક્ષીઓ જંગલ અથવા વગડાની અંદર લઇ જઇને ત્યાં બેસીને ખાય છે. તેનું બી ત્યાં પડી રહે છે. અને તેના ઉપર ચોમાસાની અંદર વરસાદ પડવાથી તે બી પાછું ઉગે છે. અને તેનું વૃક્ષ થાય છે. એવી રીતે જંગલ અથવા વગડામાં વૃક્ષ ઉગે છે. ત્યાં તેને કોઇ વાવતું નથી. વળી તે વૃક્ષ આંબો, મહુડો, લીંબડો, સાગ, સુખડ અને ચંપા વગેરે અનેક પ્રકારનાં વૃક્ષ હોય છે.

વનસ્પતિ બે પ્રકારની થાય છે. એક સપુષ્પ અને બીજી અપુષ્પ થાય છે. જેને ફુલ ફુલ આવે તે સપુષ્પ વનસ્પતિ અને જેને ફળ ફુલ ન આવે તે અપુષ્પ વનસ્પતિ કહેવાય છે. જેમકે કાળો ઢંસરાજ, વિલાયતી ઘાસ, લીલ, સેવાળ, વગેરે અપુષ્પ વનસ્પતિ હોય છે. વળી લીંબડો, ચંપો, ગુલાબ અને આંબો વગેરે સપુષ્પ વનસ્પતિ હોય છે.

વનસ્પતિનો ઉપયોગ.

એ વનસ્પતિ શાકમાં કામમાં આવે છે. અનાજ અને ઘાસ તે વનસ્પતિની અંદર થાય છે. અને તેના ઉપર પ્રાણી માત્રનું જીવતર છે. જો તે અનાજ અને ઘાસ ન હોય, તો પ્રાણી માત્ર જીવી શકે નહિ. વળી ઝાડ, બાજી, ફલ, ફુલ, વગેરે વનસ્પતિની અંદર થાય છે. બીજું વનસ્પતિ ઔષધના કામમાં આવે છે. વળી કોઇ કોઇ વનસ્પતિ ઉપર પુષ્પ થાય છે તે પુષ્પનું અત્તર બને છે. વળી તે વનસ્પતિ દવા શુદ્ધ કરે છે. અને તેનાં લાકડાં, કોલસા, ચંદન અને કેસર વગેરે થાય છે તે કેસર ભગવાનની પૂજા કરવાના કામમાં આવે છે. અને લાકડાં, તથા કોલસા બાળવાના કામમાં આવે છે.

વનસ્પતિ બે પ્રકારની હોય છે. એક પ્રત્યેક અને બીજી સાધારણ. જે વનસ્પતિના આખે આખા છોડ હોય તે પ્રત્યેક જેમકે કેરી, કાકડી,

લીધું, વગેરે અને જે વનસ્પતિના આશ્રે ઘણા જીવો હોય તેને સાધારણ વનસ્પતિ કહે છે જેમકે બટાકા, શકરીયાં, આદુ વગેરે. વળી તે પ્રત્યેક વનસ્પતિ બે પ્રકારની છે. એક સપ્રતિષ્ટ અને બીજી અપ્રતીષ્ટ તથા સાધારણ વનસ્પતિ પણ બે પ્રકારની છે. એક ઇતર નિગોદ અને બીજી નિત્ય નિગોદ. જે નિગોદની અંદરથી જીવો નિકળ્યા નથી તેને નિત્ય નિગોદ કહે છે, અને જે નિત્ય નિગોદમાંથી નીકળી બાકી નિગોદમાં પડે તેને ઇતર નિગોદ કહે છે. એ નિગોદીઆ જીવ ત્રણ લોકમાં અસંખ્યાત ભરેલા છે. માટે એ સાધારણ વનસ્પતિની અંદર અસંખ્યાત જીવ સમજી તેને તજવી જોઇએ. વળી એ વનસ્પતિ ના ૧૦ લાખ પ્રત્યેક અને ૧૪ લાખ સાધારણ વનસ્પતિ છે. અને બધી મળી ૨૪ લાખ વનસ્પતિ કાય છે. અને એને ચાર પ્રાણ હોય છે. ૧ સ્પર્શન ઇંદ્રિ, ૨ કાયબલ, ૩ આયુ અને ૪ સ્વાસોશ્વાસ. વળી તે વધે છે મરે છે, અને જીવે છે. તેને દુઃખ સુખ માલમ પડે છે. વળી તેમાં મતિ અને શ્રુતિ એ બે જ્ઞાન હોય છે.

ઉપર કહ્યા પ્રમાણે બીજની ઉત્પત્તિ થાય છે અને બીજની અંદરથી વનસ્પતિ થાય છે અને બીજની અંદરથી વનસ્પતિની ઉત્પત્તિ થાય છે.

નાનીબહેન ઉમરચંદ,
શ્રાવિકાશ્રમ-મુંબઇ.

પ્રેમ-પુષ્પ.

પ્રેમી,

અર્ધ રાત્રિકા સમય હૈ। પર ટિમટિમાતે તારે મુઝે ઇર્ષા મરે નેત્રોંસે દેખ રહે હૈં। રાત્રિ કી અપૂર્વ શાન્તિ મી કમી ૨ ચૌકપ કુત્તોંકી મોં મોંસે વ્યપ્ત હો ઉઠતી હૈ। તો મી સુનિએ।

સાંસારિક જ્ઞાન પરિમિત હૈ। ઈર્ષા–દ્વેષ, માન–મત્સર ઔર મોહ–મદકા નાશ ચહા હુઆ હૈ। પર વહ (જ્ઞાન) જ્ઞાતરૂપ હૈ। ઔર ઉસ (જ્ઞાન) પર ઘમણ્ડ કરના મી યોગ્ય હૈ। પરન્તુ અફસોસ! સમય અતે શીઘ્રગામી હૈ! વહ કિસી કી મી પ્રત્યીક્ષા નહીં કરતા। હમ ક્યોં જીવિત હૈં? વયા યહ જીવન નીરસ હૈ? 'સંપારકી સંપૂર્ણ લક્ષ્મી વા સમ્રદાકા યદિ મૈં સ્વામી હોતા તો ઉસ અગાધ રત્નરાશિકો મી દે ડાલતા। મુઝે કુછ વર્ષોંકી–એક હી વર્ષકી–અની એક મહીનેકી નહીં ૨ એક મિનટકી હો અધિક પ્રાપ્તિ હો જાતી!' પરન્તુ યહ અમિશ્રાશા નિરાશામય, ફલહીન પ્રલાપ માત્ર હૈ!

અતુ 'સત્યકી ખોજ કરના ઉત્તમ હૈ। ઉસકો પ્રાપ્ત કરના સુખદ હૈ। મનુષ્ય હૃદયકી યહ પ્રાચીનતમ માન્યતા હૈ કિ ધનસે ઉત્કૃષ્ટ–ઉત્તમ એવં મૂલ્યવાન જ્ઞાન હૈ। ઔર યહ વાસ્તવિકતયા એવં પાવનરૂપમેં યથાર્થ હૈ। મત કાલમેં મનુષ્યકે વિષયાકાંક્ષાઓંકા અવલોકન કરિએ, રાષ્ટ્રોંકા ઉત્થાન ઔર પતન દેખિએ, પ્રકાશ ઔર ગર્મી ઔર પવનકા ઉલ્લેખ કરિએ, મનુષ્યકે સ્વર્ગીય એવં પૌષ્ટિક આવશ્કારોંકા જ્ઞાન પ્રાપ્ત કરિએ, ભૂમિકે પવિત્ર ગર્ભમેંસે અદ્ભુત ઐવં અલૌકિક શક્તિ રાશિકો નિહારિએ જિનકો ચતુરાઈસે ગરને ઢૂઢ નિકાલા હૈ, સંસારકે ઐસે ૨ સ્થલોંકા જહાં પ્રકાશ અપને વિદ્યુતવેગસે ચલતે હુએ મી નહીં પહુંચ પાતા હૈ વર્ણન સુનિએ, પ્રચુર સુગંધમય પદ્મઉદાનમેં વિચરિએ, ઔર પ્રાચીનકાલકે સ્વતંત્ર રાજ્યોંકે સાહસ પર્વકી કૃત્યોંસે અપનેમેં જીવન ભરિએ, કિન્તુ ઇન સબ પર્વતનોંકે ઉચ્ચ ફોકે મધ્ય યહ ધ્યાન રખિએ કિ કેવલ એક દો વસ્તુ અર્થાત સત્ય, ઈશ્વર, અમર, અચલ, અવિનાશી ઇન સંસારમેં હૈં। અસ્તુ ઉસીકી ઉપાસના કરિએ। શુદ્ધ હૃદયસે ઉસકો અપનાઈએ જિસસે મિથ્યાભ્રમકા અંધકાર મય પરદા

आंखोंके अगाड़ीसे हट जाए और वस्तुकी यथार्थता दर्श जाए।

मनुष्यका सर्व प्रथम जीवनोद्देश्य अपने आपको जानना है। और अपने आपका ज्ञान प्राप्त कर जनतामें आध्यात्मिक पवित्रताका प्रचार करना एवं जीवनके प्रत्येक कर्ममें उसकी छाप बैठाना है। संसार मिथ्या अविश्वासमें पड़ा हुआ है। संसारके साहसी वीर और उत्तम पुरुष सबकी भलाईके लिए अपनेको जातिके उद्धारके लिए समर्पण करेंगे। संसारको चरित्रकी आवश्यक्ता है। साहस पूर्ण शब्दों और उससे भी अधिक साहसी कृत्योंकी आवश्यक्ता है। अस्तु जग जाए। संसार दुःखसे तप्त है। आप सो नहीं सक्ते हैं। इस प्रेम-मंत्रोंको रटिए जिससे स्वस्थ देवता हमारे भीतरका पुनीति देव जागृत हो जावे। इससे जीवनमें और क्या है? तदबीर स्वयं आ जाती है। उनके बनानेकी आवश्यक्ता नहीं। बस निजोद्देश्य प्राप्तिके मार्गमें रत हो जाइए।' अस्तु:—

"भलाईको न भूलेंगे, सुशिलाको न छोड़ेंगे।
हटाके प्राण खोदेंगे, प्रतिज्ञाको न तोड़ेंगे॥
बहेंगे प्रेमके पीछे, दयाके फूल फूलेंगे।
भरे आनंदसे चारों, फलोंके झाड़ झूलेंगे॥"

बस प्रेम, प्रेम और फिर प्रेम ही एक शब्द है। तब इससे हिंसा हो ही नहीं सक्ती। धन्य है पावन पुनीति प्रेम! पवित्र मंत्रोंका अध्ययन एक विद्यार्थी कर्तव्य है। उनको हृदिकोष करते हुए मने २ प्रेम-पताका फहराते हुए निजोद्देश्यकी ओर बढ़ते जाइए। विशेष फिर।

आपका दर्शी—प्रेम पुजारीका पालमक्त—

कामताप्रसाद जैन, बरैली।

स्वास्थ्यनीति।

प्रत्येक सभ्य देशमें स्वास्थ्यरक्षा और रोगनिवारणार्थ स्वास्थ्यविभागका प्रबन्ध है। रोग उत्पन्न होनेके सामान्य कारणोंको दूर करना उक्त स्वास्थ्य विभागका कार्य है। नाली, नाले व सड़कोंकी सफाई, कूड़ा करकट आदि पदार्थोंको दूर करना दीन दुःखी व असमर्थ रोगियोंके लिए दातव्य चिकित्सालय स्थापित करना, संक्रामक रोगोंके समय उनसे बचनेके उपायोंको कार्यमें लाना, स्वास्थ्यको खराब करनेवाले कामोंको रोकनेके लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी आईन वगैरह जारी करना भी स्वास्थ्य विभागका कार्य है। वर्तमान सभ्य जगतमें स्वास्थ्य विभागके द्वारा सर्व साधारणकी स्वास्थ्य रक्षा की जाती है। प्राचीन भारतमें स्वास्थ्य रक्षाका क्या प्रबन्ध था, यही बात इस लेखमें दिखायेंगे। हिन्दु सदा ही से धर्मवीर हैं। यद्यपि पाश्चात्य सभ्यताके प्रकाशमें यह धर्मवीरता कम होगई है तथापि इस समाजमें इस समय भी बहुत कुछ वर्तमान है। इस समय कानूनकी कृपासे दलील, दस्तावेज, साक्षी, रजिस्ट्री आदिके होनेपर भी सत्य असत्य होजाता है किन्तु पूर्वकालमें धर्म भीरुताके प्रतापसे केवल मुखसे कहदेनेसे ही सत्यकी रक्षा होजातीथी। इसी प्रकार धर्मकी दुहाई देकर स्वास्थ्यरक्षा भी सहजमें होजाती थी। हमारी नित्य नैमित्तिक प्रत्येक क्रिया स्वास्थ्यके उत्तम अवलम्बित है। अस्तु मुहूर्तमें या शुभ

के अन्तिम प्रहरसे हमारा प्रातःकृत्य आरम्भ होता है। इस समय ब्राह्मणादि चारों वर्ण ही निद्रा त्याग करके शय्याके उपर उत्तरमुख वा पूर्वमुख बैठकर अपने इष्टदेवका स्मरण करते हैं पश्चात अन्य प्रात स्मरणीय महात्माओंके नामोच्चारण करके शय्याको त्याग करते हैं। यही हिन्दुशास्त्रकी विधि है। ब्राह्ममुहूर्तमें उठना वैद्यक दृष्टिसे स्वास्थ्यके लिए अत्यन्त हितकारी है। पाश्चात्य स्वास्थ्य विज्ञान और चिकित्सा शास्त्रमें भी ब्राह्ममुहूर्तमें उठना स्वास्थ्यके लिए अत्यन्त हितकर बताया गया है। इस प्रकार आह्निक क्रिया द्वारा स्वास्थ्य साधन केवल शारीर विज्ञानके ही आधार पर सगठित नहीं है किन्तु इसमें मनोविज्ञान भी सम्मिलित है। महात्माओंके नामोंका स्मरण और कीर्तन करनेसे मनुष्यके मनोभाव गठित होते है। मनके साथ शरीरका अत्यन्य घनिष्ट सम्बन्ध है। इस कारण मानसिक उत्कर्ष भी स्वास्थोन्नतिके लिए आवश्यक है।

निद्रासे उठनेके पश्चात मल-मूत्र त्यागकी विधि है। ग्राममें घरसे डेढ सौ हाथ दूर और शहरमें उससे चौगुनी दूर नैऋत्य कोणमें मलत्याग करनेके लिए स्थान निर्वाचित करना शास्त्रकी आज्ञा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि निवास स्थानकी वायु जिससे दूषित न हो ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। छोटे २ ग्रामोंकी अपेक्षा शहरमें मनुष्योंकी संख्या अधिक होती है। इस कारण वहां मलकी अधिकता होती है। अतएव उस समय ग्रामकी अपेक्षा शहरमें मलत्याग करनेकी व्यवस्था बहुत दूर थी। नैऋत्यकोणमें इस लिए मलत्याग करनेको स्थान निर्दिष्ट किया गया था कि नैऋत्य दिशाकी वायु बहुत कम बहती है और जो बहती है तो बहुत थोडी देर। मल-मूत्र त्यागके समय मौनावलम्ब होना अत्यावश्यक है। उस समय थूकना और श्वास लेना भी निषिद्ध है। मलत्यागके समय पहरे हुए वस्त्रको कमरके ऊपर करलेना चाहिए। खडाऊं पहन कर, खड़े हुए वा चलते हुए मल-मूत्रका त्याग करना निषिद्ध है। यह सब रीतियें स्वास्थ्यके लिए कितनी हितकर हैं, यह स्पष्ट ही मालूम होता है। उस समय केवल मनुष्योंके स्वास्थ्यको ही उत्तम रखनेकी व्यवस्था नहींथी किन्तु पशुओंके स्वास्थ्य पर भी लक्ष्य रखनेका नियम था। यथा-" सदैव गोब्राह्मणवन्हिमार्गे न रात्रमार्गे न चतुष्पथे च। कुर्याच्छकृन्मूत्रमपीह गोष्ठे पूर्वी पथा चैव समाश्रितां गाम्।" अर्थात् देवता, ब्राह्मण, और अग्निके सामने, राजमार्गमें चौराहेमें, पशुओंकी गोष्ठीमें अथवा जिन स्थानोंमें गौयें विचरती है, उन स्थानोंमें मलत्याग करना निषिद्ध है।

मृत्तिका-दुर्गन्धनाशक है। और इसमें क्षारादि पदार्थोंके होनेसे यह शरीरके कफदोष और मलादिको दूर करती है। एवं मुखपक्वताको निवारण करती है। इस लिए यह हिंदुशास्त्रके मतसे शौचके लिये उपयोगी होती है। हिंदुधर्मके साथ स्वास्थ्यका इतना घनिष्ट सम्बन्ध है कि उस मृत्तिकाके भी शुद्ध होनेकी विशेष आव-

शयका है। इसके विषयमें शास्त्रकार कहते हैं कि—नलमेंसे निकाली हुई, चूहेके बिलकी, अग्राह्य दूसरेके शौच कर्मसे बची हुई और सांप की बाँबईकी मृत्तिका नहीं लेनी चाहिए।

इसके पश्चात् हिंदुशास्त्रमें प्रातः स्नानकी व्यवस्था है। प्रातःस्नानके नियम भी विधिबद्ध हैं। सूर्योदयसे पहले ही प्रातः स्नानका समय है। प्रातःस्नानके बिना देव राधनादि कार्य सम्पन्न नहीं होते। इस कारण धार्मिक हिंदुओंके लिये प्रातःस्नान करना परमावश्यक है। स्रोतके जलमें, स्रोतके सामने मुखकरके और बिना स्रोत वाले जलमें सूर्याभिमुख हो नाभिपर्यंत जलमें खड़े होकर दोनों हाथोंसे मुख, नासिका और कानोंके छिद्रोंको बन्ध करके डूबकी लगाकर स्नान करे। जलाशय दूसरेका हो तो स्नान करनेसे पहले इसमेंसे तीन या पांच मृत्तिकाके पिण्ड निकालकर किनारे पर रखे और—"उत्तिष्ठोत्तिष्ठ पंकवत्यन पृथ्वि पापं हर। पापानि शिथिलं यांति शांति देहि सदा मम" इस मंत्रको पढ़े। यह भी स्वास्थ्य विभागका कार्य है। प्रत्येक मनुष्य यदि प्रतिदिन स्नान करनेके समय तीन वा पाँच मृत्तिकाके पिण्ड जलाशय (तालाब नदी) मेंसे निकालकर फेंके तो उससे जलाशयकी बीभत्सकी सफाई सहजमें होसकती है।

आगे स्नानके समय पहनके वस्त्रोंपर आदि अङ्गोंको मृत्तिकासे मार्जन करने की जो विधि है इसका कारण पहलेही कहा जा चुका है। मृत्तिका दुर्गन्धनाशक, क्लेदोहारक और Disinfectant या संक्रमणको निवारण करता है।

इसी प्रकार शयन, भोजन आदि प्रत्येक कार्य्यमें हिंदुधर्मशास्त्रकी जो क्रियायें हैं, वे सब ही उन्नति करने वाली हैं। स्वच्छता हिंदुधर्मका प्रधान अङ्ग है। रातके पहरे हुए या बिना धुले वस्त्रोंको पहर कर दैनिक पूजनादि क्रिया और भोजनादि करना हिंदुओंके लिये सर्वथा निषिद्ध है। यहाँतक कि बिना धुले वस्त्रोंको पहनकर भोजन बनाना भी ठीक नहीं कहा गया है।

तिथि, वार, मास और ऋतुविशेषमें जो भिन्न भिन्न प्रकारके खाद्य पदार्थोंका निषेध किया गया है, उनकी संरक्षाके लिये ब्रह्महत्यादि महापातकोंकी दुहाई दीगई है। विरुद्ध भोजनके सम्बन्धमें भी ऐसा ही आदेश है।

जिससे घरमें कूड़ा—करकट या मैला इकट्ठा न हो ऐसा उपदेश दिया गया है। घरको स्वच्छ रखना महापुण्यका कार्य्य बताया गया है। यह विधि भी स्वास्थ्यरक्षाके लिए उत्तम है।

इस प्रकार हिंदुओंकी प्रत्येक क्रिया—कलापमें शारीरिक व स्वास्थ्य साधनके लिए धर्मकी व्यवस्था की गई है।

"वैद्य"से उद्धृत।

जैन इतिहास

दूसरा भाग तैयार है।

इसमें १२वें तीर्थंकर श्रीविमलनाथसे लेकर २४वें श्री वर्द्धमानस्वामी तकका अर्थात् ९ तीर्थंकरोंका इतिहास सरल भाषामें लिखा गया है। विद्यार्थियोंको तो अवश्य उपयोगी है। पृष्ठ १२८, मूल्य सिर्फ १) आनरेरी मैनेजर दि. जैन पुस्तकालय—सूरत

॥श्रीवीतरागाय नमः॥

दिगंबर जैन.

THE DIGAMBAR JAIN

नाना कलाभिर्विविधश्च तन्त्रैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः।
सबोधयत्वनमिदं प्रवर्त्तताम्, दिगम्बर जैन समाज मात्रम् ॥

वर्ष १५ वाँ. | वीर संवत् २४४८. वैशाख विक्रम सं० १९७८. | अंक ७ वा



श्रुतपंचमी आ गई।

हमारी परम पूज्य जिनवाणीका माताका पूज्य आदर करनेका यदि कोई खास पर्व हो तो वह "श्री श्रुत पंचमी पर्व" है। इस पवित्र दिनको ही श्रीमद् भूतबलि और अर्हद्बलि आचार्योंने बड़ी भक्तिसे जिनवाणीकी पूजा की गई थी। और तबसे यह पर्व मनाने लगा है। और अभी ही ज्येष्ठ सुदी ५ के दिन आ पहुंचा है।

यह निश्चय है कि निमित्त कारण विना कार्यकी उत्पत्ति नहीं होती इसी प्रकार श्रुतपंचमी पर्वके निमित्तसे हमें जिनवाणी माताकी विनय पूजा करनेका मौका मिलजाता है। वर्षोंसे उपदेशकों, वर्तमानपत्रों, व्याख्यानकारों चिल्लाते २ थक गये तो भी अभीतक हमारे हजारों जैन ग्रन्थ अनेक मंदिरोंमें सड़ियामेंट हो रहे हैं और उनको कपो भूतक नहीं दिखाई जाती यह कितने बड़े खेदकी बात है। अब तो पंडितोंकी भरमार हो रही है तब ऐसे समयमें भी शास्त्रोंका जीर्णोद्धार नहीं होगा तो कब होगा। हमारी महासभाने भी अभी ही लखनऊमें इसके लिए (नागोर इडर, आदिके भंडारोंका उद्धार करनेके लिये) प्रस्ताव किया है और ढाला जम्बूप्रसादजी व ढाला देवसहायजीने इस कार्यको अपने तन मन धनसे करना स्वीकार किया है। परन्तु अभीतक उन्होंने इस विषयमें क्या किया है कुछ प्रकट नहीं हुआ। अब इस श्रुतपंचमीके दिनसे तो उनका कर्तव्य है कि इस कार्यको प्रारम्भ कर दें।

यह श्रुतपंचमी पर्व हमें किस प्रकार मनाना चाहिये उसका कुछ दिग्दर्शन यहां कियाजाताहै—

(१) दो चार दिन पहिलेसे हरएक मंदिरका शास्त्र भंडार खोलना चाहिये और सब शास्त्रोंको खोलकर धूपमें रखना चाहिये। जिस किसीको गत्ते नहीं हों तो गत्ते बनालेने चाहिये, और बेठन तो यदि हरएक स्थान होंगे तो वह रेशमी ही होंगे परन्तु अब हम रेशमके भाई अच्छी तरहसे जान गये हैं कि हजारों जीवोंकी हत्यासे उत्पन्न होता हुआ अतीव अशुद्ध रेशमका व्यवहार

हमें नहीं करना चाहिये इसलिये सभी रेशमी वेष्टनों, रेशमी चंदोवा, रेशमी तोरण आदि हो तो बदलकर सब विशुद्ध गाढ़ेका बना देवे। सुफेद गाढ़ेको पीला रंगकर काममें लेनेसे ये बहुत सुंदर लगते हैं। आशा है कि इस वर्ष यह सुधार अवश्य होगा।

(२) पुस्तकाकार ग्रंथके पन्ने अलग हो गये हो तो उनको भी ठीक करालेवें।

(३) श्रुतपंचमी अर्थात् ज्येष्ठ सुदी ५ के दिन सुबह हरएक मंदिरके छोटे बड़े सभी शास्त्रोंको ऊंचे आसनपर विनयके साथ विराजमान करना चाहिये और फिर सब भाइयों बहिनोंको मिलकर 'श्रुतस्कंध विधान' पूजा अर्थात् जिनवाणीकी पूजन गाजेबाजेके साथ पढ़नी चाहिये। यदि विधानकी पुस्तक न हो तो सरस्वति पूजा करनी चाहिये।

(४) शामको अथवा रात्रिको शहरके सब भाइयोंको इकट्ठा करके मंदिरमें या तो कोई बड़ी जगहमें व्याख्यान सभा करनी चाहिये और उसमें विद्वान वक्ताओंके पास श्रुत पंचमी पर्व और हमारा आधुनिक कर्तव्य यह व्याख्यान दिलाना चाहिये तथा जो २ शास्त्र अपने मंदिरमें न हो उनको मंगानेका प्रबंध करना चाहिये। हाथ लिखित व मुद्रित हरएक जैन ग्रन्थकी एक २ नकल तो अवश्य हरएक मंदिरमें होना चाहिये परन्तु अनेकों मंदिरोंमें हैं नहीं कहीं कहीं मंदिरोंमें तो हजारों हस्तलिखित हैं परन्तु शास्त्रभंडार देखो तो उनमें लगने शास्त्र ही हैं इस लिये ही ये लिखते हैं मंदिरोंके द्रव्यका खास उपयोग जैन ग्रंथोंमें खास करके करना चाहिये। श्री गोम्मटसार ग्रंथकी बड़ी टीका (६ खंड मू० रु० ९१) तथा माणिकचंद मुल्य ग्रन्थमालाके प्रकट हुए सभी संस्कृत ग्रंथ तो हरएक मंदिरमें अवश्य मगाकर विराजमान करना चाहिये। जो मुद्रित नहीं मिलते हों वे हस्त लिखित मगानेका प्रबंध महासभा ऑफिस बड़नगरसे करना चाहिये तथा मुद्रित तो हमारे दि० जैन पुस्तकालयसे या अन्य पुस्तकालयोंसे मिल सकते हैं।

(५) जहांका शास्त्र भंडार बिलकुल बंद पड़ा है उनको खोलनेका प्रबन्ध करनेके लिये एक कमेटी नियुक्त करना चाहिये तथा उस कार्यके लिये कुछ चंदा भी करना चाहिये।

(६) ज्ञान दान समान पुण्य दूसरा नहीं है इस लिये ज्ञानके लिये जहां कहीं पाठशाला नहीं हो अथवा बंद पड़ी हो तो वहां पाठशाला चालु करनेका पक्का प्रबंध करना चाहिये और शास्त्र दानकी प्रभावना करनी चाहिये अर्थात् कोई भी छोटी बड़ी पुस्तक सब भाइयोंको भेंट बांटनी चाहिये।

(७) इस श्रुतपंचमी पर्व हरएक स्थानमें किस प्रकार मनाया गया उसका समाचार आगामी अंकमें प्रकट करनेके लिये हमें शीघ्र ही लिख भेजना चाहिये। आशा है हमारे इस निवेदन पर समाज अवश्य ध्यान देगी।

* * *

सोनागिरि-भट्टारक और अन्याय।

सोनागिरि सिद्ध क्षेत्रपर भट्टारक हरेन्द्रभूषणजी गद्दी है। वे या उनके गुरु पूजाप्रभावना और धर्मार्थके सिवाय क्षेत्रमें प्रबंध कुछ नहीं करते और मठके छोड़ो सर्व स्थान

कर गये थे इससे हमारी भारत० दि० जैन क्षेत्र कमेटीने बार वर्षसे वहां अलग दफ्तर स्थापन किया है और भट्टारक जितना भी कष्ट देते हैं उनको सहन करके आयसे विशेष खर्च करके भी अपना कार्य चला रही है। दूसरी ओर भट्टारकने नई कमेटी बनाकर अपनी चाल फैलाई थी तौ भी बहुत लोक कमेटीके दफ्तारमें ही मेंबरपट्टी देते थे। कईबार भट्टारकने कमेटीके मुनीमपर फौजदारी दावे भी किये थे उसका भी पूरा २ सामना किया गया था। परन्तु इससे बढ़कर अभी इस भट्टारकने अपनी कमेटीके सभापति लाला मोतीलालजी आगराकी बिना सम्मति तथा तार चिट्ठिद्वारा उनका अटकाव होनेपर भी तीर्थक्षेत्र कमेटीके ऊपर एक मुकद्दमा चलाया है जिसमें आपने कमेटीपर मिथ्या दोषारोपण करके महाराज दतियाकी नजरसे कमेटीकी महत्ताको गिरानेका (दफ्तर हटवा देनेका) निंद्य प्रयत्न किया है। इसकी दो पेशी हो चुकी हैं। और मुकद्दमा चालू ही है परन्तु जैन समाजका इस मौकेपर कर्तव्य है कि वह दतिया नरेशके ध्यानमें यह बात लावे कि यह क्षेत्र भट्टारककी मालकीका नहीं है परन्तु सारी जैन समाजका धर्मतीर्थ है। इसके लिये एक अर्जी हरएक पंचायतीकी ओरसे दीवान, दतिया स्टेट–दतियाकी सेवामें इस आशयकी भेजनी चाहिये कि भट्टारक हरेन्द्रभूषणने सोनागिरी तीर्थक्षेत्र कमेटीपर जो मुकद्दमा दायर किया है वह बिल्कुल झूठा है। तीर्थक्षेत्र कमेटी सरकारमें रजिस्टर्ड समाजकी माननीय संस्था है और उसपर समाजका पूर्ण विश्वास है इससे कमेटीका दफ्तर क्षेत्रसे हटवाना नहीं चाहिये और भट्टारकका दावा रद्द करना चाहिये आदि। आशा है कि हरएक पंचायती आलस्य छोड़कर ऐसी अर्जी अवश्य भेजेंगी।

* * *

जैन साहित्यका महत्व।

लखनऊमें गत महासभाके साथ २ लखनऊके धर्मप्रेमी भाईयोंने जैन साहित्य सभा करनेका खास प्रबंध किया था और (१) षट्द्रव्यकी आवश्यकता और सिद्धि तथा (२) जैन काव्योंका महत्व, ऐसे दो इनामी निबंध विद्वान पंडितोंसे लिखवाये थे और ऐसे ६ लेख भेजनेवाले विद्वान पंडितोंको सब मिलकर २००) इनाम भी दिया गया था। परंतु समयाभावसे साहित्य सभामें इन लेखोंमेंसे सब तो क्या एक दो भी पूरे २ नहीं पढ़े गये थे इससे इन लेखोंमें विद्वान् लेखकोंने क्या २ बताया है वह सबके जाननेमें नहीं आया था तथा ऐसे महत्वपूर्ण लेख छपकर अवश्य प्रकट होने चाहिये परंतु अभीतक ऐसी व्यवस्था न हो सकनेसे पुण्य ब्र० शीतलप्रसादजीने हमको आग्रह किया कि आप इन लेखोंको अपने मासिकपत्रमें क्रमशः प्रकट करदो तथा कुछ कापी अलग भी निकालोगे तो जैन समाजका बहुत कल्याण होगा और नवीन लेखकोंका उत्साह भी बढ़ेगा आदि। हमने इस बातको स्वीकार किया, सब लेख प्राप्त किये और क्रमशः प्रकट करनेका प्रारंभ किया है उसमें "षट्द्रव्यकी आवश्यकता व सिद्धि" के तीन लेखोंमें पं० मथुरादासजी मोरेनाका प्रथम लेख इस अंकमें पूर्ण हुआ है

और दूसरा लेख आगामी अंकसे प्रारम्भ होगा। हरएक पाठकको हमें आग्रह करते हैं कि ये इन लेखोंको अवश्यमेव पढ़ें और संग्रह कररक्खें।

* * *

હાલમાં કેટલાક વર્ષોથી અબૂજીની યાત્રાએ જવાને જે અગવડ પડતી હતી આબુજીની તે ત્યા જનારજ જાણે છે. યાત્રામાં સગવડ. એટલે કે આબૂરોડથી તો પહાડ પર જવાને મોટર મળે છે પણ ઉપર કેમ્પ પાસે જતાંજ યાત્રાળુઓને કેમ્પમા થઇને જવાનો હુકમ ન હોવાથી મોટરવાળા ઉતારી દે છે જેથી પછી પગે ચાલતા આડેઅવળે જંગલી રસ્તે મજૂરો પાસે બોજા ઉંચકાવી આશરે ૨ માઇલ સુધી જવું પડે છે જેથી યાત્રાળુઓને અતિશય હાડમારી પડતી હતી તે માટે જૈન સંઘે પ્રયાસ કરવાથી રજપૂતાના એજન્ટ ટુ ધી ગવર્નર જનરલને આપણું રેપ્યુટેશન તા० १२-४-२२ને દિને આબુ મોકલ્યુ તે પર વિચાર કરી તા० ४-५-२२ના રોજ આબુંટ આબૂના ડિસ્ટ્રીક્ટ મેજીસ્ટ્રેટ તરફથી નીચે મુજબ નોટિશ પ્રગટ કરવામાં આવી છેઃ—

નોટીશ.

આ જાહેર ખબરથી દેલવાડા જનાર સર્વે યાત્રાળુઓને ખબર આપવામા આવે છે કે દેલવાડા જવા માટે આબુ રોડમાં ડાક્ટરી તપાસ ચોકી આગળ તેઓની મરજી મુજબ બે પાસમોંથી ગમે તે પાસ તેઓને આપવામાં આવશે. એક પાસ બુગ રંગનો, ટુંકાણ ચોકી પાસે થઇ યાત્રાળુઓને રસ્તે બારોબાર દેલવાડા જવાની ઇચ્છાવાળાઓને આપવામાં આવશે, અને બીજો પાસ પીળા રંગનો આબુંટ આબુમા થઇ જવાની જેઓની ઇચ્છા હશે તેમને આપવામાં આવશે, પરંતુ પીળો પાસ લેનારાઓએ એ ધ્યાન રાખવું કે જો તેઓ આબુંટ આબુની હદમાં રહેશે તો જવા સુધી તેઓ હદમાં રહે ત્યા સુધી તેમને દરરોજ १० દીવસ સુધી એટમસ હોસ્પીટલમા ડાક્ટરી તપાસ માટે જવું પડશે. પોતાને ખરચે ઘી આપવાથી બેર પણ ભાર તપાસ કરવાનો બંદોબસ્ત થઇ શકશે. ભુરા રંગનો પાસ લેનારને આબુંટ આબુમાં થઇ જવા દેવામા આવશે નહી.

જી० બી० વોડર મેજર.
ડીસ્ટ્રીક્ટ મેજીસ્ટ્રેટ, આબુંટ આબુ.

આથી હવે આબૂ કેમ્પમાં થઇને મોટર દ્વારા આપણા મંદિરો સુધી જઈ શકાશે અને આ બાબત વિશેષ પત્રવ્યવહાર હજુ ચાલુ છે.

गरीबोंके विवाह कैसे हों ?

क्योंकर गरीब भाई अपना विवाह करलें ?
हमको बताये कोई हम भी सलाह करलें ॥टेक
धनवान भाइयोंको देते हैं पुत्रियाँ सब।
है क्या मजाल ! कोई निर्धन विवाह करले ॥१
इसही गरजसे निर्धन फिरते हैं मारेमारे।
रुपयों विना विचारे किस विध विवाह करले ॥२
धनवान भाइयोंने सब पुत्रियाँ खरीदीं।
रुप्या हजारों देकर सुविधासे व्याह करले ॥
इस ही सबबसे निर्धन बहुतक फिरें कुँवारे।
करते हैं स्वार जीवन कैसे सुधार करलें ॥
इसपर विचार करना है फर्ज सबका "प्रेमी"
जिससे विचारे निर्धन अपना विवाह करले ॥

पं० गोरेलाल पंचरत्न "प्रेमी"

सुलभ जैन ग्रन्थमालाके दो नये ग्रन्थ।

धर्म-परीक्षा—श्री अमितगति आचार्य कृत मनोवेग पवनवेगकी अपूर्व बोधदायक कथाका हिन्दी अनुवाद। पृ० २५० और मू० सिर्फ ॥)

तीर्थयात्रा दर्शक—इसमें अपनी यात्राओंका परिचय है। पृ० २७६ और सिर्फ ॥) मैनेजर, दि० जैन ...।

चार दान।

यह चंचल लक्ष्मी पाय गर्व नहि कीजे।
मन वच तन प्यारे चार दान शुभ दीजे ॥ टेक ॥
यह पूर्व पुन्यके तरुवरका फल सारा।
जो आकर तुमको प्राप्त हुआ इस वारा ॥
चक्राधीशोंने इससें मोह निवारा।
यह लक्ष्मी चंचल इसका कौन पतियारा ॥
सुन प्यारे मत इससे कीजे यारी।
सुन प्यारे यह लक्ष्मी चंचल भारी ॥
सुन प्यारे तन लेाम महा दुखकारी।
सुन प्यारे करले सन्तोषसे यारी ॥
यह सीख सुगुरुकी हृदयमें धरलीजे ॥ १ ॥
मुनि त्यागी क्षुल्लक और ब्रह्मचारी हैं।
अंधे अपंग जो निर्धन दुखयारी हैं ॥
अथवा समाजकी जो विधवा नारी है।
जिनका दुख देखत नयन नीर जारी है ॥
सुन प्यारे इन आदि और जो होवें।
सुन प्यारे जो भूखे निशदिन रोवें ॥
सुन प्यारे उनकी सहायता कीजे।
इससे जगमें यश लीजे ॥
यह पहिला **भोजन दान** इसे दे लीजे ॥२॥
इस समय देशमें रोग अनेकों छाये।
जिनके कारण जन बहुतक प्रान गमाये ॥
कोई पैसे विन हैं रोग असत घबडाये।
है औषधकी दरकार वैद्य दिग आये ॥
सुन पैसे विन वैद्य न आवें।
सुन प्यारे नहि उनको दवा दिलावें ॥
सुन प्यारे उनकी सहायता कीजे।
सुन प्यारे पैस० विन औषध दीजे ॥
यह दूजा **औषधदान** इसे देलीजे ॥ २ ॥
इस जगमें सब जन निर्भय रहना चहते।
नहि किसी तरहकी विपतिमें परना चहते ॥
जिस तरह बने उनकी विपत्तिको हरना।
यह **अभयदान** भी मनवच वितरन करना ॥
सुन प्यारे यह अभयदान नित दीजे।
सुन प्यारे यासे निर्भय पद लीजे ॥
सुन प्यारे जो परको निर्भय करता।
सुन प्यारे वह जगमें निर्भय रहता ॥
यह तीजा **निर्भयदान** इसे देलीजे ॥ ४ ॥
है ज्ञान जगतमें जीवनका हित करता।
इसके विन आतम चारों गतिमें भ्रमता ॥
दिन ज्ञान देखलो कार्य न कोई सरता।
ज्ञानी सर्वथा सुखका अनभव करता ॥
सुन प्यारे कर **ज्ञानदान** सुख लीजे।
सुन प्यारे नहीं इसमें संशय कीजे ॥
सुन प्यारे जो ज्ञानदान देता है।
सुन प्यारे वह ज्ञान स्वयं लेता है ॥
यह "गोरेलाल" की विनय पास कर लीजे ५


पं० गोरेलाल पंचरत्न।

दूसरी वार तैयार हो गया!

मोक्षमार्गकी सच्ची कहानियां-

नामक अतीव उपयोगी ग्रन्थ जो विद्यार्थियोंको तो अतीव उपयोगी है और स्वाध्याय करने योग्य है उसकी दूसरी आवृत्ति छपकर तैयार होगई है। इसके ८८ पृष्ठोंमें पं० बुद्धिलालजी श्रावक कृत धार्मिक २२ कहानियोंका नये ढगसे संग्रह है। मूल्य सिर्फ ।=) अवश्य मगा लो।

मैनेजर-दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।



अकाल मृत्युसे सभा व प्रतिष्ठा बंद–ब्यावरमें ज्येष्ठ सुदी १ से ९ तक वेदी प्रतिष्ठा व भारत० दि० जैन खंडेलवाल महासभाका दूसरा अधिवेशन होनेवाला था परंतु खुद प्रतिष्ठाकारक श्रीमान् सेठ मोतीलालजी कासलीवालका बंबईसे ब्यावर जाते हुए गत ता० १९ की रात्रिको ८ बजे सेन्दरा स्टेशन पर रेल गाडीके नीचे आकर असमयमें अकस्मात् देहोत्सर्ग हो गया इससे प्रतिष्ठा व सभा दोनों बंद रखा गया है। इस अकाल मरणमें हम सेठ मोतीलालजीकी आत्माको शांति चाहते हैं।

श्राविकाश्रम–बम्बई गर्मीकी छुट्टीके बाद ता० १–६–२२ ज्येष्ठ सुद ६ को खुलेगा। जिनको दाखिल होना हो फार्म भरकर भेज देवें। मगनबहेन।

अजमेर–में जेठ वद ९ को रा० बा० सेठ टीकमचंदजीके सभापतित्वमें छहों घडोंके समस्त दि० जैन खंडेलवाल भाइयोंकी एक विराट सभा हुई थी जिसमें सेठ मोतीलालजी ब्यावरके अकाल मरणपर शोक प्रकट किया गया और मेला बंद रखनेका प्रस्ताव पास हुआ। तथा ते० महासभा व अजमेर प्रां० दि० जैन सं० सभाके लिये प्रतिनिधियोंका चुनाव करनेके लिये सभापतिने अपील की परंतु बहुत लोगोंने कहा कि हम अपनी सत्ता चंद आदमियोंके हाथमें क्यों देवे आदि, इसपर बहुत बहस होकर अंतमें प्रतिनिधि चुनना बंद रहा परंतु सभापतिजीने कहा कि प्रतिनिधि न चुनो तो न सही लेकिन यहां भी तो कुछ काम करके दिखाओ, इससे लग्न मृत्यु आदिके अवसरोंपर होते हुए जीमन व रीतिरिवाजोंमें बहुत कुछ सुधार करनेके प्रस्ताव पास हुए थे। सेठ टीकमचंदजीका यह प्रयत्न उत्तम है।

पानीपत–की जैन उपदेशक सभाके उपदेशक पं० जोतिप्रसादजीका देहांत हो गया। आप बडे सज्जन थे। ४० ग्रामोंमें भ्रमण करके आपने बहुत धर्म उद्योत किया था। अब यहां विद्वान् उपदेशककी आवश्यकता है। यहांपर चिरस्थायी कार्य है। लिखो–जियालाल जैन, जैन उपदेशक सभा–पानीपत (करनाल)

पहाडी धीरज–देहली–की हीरालाल जैन हाईस्कूलसे इस वर्ष ११ विद्यार्थी पंजाब यूनिवर्सिटीकी परीक्षामें बैठे थे उनमेंसे १० पास हुए हैं। इनमें ३ तो प्रथम डिवीझनमें पास हैं।

मेला देवरान–देवरान (ललितपुर,) में वै० वदी १४ से सुदी–२ तक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव हो गया। अंतिम दिन जैन जनकी ५०००० तक संख्या होगई थी जिसमें २०००० जैनी होंगे। त्यागी गोकुलप्रसादजी, पं० बंसीधरजी शास्त्री, पं० देवकीनंदनजी, त्यागी ठाकुरदासजी, उपदेशक कस्तूरचंदजी आदि बहुत विद्वान पधारे थे। व्याख्यान सभायें भी खूब हुई थीं। संस्थाओंके

१९०) की सहायता मिली थी। गोलालारीय दि० जैन सभाका भी जलसा त्यागी गोकुलप्रसादजीके सभापतित्वमें हुआ था जिसमें प्रथम उपदेशक मौजीलालजीने सभाके ऊपर २००) लेकर विवाह करा देनेका दोषारोपण किया था उसके लिये उन्होंने क्षमा मांगी और पं० देवकीनंदनजीने २००) के प्रस्तावका खुलासा प्रकट किया था। पावके ४ प्रस्ताव फिर दुहराये गये और विवाहमें लड़केकी होती हुई सदर नीमनवार बंद करके सोनागिरी तीर्थकी भट्टारक कमे अपसन्न है इससे क्षेत्रका प्रबंध टीको ही सौंपनेका ऐसे दो प्र थे। अंतमें बटगांवके छात्रों जुआ और बीडीपर ड्यूटी लगा

जैन लॉ—तैयार करनेके दायभागके ग्रन्थोंकी आवश्य संहिता, इंद्रनंदि जिन संहिता (भट्टारककी बनाई नीति, वाक्यामृत, त्रिव आदि। इनके अतिरिक्त अ विषय हो तो वह भी भेजें मंत्री जैन मित्र मंडल,

बंगाल आसाम—दि शिवनारायण छाव नैमित्तिक अधिवेशन सेठ डाके सभापतित्वमें लालगो जेठ सुदी ११ से होगा।

ऋषभ ब्र० आश्रम—से ब्र० आश्रम नापुरकी जलवायु दूषित होने छात्रोंको बारबार तकलीफ तथा रेल्वे स्टेशनसे हस्तिनापुर बहुत दूर था इस लिये आश्रमकी कमेटी स्थान परिवर्तनके लिये कई वर्षोंसे विचार कर थी और अब कि ब्र० ज्ञानानंदजी हर्षके साथ प्रकट करते में सफल हुए और आश्रमको अधिष्ठातानी भाईयोंने अपनाया अर्थात् अक्षय जयपुरके तथा (वै० सु० ३) को यह आश्रम हस्तिनापुरसे उठाकर जयपुरमें सेठ सर्वसुखदासजी खजानश्रीकी नशियामें लाया गया। यह स्थान चांदपोल दरवाजेके बहार शहर और स्टेशनके मध्यमें है। साथमें मंदिर भी है जलवायू भी बहुत अच्छी है। जयपुरमें दि० जैनियोंके १७५तो मंदिर हैं और करीब ६००० जैन संख्या है इसलिये इस जैनपुरीमें आश्रमकी उन्नति अब अवश्य होगी। अब सब भाई सब प्रकारका पत्र व्यवहार हस्तिनापुर न करके जयपुर ही करें।

यात्रा और दान—सर सेठ हुकमचंदजीने चैत्र मासमें बड़वानीकी यात्रा करके इस प्रकार दान किया—पहाड़की धर्मशालामें चार कमरे बनानेको ४०००) तथा १०००) चौकमें फर्श लगानेको दिये। पंचने आपको मानपत्र दिया तथा सेठजीने बड़वाणी राणा बहादुरको १५ गिनी भेंट की थी।

१६०००) का दान—डेहरीके सेठ मिश्रीलालजीने ९०००) सुकृतमें खर्च करनेको इस साल निकाले हैं तथा सुसारीके सेठ रोडमलजी मेघराजजीने नेमिबंदगीकी बीमारीके समय १००००) सुकृतमें खर्च करनेको निकाले हैं जिसका चार प्रकारके दानोंमें व्यय होगा, और

भी १४ वें गुणस्थानतक रहता है। अन्तके द्विचरममें सातोकी व्युच्छित्ति हो जाती है और अन्त समयमें असातोकी भी सत्य व्युच्छित्ति हो जाती है।

मुक्त जीव जब गुणस्थानातीत यानी गुणस्थानसे रहित हैं तो जब कि साता असाताका बन्ध, उदय, सत्का भाव गुणस्थानोंमें ही पाया जाता है, सिद्ध अवस्थामें किसी भी कर्मका बन्धादि कुछ भी नहीं पाया जाता तो वहां सुखदुःखकी कल्पना किसीतरह भी नहीं हो सकती।

अब यदि आप द्वितीय पक्ष आत्मीय सुखका लेंगे तो निरपेक्ष दृष्टिसे आत्मीय सुखका कारण ज्ञान है वह ज्ञान मुक्त अवस्थामें सर्वथा निरावरण हो जाता है अतः वहां अनन्त सुख हो जाता है। दुःखका कोई कारण वहां उपलब्ध नहीं है जिससे कि सुखकी तरह दुःख भी माना जाय। उक्त युक्तिसे सुख दुःखका मोक्षमें भी प्रसंग देकर अपना मनोरथ सिद्ध नहीं कर सकते अतः जीवको सर्वथा नित्य मानना सर्वथा भ्रम मात्र है।

सांख्य लोग भी जीव मानते हैं लेकिन अकिञ्चित्कर मानते हैं यह उनका मानना भी युक्तिसंगत नहीं है क्योंकि संसारी अवस्थामें जीव कर्मका बन्ध करता ही है और जब कर्मका बन्ध करता है तो उसका फल भी अनेक प्रकारसे भोगता ही है तथा सांख्य जो प्रकृतिको कर्ता और पुरुषको भोक्ता मानता है वह पहिले दिखाया जा चुका है।

अतः सांख्य सिद्धान्त भी मान्य नहीं कहा जा सकता।

अब कोई जो नीरूपकी सन्तानको ही जीव मानते हैं उन्हे विचारना चाहिये कि संतान बिना सन्तानीके नहीं रह सकती अतः सन्तानी अवश्य मानना चाहिये। सन्तानीसे सन्तानको पृथक् मानेंगे तो बहुतसे दोष आवेंगे। आत्माको जो व्यापक मानते हैं उनका मत भी परीक्षासह नहीं है।

(शङ्काकार) व्यापक आत्माको सिद्ध करनेके लिए यह अनुमान तब निर्दोष है तो आत्माको व्यापक क्यों नहीं मानना चाहिये। आत्मा व्यापक है। द्रव्य होते हुए अमूर्त होनेसे, जो जो द्रव्य होते हुए अमूर्त है वह व्यापक है जैसे आकाश द्रव्य होनेपर अमूर्त आत्मा है अतः व्यापक मानना चाहिये, यह अनुमान भी ठीक नहीं है क्योंकि अमूर्त होनेसे यहांपर अमूर्तका क्या अर्थ है। रूपादि जिसमें हो उसे मूर्त, और तद्विरुद्ध अमूर्त। यदि यह अमूर्तका अर्थ करोगे तो मनमें भी हेतु घटा जायगा क्योंकि मन द्रव्य होकर रूपादि रहित है ही अतः मनको भी व्यापक मानना चाहिये अतः उक्त हेतु अनैकान्तिक होनेसे अकाट्य नहीं है। यदि आप सब जगह न रहना मूर्त और सब जगह रहना अमूर्त मानते हैं तो हेतु भी व्यापकत्वसे है और साध्य भी व्यापकत्वसे है अतः साध्यसम होनेसे पुनः भी हेतु मान्य नहीं कहा जा सकता। व्यापकत्वका बहुत खंडन

किया जा सक्ता है लेकिन यह प्रकरण प्रसंगगत है प्रधान नहीं अत. इस विषयमें इतना ही कहता हूं। कोई कोई महाशय आत्मा बटकीणका (तरीका फल) के समान मानते हैं उनका यह मानना न्यायमुक्त नहीं है। क्योंकि मुक्तका सर्वाङ्गरूपसे अनुभव होता है। आत्मा छोटी होती तो जहां २ पर आत्मा रहती वहीं वहीं आनन्द होना लेकिन सुख सम्पूर्ण सम्पूर्णमें होता है। कोई २ महाशय आत्माकी आशुवृत्ति (शीघ्रगति) बताकर उक्तप्रकारका निराकरण करदिया करते हैं लेकिन यदि आत्मकी शीघ्र गति होती तो भी एक समयमें आत्मा एक ही जगह रहेगी अतः जब एक स्थानपर आत्मा हो तो उस जगह और दूसरी जगहपर जब आत्मा पहुंच जाय तो दूसरी जगह सुख होना चाहिये अत सुखके व्यवधानका दोष आता है इस लिए आत्मा छोटी भी नहीं माननी चाहिये किंतु अपने २ शरीरके परिमाण मानना चाहिये। श्री नेमिचन्द्राचार्यने आत्माका स्वरूप ऐसा कहा है कि—

अट्ठविहकम्म वियला सीदीभूदा णिरञ्जणाणिचा।
अट्ठगुणाकिद किचा लोयग्गाणि वासिणो सिद्धाः॥

शुद्ध आत्मा आठ प्रकारके कर्मों (ज्ञान, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र, अन्तराय) से रहित है। शान्तिस्वरूप (वीतराग) है क्योंकि आत्माकी शान्तिको रागद्वेष सहित अवस्था भी भंग करती है; मिथ्या दर्शनादिसे रहित है नित्य है। अष्ट गुण (ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, अव्याबाध, अवगाहन, सूक्ष्मत्व, अगुरुलघु) कर सहित है। कृतकृत्य यानी कुछ कार्य करनेको बाकी नहीं है। और लोकके अग्रभागमें स्थित है तथा सिद्ध है।

यहां जो आत्माके आठ कर्मोंसे रहित आदि विशेषण दिये हैं वे दूसरोंकी परिकल्पित तथाविध आत्माके निराकरणके लिए हैं क्योंकि विशेषण हमेशह व्यवच्छेद रूप होता है जैसे कि काला घोडा। यहां जो घोडेका काला विशेषण है वह अन्य लाल पीले भूरे चितकबरे आदि रंगोंसे युक्त घोडोंसे काले घोडेको अलग बतलाता है।

दूसरे लोग शुद्ध आत्माका ऐसा ऐसा स्वरूप मानते है—

सदाशिव सदामुक्तः साख्यो मुक्त सुखोज्झितं।
मस्करी किलमुक्तानां मन्यते पुनरागतिम्॥
क्षणिकं निर्गुणं चैव शुद्धो योगश्च मन्यते।
कृतकृत्यं तमीशानो मण्डली चोर्ध्वगामिनां॥

अर्थ—भावार्थ.—सदाशिव आत्माको हमेशह कर्मरहित अनुभवसिद्ध मानते हैं उनका स्वल्प सिद्धान्त यही है कि आत्मा कर्मोंका भेदक नहीं है सदामुक्त होनेसे, यह (आत्मा) सदामुक्त है, अनुभव सिद्ध होनेसे, आत्मा बिना उपायसे सिद्ध है आदि सिद्ध होनेसे, यह

अनादि सिद्ध है तनुकरण भुवनादिके बनानेका निमित्त होनेसे, तनुकरण भुवनादि ईश्वर हेतुक हैं कार्य होनेसे, इस अनुमान मात्रसे वे आत्माको सदा मुक्त सिद्ध करते हैं लेकिन जिस तरह मकानकी कमजोर भीत खुद ही नहीं गिरती है बल्कि और अपने ऊपरके मकानको भी लेकर गिरती है उसी तरह कार्यत्व हेतु असिद्ध होकर आत्माके कर्मरहितत्वका पतन करा देता है क्योंकि कार्यत्वका आपको क्या अर्थ अभीष्ट है। १ स्वकारण सत्ता समवाय, २ अभूत्वाभावित्व, ३ अक्रियादर्शिनोऽपेक्षितबुद्धयुत्पादकत्व, ४ कारणान्तरानुविधायिन्य, इन चार विकल्पोंके और भी उत्तरविकल्प बहुतसे होते हैं। विशतया प्रमेयकमलमार्तण्डमें खण्डन किया है। यहां लेख वृद्धिके भयसे नहीं लिखा जाता है अतः आत्माको अकर्मकताकी सिद्धि नहीं होती। सांख्य मुक्तात्माको सुख रहित मानते हैं। पहिले इसका खंडन किया जा चुका है इसीलिए आचार्यने शुद्ध जीवके लक्षण प्रतिपादन करते समय गीतीभूत विशेषण दिया है। मस्करी मुक्त जीवका पुनः आगमन मानते इसीका निषेध करनेके लिए आचार्यने निरञ्जन विशेषण दिया है। बुद्ध व योगानुमती आत्मको क्षणिक तथा निर्गुण मानता है इसीको निषेध करनेके लिए आचार्यने नित्य विशेषण दिया है। ईश्वरवादी ईश्वरको कर्तृत्व मानते हैं इसके निषेधके लिए कृतकृत्य विशेषण दिया है। मण्डली मतवाले जीवकी हमेशह ऊर्ध्वगति ही मानते हैं इसके निषेधके लिए आचार्यने लोकाग्र निवासी ऐसा विशेषण दिया है।

इस उक्त प्रकरणमें जीवकी सिद्धि परमतानुयायियोंके असत्य कल्पित लक्षणके खण्डन पूर्वक की गई है और आवश्यकता भी बतलाई है।

पुद्गलकी आवश्यकता और सिद्धिः

अब अजीवका वर्णन क्रमप्राप्त है अतः उसका वर्णन करना चाहिये।

अजीवके पांच भेद हैं—१ पुद्गल, २ धर्म, ३ अधर्म, ४ आकाश, ५ काल। अब प्रत्येकका वर्णन कहते हैं। इन पांच भेदोंका प्रथक् प्रथक् वर्णन करना ही अजीवका वर्णन होगा क्योंकि अवयवके वर्णनसे अवयवीका वर्णन हो जाता है जैसे तना, शाखा, टहनी, पत्ता आदि वृक्ष सम्बन्धी अवयवोंका वर्णन करना ही वृक्षका वर्णन है।

पुद्गल द्रव्यका लक्षण "स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्गलाः" ऐसा किया है। जो स्पर्श, रस, गन्ध, वर्णसे सहित हो उसे पुद्गल कहते हैं।

पूरयन्ति गलयन्ति इति पुद्गलः यह पुद्गल शब्दकी निरुक्ति है।

स्पर्शादिकी निरुक्ति निम्न प्रकार है। "स्पृश्यते स्पर्शः, जानी जो छुआ जाय, उसी

प्रकार रस्यते रसनमात्रं वा रसः, गन्ध्यते गन्धमात्रं वा गन्धः, वर्ण्यते वर्णनमात्रं वा वर्णः" की निरुक्तिया हैं।

पुद्गल द्रव्य अनन्तगुण समूह स्वरूप है। यहां भी जीव द्रव्यकी तरह उत्पाद व्यय ध्रौव्यकी सिद्धि होनेसे द्रव्यका लक्षण अच्छी तरह घटित होता है। जीव तथा पुद्गल द्रव्य का अनादिकालसे आपसमें सम्बन्ध होता चला आ रहा है जैसे कि सुवर्ण जो कि खानसे तुरन्त निकाला जाता है, किट्टिमा कालिमा अंतरङ्ग मलसे लिप्त होता है और अग्नि आदिके संसर्गसे वह मैल दूर कर दिया जाता है उसी प्रकार जब इस जीवके पूर्वोपार्जित कर्मोंकी निर्जरा होने लगती है और संवरके बलसे आनेवाले कर्मोंका आना रुक जाता है तब सम्पूर्ण कर्मका क्षय होजानेसे जीवकी मुक्ति होजाती है तो संसारी अवस्थामें जीवकी पूर्वपर्यायका विनाश होनेसे व्यय, नवीन पर्यायके उत्पन्न होने उत्पाद और जीवत्व सदा ही रहता है अतः ध्रौव्य, ये तीनों ही गुण जीव द्रव्यमें अच्छी तरहसे घटित हो जाता है अतः द्रव्यका लक्षण जीव द्रव्यमें सिद्ध होता है।

(शङ्काकार) जब कि कर्मोंके अभाव होनेसे मुक्त जीवोंके शरीर रहता ही नहीं है तब फिर मुक्त जीवमें उत्पादादि कैसे होंगे।

यह भी ठीक कहीं है क्योंकि मुक्त जीवोंके अगुरुलघु गुणके द्वारा षट् स्थान पतित हानि वृद्धिसे उत्पादादि बन जावेंगे।

संसारी जीवोंमें इस तरह भी उत्पाद व्यय ध्रौव्य बन सक्ते हैं।

पुद्गलोंमें पूर्वपर्यायके विनाशसे और उत्तर पर्यायके प्रादुर्भावसे उत्पाद व्यय बन जाते हैं। कभी भी पुद्गलका सर्वथा विनाश नहीं होता अतः ध्रौव्यता भी रहती ही है।

दूसरे जो पुद्गलमें स्पर्श रस गन्ध वर्ण गुण पाये जाते हैं वे सर्वथा एकसे नहीं रहते, स्पर्श कभी कोमलता, कभी कठिनता, उष्णता, शीतता, लघुता, गुरुता, स्निग्धता, रूक्षता इन आठ तरहसे परिणत होता रहता है। रसमें चिरपरा, कडुआ, खट्टा, मीठा, कषायला ये पांच भेद हैं तथा गन्धमें दुर्गन्ध सुगन्ध इस तरह दो। वर्णमें नील, पीत, श्वेत, श्याम, लाल ये पांच भेद है। इन बीस भेदोंके सिवाय विस्तारसे उत्तर भेद संख्यात असंख्यात अनन्त भी हो सकते हैं।

(शंका) जब कि लोक असंख्यातप्रदेशी है तो उसमें अनन्त प्रदेशवाला पुद्गल स्कंध कैसे आ सकता है।

ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये क्योंकि एक एक आकाशके प्रदेशमें भी सूक्ष्म परिणामसे परिणत अनन्तानन्त प्रदेशी स्कन्ध आ सकता है ऐसा आगममें कहा है। पुद्गल द्रव्यकी शब्द, बन्ध, सौक्ष्म्य, स्थौल्य, संस्थान, भेद, तम, छाया, आतप, उद्योत ये १०

मुख्य पर्याय हैं। भाषात्मक और अभाषात्मक इस तरह शब्द दो तरहके होते हैं। भाषात्मक भी दो भेद वाला १ अक्षरात्मक दूसरा अनक्षरात्मक। अक्षरात्मकके प्राकृत संस्कृत देशभाषा आदि अनेक भेद हैं। अनक्षरात्मक भाषा द्वीन्द्रियादिकोंमें और अर्हन्त देवकी दिव्य-ध्वनिमें पाई जाती है। भाषात्मकके सभी भेद परके प्रयोगसे होते है अतः प्रायोगिक है। अभाषात्मक शब्द दो प्रकारके होते हैं। एक प्रायोगिक दूसरे स्वाभाविक। मेघादिककी ध्वनि स्वाभाविक होती है और प्रायोगिकके १ तत २ वितत ३ घन ४ शौषिर ये चार भेद हैं। विस्तृत चर्मके शब्दकोतत, सितार, सारङ्गी आदिकी आवाज़को वितत, घंटा आदिकी ध्वनिको घन, और हवासे जो शंख आदिककी आवाज़ होती है उसे शौषिर कहते हैं।

बन्ध दो प्रकारका है—एक स्वाभाविक दूसरा प्रायोगिक। सूक्ष्मता भी दो तरहकी होती है— एक अन्त्य दूसरी आपेक्षिक। स्थूलताके भी यही दो भेद समझना। संस्थान (आकृति) नियत स्वरूप, अनियत स्वरूपसे दो भेद वाला है। भेद पृथक् भावको कहते हैं और वह उत्करपूर्णादि भेदसे ६ प्रकारका है। तम अन्धकारको कहते हैं। छाया आवरणको कहते। जिसकी उष्ण प्रभा हो उसे आतप कहते हैं और यह सूर्य या अग्निसे उत्पन्न होता है। जिसकी प्रभा उष्ण नहीं होती है उसे उद्योत कहते हैं, यह चन्द्रसे उत्पन्न होती है। कहा भी है कि—"आदावो होदि उण्ह साहियपहा"

"उण्हूण वहाहु उज्जो ओ"

अर्थात् उष्णप्रभा सहित आतप और उष्णप्रभा रहित उद्योत होता है, ये पुद्गलके १० भेद हैं।

पुद्गलके इस प्रकारसे भी भेद किये जासक्ते हैं। सूत्रमें पुद्गल दो प्रकारका है—एक स्कंध दूसरा अणु।

जिसमें उठाना रखना आदि क्रियाओंका व्यवहार हो और स्थूल हो उसे स्कंध कहते। द्वयणुक आदिमें रूढ़िके वशसे लक्षण विना घटित होते हुए भी स्कंधता मानी गई है। जो सिर्फ एक प्रदेशमात्र हो उसे अणु कहते हैं। यह अणु अक्षादि प्रत्यक्षगोचर नहीं है। सर्वज्ञ भगवान् ही इसे जानते हैं। प्रत्येक अणु छकोण वाला है और आकाशके एक प्रदेशमें रहनेवाला है। इसमें अत्यन्त सूक्ष्मता होनेसे आदि अंत मध्यकी व्यवस्था नहीं की जा सकती क्योंकि जो ही इसका आदि है वही मध्य और अन्त है जैसे कि किसीके एक पुत्र हो तो उससे पूछा जाय कि तुम्हारा सबसे बड़ा पुत्र कौन है तो वह उसे ही पहला छोड़ और मध्यम पुत्र बतलावेगा। पुद्गल द्रव्यकी सिद्धिके लिए सर्वतः प्रथम यह उचित है कि अणुकी सिद्धि कर ली जाय। अणु की सिद्धि हो जाने पर कि बहुसे बहुत भी स्कन्ध सिद्ध किया जा सकता है। अणु दृष्टि अगोचर नहीं दिखाई देता तथापि

उसका अभाव भी नहीं कहा जासकता, क्योंकि बहुतसे पदार्थ कालान्तरित (जो वर्तमान कालमें नहीं पाये जाय) हैं जैसे राम सीता लक्ष्मण रावणादि देशान्तरित (जिस देशमें जाननेवाला मौजूद हो उस देशमें न पाये जाय) जैसे सुमेरु हिमालय आदि, इन पदार्थोंकी जैसे अनुमान व आगम प्रमाणके द्वारा सिद्धि की जाती है। अणुकी भी उसी तरह अनुमानसे व आगमसे सिद्धि की जासकती है, अणु है क्योंकि यदि अणु नहीं होता तो संसारमें स्थित अणु पिण्ड स्वरूप ये पदार्थ देखनेमें नहीं आते। इस अन्यथानुपपत्ति रूप हेतुसे अणुकी सिद्धि की जाती है। आगम तो इसके लिए साक्षी है ही।

कोई कोई परमाणुको सिर्फ कारण ही मानते हैं यह उनका मानना अनुचित ही है क्योंकि "भेदादणु" अर्थात् पदार्थोंमें भेद करनेसे अणु होता है। किसी मिले हुए पदार्थका यहां तक भेद हो जाय कि जिससे फिर उसके भेद न हो सकें तो वह जो अन्त दशापन्न पदार्थ होगा, वह ही परमाणु बोला जायगा अतः भेदके द्वारा अणुके उत्पन्न होनेसे अणुको कार्य भी है। परमाणुमें उत्पाद व्यय ध्रौव्य भी संघटित है क्योंकि उसमें स्निग्धादि गुणोंका उत्पाद और व्यय होता रहता है। द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे परमाणुकी न कभी उत्पत्ति होती है न कभी नाश होता है, अतः परमाणुमें द्रव्यका लक्षण अच्छी तरह घटित हो जाता है। स्पर्श रस आदि गुणोंका समुदाय ही परमाणु है अतः परमाणुमें स्पर्श आदिके भेद होनेसे भेद भी हैं और परमाणु फिर विभाग नहीं होता अतः परमाणु अभेद स्वरूप भी है। परमाणु सूक्ष्म परिमाणवाला है इस लिए कथंचित सूक्ष्म है और द्व्यणुकादि-सम्बन्ध होनेसे स्थूल स्कन्ध रूप होजाता इस लिए कथंचित स्थूल भी है। परमाणु द्रव्य रूपसे कभी विनाश नहीं होता अतः नित्य है और स्कन्ध रूपमें अनेक प्रकार इसका परिवर्तन होता रहता है अतः कथंचित अनित्य है। कार्यरूप अनुमा से परमाणु जाना जाता है अतः कार्यलिङ्ग है और प्रत्यक्ष ज्ञान विषय होनेकी अपेक्षा कार्यलिङ्ग नहीं है अर्थात् मानना चाहिये कि —

अणुमें भी अनेकान्तताका अच्छा साम्राज्य है।
स्कन्धके विषयमें कुछ विशेष कहना नहीं है॥

स्कन्धके स्कन्ध, स्कन्धदेश, स्कन्ध प्रदेश इस तरह तीन भेद हैं।

स्कन्धके पृथ्वी, अप, तेज, वायु ये चार भेद भी हैं।

नैयायिक लोग पृथ्वी, जल, वायु, अनल (अग्नि) को अलग २ स्वतन्त्र पदार्थ मानते हैं। पृथ्वीमें स्पर्श रस गन्ध और वर्ण ये ४ गुण मानते है और पृथ्वीका लक्षण गन्धवती पानी गन्धयुक्त है ऐसा मानते हैं। जलमें स्पर्श रस वर्ण ये तीन ही गुण मानते हैं और शीतस्पर्शत्व आप शीत स्पर्शवाला जल है यह जलका लक्षण मानते हैं। अग्निमें वर्ण और

स्पर्श ये दो गुण मानते हैं और लक्षण उष्णस्पर्शवत्तेजः ऐसा मानते हैं। वायुमें रूप भी नहीं मानते सिर्फ स्पर्श ही गुण मानते हैं और रूप रहित स्पर्शवान् वायु ऐसा वायुका लक्षण कहते हैं। यह इनका मानना अविचारित ही है क्योंकि पृथ्वी आदि अलग पुद्गलसे भिन्न पदार्थ नहीं है। हम देखते हैं कि पृथ्वी रूप जो काष्ठ है वह जलकर अग्नि रूप हो जाता है तथा बारूद दियासलाई आदिमें अग्निका उष्ण स्पर्शवत् लक्षण नहीं भी है तथापि ये जलकर अग्नि रूप ही होजाते हैं और अग्नि बुझ चुकनेके बादमें फिर पृथ्वी रूप हो जाती है। स्वाति नामक नक्षत्र विशेषमें वर्षा होते समय यदि जल बिन्दु सीपमें पड़ जाय तो वही पार्थिव रूप मोती बन जाती है। जिस आहार वर्गको हम ग्रहण करते हैं वही पित्तरूप (उदराग्नि) परिणत हो जाती है अतः पृथ्वी आदि स्वतंत्र पदार्थ नहीं माने जा सकते तथा जो अपने पृथ्वीमें स्पर्शादि चारों ही, जलमें गन्ध बिना तीन, अग्निमें रूपस्पर्श और वायुमें केवल स्पर्श माना था सो यह भी तुम्हारा मानना न्याय नहीं कहा जा सकता, क्योंकि जिनमें परस्पर अविनाभाव सम्बन्ध है वे एक दूसरेके बिना कभी नहीं रह सक्ते, इनका अविनाभाव किस तरहसे है और पृथ्वी आदिका जीव पुद्गलादि किस किसमें अन्तर्भाव होता है यह हम पदार्थोंकी व्यवस्था जहां निर्णय की है वहां लिख आये हैं अतः यहां पुनरुक्ति, क्लेश वृद्धि, समयाभाव, और निरर्थक होनेसे नहीं लिखते हैं। आशा है कि इस प्रकरणके जिज्ञासु जहां यह विषय लिखा गया है उन पत्रोंमें देखनेका कष्ट उठावेंगे।

परमाणुकी तरह स्कन्धमें पूर्व अपर अवस्था विनाश उत्पाद होने द्रव्यका लक्षण अच्छी तरह घटित हो जाता है। ध्रौव्यता इनके सर्वथा नाश न होने सदा बनी ही रहती है।

पृथ्वी आदि पुद्गलत्वकी अपेक्षा आदि रहित हैं। उत्पत्तिकी अपेक्षा तो अनादि नहीं कह सक्ते क्योंकि उत्पत्तिवाला सादि ही होता, इस तरह पुद्गल द्रव्यकी आवश्यकता और सिद्धिका विषय समाप्त किया।

सारांश—पुद्गल द्रव्य यदि नहीं होगी तो संसारकी प्राणभूत पदार्थ व्यवस्था नहीं बन सकते अतः पुद्गल द्रव्यकी आवश्यकता है। परमाणुके सिद्ध होनेसे पुद्गल द्रव्यकी सिद्धि है ही। अतः जीवद्रव्यवत् पुद्गलद्रव्यको भी मानना चाहिये।

धर्म अधर्मका निरूपण तथा आवश्यकता।

उक्त कथनमें पुद्गलकी अच्छी तरहसे सिद्धि की गई है। यहां धर्म अधर्मके विषयमें लिखते हैं—प्रथम धर्मद्रव्यका लक्षण श्री कुन्दकुन्दाचार्यने इस प्रकार किया है—

धम्मत्थिय कायमरसं अवण्णगंधं असद्दमप्फासं।
लोगोगाढं पुट्ठं पिहुलमसंखादि य पदेसं ॥ १ ॥

अगुरुगलघुगेहिं सया ते हिं अणंते हि परिणदं णिच्चं ।
गदिकिरिया जुत्ताणं कारणभूदं सयमकज्जं ॥ २ ॥
उदयं जह मच्छाणं गमणाणुग्गहपरं हवदिलोये ।
तहजीव पुग्गलाणं धम्मं दव्वं वियाणे हि ॥ ३ ॥

भावार्थ–धर्मास्तिकाय स्पर्श रस गन्ध वर्ण और शब्दसे रहित हैं अतएव अमूर्त है, सकल लोकाकाशमें व्याप्त है, अखण्ड विस्तृत और असंख्यात प्रदेशी हैं, षट्स्थान पतित वृद्धिहानि द्वारा अगुरुलघु गुणके कारण अविभाग प्रतिच्छेदोंकी हीनाधिकतासे उत्पाद व्यय स्वरूप है । स्वरूपसे कदापि च्युत न होनेके कारण नित्य है । गति विक्रिया युक्त जीव पुद्गलोंके गमनमें सहायक हैं । आप किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ है अत अकार्य है । जल मत्स्यादिकोंके गमनमें स्वयं न चलकर जैसे सहकारी है उसी प्रकार जीव पुद्गलोंके साथ स्वयं न गमन करता हुवा उनके (जीव पुद्गलके) गमनमें सहकारी मात्र है । यहां यह लक्ष्य रखना चाहिये कि धर्म अधर्म शब्दका उपयोग इष्ट अनिष्टमें भी आता है । लोकमें पुण्य पापको भी धर्म अधर्म कहते हैं जिसमें कि धरतीति धर्म न धर्मः अधर्म ये व्युत्पत्तियां हैं । ये धर्म अधर्म शब्द गुणवाचक हैं लेकिन इन कथनगत धर्म अधर्म शब्द द्रव्यवाची हैं ।

गोहाना—में नवीन मंदिरमें मुनह पूजन हुई दुपहरको सब शास्त्रोंको धूप लगाई गई थी। रात्रिको सभा की गई जिसमें पं० जिनेश्वरदासजीने श्रुतपंचमी पर व्याख्यान दिया और कविता सुनाई थी।

बम्बई—में श्रुतपंचमीके दिन सुबह श्रीमान् त्यागी ऐलक पन्नालालजीके हस्तसे सेठ सुखानंदजीकी मनोहर धर्मशालाके खास भवनमें 'ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन' की स्थापना हो गई। यह झालरापाटनके भवनकी शाखा रूप रहेगा।

दान—टीकमगढ़के स० सिं० फूलचन्दजीने रोगाक्रांत होनेपर ५००) पपौरा पाठशाला तथा ५००)का मकान पपौराक्षेत्रको दिया है।

मुनि—चंद्रसागरजी, त्यागी पन्नालालजी आदि त्यागी ब्रह्मचारी कहां विराजमान हैं और कौन कहां चातुर्मास करेंगे इसकी सूचना जिनको मालूम हो हमें अवश्य लिखें क्योंकि आगामी अंकमें चातुर्मासके समाचार प्रकट करना है।

कुन्थलगिरि—के कुलभूषण ब्रह्मचर्य आश्रमका कार्य अधिष्ठाता ब्र० पार्श्वसागरजी द्वारा खूब बढ रहा है। ७६ ब्र० और अनाथ शिक्षा पा रहे हैं। १२००) मासिकका खर्च है। संस्थाओंको दान करते समय इस आश्रमको भी कुछ न कुछ दान अवश्य भेजना चाहिये।

दिग्विजयसिंहजी अभी नहीं छूटेंगे—फैजाबाद डि० जेलसे ब्र० कुंवर दिग्विजयसिंहका पत्र आया है कि इटावामें राष्ट्र सेवा करते हमें १॥ वर्ष सश्रम कैद और २००) दंडकी शिक्षा हुई थी परंतु पीछेसे ६ महीकी सजा कर देनेकी हमें खबर मिली थी और उस प्रमाण

हम ता० २१ जूनको छूटनेवाले थे परन्तु अभी अधिकारियोंने खबर दी है कि जुरमाना माफ नहीं हुआ है इससे २००) जुरमाना न दोगे तो ३ मास विशेष सजा भोगनी होगी और हम दंड तो देवेंगे ही नहीं इससे ता० २१ सप्टेम्बरको छूटेंगे।

आश्रम जयपुरमें—श्री ऋषभ ब्रह्मचर्य आश्रम हस्तिनापुरसे जयपुरमें लाया गया है तबसे विशेष २ उन्नति कर रहा है। अधिष्ठाता ब्र० ज्ञानानंदजी तो वहां ही रहते हैं और ब्र० भागीरथजी वर्णी व ब्र० ठाकुरप्रसादजी भी वर्षा ऋतुमें यहां ही ठहरेंगे। जयपुर राज्य व जयपुर के जैन भाइयोंकी आश्रमकी तरफ सहानुभूति है। श्रीमान सेठ सर्वसुखदासजी खजानचीकी नसियां है।

पानीपतमें—जैन उपदेशक सभा तन मन धनसे उपदेशका खूब कार्य कर रही थी परंतु उसके उत्साही उपदेशक प० मोतीप्रसादजीकी अभी मृत्यु होगई इससे उपदेशका कार्य बन्द पड़ा है और नवीन उपदेशककी आवश्यकता है।

अजमेर—में जेष्ठ वदी ९को छहों घंटोंकी विराट् सभा रा० बा० सेठ टीकमचन्दजीके सभापतित्वमें हुई थी जिसमें व्यावरके सि० सेठ मोतीलालजीके वियोग पर दुःख प्रकट किया गया व जाति सुधार संबंधी प्रस्ताव पास हुआ कि मृत सम्बन्धी कढी खीचडी, तीसरा, बारवां, तेरवां व पंचायती इत्यादिसे छुट्टी फाडकर मोसर करे उसके एक दिनके जीमनके सिवाय सब जाति जीमन बंद रहेंगे। ब्याहके वक्तके सिवाय पहरावण के वक्तके और सब पंचायती पतासे बन्द हैं आदि। श्री० सेठ टीकमचन्दजी खुद हरएक प्रस्तावका बराबर अमल कराते हैं।

उष्ण ऋतु

उष्ण ऋतुका आगमन जबसे हुआ देखो यहां।
तप रहा है देश सारा धूप पडती है महां ॥टेक॥
भाते नहीं कपडा हमें नहीं अग्निकी कुछ चाह है।
तेज गरमी पड रही अब भागकर जावें कहां ॥
देहसे देखो पसीना रात्रि दिन बहता रहे।
पोंछते रूमालसे ये हाथ थकि जाते अहा ॥२॥
श्वास व्याधा त्रास देती कल नहीं पड़ती हमें।
नीर ठंडेकी सदा दरकार होती है यहां ॥ ३ ॥
करते पंखासे पवन [illegible] बैठे सदन।
नीर ठंडा पान करते किंतु व्याकुल हैं महा ॥४॥
कोई मिश्री घोल पीते कोई ठंडाई बना।
करते अनेकों यत्न गर्मीके बचानेका यहां ॥५॥
तेज पडती धूप बहु बाहर निकलना है कठिन।
तातीं २ वायु चलती जोरसे देखो जहां ॥ ६ ॥
भूमिकी रज उड चली आकाश मानो ढक दिया।
मार्ग कंटक पूर्ण होगये वृक्ष कुम्हलाते महां ॥७॥
सरिता सरोवर सूखकर मानो हुए मैदान है।
सह रहे तकलीफ भारी रात्रि दिन प्राणी यहां ॥८॥
जंगली तिर्यंच सारे धूपके व्याकुल हुए।
दौडते फिरते पहुंचते वृक्षकी छाया जहां ॥ ९ ॥
इस तरहसे उष्ण ऋतुमें लोक जन विह्वल हुए।
किंतु मुनिजन उष्ण ऋतुकी परीषह सहते महा ॥
शैल शिखरारूढ हैं जहां रविकिरण पडती प्रखर।
आत्मबलसे जीतते हैं उष्णकी व्याधा महा ॥ १० ॥
धन्य ऐसे साधु जिनने मोह छोडा देहका।
उनके चरण स्पर्शी प्रेमी, उष्ण ऋतु व्यापे कहां ॥ ११ ॥

गोरेलाल पंचरत्न।

प्रकृत-पेय।

प्रकृत-पेय केवल दो जगमें,
प्रथम दुग्ध पुन शीतल नीर।
किन्तु, आप पीते हैं कितने,
बने हुए पानी या क्षीर?
सभी बनावट पेय द्रव्यमें,
रहता है पानी का भाग।
मिले हुए जो अन्य पदार्थ,
उनको दीजे बिलकुल त्याग॥
यदि वे पीने योग्य ठीक थे,
यदि करते वे स्वास्थ्य सुधार।
तो मंगलमय प्रकृति मातु स्वयं
करती उनका विधिवत प्रचार॥
सोडावाटर, बरफ लेमनेट,
भाँति भाँतिकी बनी शराब!
छोड़ो, यह सब जीवननाशक,
छोड़ो, यह सब वस्तु खराब॥
दूध और पानीको तजकर,
अन्य नहीं पीनेके योग्य।
चाहो रोग पिओ इन सबको,
छोड़ो यदि चाहो आरोग्य॥
वही साधु है शुद्ध हृदय है,
ताज़ा जल पीता जो छान।
वही आत्मिक शक्ति बढ़ा सा,
वही प्राप्त कर सकता ज्ञान॥

वैद्य] नयन।

स्वर्गवास—प्रतिष्ठाकारक सि० सेठ मोतीलालजीके अकस्मात वियोग होजानेसे मेला प्रतिष्ठा व खंडेलवाल महासभा आदि सभी उत्सव बंद (स्थगित) रखा गया था।

उन्नतिका उपाय।

प्यारे सज्जनो, जैन जातिकी उन्नति करना प्रत्येक श्रावकका प्रथम धर्म है अतः प्रत्येक श्रावकको जैन जातिकी उन्नति करनेके लिए उत्तमोत्तम कार्य करने चाहिए। उत्तमोत्तम कार्यमें अपनी बुद्धि अनुसार आपके हितार्थ लिखता हूं सो ध्यान पूर्वक आप उन अत्युत्तम कार्योंको संसारमें प्रचार करेंगे ऐसी आप महाशयोंसे आशा रखता हूं।

(१) पहला कार्य यह है कि प्रत्येक ग्राममें श्रावकगण पाठशालाएँ स्थापित करें कि जिससे श्रावकोंका अज्ञान रूपी अंधकार दूर हो।

(२) दूसरा कार्य यह है कि जैनी भाई कन्या विक्रयका कार्य शीघ्रमेव बंद कर दें। क्योंकि कन्या विक्रय करनेसे जैन धर्मका नाश हो जायगा क्योंकि जैन शास्त्रोंमें कहीं भी कन्या विक्रय करना नहीं लिखा है।

(३) कार्य यह है कि बाल विवाह और वृद्ध विवाह शीघ्रमेव बंद कर दें क्योंकि बाल विवाह और वृद्ध विवाह करनेसे विधवाओंकी तादाद बहुत बढ़ गई है और व्यभिचार बहुत ही बढ़ रहा है।

(४) चौथा कार्य यह है कि प्रत्येक जैनीमें एकता होनी चाहिए और एकता होनेपर खादीके कपड़ोंका कार्य अर्थात चरखे और खद्दरी काढ़ेका व्यापार करना चाहिए जिससे कि रुपयेकी बचत रहे और जैन जातिकी उन्नति हो।

चादमल जैन विद्यार्थी।
धानापुर, शाहाबाद।

षट्द्रव्यकी आवश्यकता और उनकी सिद्धि।

जैन साहित्य सभा लखनऊका लेख नं० २

(लेखकः—पं० अजितकुमार शास्त्री—मुंबई)

इन्द्रवज्रा—ध्यानाग्निद्वारा विधिको नशाया, संसारका ताप सभी मिटाया।
दुःखार्तप्राणी बहुवार तारे, मेटो प्रभो! ये दुखपुंज सारे॥

प्रियवर सज्जन समान!

यह संसार एक महासागर है जिसके अगाध जलमें दृश्यमान नाना प्रकारके अनेक जन्तु क्षारजलकी क्षारतासे, बडवानलकी तीव्र उष्णतासे तथा पारस्परिक कलहकी वेदनासे एवं भयावह महाकल्लोलोंके संघट्टसे असह्य पीडाको सहन करते हुए इधरउधर भटक रहे हैं किन्तु उस अपार पारावारकी शांतिदायिनी तटभूमिको न पानेसे उसी दुःखसागरमें दबे हुए और भी अधिक छटपटा रहे हैं। अथवा यह जगत एक महाउपवन है जिसमें चेतन तथा अचेतन दो प्रकारके वृक्ष लगे हुए हैं। जिस प्रकार अचेतन पौधे अनेक प्रकारके हैं तथैव चेतन वृक्ष भी विविध प्रकारके लगे हुए हैं। कोई महा उन्नत हैं, कोई लघु आकारके हैं। एवं कोई रमणीय मनोहर हैं और कोई महा असुन्दर हैं।

सारांश यह है कि यह संसार एक विशाल आश्चर्यभवन या अजायबघर है जहां पर अनेक प्रकारके समस्त पदार्थ एकत्रित किये गये हैं। अस्तु।

अब विचार इस विषय पर करना है कि जिसको सभी लोग जगत कह रहे हैं वह जगत वस्तुतः क्या पदार्थ है? और उसमें कितने प्रकारके पदार्थ विद्यमान हैं?।

जिस समय परीक्षाभवनमें हम पहला प्रश्न उपस्थित करते हैं उस समय हमको चारों ओरसे एक स्वरमें यही उत्तर मिल जाता है कि "दृश्यमान तथा अनेक प्रकारसे ज्ञायमान नाना पदार्थोंका समुदाय ही जगत है" यद्यपि इस उत्तरके विशेष विशेष अंशोंमें पारस्परिक अनेक विवाद हैं किन्तु सामान्य उत्तर समस्त पुरुषोंका समान ही है। अस्तु।

परन्तु जिस समय द्वितीय प्रश्न उपस्थित किया जाता है उस समय हमको अनेक उत्तर नाना प्रकारसे प्राप्त होते हैं। इस कारण इस विषयका पता लगजाता है कि इन सभी उत्तरोंमें वा मन्तव्योंमें सभी मंतव्य यथार्थ नहीं हैं किंतु यदि ठीक होगा भी; तो एक मंतव्य ही ठीक होगा। शेष सभी मत अयथार्थ (गलत) होंगे। अस्तु।

आज हम अपना अमूल्य समय इसी परीक्षामें व्यतीत करते हैं जिसका फल ऐसा मनोहारी फल निकालेंगे जो कि हमको अपूर्व, अनुपम तथा महा आनंद प्रमोद प्रदान करेगा जिससे कि हमारे समयकी बहुमूल्यता हमको अमूल्यता भेट करेगी।

हम सबसे प्रथम इस विषय पर ध्यान देते हैं कि जिन द्रव्योंके भेदोंका हमें निश्चय करना है उनका सामान्य स्वरूप तथा लक्षण क्या है ? तदनन्तर हम परीक्षक बनकर सारासारका विचार कर सकेंगे।

बहुत अनुसंधान करनेपर इस उपर्युक्त शंकाको दूर करनेके लिये हमको सारभूत द्रव्यका लक्षण यह प्राप्त हुआ है कि " जो गुण तथा पर्याय स्वरूप हो वही द्रव्य है " यानी गुण और पर्यायका जो आश्रय है वही द्रव्य है। यहां पर यह ध्यानमें रखना चाहिये कि गुण और पर्याय ऐसे नहीं हैं कि द्रव्यसे पृथक् रहकर उसमें फिर आ मिलें हों किन्तु जैसे वृक्षमें शाखाएं हैं शरीरमें अंग तथा उपांग हैं तथैव द्रव्यमें गुण और पर्याय हैं। अथवा गुण, पर्यायके अतिरिक्त द्रव्य कोई भिन्न वस्तु नहीं है जैसे कि शाखा, पत्ते, फूल, फल आदिके विना वृक्ष कोई भिन्न पदार्थ नहीं है। इनमेंसे "द्रव्यकी सभी अवस्थाओंमें रहनेवाला और अन्य द्रव्योंसे भेद दिखलानेवाला ' गुण, है और उसी गुणकी नवीन २ जो दशाएं हैं वे 'पर्याय' कहलाती हैं। जैसे चेतन द्रव्यमें यदि ज्ञानगुण है तो वह ज्ञान बाल्य, यौवन, प्रौढ तथा कौमार आदि सभी दशाओंमें रहेगा किन्तु उस ज्ञानकी पर्याय प्रतिसमय नवीन नवीन ही होंगी यानी किसी समय पुस्तकरूप वह ज्ञान है अन्य समय पटरूप है तदनन्तर जलरूप है। आदि। यानी ज्ञानगुण जिस जिस नवीन हालतमें होगा उसकी पर्याय भी उसी रूपमें होंगी। इसी लिये सारांश यह निकला कि गुण द्रव्यके साथ सर्वत्र रहता है और पर्याय केवल एक ही समय तक रहती है।

यहां पर यह कह देना आवश्यक होगा कि प्रत्येक द्रव्यमें बहुतसे गुण रहते हैं जिनको किसी प्रकारसे गिन नहीं सके हैं अतएव उनकी संख्या अनंत शब्दसे ही कहेंगे। पर्यायोंकी संख्या भी द्रव्यमें ऐसी ही है। अब इस प्रकार द्रव्यकी परिभाषा हो गई कि "अनंत गुणोंका समुदाय एवं भूत, भविष्यत् तथा वर्तमानकाल संबंधी पर्यायोंका समूह ही द्रव्य है " क्योंकि एक समयमें एक गुणकी एक पर्याय और दूसरे समयमें उसी गुणकी दूसरी पर्याय हो जाती है। किन्तु यह बात ध्यानमें रहे कि गुणोंकी यद्यपि अनेक हालतें होंगी परन्तु उनका स्वरूप नहीं बदलेगा। जैसे मनुष्यकी यद्यपि बालक, युवा आदि अनेक दशा होंगी परन्तु वह उन सभी दशाओंमें मनुष्य ही रहेगा अन्य नहीं होगा।

हम इसीसे पता लगा सके हैं कि द्रव्य क्या वस्तु है और गुण क्या है ?। अस्तु।

इसी द्रव्यका यदि अन्य प्रकारसे लक्षण बनाया जाय तो इस प्रकार बनता है कि " जो उत्पाद, व्यय तथा ध्रौव्य रूप है वही द्रव्य है " अर्थात् उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य जिसमें मिले वह द्रव्य है।

नवीन पर्यायका उत्पन्न होना उत्पाद है। पहली पर्यायका नष्ट होना व्यय है और पूर्व स्वभावकी जो स्थिर दशा है वह ध्रौव्य है। ये तीनों वस्तुनामक गुणकी हालतें हैं। और यही सत्गुण द्रव्यका एक मुख्य लक्षण है। जिस प्रकार द्रव्यका पूर्वोक्त लक्षण प्रमाणिक है और इसीलिये यथार्थ है। उसी तरह यह लक्षण भी प्रमाणसिद्ध है क्योंकि द्रव्य जिस प्रकार किसी अपेक्षासे नित्य है तथैव किसी अपेक्षासे परिणामी यानी बदलनेवाली भी अवश्य है। यदि ऐसा न हो तो प्रत्येक वस्तु जैसी है हमेशा वैसी ही रहनी चाहिये बिलकुल न बदलनी चाहिये। किन्तु ऐसा कहीं भी नहीं देखा जाता है। हम देखते हैं किसी समय खेतमें बीज था उसके दूसरे समय वहां अंकुरा हो गया है उसके पीछे छोटा पेड़ है तदनन्तर वहां बड़ा पेड़ होगया और फलोंसे परिपूर्ण बन गया। अन्तमें समय पाकर अपने आप सूख गया, यह एक वृक्षका दृष्टांत है। किन्तु यह हालत सभी पदार्थोंकी है। प्रति समय नवीन २ हालतोंमें बदलती हुई ही वस्तुएँ दृष्टिगोचर होती हैं। किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि वे बिलकुल ही बदल जाती हैं। क्योंकि यह नियम है कोई भी पदार्थ न तो बिलकुल नष्ट ही होता है न सर्वथा नवीन ही उत्पन्न होता है। जिस समय पदार्थ नई अवस्थामें आता है उस समय यद्यपि अपनी पहली पर्यायसे नष्ट हो जाता है। किन्तु अपने स्वभावसे नष्ट नहीं होता है। आम यद्यपि हरे रंगसे पीले रंगका हो गया परन्तु उसमें रंग नामक गुण तब भी था और वह अब भी है। मनुष्यकी बाल्यदशा नष्ट होकर युवावस्था उत्पन्न हो गई किन्तु जो मनुष्यता पहले थी वह अब भी है। हां! पर्याय पलट गई है इससे सिद्ध होगया कि वस्तुमें प्रत्येक समय उत्पाद, व्यय तथा ध्रौव्य अवश्य रहते हैं जिससे कि नवीन परिणमन भी होता है और अपनी स्वभावका नाश भी नहीं होता है। इसलिये ऐसा नियम बन गया कि जो वस्तु उत्पन्न होती है वही नष्ट होती है और वही स्थिर भी रहती है। तथा जो पदार्थ नष्ट होता है, वही उत्पन्न होता है और वही स्थिर भी रहता है। एवं जो द्रव्य किसी प्रकार स्थिर है वही उत्पन्न होता है और नष्ट भी वही होता है।

यह नियम जब कि प्रत्यक्ष अनुभव आदि प्रमाणोंसे निर्बाध सिद्ध है तब परिभाषा इस रूपमें होगी कि जो पदार्थ उत्पन्न हुआ था वही उत्पन्न हो रहा है और वही उत्पन्न होगा तथा जो पहले नष्ट हुआ था, वही नष्ट हो रहा है और वही नष्ट होगा। इसी प्रकार जो वस्तु अपने स्वभावमें स्थिर थी, वही स्थिर है और वही स्थिर रहेगी।

सारांश यह है कि यह नियम त्रैकालिक है। इस लिये द्रव्य उत्पन्न होती हुई तथा नष्ट होती हुई भी अपने स्वभावमें स्थिर रहती है।

इसका अर्थ कुछ महाशय ऐसा लगाते हैं कि द्रव्य पर्यायकी अपेक्षा ही परिणामी

है, गुणोंकी अपेक्षा ध्रुव (अविनाशी) है। वे महाशय अपनी समझमें भूल करते हैं। क्योंकि द्रव्योंकी पर्यायें जैसे किसी कारण अनित्य अथवा उत्पाद व्ययवाली है उसी प्रकार वे ध्रौव्यवाली भी किसी अपेक्षासे हैं। और द्रव्योंके गुण जिस प्रकार ध्रौव्यात्मक यानी नित्य मालूम होते हैं। वे ही गुण किसी तरह अनित्य भी दीखते हैं अथवा इसको इस तरह कहना चाहिये कि उत्पादमें व्यय और ध्रौव्य निवास करते हैं। और व्ययमें भी उत्पाद उत्पाद तथा ध्रौव्य रहते हैं एवं ध्रौव्यमें भी उत्पाद, व्यय अवश्य पाये जाते हैं। यह बात इस तरह सिद्ध होती है कि यदि पर्यायमें कुछ भी नित्यता न हो तो वह क्षणभर भी न ठहर सकेगी और इस प्रकारसे पर्याय ही न रह सकेगी। पर्यायमें कुछ न कुछ नित्यता या स्थिरपन है तभी तो आम कभी हरा और कभी पीला दिखाई देता है। मनुष्य कभी बच्चा और कभी युवा दृष्टिगोचर होता है। अन्यथा किसी भी रूपमें न दीखेगा। इसी प्रकार गुण भी यद्यपि किसी अपेक्षासे ध्रौव्यात्मक है परन्तु किसी अपेक्षासे उत्पादव्यय स्वरूप परिणामी भी है क्योंकि यदि ऐसा न होवे तो गुणोंकी सदा एकसी ही हालत दीखनी चाहिये उसमें किसी भी प्रकार हेरफेर न होनी चहिये। आमका रूपगुण सर्वदा हरा या पीला ही रहना चाहिये, बदलना न चाहिये, रस भी खट्टा या मीठा ही सर्वदा रहना चाहिये किंतु ऐसा होना प्राकृतिक नियमके विरुद्ध है। अतएव गुण जिस प्रकार सामान्यतया अपरिणामी (नित्य) हैं। विशेषतया वे ही परिणामी भी अवश्य हैं।

इस सभी जंजालका यही सारांश है कि 'अनंत गुण तथा अनंत पर्यायवाली द्रव्य होती है। इसीको दूसरे ढंगसे ऐसा कह सके हैं कि उत्पत्ति, नाश तथा स्थिर दशाको धारण करनेवाला ही द्रव्य है।

अब द्रव्यका लक्षण तो पूर्णतया प्रमाणरूपी कसौटीपर तुल चुका जिससे कि हमको प्रकृत विषयपर विचार करनेका अवसर मिल गया। हमको प्रकरणानुसार प्रथम ही यह विचारना है कि वे द्रव्य कितनी हैं। और कैसे हैं ?। तत्पश्चात उसी प्रकरणकी अन्य शंका उपस्थित करके उनका निराकरण करेंगे।

जिस समय हम उपर्युक्त प्रश्नों हल करनेके लिये अपनी प्रतिभाको काममें लेते हैं, उस समय हमको ज्ञात हो जाता है कि इस विशाल संसारस्थलमें दो प्रकारके द्रव्य ही उपलब्ध होते हैं। अर्थात संसारमें जितने भी अनंत पदार्थ हैं वे दो जातिके हैं—एक तो चेतन हैं दूसरे अचेतन।

जिन पदार्थोंमें जानने देखनेकी शक्ति है उनको चैतन्यदशासे सहित होनेके कारण चेतन कहते हैं इनको ही 'जीव' शब्दसे पुकारते हैं। और जिनमें जानने, देखने,

सुख दुःखके अनुभव आदि चैतन्य शक्तिका विकाश नहीं है वे पदार्थ अचेतन हैं जिनको जड़ या अजीव भी कहते हैं। अस्तु। इन दो प्रकारोंको छोड़कर पदार्थोंकी तीसरी और कोई जाति नहीं है। सभी पदार्थ इन्हीं दोनोंके अन्तर्भूत हैं।

किन्तु पदार्थोंकी ये जातियां भी जड़वादके इस मध्याह्नकालमें कहना असमञ्जस हो जाता है क्योंकि इस समय मनुष्योंका बहु भाग इस सिद्धान्तको अटल तथा वास्तविक मान बैठा है कि "संसारमें केवल एक अजीव द्रव्य ही है। जिसको हम लोग जीव कहते हैं वह भी जड़ द्रव्यकी पर्याय है" इसको सिद्ध करनेके लिये वे प्रत्यक्ष, परोक्ष कई प्रकारके प्रमाण तथा दृष्टान्त उपस्थित करते हैं। अस्तु।

कुछ भी हो। यहांपर यह निश्चय नहीं किया जा सक्ता है कि विचारक व्यक्तियोंकी अधिक संख्या जिस मंतव्यको निश्चित करे वही मत यथार्थ होगा और सिद्धान्त भी वही हो सकेगा। क्योंकि संभव है कि वे सब मूलपर होवें और भेड़ियाधसानमें आकर उन मनुष्योंकी संख्या बढ़ गई हो। और उसके विरुद्ध कहनेवाला थोड़े मनुष्योंका समुदाय ही ठीक मार्गपर हो। क्योंकि परीक्षकोंका मार्ग यद्यपि आजकल चौड़ा हो गया है किन्तु कषाय और पक्षपातका भाव अभी तक मनुष्योंके हृदयसे विदा नहीं हुआ है। अन्यथा आर्षसमान सरीखा कुतर्की जनसमुदाय भी 'सृष्टिकर्तृत्व' सरीखे स्थूल विषयपर न उलझा रहता। अस्तु।

इसलिये जब हमने अपना अनुपम तथा अमूल्य समय विचारनेके लिये प्रदान कर दिया है तब हमारा प्राथमिक कर्तव्य है कि हम इस कंटकको भी अलग कर दें अन्यथा आवागमनके प्रारम्भमें ही मक्षिका छींक देगी जिससे एक पैर भी आगे न चल सकेंगे।

जड़वादको माननेवाले महाशय अपना सिद्धान्त इस प्रकार जमाते हैं कि "संसारमें केवल जड़ द्रव्य ही है। जीव भी इन्हीं अचेतन द्रव्योंके संगसे उत्पन्न हो जाता है। जगतमें पृथ्वी, जल, अग्नि, तथा वायु इन चार द्रव्योंके चार प्रकारके परमाणु भरे हुए हैं। उन्हीं परमाणुओंके परस्पर मिल जानेपर जल, पृथ्वी आदि अनेक प्रकारके पदार्थ बन जाते हैं। जिस प्रकार गुड़, महुवा, धतूरा आदिके मिलापसे गहरा नशा या बेहोशी लानेवाली मदिरा बन जाती है, उसी प्रकार पृथिवी, जल, अग्नि, वायु इन चार भूतके संयोग (मिलाप) होनेसे चेतन शक्ति उत्पन्न हो जाती है जिसको जीव कहते हैं। वास्तवमें जीव नामक कोई पदार्थ अलग स्वतंत्र नहीं है। इसलिये संसार केवल जड़ पदार्थसे ही भरा है" ये लोग इसी कारण ऐसा कहते हैं कि परलोक कोई वस्तु नहीं है। अस्तु।

इस मतको युक्तिशून्य, असत्य सिद्ध करनेके प्रथम उससे संबन्ध रखनेवाला कुछ विषय कह देना आवश्यक होगा जो कि इस प्रकार है।

जिस प्रकारका कारण होता है कार्य भी उससे वैसा ही होता है । अर्थात उपादान कारण जिस जातिका होगा कार्य भी उससे उसी जातिका उत्पन्न होगा । जैसे मनुष्यसे मनुष्य ही उत्पन्न होता है और घोड़ेसे घोड़ेकी ही उत्पत्ति होगी । तथैव चनेका बीज चनेका वृक्ष ही उत्पन्न करेगा और आमके पेड़पर आमका फल ही लगेगा उसपर केला कभी नहीं लगेगा । क्योंकि उस फलका कारण दूसरा ही है । इसलिये यह नियम बन गया कि चनेको चाहे जैसी भूमिमें बोवें और उसमें चाहे जैसा खाद दें किन्तु उससे गेहूं कभी नहीं होगा उससे चना ही होगा । आमके वृक्षपर हजारों प्रयत्न करने पर भी केला उत्पन्न न हो सकेगा ।

इससे हमको यह सार मिल गया कि जिस जातिका कारण होगा कार्य भी उससे उसी जातिका उत्पन्न होगा । अन्यथा नहीं ।

अब हम अपने प्रकरणपर आते हैं । जड़वादियोंका जो यह कहना है कि "गुड़ धतूरे आदिके मिलापसे जिस तरह शराब बन जाती है जीव भी उसी प्रकार पृथ्वी जलादिक चार भूतोंके मिलजानेपर बन जाता है । यह कोई अलग नया पदार्थ नहीं है" आदि इस विषयमें हमको प्रथम ही यह देखना है कि शराबमें जो मादक (नशा) शक्ति है वह उसके कारणोंमें है या नहीं है ? । क्योंकि उसके कारणोंमें ही यदि वह शक्ति होगी तब तो कोई आश्चर्यकी बात नहीं कि शराबसे बहुत गहरा नशा आता है क्योंकि वह नशा उसके कारणोंमें पहलेसे ही था । यदि उन कारणोंमें वह नशा नहीं होगा तो अवश्य ही एक आश्चर्यकी बात ठहरेगी ।

शराब बननेके उपादानकारण महुआ, धतूरा, गुड़ तथा एक मादक फलका चून आदि हैं । इन वस्तुओंको यदि अलग अलग ही कोई मनुष्य खावे तो उसको थोड़ा बहुत अवश्य नशा आ जाता है । शिरकी पीड़ा, बुद्धिका बिगड़ जाना, स्वस्थ दशा न रहना ये सभी बातें केवल एक एक पदार्थको भक्षण करनेसे ही होजाती हैं । यदि इन सबको मिलाकर कोई पाक तयार किया जाय तब तो वह नशा और भी बढ़ जायगा क्योंकि वे सब एक स्थानपर मिल गये हैं । बस यही शराबकी हालत है । जो चीजें अलग २ कम नशा लाती थी उन्होंको मिलाकर शराब बना लेनेपर उन वस्तुओंका मद तीव्र हो जाता है । और इसके सिवाय और कोई नवीन बात नहीं होती है । इससे यह सिद्ध हो गया कि शराबके कारण ही मादक हैं, उसमें यदि मादक शक्ति आगई तो कोई आश्चर्यकी बात नहीं । क्योंकि नशीले कारणोंसे जो पदार्थ उत्पन्न होगा वह नशीला अवश्य होगा । अस्तु ।

इसलिये जड़वादियों द्वारा दिया हुआ मदिराका दृष्टान्त तो टूट गया । अब प्रमाण विषयपर प्रकाश डालते हैं ।

" पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु इन चार भूतोंके द्वारा जीव उत्पन्न होता है अर्थात

जीवके उपादानकारण पृथ्वी, जलादिक हैं " भूतवादी इसी सिद्धान्तपर अपना पसीना बहाते हैं। अस्तु।

यहांपर हमको दो प्रश्न उठते हैं। कि इन चार प्रकारके भूतोंमेंसे केवल एक एक भूत ही जीवको उत्पन्न कर देता है। अथवा ये सभी मिलकर जीवको उत्पन्न करते हैं ?।

यदि भूतवादी जनता पहले पक्षको ग्रहण करके उत्तर दे अर्थात् केवल अलग २ एक ही पृथ्वी आदिक भूतसे जीव उत्पन्न होजाता है। तो फिर यह बिना किसी कष्टसे सिद्ध हो गया कि जीव चार प्रकारके उत्पन्न होते हैं। पहले पार्थिव (पृथ्वीसे उत्पन्न) दूसरे जलीय, तीसरे आग्नेय और चौथे वायव्य (वायुसे उत्पन्न) क्योंकि जब कि कारण चार प्रकारके हैं उनके कार्य भी चार प्रकारके ही होंगे। किन्तु यह बात कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होती है। जितने भी जीव प्रत्यक्ष होते हैं सभीमें जीवत्वगुण एक सरीखा मिलता है। यद्यपि मनुष्य, पशु, पक्षी आदि अनेक प्रकारके जीवोंका शरीर अनेक प्रकारका है किंतु उन सबमें ज्ञान या चैतन्यशक्ति सामान्यतया समान है। यह दूसरी बात है कि किसीमें ज्ञानकी मात्रा अधिक है और किसी जीवमें अल्प है किंतु इससे यह सिद्ध नहीं होता है कि " मनुष्यका जीव अमुक पदार्थसे बना है इस लिये उसमें ज्ञान सबसे अधिक है और हाथीका जीव अमुक भूतसे निकला है इस लिये उसमें मनुष्योंसे कम और पशुओंसे अधिक ज्ञान है। तथा गधा, ऊंट, बैल, उल्लू आदि अमुक भूतसे उत्पन्न हुए हैं इस लिये वे बुद्धिमें तथा समझनेमें गधा, उल्लू आदि ही हैं "।

क्योंकि एक जातिके जीवोंमें भी ज्ञानकी कमी बेशी मिलती है। मनुष्योंमें ही देख लीजिये, जितने मनुष्य हैं उनके ज्ञानमें उतने ही भेद हैं। सारांश यह है कि ज्ञान (चैतन्य) गुण सामान्यतया सभी जीवोंमें है। इसके अतिरिक्त जीवोंके शरीर भी चार प्रकारके नहीं मिलते हैं जिससे उपर्युक्त बात सिद्ध हो जावे किंतु जितने प्रकारके जीव अंतु हैं सभीके शरीर भिन्न २ प्रकारके हैं। इस लिये यथार्थ यही निकला कि पृथक् पृथक् केवल एक एक भूतसे ही जीव उत्पन्न नहीं होते हैं।

यदि कोई महाशय दूसरा पक्ष लें कि चारों भूत मिलकर जीवको उत्पन्न करते हैं। जैसे महुआ, गुड़ आदि मिलकर शराबको उत्पन्न कर देते हैं।

तो उनके लिये यह उत्तर तयार है कि जैसे उपादान कारणका धर्म कार्यमें आया करता है। जैसे घड़ेमें उसके उपादान कारण मिट्टीका धर्म आता है। महुआ आदि नशीले पदार्थोंका नशीला गुण उनसे बनी हुई शराबमें आजाता है। यह प्राकृतिक अटल नियम है। इसी प्रकार जीवमें जो चैतन्य गुण दीखता है वह उसके उपादान कारण जलादिकमें भी दीखना चाहिये। ज्ञानकी थोड़ी, अधिक मात्रा अवश्य दृष्टिगोचर होनी चाहिये।

किंतु ऐसा नहीं है। जल, पृथ्वी आदिमें अल्प भी ज्ञानशक्ति नहीं मालूम होती है फिर उनसे बने हुए जीवमें वह शक्ति कहांसे आ सक्ती है ?। आवेगी भी कहांसे ? ये सब कारण तो अचेतन हैं। इस लिये यह सिद्ध हो गया कि ये चारों भूत जीवके सजातीय नहीं हैं किंतु विजातीय हैं। और यह नियम ही है कि जिस जातिका कारण होगा, कार्य भी उससे उसी जातिका उत्पन्न होगा।

इस लिये यह सिद्ध हो गया कि अचेतन भूतोंसे चेतन जीव कभी उत्पन्न न हो सकेगा अन्यथा पृथ्वीसे जल और जलसे अग्नि भी पैदा हो सकेगी जिससे भूत चार प्रकारके ही हैं उनसे पदार्थ भी उसी जातिके उत्पन्न होते हैं, यह उनका सिद्धान्त बिगड़ जायगा। किन्तु होता ऐसा भी है, पार्थिव लकड़ीसे अग्नि, जलसे पार्थिव ओला और दीपककी अग्निसे पार्थिव कालल बन जाता है।

यहां यदि यह कहा जाय कि उन चार प्रकारके पदार्थोंसे शरीर बन जाता है और शरीरमें चेतनशक्ति अपने आप आजाती है अर्थात चेतन शक्ति शरीरका ही गुण है।

यह कहना भी पर्याप्त न होगा क्योंकि यदि ज्ञान शरीरका ही गुण होता तो शरीरके अनुसार ही उसमें कमी बेशी होती किन्तु ऐसा है नहीं, शरीर वैसा ही बना रहता है किन्तु जीवमें बहुतसे विकार हो जाते हैं। शरीर कभी मोटा हो जाता है कभी पतला। किन्तु ज्ञान उतना ही बना रहता है। मृतकका शरीर जैसेका तैसा बना रहता है किन्तु उसमेंसे चेतनशक्ति निकल जाती है। इसके अतिरिक्त जीव यदि शरीरका ही गुण-स्वरूप होता तो शरीरके अनेक खंड कर देने पर सबमें पृथक् पृथक् जीव मिलना चाहिये। जैसे कि बड़ेके अनेक खंड कर देनेपर सबमें मिट्ठी तथा उसका गुण अवश्य मिलता है। शरीरके खंडोंमें ऐसी बात मिलती नहीं है।

इस लिये अनेक पुष्ट प्रमाणोंसे अच्छी तरह सिद्ध हो जाता है कि जीव शरीरादिक जड़ पदार्थोंसे भिन्न एक निराला ही पदार्थ है जिससे कि संसारमें केवल जीव तथा अजीव दो ही द्रव्य हैं यह अनायास सिद्ध हो गया।

यहां पर इतना कह देना आवश्यक होगा कि जीव द्रव्यका संक्षिप्त वर्णन भी अधिक समय तथा स्थान चाहता है अतएव उसको यहीं छोड़ देते हैं। इसके सिवाय उसके भेद प्रभेद भी असंख्यात तथा अनंत हैं। उनको भी हम यहां बतलानेमें सर्वथा असमर्थ हैं। अस्तु। किन्तु इतना ध्यानमें रखना चाहिये कि सर्व जीवोंमें गुण तथा शक्तियां समान विद्यमान हैं यह दूसरा विषय है। किसी विशेष कारणवश किन्हीं जीवोंमें कोई गुण थोड़े व्यक्त हैं और कुछ जीवोंमें अधिक प्रगट हैं। सामान्यतया सभी जीव समान हैं।

अब अजीव द्रव्य शेष रहा जिसका व्याख्यान आवश्यक तथा अनिवार्य है। अस्तु। जीव द्रव्यको छोड़कर शेष जो भी द्रव्य हैं वे सभी अजीव द्रव्य हैं क्योंकि उन सभीमें चेतनराहित्य अथवा, अजीवत्व भाव विद्यमान है। अतएव सामान्यतया उन सभीको एक जातिका कह दिया जाय तो भी अनुचित न होगा। किन्तु उनको विशेष विशेष, अनिवार्य भेदोंके कारण विभक्त करना ही चाहिये।

अब अपना मानसिक बल इसी पर लगाते हैं कि अजीव द्रव्य कितने प्रकारोंमें विभक्त है अथवा हो सक्ता है।

तब सबसे प्रथम जीव द्रव्यको छोड़ देनेपर जितना भी कुछ दिखलाई देता है वह सभी पुद्गल द्रव्य ही दृष्टिगोचर होता है जिसको कि मूर्तिक द्रव्य भी कहते हैं। संसारमें चर्मचक्षुओंसे तथा इतर द्रव्येन्द्रिय ज्ञानेन्द्रियोंसे जो कुछ उपलब्ध होता है सभी पुद्गल द्रव्य है। यहांतक कि यदि सूक्ष्म विचार न किया जाय तो पुद्गल द्रव्यको छोड़कर जीव द्रव्य भी सिद्ध नहीं होता है। अस्तु।

पृथ्वी, पर्वत, समुद्र आदि जितने भी पदार्थ हैं सभी पुद्गल द्रव्यकी पर्याय है। यहां तक कि जीवद्रव्य जिस घरमें निवास करता है वह शरीर भी पुद्गलमय है। इसलिये इस पुद्गल द्रव्यको सिद्ध करनेका परिश्रम नहीं करना पड़ेगा क्योंकि जन्मान्ध पुरुष भी अपने ज्ञाननेत्रोंसे अथवा अन्य इन्द्रियोंसे सहजमें ही इस द्रव्यसे पूर्ण परिचय हो जाता है।

हां! एक बात अवश्य कहना है जो कि प्रायः अस्पष्ट तथा विवादास्पद है। वह यह है कि जिस प्रकार पुद्गलमें रूप गुण है और वह पूर्णतया स्पष्ट है उसी प्रकार उसके अविनाभावी या साथ साथ रहनेवाले तीन गुण और भी हैं। जिनका ज्ञान नेत्रेन्द्रिय के सिवाय अन्य इन्द्रियोंसे होता है। वे गुण रस, गंध तथा स्पर्श हैं जो कि प्रत्येक पुद्गल पदार्थमें अवश्य विद्यमान हैं।

इसलिये पुद्गल द्रव्यका यह लक्षण बन गया कि, "जिसमें रूप, रस, गंध तथा स्पर्श ये चार गुण पाये जाय वह पुद्गल है"। इन चारों गुणोंमेंसे किसी पदार्थमें चारों गुण ही व्यक्त हैं और कुछ पदार्थोंमें कोई गुण ही व्यक्त है शेष अव्यक्त रूपसे रहते हैं। किन्तु यह नियम है कि जहां इन चारोंमेंसे कोई एक गुण होगा वहींपर शेषके तीन गुण भी अवश्य मिलेंगे। यह नियम हमको उन अनेक प्रकारके नाना पदार्थोंके अनुभवसे ज्ञात हो जाता है। जैसे आपको खानेसे उसका मीठा रस मालूम हुआ, सूंघनेपर सुगंध भी उपलब्ध हुई। कोमल, ठंडा, भारी, चिक्कण, स्पर्श भी पाया गया। इसी प्रकार गुलाबके इत्रमें जैसे सुगंधि उपलब्ध होती है उसका रंग तथा स्पर्श भी उसी प्रकार मिलता है और स्वाद लेनेपर उसमें किसी न किसी प्रकारका रस भी मालूम होता है। हमको जब कि

ऐसा नियम या इन गुणोंका साहचर्य प्रायः सभी अनुभूत पदार्थोंमें मिलता है तब इसी कांटेसे हम सभी पुद्गलीय पदार्थोंका स्वभाव वेरोकटोक यथार्थ जान सक्ते हैं।

अतएव कोई महाशय जो ऐसे सिद्धांत बनाते हैं कि "जलमें स्पर्श रस तथा रूप है, अग्निमें स्पर्श तथा रूप है। तथा वायुमें केवल स्पर्शगुण ही विद्यमान है"। उनका यह सिद्धान्त स्वयमेव फिसलकर धराशायी हो जायगा। क्योंकि जलमें जब कि रस रूप स्पर्श पाये जाते हैं तब उसका अविनाभावी गंध उसमें अवश्य रहेगा। अग्निमें कोई न कोई गंध तथा कोई न कोई रस अवश्य है क्योंकि उसमें स्पर्श तथा रूप मिलता है इसी प्रकार वायुमें भी जब कि शीत या उष्ण स्पर्श एवं बन्धन पाया जाता है तो उसमें गंध, रूप तथा रस भी अवश्य होने चाहिये। जैसे आमका फल।

बात केवल यही है कि इन पदार्थोंमें कोई कोई गुण मुख्य तथा व्यक्त हैं शेषके गुण उतने तीव्र नहीं हैं किंतु हैं अवश्य। जैसे हींगमें बेलाके तेलमें केवल गंध गुणकी तीव्रता है किन्तु उसमें रस भी अवश्य रहता है, यही दशा उपर्युक्त पदार्थोंकी भी है। इस लिये भले प्रकार यह सिद्ध हो गया कि प्रत्येक पौद्गलिक पदार्थमें स्पर्श, रस गंध तथा रूप ये चारों गुण अवश्य पाये जाते हैं। अतएव प्रत्येक स्थलमें इन गुणोंमेंसे किसी एक गुणके रहने पर अवशिष्टके इतर गुण भी अवश्य रहेंगे। इस पुद्गल द्रव्यका भी व्याख्यान शक्तिसे बहिर्भूत है। अतएव इसके विशेष परिचयसे विराम लेते हैं।

अजीव द्रव्यमें एक प्रकारकी द्रव्य तो सिद्ध हो गई जो कि पुद्गल है। अब उसी अजीव द्रव्यको इतर प्रकार भी खोजना चाहिये।

यह विषय सभीसे सुपरिचित है कि कार्यको देखकर उसके कारणका अनुमान होता है। जैसे वृक्षको देखकर जान लेते हैं कि इसको उत्पन्न करनेवाला प्रथम ही बीज अवश्य होगा। मिट्टीकी छोटी डलीको देखकर पता लगा लेते हैं कि इसको बनानेवाले सूक्ष्म पुद्गल परमाणु हैं। आदि। इसके प्रथम ही यह बात भी ध्यानमें रहे कि प्रत्येक कार्यको उत्पन्न करनेके लिये जिस प्रकार उपादान कारणका उपस्थित होना आवश्यक है उसी तरह निमित्त कारणका होना भी अनिवार्य है। क्योंकि सूत रक्खा भी रहे किन्तु जुलाहा तथा करघा उपस्थित न होगा तो वस्त्र कभी न बन सकेगा। अस्तु।

लोकावर्ती जीव तथा पौद्गलिक सभी पदार्थोंका एक साथ गमन होना किसी बड़ा निमित्त कारणसे ही हो सक्ता है अन्यथा नहीं। जैसे तालाबमें एक साथ इधर उधर घूमनेवाले मछली, केंकड़ा आदि इनारों जलजंतुओंके आगमनमें जल निमित्त कारण है उसके बिना उनका गमन नहीं हो सक्ता है। तथैव अनेक जीव पुद्गलोंका ठहरना भी किसी निमित्तके बिना नहीं हो सक्ता है। इसलिये उस निमित्त कारणका होना भी अनि-

वाय है । जैसे घड़ेमें जल रक्खा हुआ है वह विना घड़ेके न रह सकेगा, उसके ठहरनेके लिये कोई न कोई बाह्य कारण अवश्य चाहिये । इस तरह दो प्रकारके कार्य देखनेसे उसके दो कारणोंका अनुमान होता है जिनके विना उपर्युक्त दोनों कार्य कभी नहीं हो सकेंगे । इस लिये दो अजीव द्रव्य और भी विद्यमान हैं जो कि अमूर्तिक हैं, इस बातका पूर्णतया निश्चय होता है । इन दो द्रव्योंका नाम धर्म तथा अधर्म है । चलते हुए जीव तथा पुद्गलको साधारण कारण धर्म द्रव्य होता है । किन्तु बलपूर्वक चलता नहीं है और जीव पुद्गलोंके ठहरनेमें साधारण कारण अधर्म द्रव्य होता है ।

कोई महोदय यदि यह समाधान दें कि जीवोंके तथा पुद्गलोंके चलनेमें और ठहरनेमें जल, पृथ्वी, आदि निमित्त कारण होंगे धर्म अधर्म द्रव्य माननेकी क्या आवश्यकता है ? । तो उन्हें यह बतलाना चाहिये कि आकाशमें उड़नेवाले पक्षी को सहकारी कारण कौनसा होगा ? । वहांके लिये जिस प्रकार धर्म द्रव्यका नाम लिया जायगा उसी तरह अन्यत्र भी उसीको कहना चाहिये । यहां कोई यदि यह कुतर्क करे कि "इस तरह तो खाने, पीने आदिके लिये भी एक कारण होना चाहिये तथा अन्य तरहकी सभी क्रियाओंके लिये पृथक् पृथक् निमित्तकारण होने चाहिये" तो इसके लिये यही उत्तर पर्याप्त होगा कि उन सभीके लिये अन्य पुद्गलादि पदार्थ विद्यमान हैं ।

इस लिये यह सिद्ध हो गया कि पुद्गलके अतिरिक्त धर्म, अधर्म नामक भी दो अजीव द्रव्यें विद्यमान हैं । ये दोनों सर्वव्यापक, अखंड हैं क्योंकि यदि ऐसा न होय तो सर्व देशवर्ती जीव पुद्गलोंके युगपत् चलने तथा ठहरनेमें सहकारी किस प्रकार होंगे । अस्तु ।

इसके सिवाय अनुसंधान करनेके लिये और भी आगे बढ़ना चाहिये, शायद और भी कुछ हाथ आ जावे ।

जिस समय द्रव्योंके आधारपदार्थोंका विचार आता है उस समय ज्ञात होता है कि समस्त जीव पुद्गलादि द्रव्योंका आधारभूत कोई और द्रव्य भी विद्यमान है । क्योंकि मनुष्य, पशु, पक्षी, पर्वत आदि दृश्यमान सभी पदार्थ पृथ्वीके आधारपर हैं अर्थात् पृथ्वीपर स्थित हैं । और पृथ्वी भी वायुमंडलपर स्थित है किन्तु वह वायुमंडल किस आधारपर स्थित है ? । इस प्रश्नको हल करनेके लिये द्रव्यान्तरका मानना अनिवार्य होगा । इतना ही नहीं किन्तु पदार्थोंकी वास्तविक व्यवस्था किस प्रकार कैसी है ? यह शंका भी हृदयको विचलित करती रहेगी, जिसको हटाना हमारा प्रधान कर्तव्य होगा । अस्तु ।

जिस प्रकार हेतुओंके बलसे जीव द्रव्य तथा धर्म, अधर्म द्रव्य अप्रकट होने पर भी सिद्ध हो गई तथैव उपर्युक्त शंकाओंके निराकरणके लिये आकाश द्रव्य भी अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा, इसको विना माने कार्य न चलेगा । क्योंकि सकल द्रव्योंको अवगाह

सब जीव एकसे हैं। इसके बाद जिसे वे शत्रु या मित्र कहते थे, बन्धु वा दुश्मन समझते थे, उन सब कल्पनाको नष्टकर सबमें समान भावकी भावना रखनी चाहिये। इससे संसारके जीव मात्र हमारे मित्र बन जांयगे।

इस प्रकार सबके साथ मित्रता होनेपर सब ही में हमारा राग-भाव हो जायगा; परन्तु यह राग सम-राग, के रूपमें होगा। अब याद रखना चाहिये कि हमारी सब जीवोंके साथ मित्रता है परन्तु पुद्गलके साथ नहीं। और इसी कारण दुःखी जीवोंको और स्वयं-अपनेको दुःखी देखकर हमें करुणा आयगी। जहां करुणा उत्पन्न हुई कि उन जीवोंका और हमारा दुःख नष्ट हो जायगा। अर्थात हमारे अनादि कालके अशुभ कर्म नष्ट होंगे। और सुखी जीवोंको देखकर सुख होगा अर्थात अनादि कालसे जो हमने शुभ कर्म किये हैं उनका फल भी हम भोग चुकेंगे। मतलब यह कि शुभ अशुभ कर्म अपना २ फल देकर नष्ट हो जांयगे। यह जो सुख-दुःख होते थे वे कर्मोंके कारण या पर वस्तुमें मोहके कारणसे होता थे; पर अब परभावके नष्ट हो जानेसे चित्तको आत्म-स्वभावमें लीन होनेका मौका मिलेगा। और जबतक राग पर-वस्तुओंमें होता था, वह अब आत्म-ध्यानाग्निमें भस्म होकर, वीतराग होकर आनंदसे निज स्वरूपमें मिल जायगा। इस लिये मध्यम श्रेणीके जीवोंको इस उपायका उपयोग करना चाहिये; और जो बालक श्रेणीके जीव हैं उन्हें मध्यम श्रेणीके जीव बननेका यत्न करना चाहिये; और इस प्रकार वे जीव मध्यम श्रेणीमें आ जांय तब उन्हें भी यही उपाय काममें लाना चाहिये। ब्र० आत्मानंदजी गढ़ाकोटा।

सोजीत्रानो लग्नगाळो.

आ साल (सं० १९७८मां) सोजीत्रामां श्री वीशा भेवाडा ज्ञातिमां लग्नगाळो वैशाख मासमां भराये। हतो तेमां आशरे चालीस लग्न थयां हतां छतां खेदनी वात छे के एकपण लग्न जैन विधिथी थएलुं सांभळ्युं नथी. तेम आधुनिक पंडितजी भट्टारको पण त्यां पधारेला हता, पण कोइ पण धार्मिक विषय चर्चायो नहोतो. लग्न प्रसंगे वैशाख सुद ३ थी आशरे पंदरसोथी बे हजार माणसो एकठा थया हता ते वैशाख वदी १० रविवारनी उजाणी करी सघळा पोतपोताना गाम तरफ वेराइ गया हता. आ साल ज्ञाति भोजननी न्यातो २ ज थइ हती तेमां एक न्यात पीपलाववाळा शा० भाणजीदास पूंजलाल तरफथी थइ हती ने बीजी न्यात धमणावबाला शेठ० नरसिंहदास गंगादास तरफथी थइ हती. लग्न प्रसंगे मुंबइ आदिश्रमने नीचे मुजब मदद मळी हती.

वरवाळा तरफथी.

२५) शा० नरसीदास गंगादास धमणावबाळा
११) शा० मणीभाइ प्रेमानंददास भोरसदवाळा
११) शा० शंकरलाल तापीदास आमोद
७) शा० जगजीवनदास रुगनाथदास भोगरी
११) शा० जीवलाल तारायंद दावोल
१०) शा० परसोतमदास हीमचंद सोजीत्रा
७) शा० पीतांबरदास जगजीवन सोजीत्रा
५) शा० नरोतम गंगादास वेडच
५) शा० नाथाशेठ जवेरदास भोज
५) शा० जीवनदास ईश्वरदास सोजीत्रा
५) शा० परशुराम ईश्वरदास वीरदरा
२) शा० भगवानदास हेरणदास दावोल
१) शा० मुलाणचंद मुलजी भोरसद
१) शा० नाथाभाइ ईश्वरदास पादरा

१०१)

છોકરીવાળા તરફથી.

૧૧) શા૦ ત્રીભોવનદાસ રણછોડદાસ કરમસદ
૭) ,, રાયચંદ પુલચંદ શેાળ્યા
૫) ,, કાળીદાસ હરગોવીંદ આમેાદ
૪) ,, રાયચંદ તલકચંદ વડુ
૭) ,, ખાણરદાસ વ્રજલાલ પીપલાવ
૫) ,, પાનાચંદ મનેારદાસ વેડચ
૫) ,, નાથાલાલ મેાતીલાલ કરમસદ
૩) ,, પરસેાતમ દામેાદર વેડચ
૨) ,, જેસંગભાઇ હીમચંદ પરીએજ
૧) ,, મુળજીભાઇ ઇશ્વરદાસ વલાસણ.
૩) ,, બાબુ મથુરભાઇ મહેળાવ
૧) ,, ચુનીલાલ મુલચંદ તલાટી શેાળ્યા
૧) ,, નાથાભાઇ ઇશ્વરદાસ પાદરા
૩) ,, ધેાળાલાલ દલપતભાઇ આમેાદ

---

૫૮)

ઉપર મુજબ કુલ રૂપીઆ ૧૬૪) આવિદ્યાપ્રમને મદદ મળી છે તે ઉપકાર સાથે સ્વીકારીએ છિએ. આવી રીતે દરેક લગ્નપ્રસંગે લગ્ન પ્રસંગે, તેમજ જ્ઞતિ પ્રસંગે આવા ખાતાંઓને મદદ મળે તેા ઘણી સારી વાત છે.

૨) દાભેાલના શા૦ રાયચંદ દામેાદરની દીકરી ફુલકુંવરીના પુત્રમાં મરણ છે.

તેમ આ વરસે શેાળ્યા માં એક "શ્રી વીશા ગેારાડ દિગમ્બર જૈન કેળવણી વાડી" બાંધવા માટે ફંડ એકઠું કરવા માંડયું છે જેમાં અત્યાર સુધીમાં લગભગ ૪૧૦૦૦) રૂપીઆ ભરાયા છે ને કુલ આશરે ૬૦૦૦૦) રૂપીઆ થવા સંભવ છે ને વાડી બાંધવામાં પણ લગભગ એક લાખ રૂપીઆનું ખરચ છે! તે ફંડમાં બેાયમાં મેાટી રકમ બેારસદવાળા પરીખ પ્રેમાનંદ નારણદાસ તરફથી ૩૦ ૫૦૦૧) ભરવામાં આવ્યા છે.

અંબુસરવાળા પ્રેમાનંદ અમરાદાસ ૩૦ ૨૨૫૦)
કરમસદવાળા મથુરદાસ હરગોવીંદ ૩૦ ૧૦૦૧)
ડાભળવાળા પાનાચંદ ઝવેર ૩૦ ૬૫૧)
બેારસદવાળા ત્રીભવનદાસ તુલસીદાસ ૩૦ ૫૦૧)

ઉપરની મેાટી રકમેા સિવાય ચારસેા, પાંચસેા તથા બસેા સેાકની રકમેા ભરાઇ ૪૧૦૦૦)ની રકમેા ભરાઇ ગઇ છે ને જે ક્ષેાડેાએ નં ભરી હેાય તેમણે ખુશીથી ભરી આપવી. છેવટે ક્ષેત્રપાળ દીઠ રૂ. ૧૬) લેવા ઠરાવ થયેા છે.

ઉપર મુજબ કામકાજ થઇ વૈશાખ વદી ૧૧ સેામવારે બધા લેાક પેાતપેાતાના ગામે વેરાઇ ગયા હતા. વળી એક યુવક મંડળની મીટીંગ ભળી હતી, તેમાં કેટલાક ઠરાવેા પાસ થયા હતા તેમાં મુખ્ય ઠરાવ જ્ઞાતિનું વસ્તી પત્રક કરવાનેા ઠરાવ થયેા હતેા અને તે મંડળના પ્રમુખ શા૦ મનસુખલાલ બેચરલાલ ચેાકશી સેાલીસીટર છે.

શા૦ ત્રીભેાવનદાસ રણછોડદાસ કરમસદવાળા.

सन्तानोत्पत्ति।

मनुष्य स्वभावसे ही देवऋण ऋषिऋण और पितृऋण इन तीनों ऋणोंको लेकर जन्म लेता है। उनमें पूजा, याग-यज्ञादिके द्वारा जैसे देवऋणसे और शास्त्रोंके पठन पाठन आदिके द्वारा जैसे ऋषि ऋणसे मुक्त होता है उसी प्रकार सन्तान उत्पन्न करके पितृऋणसे मुक्त होता है। गृहस्थके लिए संतान एक परम आदरकी वस्तु है। संतान गृहस्थाश्रमका मूल कारण है। संतानके बिना गृहस्थका घर अंधकारमय है इस लिये संतानोत्पत्तिके लिये पुरुषको ऋतुकालमें प्रसंग करना आवश्यक है। किंतु शरीर आरोग्य होने से वा स्त्रीके समीपमें न रहनेसे अथवा कुछ किसी प्रकारका विशेष व्याघात होनेसे कदापि प्रसङ्ग नहीं करना चाहिए।

उत्तम संतानको उत्पन्न करनेके लिए परस्पर स्त्री पुरुषोंमें प्रीति और मानसिक हर्ष होना अत्यंत आवश्यक है। आलस्यमें प्रेम, उत्सुकता और हर्षके न होनेसे गर्भके उपादान शुक्र और

रज शरीरमेंसे पूर्णरूपसे स्खलित नहीं होते। वीर्य और रजके अल्प परिमाणमें क्षरित होनेसे उनके संयोगसे जो गर्भ होता है, वह विशेष पुष्ट नहीं होता। इस लिए उस समय जिससे हर्ष और उत्सुकता प्रकट हो ऐसे कार्य करने चाहिए।

दम्पतीकी शय्या दूधके झागोंकी समान स्वच्छ कोमल, विस्तीर्ण सुगंधित द्रव्योंसे सुगंधियुक्त और नानाप्रकारके पुष्पोंसे सुशोभित होनी चाहिए। पुरुष पहलेसे ही वीर्यवर्धक पदार्थ विशेषकर दुग्ध और घृतपक्व पदार्थ एवं स्त्री रजको बढ़ानेवाले तैल व घृतके द्वारा बने हुए उड़द आदिके पदार्थोंको भक्षण करे। दोनोंको नये स्वच्छ वस्त्र पहनना, चन्दन अगर आदि सुगंधित द्रव्योंका प्रलेप करना, पुष्प मालायें पहनकर नानाप्रकारकी वेशभूषाओंसे सुसज्जित होकर पुरुष प्रथम दहने पैरसे और स्त्री बांये पैरसे शय्या पर चढ़े।

रजकी निवृत्ति होनेपर ऋतुके चौथे दिन भी गर्भाधान किया जा सकता है, किंतु चौथे दिन भी बहुतसी स्त्रियोंके रजःस्राव होता है। इस लिये मनु आदि स्मृतियोंमें चौथा दिन भी वर्जित है। वास्तवमें रजोदर्शन होनेके पहले दिनसे लेकर, जो सोलह दिन ऋतुकालके कहे हैं, उनमें प्रथमकी चार रात्रि, ग्यारहवीं और तेरहवीं रात्रि गर्भाधान करना उचित नहीं है। अन्य दश रात्रियोंमें गर्भाधान करना श्रेष्ठ है।

शुक्र और रज इन दोनोंमें शुक्रकी अधिकता होनेसे पुत्र, रजके अधिक होनेसे कन्या और दोनोंके समानभाग होनेसे नपुंसक संतान उत्पन्न होती है।

जैसे त्रिदोषजन्य ज्वर सातवें, नवें, ग्यारहवें आदि दिनोंमें स्वभावसे बढ़ता है और अन्य दिनोंमें पहलेकी अपेक्षा कम होता है एवं विशेष तिथियोंमें जैसे समुद्रमें ज्वार भाटा आकर जलको बढ़ा देता है और तिथि विशेषमें जल फिर प्रकृत अवस्थामें आ जाता है, उसी प्रकार स्त्रियोंके ऋतुकालके अयुग्म दिनोंमें रज स्वाभाविक रूपसे वृद्धिको प्राप्त होता है और युग्म दिनोंमें पूर्ण दिनोंकी अपेक्षा कम होता है। इस कारण पुत्रकी इच्छा होनेपर दम्पती युग्म दिनोंमें अर्थात् ऋतुके छठे, आठवें, दशमें, बारहवें, चौदहवें और सोलहवें, दिन कन्याकी इच्छा होनेपर अयुग्म दिनोंमें अर्थात् पांचवें, सातवें, नवें, और पन्द्रहवें दिन गर्भाधान करें। पहले २ दिनोंकी अपेक्षा दूसरे दिनोंमें अर्थात् पांचवें दिनकी अपेक्षा छठे दिन, छठे दिनकी अपेक्षा सातवें दिन, सातवें दिनकी अपेक्षा आठवें दिन; आठवें दिनकी अपेक्षा नवें दिनमें इस प्रकार दूसरे २ दिन गर्भाधान करनेसे उस गर्भकी संतान उत्तरोत्तर उत्तम स्वास्थ्ययुक्त, बलवान्, दीर्घायु और ऐश्वर्यशाली होती है।

पुत्र और कन्या होनेके लिये युग्म और अयुग्म दिनों में स्त्री-पुरुषके प्रसंगका कारण साधारण और स्वाभाविक है। किन्तु युग्म दिनोंमें भी यदि पुरुष वीर्यवर्द्धक घृत दुग्धादि पदार्थ और बलीकरण औषधियों सेवन कर वीर्यकी वृद्धि करके अयुग्म दिनोंमें गर्भाधान करे तो भी पुत्र उत्पन्न हो सकता है। इसी प्रकार स्त्री रजोवर्धक पदार्थोंके द्वारा रजकी वृद्धि

करके युग्म दिनोंमें सहवास करने तो भी कन्या उत्पन्न होसक्ती है।

गर्भाधानकी विधि।

प्रसंगके समय दम्पती ताम्बूल भक्षण करें और तन्मय होजावें। स्त्री टेढ़ी तिरछी होकर या करवट लेकर शयन करके प्रसंग न करे। टेढ़ी तिरछे या कुनड़ेपनसे शयन करके प्रसंग करनेसे वायु कुपित होकर स्त्रीके अंगोंमें पीड़ा उत्पन्न करता है। वैसे ही दाहनी करवटसे शयन कर सहवास करनेसे कफ स्खलित होकर गर्भाशयको ढकदेता है, इससे प्रायः गर्भ नहीं रहता है। बाईं करवटसे लेटकर प्रसंग करनेके चित्त कुपित होकर रक्त और वीर्यको दूषित करता है इससे भी गर्भ नहीं रह सकता। इस लिए स्त्री सीधी उत्तान रूपसे शयन करके वीर्यको ग्रहण करे। सीधी होकर उत्तानरूपसे शयन करनेसे शरीरके रक्षक वायु पित्त और कफ इनके प्रकृत अवस्थामें अपने २ स्थानोंमें रहनेसे गर्भधारण करनेमें किसी प्रकारकी बाधा नहीं होती।

यहाँ प्रसंगवशसे यह कह देना अनुचित न होगा कि ऋतुकालके बीतने पर भी आयुर्वेदमें स्त्री प्रसंग करनेकी आज्ञा देखी जाती है। शरीर धारी प्राणिमात्रको प्रसंगकी इच्छा स्वभावसे ही उत्पन्न हुआ करती है। रजस्वला होनेके बाद पन्द्रह या सोलह वर्षकी स्त्रीको बाला कहते हैं। सोलह वर्षके बाद बत्तीस वर्ष तक तरुणी और ३२ वर्षके बाद ७० वर्ष तककी स्त्रीको प्रौढ़ा कहते हैं। इससे आगे क्रमसे वृद्धावस्था आती है। रजस्वला होनेके पश्चात स्त्रियोंके सम्भोगेच्छा उत्पन्न होती है। बाला स्त्रीके साथ सम्भोग करनेसे पुरुषके स्फूर्ति और शारीरिक शक्तिकी वृद्धि होती है, किंतु उस समयमें उत्पन्न हुई सन्तान विशेष स्वस्थ और दीर्घायु नहीं होती। कारण सोलह वर्षकी अवस्था तक भी स्त्रियोंका शरीर पूर्णरूपसे पुष्ट नहीं होता। तरुणी स्त्रीके साथ प्रसंग करनेसे पुरुषकी शक्ति कुछ ह्रास होती है। प्रौढ़ा स्त्रीके साथ प्रसंग करनेसे वृद्धता आती है। वृद्धा स्त्रीके साथ सहवास करनेसे बहुत जल्द बलका नाश होकर शरीर अशक्त हो जाता है।

हेमन्त और शिशिर ऋतु में मनुष्यके स्वभावसे कुछ अधिक बलकी वृद्धि हुआ करती है। इन दोनों ऋतुओंमें शीतल वायु और हिमके स्पर्शसे शरीरकी भीतरी गरमी बाहर नहीं निकल सकती। इस लिये शरीरके भीतरकी अग्नि (पाचकाग्नि) बढ़जाती है। उस समय अधिक पौष्टिक भोजन करने पर भी वह सहज में ही पचजाता है और शुक्रकी वृद्धि होती है। इस कारण हेमंत और शिशिर ऋतुमें बलकारक पदार्थोंका भोजन और वाजीकरण औषधियोंको सेवन करके शक्तिके अनुसार प्रतिदिन भी प्रसंग किया जा सकता है। विशेषकर इस समयमें कफका संचय होता है, इस लिये इन ऋतुओंमें प्रसंग करनेसे कफके न बढ़नेके कारण शरीर स्वस्थ रहता है।

वसन्त और शरदऋतुमें तीन दिनके बाद, ग्रीष्म और वर्षा ऋतुमें पन्द्रह दिनके बाद प्रसंग किया जासकता है। किंतु अधिक गरमी

या वर्षा होने पर एक दिन स्त्रीसंग त्याग देना चाहिये। ग्रीष्म ऋतुमें सूर्यकी तीक्ष्ण धूपसे शरीरका सार भाग क्षय होता है, उस समय शीतल और स्निग्ध अन्न पानादिके द्वारा उस क्षयकी पूर्त्ति होने पर भी शरीरमें सार भागकी वृद्धि नहीं होती। इसी प्रकार वर्षा और पहली ग्रीष्म ऋतुमें सूर्यकी तेज गरमीसे शरीर और उसकी परिपाक शक्ति दुर्बल हो जाती है। इस कारण पौष्टिक खाद्य पदार्थ खाने पर भी उनके उत्तम प्रकारसे जीर्ण न होनेसे धातु परिपुष्ट नहीं हो सकती। शुक्रकी वृद्धि न करके केवल उसको नष्ट करनेसे अनेक प्रकारके दुःसाध्य रोग उत्पन्न हो जाते हैं। वीर्य ही पुरुषका पुरुषार्थ बल और प्राण रूप है। उसको पुष्ट [illegible] शरीरमें सहजमें ही रोग प्रविष्ट नहीं [illegible]ते। कदाचित कोई रोग हो भी जाय तो वह सहजमें दूर हो जाता है। और अनुचित रीतिसे शुक्रक्षय करनेसे शरीर रोगों समूहका भाँगार बनजाता है और वह शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। साधारणतः शरीरको पूर्णरूपसे स्वस्थ और पुष्ट रखकर जितने परिमाणमें वीर्य क्षय हो उतने ही परिमाणमें उसकी फिर पूर्त्ति होने के लिए उत्तम सारयुक्त भोज्य पदार्थ और वाजीकरण औषधियोंको सेवन करके अपनी शक्तिके अनुसार प्रसंग करनेसे शरीरकी विशेष हानि नहीं होती। जो हो, प्रत्येक व्यक्तिको यह ध्यान रखना चाहिए कि दूध, घी आदि पौष्टिक और वीर्यवर्द्धक पदार्थ एवं वाजीकरण औषधियां (जिस औषधिको सेवन करनेसे शीघ्र ही वीर्य बढ़कर रतिशक्तिकी वृद्धि हो) सेवन न करके अधिक स्त्री प्रसंग करनेसे शीघ्र ही राजयक्ष्मा, क्षय, श्वास, खाँसी, वातव्याधि, शूल, ज्वर, पाण्डु, कामला, कृशता, नपुंसकता आदि कष्टदायक रोगोंसे पीड़ित होना पड़ता है। जो मनुष्य नियमित रूपसे प्रसंग करता है, उसके शरीरकी लावण्यता स्थिरता और बल अक्षुण्ण रहता है।

प्रातःकाल, सन्ध्याके समय, अर्द्धरात्रिमें और मध्यान्ह कालमें एवं अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा अमावास्या और संक्राति इन तिथियोंमें प्रसंग नहीं करना चाहिए।

क्षुधा और तृषाके अधिक होनेपर अथवा अत्यंत भोजन करके उसके जीर्ण न होनेपर, अन्य स्त्रीके ऊपर आसक्त होकर, अत्यंत आतुर होकर और रुग्णावस्थामें स्त्री प्रसंग करना उचित नहीं है।

रजस्वला, मैले वस्त्र धारण करनेवाली, अप्रिया, वृद्धा, संन्यासिनी, रोगिणी विशेषकर योनिरोग से युक्त स्त्रीके साथ प्रसंग नहीं करना चाहिए। रजस्वलाके साथ प्रसंग करनेसे जो दोष होता है, वह पहले ही कहा जाचुका है। मलिन, अप्रिय और वृद्धावस्थावाली स्त्रीके पास गमन करनेसे अधिकतासे शुक्र क्षय होता है और मनमें दुर्बलता उत्पन्न होती है। योनिरोगयुक्त और संन्यासिनीके साथ संगम करनेसे उपदंश आदि रोगोंसे ग्रसित होना पड़ता है।

मल-मूत्रके वेगको रोककर या स्त्रीके नीचे होकर प्रसंग करनेसे अथवा जब वीर्य पतित होनेको होता है उस समय बलपूर्वक उसके वेगको रोकनेसे पथरी आदि रोग उत्पन्न होते

हैं। गर्भस्थिति होनेके बाद भी तीन महीने तक प्रसंग किया जा सकता है। क्योंकि तीन महीने तक गर्भके अङ्ग-प्रत्यङ्ग परिस्फुटित नहीं होते चौथे ज्ञान महीनेमें गर्भके अङ्ग प्रत्यङ्ग, हृदय पूर्ण और उत्पन्न होजाता है। इस कारण चौथे महीनेमें प्रसङ्ग करनेपर गर्भको पीड़ा होती है। किन्तु गर्भवती स्त्री यदि अत्यन्त प्रसङ्गकी इच्छावाली हो तो उसकी कामना पूर्ण करनेके लिए गर्भकी पूर्ण अवस्थामें भी प्रसंग किया जासकता है। गर्भस्थितिके समय स्त्रियोंकी जिस विषयकी प्रबल इच्छा उत्पन्न हो उसको पूर्ण न करनेसे उसके मनके क्षुभित होनेके कारण वायु दूषित होकर गर्भमें अनेक विकारोंको उत्पन्न करसकता है।

स्त्री प्रसंग करनेके अनन्तर स्नान करना एवं हाथ, पैर उदर आदि अंगोंको धोना और उत्तम शीतल वायुको सेवन करना चाहिए। मिश्री मिला हुआ दूध, मधुर रसयुक्त अन्यान्य पौष्टिक पदार्थ, मधुर फल आदि भक्षण करके सुख पूर्वक शयन करना चाहिए। इससे उत्तम निद्रा आती है, धातु अत्यंत पुष्ट होती है और शरीरकी ग्लानि दूर होकर बलकी वृद्धि होती है।

(इस लेखमें कुछ बातें शास्त्र-सम्मत होने पर भी समयके विरुद्ध प्रतीत होती हैं। इसपर हम अपनी राय आगामी संख्यामें लिखेंगे। सम्पादक "वैद्य")

"वैद्य" डिसम्बर २१ में वैद्य शिवनाथ शर्मा द्वारा लिखित।

दही।

नाम-दहीको संस्कृतमें दधि, पयस्य, मङ्गल्य, बिल, दधिद्रव, घनेतर, क्षीरज, क्षीरोद्भव, तक्र जन्म और साम्लक कहते हैं। हिन्दीमें दही, बंङ्गलामें दइ, मराठीमें दहीं, गुजरातीमें दहि, फारसीमें दोग और अरबीमें जुगरात कहते हैं।

गुण-दही पचने में खट्टा, गरम, अग्निदीपक, स्निग्ध, कुछ कफेला, भारी, मलरोधक, रक्तपित्त कारक, कफकारक, मेदननक और शोष पैदा करनेवाला है। यह बात विकारको दूर करता है, पेशाबको बढ़ाता, मस्तक अग्निको शांत करनेवाला, खांसी, श्वास, पीनस, विषमज्वर और जड़िया बुखारको दूर करता है। यह शुक्र-वर्धक भी है। हृदयको हितकारी है।

भेद-दही पांच प्रकारका है, मन्द, मधुर, मधुराम्ल, खट्टा, और अत्यन्त खट्टा। जो दही कुछ जमकर गाढ़ा पड़ गया हो और जिसमें मिठास या खट्टापन कुछ स्वाद मालूम न पड़ता हो उसे मन्द कहते हैं। यह मल मूत्रको बढ़ाता, त्रिदोष और दाहको उत्पन्न करता है। जो दही जमकर गाढ़ा पड़ गया हो और जिसमें स्वादुरस प्रकट हो किन्तु खटाईका अंश ज्ञात न पड़े उसे स्वादु दही कहते हैं। यह अभिष्यन्दी, वीर्य-वर्धक, मेदननक, कफकारी, वातनाशक, पचनेमें मधुर और रक्तपित्तको कुपित करता है। जो दही कुछ मीठा और कुछ खट्टा तथा गाढ़ा तथा

कषैला हो उसे स्वादुम्ल दही कहते हैं। इसमें दहीके साधारण गुण होते हैं। असली दही इसे ही समझना चाहिये। जिस दहीमें मधुरता नष्ट होकर खट्टा पन आगया हो उसे अम्ल दही कहते हैं।

यह अग्निको प्रदीप्त करनेवाला, रक्तपित्त और कफको बढ़ानेवाला है। जो दही अत्यंत खट्टा हो और दांतोंको खट्टा करदे जिसके मुखमें रखनेसे रोमांच हो और जिसके खानेसे गलेमें जलन हो उसे अत्यम्ल दधि कहते हैं। यह गुणमें अग्निदीपक, खूनको बिगाड़ने वाला, वात और पित्तको उत्पन्न करनेवाला है। खानेके काममें मधुर दही लेना चाहिये, अत्यंत खट्टा दही नहीं खाना चाहिये।

ऋतुके अनुसार दहीके गुण—बरसातका दही पित्तकारक, वात नाशक, कफको कुपित करनेवाला तथा गुल्म, बवासीर, कुष्ट और रक्तपित्तमें हितकारी है। शरदऋतुका दही भारी, खट्टा रक्तपित्तको बढ़ानेवाला, सूजन, तृषा और ज्वरपीडितोंमें विषम ज्वरकी उत्पत्ति करनेवाला है। हेमंतऋतुमें दही भारी, स्निग्ध, मधुर, कफकारक, बलवर्धक, वीर्यजनक, मेदाकारक, पुष्टिदायक और तुष्टिवर्धक है। शिशिरऋतुका दही वीर्यवर्धक, बलकारक, पित्तजनक, मक्कीको नाश करनेवाला, गाढ़ा, खट्टा, पिच्छिल और भारी है। वसंतऋतुका दही, बादी, मधुर, स्निग्ध किंचित खट्टा, कफकारी बलकारक, वीर्यवर्धक होता है। साधारणतः वसन्तऋतुमें दही खाना अच्छा नहीं है। ग्रीष्म ऋतुमें दही हलका, खट्टा, गरम, रक्तपित्तकारक शोष भ्रम और प्यासको करनेवाला होता है। शरद, ग्रीष्म और वसन्त ऋतुमें भी दही खाना श्रेष्ठ नहीं।

अवस्था भेदसे दहीके गुण—औटाये हुए दूधका दही रुचिकारक, स्निग्ध, गुणोंमें श्रेष्ठ पित्तवातनाशक, सम्पूर्ण धातुअग्नि और बलको बढ़ाता है। जि० दूधकी मलाई निकालकर दही बनाया गया हो वह निस्सार दधि कहलाता है। ऐसा दही मल रोधक, शीतल, वात कारक, हलका विष्टम्भी, दीपन, रुचिकारक और संग्रहणीमें हितकारक है। छाना हुआ और पानी निकाला हुआ दही (गालितदधि) स्निग्ध, वातनाशक, कफकारी, भारी, बलकारक, पुष्टिदायक, रुचिकारक, मधुर, और पित्तको अधिक बढ़ाता है। चीनी मिला हुआ दही पित्त, दाह, तृषा और रुधिर विकारको दूर करता है। गुड़ मिला दही तृप्तिकारक, धातुवर्धक, भारी और वातनाशक है। रातमें दही नहीं खाना चाहिये। यदि खाना ही हो तो घी, चीनी मिलाकर खावे। मूँगकी दाल, और आमलेकी वस्तुओंके साथ दही खाना चाहिये। गरम किया हुआ दही खाना निषेध है। बिना नियमके दही खानेसे ज्वर, रक्तपित्त, विसर्प, कुष्ट, पांडु भ्रम और कामलादि रोग होते हैं। हेमन्त ऋतुमें दहीमें सोंठ, मिर्च, पीपल और सेंधानमक तथा राई मिलाकर खानेसे कफ दोष नष्ट हो जाता है। वायु शांत होता है, अग्नि प्रदीप्त होता है, पथ्य है, और पुष्टि देता है और शरीरकी कांति बढ़ाता है।

सर और मस्तु—दहीके ऊपरकी मलाईको सर कहते हैं। और दहीसे निकले हुए पतले पानी

को मस्तु या दहीका तोड़ कहते हैं। दहीकी मलाई स्वादिष्ट, भारी, वीर्यवर्धक, वातनाशक, जठराग्निको मन्द करनेवाली, खट्टी, वस्ति रोग नाशक, पित्त और कफको बढ़ानेवाली है। दहीका तोड़ कृमिनाशक, बलकारक, रुचिदायक, स्रोतसों का शोधन करनेवाला, आनंदजनक, कफनाशक, तृषानिवारक, भूतनाशक, तृप्ति करनेवाला अवृष्य (शरीरको पतला करनेवाला और मलके संचारका भेदन करनेवाला) होता है।

दधिकूर्चिका—आधा दूध और आधा पानी मिलाकर उसमें खट्टा दही मिलादेवे उसे दधिकूर्चिका कहते हैं। दधिकूर्चिका वातकाशक, रूखी, मलरोधक और देरसे हजम होनेवाली है। आयुर्वेद शास्त्री पं० शंकर दाजीके पुराने कागज पत्रोंमेंसे नीचे लिखी दधि क्रिया मिली है।

दधि क्रिया कौतुक।

अमीर लोगोंके योग्य दही बनानेकी ऐसी अद्भुत क्रिया कहता हूँ जो कौतूहलवर्धक है। यह दही नेत्रोंकेलिये हितकारी और आयुष्यवर्धक है। यह दही कलियुगमें अमृतके समान है। आध द्रोण अर्थात साढ़े बारह सेर भैंसका दूध लेकर कपड़ेसे छानकर नये मिट्टीके बर्तनमें डाल आगपर गरम करे। फिर उसमें लौंग, जायपत्री, दालचीनी, इलायची आधा तोला, सोंठ, मिर्च, पीपर आधा तोला और केशर तीन मासे लेकर एक कपड़ेमें सबको बांध पोटली बनावे और वह पोटली दूधमें डाल देवे। पोटली पड़ा हुआ दूध मन्दाग्नि पकावे। दूधको चमचेसे बराबर चलाता रहे। जब दूध इतना गाढ़ा हो जाय कि चमचेमें लपटने लगे तब उसमेंसे पोटली निकाल लेवे। फिर उस दूधको एक दूसरे बर्तनमें रखे और कुनकुना होने पर उसमें थोड़ा मट्ठा मिलादेवे। बर्तनके चारों तरफ रास बिछा दे और दूधके बर्तनको ढांककर रखे। बर्तनको ऐसी सावधानीसे रखे कि बिल्ली चूहे आदिके उपद्रवसे उसकी रक्षा हो। यह दही बहुत बढ़िया गाढ़ा सुंदर जमता है। कोई कहता है कि अमृत स्त्रियोंके भवरमें रहता है और कोई कहता कि वह स्वर्गमें है, किंतु उसे किसीने साक्षात देखा नहीं है; परंतु यह दही प्रत्यक्ष अमृतसे उत्तम क्षीर समुद्रके सारांशसे निर्मित हुआ है। यह मनुष्योंके लिये दुर्लभ और इन्द्र ऐसे देवता भी इसकी इच्छा प्रकट करते हैं। इस दहीको चीनी मिलाकर पूड़ियोंके साथ खावे। यह दही वृष्य, मधुर, आल्हादकारक, पुष्टिकर्ता, कामोत्तेजक, कांतिकारक और त्रिदोष नाशक है। यह रानाओंके लिये भी सदापथ्य और अग्निवर्धक है।

"वेंकटेश्वर समाचार"

सुलभ जैन ग्रन्थमालाके दो नये ग्रन्थ।

धर्म-परीक्षा—श्री अमितगति आचार्य कृत मनोवेग पवनवेगकी अपूर्व बोधदायक कथाका हिन्दी अनुवाद। पृ० २६० और मू० सिर्फ ॥-)


तीर्थयात्रा दर्शक—इसमें अपनी सभी यात्राओंका परिचय है। पृ० २७१ और मूल्य सिर्फ ॥) मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय-सूरत

मंदिरोंमें वर्तने योग्य शुद्ध स्वदेशी

काश्मीरी केशर।

मू० २।) फी तोला

मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।



(१) बालकके मुखके पास किसीको भी खांसने या छींकने नहीं देना चाहिए, अथवा बालकके मुखसे मुख मिलाकर उसका चुंबन नहीं करना चाहिए।

(२) बालकके मुखमें नकली स्तन वृन्त (रबड़ के बने हुए स्तनाकार जो बाजारमें बिकते हैं) उसको चुसानेके लिये कभी नहीं देना चाहिए। इससे बालककी शारीरिक शक्ति और बुद्धि कम होजाती है। और उसके शारीरिक गठनमें भी ...मी होनेकी संभावना होती है।

(३) बालकको क्या दिन और क्या रात्रिमें नियमित रूपसे दूध पान कराना चाहिये और प्रतिदिन नियमित रूपसे उसे स्नान कराना चाहिए।

(४) जहां तक हो सके बालकको खुले स्थानमें रखना चाहिए। बंद या गन्दे स्थानमें कभी नहीं रखना चाहिए। खुली हवासे बालकके शरीरकी उन्नति होती है किंतु शीतकालमें अत्यंत शीतल और खुली हुई हवासे विशेषरूपसे बालककी रक्षा करनी चाहिए।

(५) बालकके लिये मधुर फलोंका सेवन कराना अत्यंत लाभदायक है। केवल दूधको छोड़कर फलोंकी समान बालकके लिये संसारमें कोई भी चीज हितकारी नहीं है। फलोंके सेवनसे बालकका पेट साफ रहता है, और रुधिर भी शुद्ध होता रहता है।

(६) बालकको कभी भी थपथपा कर सुलाना नहीं चाहिये। इससे बालकको उत्तम नींद नहीं आती। बालकको जो नींद अपने आप आती है वही उसके शरीर और मनके लिये उपकारी है।

(७) बालकका मस्तिष्क प्रायः चार वर्षमें पूर्णताको प्राप्त होता है।

(८) बालकके पीनेका दूध कभी खुले हुए पात्रमें नहीं रखना चाहिये क्योंकि इससे बालकके पेटमें पीड़ा होजानेकी संभावना होसकती है।

(९) बालकके सिरपर जटा जूटकी तरह बड़े बड़े बाल नहीं रखने चाहियें क्योंकि उससे बालककी बुद्धि और जीवनी शक्तिका ह्रास होता है।

(१०) बालकको थोड़े २ मधुर पदार्थ भी खानेको देने चाहिए इससे बालकके शरीरकी वृद्धि और पुष्टि सहनमें होती है।

(११) बालकको कभी कोई नशीली चीज नहीं देनी चाहिए। "वैद्य"

दूसरी बार तैयार हो गया!

मोक्षमार्गकी सच्ची कहानियां-

नामक अतीव उपयोगी ग्रन्थ जो विद्यार्थियोंको तो अतीव उपयोगी है और स्वाध्याय करने योग्य है उसकी दूसरी आवृत्ति छपकर तैयार होगई है। इसके ८८ पृष्ठोंमें पं० बुद्धिलाल श्रावक कृत धार्मिक २३ कहानियोंका नये ढंगसे संग्रह है मूल्य सिर्फ ।=) अवश्य मंगा लो।

मैनेजर, दिगम्बर जैन पुस्तकालय,
चंदावाड़ी-सूरत।

॥श्रीवीतरागाय नमः॥

दिगंबर जैन

THE DIGAMBAR JAIN

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः।
संबोधयत्सन्नमिदं प्रवर्त्तताम्, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम्॥

वर्ष १५ वाँ. | वीर संवत् २४४८. आषाढ़ विक्रम सं० १९७८. | अंक ९ वाँ

क्या करूँ?

दो दिनकी जिन्दगीमें बताओ तो क्या करूँ?
दुनियाके गहन वनमें बताओ तो किस तरह बढ़ूँ?
मोहमान मानसे पले जहां पेड़ खड़े हैं घने।
सिंहसे भी बढ़के जहां विचरें मनुज अनय बने॥
पग पगपर जहां कांटोंके मरे दुःख हैं खड़े।
विपदाके पहाड़ सिरपै अड़े सब कुछ झेलना पड़े॥
तब निज उद्देश पालनमें बताओ तो क्या करूँ?

दो दिनकी जिन्दगीमें
बताओ तो क्या करूँ?

विद्युत वेगसे भी तेज बहे सोता इस कालका।
बहते जीवको नहिं हो पाता बोध जिसकी चालका।
बताओ तो फिर किस किससे व्यवहार करूं प्रेमका
अथवा कैसे कैसे विषवेल चढ़ाऊँ द्वेषका।
उत्तम ध्येय पानेको सबसे समताभाव धरूं।

दो दिनकी जिंदगीमें
बताओ तो क्या करूँ।


इस नवीन युगमें विशुद्ध कर्मका उपयोग करूँ।
उसके कर्तव्य मर्मको समझ शुभ योग धरूँ।
कर्म कुठार हाथ ले कर्मक्षेत्रमें आगे बढ़ूँ।
सरस जीवनमें शुभ प्रेमका संचार करूँ।
वीर कहूँ मोक्ष पाऊँ कर्मका महार करूँ।

दो दिनकी जिंदगीमें
—वीर— सत्यका प्रचार करूँ।

प्रियवर, कर लेहु आतम विचार।

सुजनता तनि दुर्जनता गहि।
कैसे यह हुए गए अविचार॥
गयहु विवेक पाखंड रहहु।
लई कुरीढ वृति धार॥१॥
संयम शुभ मृदुता छांडी।
हठ धर्मसे करत रे प्यार॥
नित नए राग करत।
पावत नहिं द्वेष कामसे पार॥२॥
निज शुचिताको अभिमान नहिं।
कटु स्वारथ मय व्यवहार॥
पतित भए कितने रे अनारी।
अजहुं चेति भई न अवार॥३॥
मत बन्धनके बन्धन तो रहु।
उर हु स्वगुण गरिमागार॥
प्रबल उत्साह वेगु संचारहु।
उड़ावहु कर्म दुर्निभार॥४॥
बाहुशील संयम मय उपकार।
काहु निज निज गेह उद्धार॥
बनहु 'वीर' सुखद प्रेममय।
करहु अहिंसा-नेह प्रचार॥५॥

—वीर-बरेली।



मोतीलालजीका नुक्ता हुआ!

व्यावरके सेठ मोतीलालजी कासलीवाल गत ज्येष्ठ सुदी ९ को व्यावरमें वेदी प्रतिष्ठा तथा भारत. खंडेलवाल दि. जैन महासभाका दूसरा अधिवेशन अपने खर्चसे करानेवाले थे और आमंत्रणादि सब तैयारियां होचुकी थीं परंतु दैववशात वे सब तैयारियां जहांकी तहां रहीं और ८दिन पहिले सेठ मोतीलालजी बम्बईसे व्यावर जाते २ सेंदरा स्टेशन पर पेशाबके लिये दूसरी पटरी पर उतरे तब पैर फिसल गया और उसी पटरी पर इकदम ऐंजिन आ गया और आपके शरीरके टुकडे २ बिल्लीके वेगसे होते ही आपके प्राण पखेरु उड गये जिसके समाचार खंडेलवाल समाज व सारी जैनसमाजमें मालुम होते ही सारे समाजमें इतना बड़ा भारी रंज (शोक) फैल गया था, कि, उसका हम क्या वर्णन करें और इसीलिये तुर्त ही होनेवाली वेदी प्रतिष्ठा व खंडेलवाल महासभा बंद रखी गई और वह प्रतिष्ठा अब होगी या नहीं उसका भी पता नहीं है, परंतु गत माहमें हम वहां गये थे तो जो समाचार सेठ मोतीलालजीके संबंधमें हमने सुने उसकी हमें तो स्वप्नमें भी आशा न थी। हमारी उमर मिली की सेठ मोतीलालजी (जिनकी आयु करीब ६५ वर्षकी होगी) का नुक्ता बम्बईमें गत माहमें तीन दिन तक हुआ जिसमें एक दिन ब्राह्मण भोजन, दूसरे दिन सारे सराकेका जीमन और तीसरे दिन कुल दि० जैनियोंका जीमन हुआ था उसमें हजारों रुपये खर्च हुए थे और बडे बूढे श्रीमान् पंडित आदि सभीने उसमें भाग लिया था। ऐसे नुक्तेको अतीव अनुचित समझनेवाले इसमें नहीं गये थे।

जीमनमें तरह २ के ऐसे पकवान बनाये गये थे कि इसको मृत्युका जीमन कौन कह सकते हैं: अनजान आदमी तो इसको शादीका ही कहे ऐसा ही जीमनका दृश्य था।

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि तुर्तके मरे ऐसे युवान मनुष्यका नुक्ता होना क्या आवश्यक था? भारत दि० जैन खंडेलवाल महासभाके महामंत्री, स० महामंत्री, उनके पत्र 'स० जैन हितेच्छु' के समादक आदि तथा और अगुए क्या ऐसे नुक्तेसे सहमत हैं? जब उसने इसमें योग दिया और इसका लेश मात्र भी विरोध अपने पत्रमें नहीं किया गया है यहां तककि ऐसे समाचार भी प्रकट नहीं किये हैं तब वे तो इसमें सहमत ही होंगे। 'खंडेलवाल जैन हितेच्छु' जब खंडेलवाल जातिमें ऐक्य व आवश्यक सुधार करनेके लिये निकाला गया है परन्तु हम तो महीनेक देखते हैं तो इस पत्रका संचालन ही ऐसा मालूम पडता है कि ऐक्य व सुधारके बदले कुसंप ही विशेष बढता जाता है और वास्तविक सुधारके तरफ इसका लक्ष नहीं है। यदि ऐसा न होता तो अवश्य ऐसे नुक्तेका विरोध यह पत्र करता व उनके कार्यकर्ता इसमें सम्मिलित नहीं होते। पहिले विवाहादिकोंमें मोजन

लिखाया गया वह मोतीलालजीकी आत्माको सुख पहुंचानेके लिये ही किया होगा या और कोई कारणसे किया होगा वह तो करनेवाले जानें परंतु यह तो निश्चित बात है कि ब्राह्मणोंको भोजन दिलाकर मृत आत्माको शांति मिलनेके विचारका घोर मिथ्यात्व खंडेलवाल दि. जैन समाजमें मौजूद होते हुए भी ऐसे रिवाजका विरोध न करना ही उसमें अपनी सम्मति बताना है।

कहां तो एक युवककी हृदयविदारक अकस्मात मृत्यु और कहां उसका तुर्त ही नुकता होना और उसमें शादी जैसे मिष्टान्न उडना और उसमें जाति हितेच्छुकी डींग मारनेवालोंका मौजसे सामिल होना !!! उनका कर्तव्य था कि वे सेठ मोतीलालजीके संबंधियोंको उचित सलाह देकर ऐसे नुकतेको न करने देते और जो हजारों रुपये खर्च किये गये उतने ही या इससे विशेष रुपये कोई स्थायी धार्मिक या सामाजिक कार्यमें लगवाते।

हम तो ऐसे नुकतेका पूर्ण विरोध करते हैं और 'खं० जैन हितेच्छु'के संचालकोंको सलाह देते हैं कि जातिमें जो ऐसी २ कई मिथ्यात्वी अनावश्यक रीतिरिवाजें चल रही हैं उनके बंद करनेका प्रयास ही 'हितेच्छु' द्वारा करके जातिके सच्चे हितेच्छु बनिये। नहीं तो सुधार तो क्या परंतु अनेक कुंवारे और सड़े आपकी जातिमें इसीके जरियेसे खड़े हो जायगे।

* * *

गतांकके टाइटल पृष्ठके समाचारसे पाठकोंको मालूम हुआ होगा कि

मनुष्य गणना।

१९२१ की जनगण जैनियोंकी संख्या १९११में १२४८१८२ थी तब १९२१ में हम ११७८९९६ रह गये हैं। अर्थात् १० वर्षमें हम ६९९८६ कम हो गये हैं। इसका कारण यदि हम नहीं ढूंढेंगे तो हम देखते२ १७५ वर्षोंमें समाप्त हो जायगे जैसे कि बौद्ध धर्मकी यहां संख्या नहीं रही है। कितने ही मनुष्योंका धर्मसे विमुख होना भी इसमें कारण है। जब इसाई ३८॥ लाखके ४७॥ लाख अर्थात् ८७७८७६ बढे और हम घटे उसका कारण उनमें धर्म प्रचारकी प्रबल भावना है और ऐसे करोड़ों रुपयेके फंड हैं जिनसे कि वे अपनी संख्या बढ़ाते चले जाते हैं। बाल लग्न, कन्याविक्रय, वृद्धविवाह, अनमेल विवाह, तथा कुंवारे रह जाना ये चार कारण भी हमारी संख्याके ह्रासके खास कारणभूत हैं। हम दि. जैनियोंमें परस्पर रोटी तो जीमते हैं परंतु कन्या व्यवहार नहीं हैं इससे इस जाति बंधनसे भी कई जातियोंमें कुंवारोंकी मारमार रहती है और उनका जीवन वैसे ही पूर्ण होजाता है। एक जातिकी कन्या दूसरी जातिमें देना धर्मविरुद्ध नहीं है इसलिये हम तो कहते हैं कि पास २के स्थानोंमें परस्पर कन्या व्यवहार होनेकी आवश्यक्ता है तथा अनुचित विवाह बंद होनेका पूर्ण प्रयत्न होना चाहिये। कई भाई कहते हैं कि विधवा विवाह न होना ही हमारी घटीका कारण है परंतु यह ठीक नहीं है। बाल लग्न, वृद्ध विवाह, अनमेल विवाह बंद होनेसे विधवाओंकी संख्या अतीव घट सक्ती है। और हमारी जिन दो एक

जातिमें विधवा विवाह (घरेजा) होता है उनकी भी संख्या बड़ी नहीं है इसलिये विधवा विवाह जैसी धर्मनिंद्य व धर्मविरुद्ध रीतिको चालू करनेकी कोशिश न करके जातिमेंसे अनुचित विवाह ही बंद करनेकी पूर्ण कोशिश होनी चाहिये और इस लिये हरएक जाति यदि मिलकर इसकी अमली कार्रवाई न करें तो सबसे सुलभ मार्ग यह है कि अपन खुद तो ऐसे लग्नोंमें सामिल न होवें। अनेक भाई सामिल न होनेसे सबको इसकी घृणा हो जायगी और तब ऐसे लग्न स्वयं बन्द हो जांयगे।

* * *

सरस्वती भवनमें पाचनालय।

बम्बईमें सेठ सुखानंदजीकी धर्मशालामें ऐलक पन्नालालजी सरस्वती भवनका कार्य चालू होगया है और उसमें हमारे जैन पत्रोंके मंगानेकी सूचनाएं हो रही हैं परंतु वे जैन पत्र सिर्फ संग्रह करनेके लिये मंगाये जाते हैं या उसका नित्य कुछ उपयोग होनेवाला है। जहां तक हम जानते हैं इसमें वाचनालयका कोई प्रबंध नहीं है और हमारे खयालसे इसमें ऐसे वाचनालयकी आवश्यकता है कि जिसमें कोई भी भाई बैठकर ग्रंथ बांच सके तथा जैन अखबारोंको भी पढ़ सके। जब सब धर्मके ग्रन्थ मंगाये जाकर संग्रह होंगे तो उसके साथ २ एक ऐसा वाचनालय भी होनेकी आवश्यकता है जिसमें सभी धर्मके खास २ पत्र भी मंगायें जांय और सबको इसका निरीक्षण करनेका मौका भी दिया जाय।


भवनके नियमादि अभी तक प्रगट नहीं हुए हैं वे शीघ्रही प्रकट होनेकी आवश्यकता है। बंबईमें दि० जैनियोंका एक भी वाचनालय नहीं है इस लिये यदि सेठ सुखानंदजी धर्मशालाके नीचेके भागमें एक सार्वजनिक वाचनालय खोल देवें तो दि० जैन समाजको बहुत लाभ होगा और अन्य लोग भी इसका लाभ ले सकेंगे।

* * *

सुरतमां देशी औषधालय.

આપણા દિ० જૈન ભાઇયોમાં લડનગર, મુંબાઇ, અમદાવાદ, ઇન્દોર, કાનપુર, ઉજ્જન આદિ અનેક સ્થળે જે મફત ઔષધાલયો ચાલે છે તે સર્વેમાં દેશી ઔષધોજ વપરાય છે ત્યારે અમારા જૈન ભાઇયોમાં કેટલેક ગુજ સ્થળે જે મફત ઔષધાલયો ચાલે છે તેમાં દરેકમાં વિલાયતી અશુદ્ધ અને ધર્મને ભ્રષ્ટ કરનાર દવાજ વપરાતી અમારી જાણમાં છે અને એ માટે અમોને વારંવાર એમજ થતું કે અહિંસા ધર્મનો દાવો કરનાર આ ભાઇઓ લગભગ દારૂ માંસ મિશ્રિત આ ભ્રષ્ટ દવાઓનું દાન કેમ કરતા હશે? પણ જણાવતાં આનંદ થાય છે કે સુરતના એક સધી શ્રીમંત ઝવેરી શેઠ ભુરાભાઇ નવલચંદે સુરતમાં એક મફત, દેશી ઔષધાલયની સ્થાપના અખાડ સુદ ૧ ને દિનથી કરી છે. એ ઔષધાલય ખોલવા દબદબા ભરેલો મેલાવડો અત્રેના અસદકારી નેતા રા० વીપાના હાથે થયો હતો, જેમાં અમોએ પણ ભાગ લીધો હતો. પ્રમુખ વિલાયતી દવા આપનાર ડોક્ટર હોવા છતાં તેમણે આર્ય ચિકિત્સા અને દેશી દવાની ઘણી પ્રશંસા કરી હતી તેમજ અમે કેટલુંક વિવેચન કરી જણાવ્યું હતું કે ગરીબ તવંગર સર્વેએ આ ઔષધાલયનો લાભ લેવો જોઇએ. તવંગર એમાંની ધર્માદા પેટીમાં ભાદ પણ આપી શકશે. આ અસદકારના જમાનામાં હજુપણ શું વિલાયતી દવા અને દવાખાનાઓનો ત્યાગ કરવાની જરૂર નથી? વિલાયતી દવામાં લાખો તો શું કરોડો રૂપીયા પરદેશ જતા

ગાય બાય છે ને ધર્મભ્રષ્ટ થવાય છે તથા દેશની ઉત્તમોત્તમ આર્ય ચિકિત્સા પાયમાલ થઇ ગઇ છે. એ તરફ શું ધ્યાન આપવાની જરૂર નથી ! હવે તો દરેકે વિલાયતી દવા પ્રાણ જતાં પણ ન લેવાનો દૃઢ સંકલ્પ કરવો જોઇએ. અમને તો એવી પ્રતિજ્ઞા કેટલાંક વર્ષોથી છે અને એજ મુજબ સર્વે એ સંકલ્પ કરવો જોઇએ તોજ દેશી ઔષધાલયોની ઉન્નતિ થઇ લગભગ માંસ દારૂ મિશ્રિત ધન ને ધર્મ ભ્રષ્ટ કરનારી વિલાયતી દવાનું હિંદુસ્તાનમાંથી નિકંદન થશે.



परीक्षा होगी—दि० जैन मालवा प्रांतिक सभाकी ओरसे भादोंवदी ८ ता० १६ अगस्तसे परीक्षा प्रारम्भ होगी। परीक्षा देनेवाले श्रावण वदी अमावस तक प्रवेश फार्म भेज देवें। फार्म यहांसे मंगा लेवें।

मंत्री, परीक्षालय—जंवरीबाग इन्दौर।

२००० वर्षकी प्रतिमा मिली—केज (निजाम स्टेट) में एक मुसलमान मकान बनानेके लिये नींव खोद रहा था कि अचानक श्री आदिनाथजीकी एक विशाल प्रतिमा जमीनमेंसे निकल पड़ी जिसपर विक्रम सं० फक्त १९ है व अढ़ै पद्मासन ऊंचाई तीन फुट, सिरपर सुंदर तीन छत्रोंका आकार व भामंडल भी है। दोनों तरफ पार्श्वनाथजीकी १ छोटी २ प्रतिमायें हैं और नीचे दो साधारण प्रतिमाएं हैं। वृषभका चिन्ह है तथा छातीमें श्रीवत्स लक्षण खुदा हुआ है। प्रतिमा अति मनोज्ञ है।

इस गांवमें जैनियोंके ९–६ घर हैं उन्होंने यह प्रतिमा मांगी परन्तु हिंदू मुसलमान मारनेको तैयार हुए और प्रतिमाको फोडनेको भी तैयार थे इतनेमें राज कर्मचारी शंकरराव व बाबासाहब ब्राह्मण आये उन्होंने कहा कि मेरे जीतेजी तो हम इस प्रतिमाको फोडने नहीं देंगे। हां, यदि आप कुछ मूल्य लेना चाहते हो तो दिलवा दूं। फिर मुसलमानने ९००) मांगे और अंतमें बातचीत होते२ १००) देकर भाउ बाबाजी देवघरे सेतवाल जैनने प्रतिमा को और आषाढ वदी ९ ता० १६–१–२२को गाड़ीमें विराजमान करके कुंथलगिरि पर लाये और वदी ८ ता० १७ को ब्र० पार्श्वसागरजी, सेठ रावजी सखाराम, ब्र० आश्रमके छात्रगण व पंच लोग बड़े समारोहसे प्रतिमाजीको पहाड़पर ले गये और देशभूषण कुलभूषण महाराजके मंदिरमें विराजमान करके १०८ जलसे भरे कलशोंसे अभिषेक किया। हरएकको कुंथलगिरीकी यात्राको जाकर इस प्रतिमाका दर्शन करना चाहिये।

नांदगांवमें रथयात्रा—नांदगांवमें आषाढ सुदी ९को खंडेलवाल पंचमहासभा, सुदी १०को श्री ऐलक पन्नालालजीका केशलोंच व सुदी ११ को कौंतती रथयात्रा होगी। त्यागीजीका चातुर्मास भी यहां नांदगांवमें ही होगा।

नेमागिरी पहाड (सिद्धवर) के मंदिरोंका जीर्णोद्धार होना अत्यावश्यक है। इसके लिये ब्र० महावीरप्रसादजी अभी बम्बई गये थे तो ५१) सेठ हीराचंद गुमानजी ३१) सेठ चुनीलाल हेमचंद तथा और भी सहायता मिली तथा

मिंतुरमें श्री० सुंदरबाईने १५००) देकर अपने पिताके स्मरणार्थ एक बावडी बनवा दी है। यहां विशेष सहायताकी आवश्यक्ता है।

कम्पिल क्षेत्र–में अतीव अप्रबंध है। श्री जीकी पूजन प्रक्षाल तक नहीं होती ऐसा मालूम हुआ है इसलिये तीर्थक्षेत्र कमेटीको जांच करके इसका प्रबन्ध करवाना चाहिये।

उदासीनाश्रम–इन्दौरसे कई उदासीन उपदेशार्थ घूमते हैं। वे कोई भी खर्चा नहीं मांगते। दूसरे कई २ आश्रमके नामसे घूमकर पैसे मांगते हैं उनके धोकेसे समाज सचेत रहे।

अभी दो चार उदासीन उपदेश करनेलायक और तैयार हुए हैं परन्तु उनके पर्यटनके खर्चकी गुंजायश नहीं होनेसे आश्रममें एक उपदेशक विभाग खोला है। जो कोई इसमें सहायता भेजेंगे उससे उदासीनोंके पर्यटनमें खर्च होगा। पन्नालाल गोधा, उदासीनाश्रम तुकोगंज-इन्दौर।

बम्बईमें सरस्वती भवन–गत श्रुतपंचमीको बम्बईमें सेठ सुखानंदजीकी धर्मशालामें ऐलक पन्नालालजीके हस्तसे ऐलक पन्नालाल सारस्वती भवन खुल गया। झालरापाटनमें इसके लिये त्यागीजीने २०० हस्तलिखित ग्रन्थ इकट्ठे किये हैं व ७०००) का चंदा भी किया है जिनमें ५८०००) रुपया पर जमा है। ६२०००) लेना बाकी है और ७०००) मकानमें लगा है। ग्रन्थसूची भी छप गई है। अभी २५० ग्रन्थ वहांसे बम्बई लाये गये हैं। इस भवनमें सभी संप्रदायके ग्रंथका संग्रह होनेवाला है तथा शास्त्र २ पंडित भी शास्त्रार्थके लिये घूमेंगे। १००) मासिककी सहायता तो शेठ सुखानंदजीने दी है व सौ २ रु० सेठ मुन्नीलाल हेमचंदजीकी बहू और पुत्रीने दिये हैं। व्यवस्थाके लिये ३३ महाशयोंकी कमेटी बनी है जिसके सभापति व कोषाध्यक्ष सेठ सुखानंदजी व मंत्री ठाकरसीदास जैन नियत हुए हैं। दफ्तरका कार्य पं० पन्नालालजी सोनी करते हैं।

रू० ब्रह्मचर्याश्रम–(जयपुर)को श्रुतपंचमी पर ब्र० ज्ञानानंदजीके प्रयाससे बम्बईमें १०२२) की सहायता मिली थी।

मृत्यु और दान–मोदी राजमुलाल मुनवाए (महरौनी)ने अपनी धर्मपत्नीके मृत्यु समय १००८५)का दान किया है जिसमें ४०००) बड़े बाबा, कुंडलपुर। २०००) पपौरा क्षेत्र २२००) पपोरा पाठशाला तथा तीर्थों गरीबों व मंदिरोंको दिया है। इसमें अपनी संस्थाओंको कुछ भी दान नहीं दिया गया है! ऐसे मौकेपर अपनी संस्थाओं- को तो कुछभी ज्ञान दान अवश्य देना चाहिये।

जैनबिद्री–में अब इंतजाम अच्छा है। पूजा प्रतिदिन होती है। दोनों पहाड़पर पुजारी हरवख्त रहता है। जीर्णोद्धारका काम चालू है। भ० चारुकीर्तिकी जीर्णोद्धारके लिये कोशिश प्रशंसनीय है। इसमें सहायताकी आवश्यक्ता है।

अयोध्याजी–तीर्थकी व्यवस्था ठीक हुई है। तीर्थक्षेत्र कमेटीकी ओरसे मूलचंद पहार मुनीम भेजे गये हैं। तथा तीन माहकी सामग्री पूजाके लिये ७०) डा० देवीसहायजी फिरोजपुरने भेज दिये हैं।

हुमच पद्मावती—नामका प्राचीन तीर्थ मैसुर प्रांतमें अतीव प्रसिद्ध है। पद्मावतीकी यहां खास मान्यता है। जिनदत्त सेठकी यह राजधानी है। यहां बडे २ मंदिर व बडे २ प्रतिबिंब है। चांदी, सुवर्ण, मोती, माणक, रत्न, गरुडमणी, मुंगा, लीलम आदिकी प्रतिमाएं हैं। पहाड़पर प्राचीन मंदिर व गोमटस्वामीकी मूर्ति ९ गज खड्गासन हैं। आसपास भी प्राचीन खंडहर देखने योग्य हैं। पद्मावतीका मंदिर तो अलग है। जिनको पद्मावतीको न मानना हो वे ऐसा भी कर सकते हैं।

ब्र० गेबीलाल।

सावधान—मुनि नामधारी धूर्त हर्षकीर्ति (दाहोदवाले)की धूर्त मेषी चेडी चतुर्मती अभी मींड (उदेपुर) गई थी। वहां मंडल विधान कराया था व अपना केश लुंचन किया था ऐसे समाचार मिले हैं। कुछ भी हो परन्तु वह पूरी धूर्त है। विश्वास करने योग्य नहीं और इनसे सावधान रहना चाहिये।

शोकजनक मृत्यु व दान—जैन सुमति मित्रमंडल रावलपिंडीके समासति ला० खानचंदजीका स्वर्गवास ता० २५-६-२२ को हो गया। आप बड़े धर्मात्मा और उत्साही थे। आपके उद्योगसे कई संस्थाएं रावलपिंडीमें चल रही हैं। अंत समय आपने ७७६)का दान किया है जिनमें २४१) सुमति मित्रमंडल व शेष अपनी संस्थाओंको तथा अन्य खातोंको दिया है।

सिद्धक्षेत्र पूजा संग्रह।
इसमें २१ सिद्धक्षेत्रोंकी पूजाएं हैं। मूल्य ।।।)
मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।

सोळापाभां श्राविकाश्रमने मदद.

वैशाख मासमां सोळापाना लग्नगोणामां लग्नोनी खुशालीमां मुंबाईना २-३ श्राविकाश्रमने नीचे मुजब मदद मळी हती. आ प्रसंगे बहेन मगनबहेन खास पधार्या हता अने उपदेश आप्यो हतो.

२५) शा० नरशीदास गंगादास धसणवाव
११) परी मथुभाई प्रेमानंददास बोरसदवाळा
११) शा० शंकरलाल तापीदास आमोद
११) शा० त्रीभोवनदास रणछोडदास कंरमसद
११) शा० प्रभुदास शीवलाल हांवोल
१०) शा० परशोतम हीमचंद सोळापा
७) शा० जगजीवनदास रुगनाथदास मोगरी
७) शा० रायचंद कुबचंद सोळापा
७) शा० पीतांबरदास जगजीवनदास सोळापा
७) शा० भाणदास पुरुषोत्तम पोपणावं
५) शा० नाथाशेठ जवेरदास शेजं
५) शा० भाणीदास हरगोवींदास आमोद
५) शा० नरोतमदास गंगादास वेडच्छर
५) शा० त्रीभोवनदास ईश्वरदास सोळापा
५) शा० परभुदास ईश्वरदास पडोदरा
५) शा० पानाचंद मनोरदास वेडच
५) शा० नाथालाल मोतीलाल कंरमसद
३) शा० छोटालाल दलपतभाई आमोद
४) शा० रायचंद तलकचंद पांडु
३) शा० परशोतम दामोदरदास वेडच
३) शा० भोधजभाई मथुरभाई भडेलाव
२) शा० जेसंगभाई हीमचंद परीजेज
२) शा० मंगलदास केवळदास हांवोल
२) शा० नाथाभाई ईश्वरदास आदरा
१) शा० मुलजभाई ईश्वरदास वलासणु
१) शा० शुलाचंद मुगजी बोरसद
१) शा० सुनीलाल मुलचंद सोळापा
२) शा० रायचंद दामोदरदास हांवोल

११६) कुल

ઈડરના શાસ્ત્ર ભંડારની શોચનીય દશા।

પ્રિય પાઠગણ.

(૧) વારંવાર "દિગંબર જૈન" પત્રો માં ખાસ કરીને ઇડરના જૈન શાસ્ત્ર ભંડારના જીર્ણોદ્ધાર માટે ઘણુજ અસરકારક અને આંખમાં પાણી આવી જાય તેવા લેખો આવવાથી હમારી લાગણી ઉશ્કેરાણી. હમારી હયાતી છતાં બહાર-ગામના ભાઇઓ આવીને શું હમારા પ્રાચીન ભંડારનો જીર્ણોદ્ધાર કરશે ? શું હમારા ઇડરના પંચમાં એટલી પણ શક્તિ નથી કે શાસ્ત્રનો જીર્ણોદ્ધાર ન કરાવી શકે.

(૨) આવા વિચારથી હમો ઇડરના દિગંબરી કોમના આગેવાનો મેતા નાનચંદ જાદવજી, દાવડા મોતીચંદ પદમશી ગાંધી, પુનમચંદ શોકલચંદ તથા મુંબાઇના શેઠ લલ્લુભાઇ લક્ષ્મીચંદ ઝોકસી વીગેરેને લઇને ઇડરના શાસ્ત્ર ભંડારના વહીવટ કર્તા **ગાંધી મોતીચંદ શાંકલચંદની** દુકાને ગયા, ચોડી ઘણી વાતચીત ચાલ્યા પછી છેવટે ગાંધી મોતીચંદ શાંકલચંદ વિના દરેક ભાઇઓએ ભંડાર ખોલી આપવાનું તથા શાસ્ત્ર જીર્ણોદ્ધાર કરવાને અનુમોદન આપ્યું. આટલું હોવા છતાં મોતીચંદ શાંકલચંદે શાસ્ત્ર જીર્ણોદ્ધાર કરવાની ચોખ્ખી નાપાડી, તથા ભંડારની કુંચી પણ આપી નહીં. કુંચી ન આપવાથી પંચે એવું જણાવ્યું કે આવતી કાલે શ્રી મંદિરજીમાં પંચની સમક્ષ ભંડારનું તાળું ખોલી આપીશું પરંતુ બીજે દીવસે હમો તથા પુજારી બે ત્રણ વખત ગયા પણ કોઇ પણ જોવું થયું નહિ.

(૩) હમો પંચની સાથે ખાસ કરીને ગાંધી મોતીચંદ શાંકલચંદને વીનવીએ છિએ કે હવે મરણજનાં પણ તમારાથી શાસ્ત્રોનો જીર્ણોદ્ધાર થાય તો તમારા આત્માનું કલ્યાણ થશે. આવા શ્રેયસ્કર કાર્યમાં આડા ન આવતા તથા પાપના ભાગીદાર ન થતાં આ કામ તન મન અને ધનથી જો તમો કરશો તો પુણ્યના ભાગી થશો. પ્રાણી માત્રને સાથે કંઇ પણ આવવાનું નથી. ફક્ત "શુભાશુભ" કર્મોજ આવવાનાં છે. હમોને એમ લાગે છે કે જો તમો આ કામ એકલા હાથે લઇને કરો તો ઘારો એટલું કરી શકે એમ છે.

(૪) આ કામ માટે વળી ઘેર બેઠા ગંગા આવેલી છે. કારણકે જો તમો કોઇ બીજાની પાસે જીર્ણોદ્ધાર કરાવશો તો વગર પૈસે તે કરશે નહિ પરંતુ આતો "વગર પૈસે કામ થાય તેમ છે"

(૫) આ કામમાં આળસ કરવાથી એક ઘડી જાય છે તેમાં હજારો બલ્કે લાખો રૂપીયાનું નુકશાન થાય છે કારણકે હજારો રૂપીયા ખર્ચ કરવા છતાં પણ નષ્ટ થયેલા અમુલ્ય રત્નો મળવાં દુર્લભ છે. ભંડારમાં નાંખી મુકવાથી કંઇ લાભ નથી, પરંતુ નુકશાનજ છે. જો તમો એનો જીર્ણોદ્ધાર કરશો તો તેથી ભવિષ્યમાં તમારાજ સંતાનો તેનો લાભ લેશે.

(૬) આ કામ માટે શ્રીમાન દાનવીર શેઠ સાહેબ લાલા દેવીસહાયજી તથા લાલા જમ્બુપ્રસાદજી સહારનપુરવાલાએ કાનપુર મહાસભામાં શાસ્ત્ર ઉદ્ધારમાં જે ખર્ચ થાય તે આપવાને વચન આપેલું છે તે માટે તે મહાનુંભાવોનો ઉપકાર માનવા જોગ છે. તા૦ ૨૮-૬-૨૨

લી૦ સરસ્વતિ સેવકો.

લલ્લુભાઇ લખમીચંદ ઝોકસી
શા૦ નાથાલાલ પુલચંદ
દોશી કસ્તુરચંદ સુરચંદ
કોઠારી મણીલાલ છગનલાલ
દોશી ચુનીલાલ નાનચંદ

मंदिरोंमें वर्तने योग्य शुद्ध स्वदेशी
काश्मीरी केशर।
मू० २।) फी तोला
मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।

षट्द्रव्यकी आवश्यकता और सिद्धि।

(जैन साहित्य सभा लखनऊका लेख नं० ३)

लेखक-पं० बुद्धिलाल श्रावक जैन पाठशाला लाटनूँ (मारवाड़)

सवैया ८ सगण-

चित चिन्तहु शुद्ध चिदातमकों, महिमा जिनकी नहिं जाय कही।
नहिं गाय सके जिनराय अहो, गणराय मती चकराय रही॥
निरबाध अगाध समाधि मई, सुख सायरता सरसाय सही।
तिहुँ काल अनन्त समै वरती, "षट्द्रव्य" दशा दरशाय रही॥ श्रावक.

महानुभावो! जब कि देशमें चहुंओर **राष्ट्रीय चरचा** दीर्घ ध्वनिसे गूंज रही है तब यह षट्द्रव्यकी दिव्य कथा आप सज्जनोंको रुचिकर होगी इसमें सन्देह है। परन्तु यह बात निर्विवाद सिद्ध है कि षट्द्रव्यका ज्ञान आत्म बलकी प्राप्ति और वृद्धिमें रामबाण औषधि है, और राष्ट्रकी उन्नति आत्मबल पर ही निर्भर है इस लिये कहना होगा कि छह द्रव्योंका कथन देश हितके हेतु अमोघ मन्त्र है और आधुनिक आन्दोलनके सर्वथा अनुकूल है।

हमारे पूर्वज छह द्रव्योंके ज्ञानसे आत्मबलमें बढ़े हुए थे इसी कारण भारतवर्षमें सदा अहिंसा धर्मका डंका बजा करता था। भारत वसुधराके शृङ्गार श्री पूज्य महात्मा गांधीजीके श्रीमुखसे सदा यही घोषणा हुआ करती है कि देशको समृद्धिशाली करनेके लिये अहिंसा और आत्मबलमें उन्नति करो। महात्माजी स्वयं षट्द्रव्यके नामाङ्कित ज्ञाता हैं और श्रीमान्ने देशहितमें जो आशातीत सफलता प्राप्त की है उसके अनेक कारणोंमें षट्द्रव्यका ज्ञान भी एक प्रधान कारण है।

सारांश यह कि, छह द्रव्योंका ज्ञान, अहिंसा धर्म और आत्मबलकी वृद्धिका अद्वितीय साधन है और उससे लौकिक अलौकिक स्वाधीनताकी सिद्धि होतकी है। जब कि इससे स्वार्थ परमार्थ दोनों सधते हैं तो ऐसे उभय लोकोपयोगी विषयसे हमें वंचित नहीं रहना चाहिये। कहा भी है-

दोहा-स्वारथ परमारथ सकल, सुलभ एक ही ओर।
द्वार दूसरे दीनता, उचित न तुलसी तोर॥ १॥


जिसकी कथा करते हुए सर्वार्थसिद्धिके देवतागण असंख्यकाल समाप्त कर देते हैं जिनका मर्म गणधर महर्षि भी न समझ सके और पूर्ण ज्ञानी परमात्मा भी जिनके अनंत

धर्म जानते हुए भी संपूर्णतया न कह सके उन अनंत गुणात्मक द्रव्योंका कथन करनेके हेतु मैं तुच्छमति होकर भी लेखनी ग्रहण करता हूं. यह देख विद्वान् लोग मुझे पागल कहेंगे और वास्तवमें ही मेरा प्रयत्न उस बालकके समान है जो दोनों हाथ फैला कर समुद्रका माप बतलाता है कि इतना बड़ा है। पर हां! जो कुछ कहूंगा सो गुरूगम और अनुभवसे कहूंगा। कहीं चूकूं तो छल नहीं समझना और न गुरूका दोष समझना।

(१) एक कटोरेमें दही रखिये। उसे नेत्र इंन्द्रियसे देखिये तो उसमें रंग है, नाकसे सुंघिये तो उसमें गंध प्रतीत होती है, जीभसे चखिये तो उसमें स्वाद जाना जाता है, दहीको हाथमें लीजिये तो उसमें चिकनाहट नरमता और वज़नका बोध होता है सारांश! दही इन्द्रिय गोचर है। अब कुछ दही कटोरेमें ही रक्खो और कुछ दही कटोरेमेंसे हाथमें लेओ तो मालूम हो जावेगा कि दहीके खंड होसक्के हैं। अब हाथमेंका दही कटोरेमें ही छोड़ देओ तो वह फिर मिल जावेगा। इससे यह भी प्रतीत होता है कि दहीमें इन्द्रिय गोचरताके सिवाय मिलने बिछुरनेका गुण है इस लिये "**पूरयंति गलयंति पुद्गलाः**" की नीतिसे दहीको पुदगल कहना चाहिये। दहीके समान अन्य वस्तुएं भी जो इंद्रिय गोचर हैं वे सब पुदगल हैं जैसे छड़ी, घड़ी, धोती टोपी, कागज कलम, ताला, तलवार, टका, पैसा आदि।

पुदगलोंके ये रूप, रस, गंध, स्पर्श, गुण सदा स्थिर नहीं रहते, सदा बदलते रहते हैं। अर्थात वर्णसे वर्णान्तर, रससे रसान्तर, गंधसे गंधान्तर और स्पर्शसे स्पर्शान्तर हुआ करते हैं। जैसे जिस आमके फलको हमने कल हरा देखा था वह आज मिष्ट पीला दिखता है और थोड़े कालके बाद लाल दिखने लगता है। जिस फलको हमने कल खट्टा देखा था वह आज मिष्ट देखते हैं और थोडी देरमें चिरस हो जाता है। इन गुणोंके गुणांश भी सदा बदलते रहते हैं जैसे जिस ककडीको हमने कल बहुत हरी देखा था आज उसमें कम हरियाली देखते हैं और कुछ कालमें वह पीली दिखने लगती है। ये गुणांश कभी कभी इतने हीन प्रगट रहते हैं कि इन्द्रिय गोचर भी नहीं होते जैसे कि अग्निकी गंध, वायुका रंग इत्यादि। परन्तु यह स्पष्ट है कि वर्ण ५ रस ५ गंध २ स्पर्श ८ इन २० मेंसे जहां १ भी धर्म पाया जावे उसे पुदगल जानो। पुदगलोंकी डालें सदा बदलती रहती हैं जैसे पानीसे भाप, कुहरा, ओस बादल होते रहते हैं। अथवा अन्न, पानी, हवासे शरीर हड्डी चमड़ा खून मांस वीर्य आदि हुआ करते हैं। जब वे पुदगल आपसमें टकराते हैं तो वायु मंडलकी हवाको धक्का लगता है फिर वह हवा एक दूसरे वायु कणोंको धक्का देती है यहां तक कि कानकी झिल्ली तक धक्का पहुंचता है और आवाज सुनाई देती है।

इस चित्रमें देखो एक कड़ीमें गुथसे बंधी हुई गोलियां लटक रही



हैं अब एक गोलीको धक्का देओ तो वह दूसरेको और दूसरी तीसरी आदिको धक्का देगी ऐसा ही शब्दमें होता है। शब्द भींत आदिसे रुक जाता है और कभी उलटकर पुनः सुनाई देता है उसे प्रतिध्वनि कहते हैं। इससे स्पष्ट है कि शब्द मूर्तीक है और मूर्तीक पुद्गलोंसे उत्पन्न है। परन्तु शब्दको पुद्गलका गुण नहीं कह सकते क्योंकि वह पुद्गलमें सदा नहीं रहता और गुण वही होता है जो पदार्थमें सदा रहता है अतः शब्द पुद्गल की पर्याय याने हालत है। बहुतसे मतान्तर वादी शब्दको आकाशका गुण बतलाते हैं उन्हें हम सम्बोधन करते हैं कि अरूपी आकाशसे मूर्तीक शब्द नहीं निस्पन्न हो सक्ता अगर शब्द आकाशका गुण होता तो लोक अलोक सदा एकसा शब्दायमान रहता और यह घंटेकी आवान, यह बांसुरीकी तान और यह वीनकी ध्वनि है ऐसा बोध नहीं होता। इतने थोड़ेही वक्तव्यसे आप लोग समझ गये होंगे कि जो कुछ इन्द्रिय गोचर है वह पुद्गल है इस लिये अँधेरा, धूप, छाया, प्रकाश, शरीर, वचन, जल, वायु, अग्नि, पहाड, श्वास निश्वास, आदि सब पुद्गल है। बिजली, टेलीफोन, रेल, तार आदि सब पुद्गलके चमत्कार है। कई मतान्तर वादी कहते हैं कि जो कुछ हम देखते सुंघते सुनते है यह सब मिथ्या अर्थात् असत् है। इसका निराकरण हम केवल इतनेमें ही करके आगे चलेंगे कि जो वे यह कहते हैं "कि जगत मिथ्या है भ्रांति है" सो उनका ऐसा कहना भी भ्रांति हुआ अतः उनका मिथ्या भ्रांति रूप वचन भी प्रमाण नहीं है।

अब एक चारु मिट्टीका टुकड़ा लेओ उसमेंका एक खसखससे भी छोटा टुकडा स्लेट पर रक्खो। उस छोटेसे कणके चाकूसे जितने बन सकें खंड करो। उन खंडोंमेंसे सबसे छोटे खंडके फिर खंड करो, यदि साधारण प्रकाशसे काम नहीं चले तो धूपमेंसे खंड करो और सबसे छोटे खंडके पुनः खंड करो, यदि साधारण आखोंकी दृष्टि काम न देवे तो चश्मेसे काम लेओ और खंड करो। फिर चश्मा काम न देवे तो माइक्रासकोपमे देखके खंड करो। जब माइक्रासकोपसे भी निरुपाय होते देखो तो बहुत बढिया सूक्ष्म दर्शक यंत्रसे देखकर खंड करो। और जब सूक्ष्मदर्शक यंत्र भी व्यर्थ होने लगे तो ज्ञानसे खंड विचारो। बस सबसे छोटेमें छोटे पुद्गल अणुको जिसका फिर खंड नहीं हो सके उसे बुद्धिसे विचारो उसीका नाम परमाणु है। ऐसे परमाणु भी स्पर्श, रस, गंध, वर्ण संत रहते हैं क्योंकि किसी वस्तुके गुण कभी नष्ट नहीं हो सक्ते। जब कि इन परमाणुओंमें स्निग्धता रुक्षता सदा स्वाभाविक रहती है तो वे एक दूसरे मिला करते है और दो तीन चार संख्यात असंख्यात अनंतकी संख्यामें भी मिल जाते हैं ऐसी बन्ध रूप दशामें उन्हें स्कंध कहते है। अब आप सोच सक्ते हैं कि परमाणु ही असली पुद्गल है जिसको

ईंट, पत्थर, कागज, कलम आदि हालते हैं। पुद्गल वस्तुका अस्तित्व वर्तमानमें तो स्पष्ट ही सिद्ध है और पूर्वकालमें उसका अस्तित्व हमारी स्मृति सिद्ध करती है कि कल परसों और उसके पूर्वकालमें हमने पुद्गलोंको देखा सुना अनुभवन किया था। इतिहास और पुरानी कथाओंसे अनंत भूतकालके पुद्गलोंका अस्तित्व प्रतीत होता है। अब आगामी कालमें भी पुद्गल पदार्थोंका अस्तित्व रहेगा इसमें कोई सन्देह कर सक्ते हैं अतः प्रधानतया इसी पर विचार करना है। पदार्थोंमें गुण होते हैं और गुण वही हैं जो पदार्थोंसे कभी अलहदा नहीं होते सदा सहभावी रहते हैं। धनके कारण मनुष्य धनवान् कहलाता है, ऊंटके पास रहनेसे ऊटवान और गाड़ीका स्वामी होनेसे गाड़ीवान कहलाता है, ऐसा गुणों और वस्तुओं अर्थात गुण गुणीका संयोगी सम्बन्ध नहीं है क्योंकि धनवान जुदी वस्तु हैं और धन जुदी वस्तु है। अतः अग्निका उष्णताके साथ, जीवका ज्ञानके साथ जैसा सम्बन्ध है वैसा ही गुण गुणीका सम्बन्ध है, कभी ऐसा नहीं हो सक्ता कि अग्निकी उष्णता तो आप रक्खें और अग्निको मैं अपने पास रक्खूं। इसी प्रकार यह भी नहीं हो सक्ता कि आपका ज्ञान मेरी थैलीमें रक्खा रहे और आप घर पर बैठे रहें। बस! इसी प्रकार स्पर्श रस आदि गुणोंका पुद्गलसे सम्बन्ध है-श्री स्वामी कुंदकुन्द मुनिंद्रने कहा है कि-

दव्वेण विणा ण गुणाः गुणेहि दव्वं विणा ण संभवदि।
अव्वदिरित्तो भावो दव्व गुणाणं हवदि तम्हा॥

भावार्थ—द्रव्यके विना गुण नहीं होते और गुणोंके विना द्रव्य नहीं होते इस लिये द्रव्य और गुणोंका अव्यतिरिक्त भाव है। कहनेका अभिप्राय यह है कि पुद्गलके स्पर्श रस आदि गुण कभी नष्ट नहीं हो सक्ते इससे उसका आगामी कालमें कायम रहना स्पष्ट तथा सिद्ध होता है। सारांश! पुद्गल थे, हैं और रहेंगे। इसी कारण पुद्गल पदार्थ सत् है, सतका कभी विनाश नहीं होता और कभी असत्का उत्पाद नहीं होता यही वस्तुका वस्तुत्व है। सूत्रनीमें कहा है कि सत-उत्पाद, व्यय, ध्रुव युक्त होता है अर्थात वस्तुकी हालतें बदलती रहती हैं पर वस्तु कायम रहती है।

जिस प्रकार पुद्गलमें स्पर्शादि गुण हैं वैसे ही थाली लोटा आदि पर्यायें भी हैं। भेद इतना है कि गुण तो साथ रहते हैं अर्थात सहभावी होते हैं और पर्यायें क्रमशः होती हैं अर्थात् क्रमभावी होती हैं। भाव यह कि एक द्रव्यमें एक कालमें एक ही पर्याय होती है पश्चात् दुसरी, पश्चात् तीसरी, पश्चात् चौथी, पश्चात् दूसरी, बस! यही उसका उत्पाद व्यय है अर्थात एक पर्यायका लय हो जाना और दूसरीका प्रगट होना फिर उसका भी उसीमें लय हो जाना और तीसरीका प्रगट होना।

अपने हाथमें आटेकी लोई लीजिये वह गेंदके समान गोल है उसे दबा कर बाटी बनाइये अब बाटी पर्याय प्रगट होगई और लोई पर्याय कहा गई ? उसीमें समा गई। अब बाटीको और बढाइये तो रोटी पर्याय प्रगट होगई और बाटी पर्याय उसीमें समा गई। पर लोई, बाटी, रोटी आदि सब हालतोंमें आटा वस्तु मौजूद है। इस थोड़ेसे ही कथनसे आप समझ सक्ते हैं कि पुद्गल पदार्थोंमें गुण है और पर्यायें है इस लिये " गुणपर्य्ययवद्द्रव्यं " की नीतिसे पुदगलोंको द्रव्य कहना चाहिये। और द्रव्य, वस्तु, पदार्थ, तत्व आदि प्राय एकार्थवाची है। समयसारजीमें कहा भी है—

दोहा—**भाव पदारथ समय धन, तत्व वित्त वसु दर्व।**
द्रवनि अर्थ इत्यादि बहु, नाम वस्तुके सर्व॥

यह बात भी प्रत्यक्ष सिद्ध है कि पुदगल परमाणु अनतानत है जो नाना अवस्थाओंको प्राप्त हुआ करते है और कभी भी सर्वथा नष्ट नहीं होते। यदि पुदगल पदार्थ न होता तो न पानी होता, न हवा होती, न सभा होती न, सभा मडप होता, न शरीरधारी सभापति होते, न सभासद होते और न व्याख्यान होते। साराश ! जो कुछ हम देखते सुनते हैं कुछ भी न होता। स्मरण रहे कि पुदगल अपने स्वरूपसे ज्ञान हीन और वे जान है इस लिये वह अजीव है। साइसके विद्वानोंने जो अब तक ६१। ६७ तत्व खोजे है और भी खोज रहे है वे सब पुद्गल विज्ञानी वा जड विज्ञानी है। परन्तु हम अपने पाठकोंको आत्म विज्ञानकी ओर झुकाया चाहते हैं।

(२) आप अपने एक हाथसे, दूसरे हाथमें चीमटी लीजिये और कुछ जादा दबाइये। तो स्पर्श, रस, गंध, वर्णवंत शरीरके सिवाय एक और विलक्षण पदार्थ ज्ञात होगा जिसे यह बोध होता है कि हमें दुःख हुआ, हमें दबाया है, हमने दबाया है, हम पकड़े गये, हमने जाना, हमने देखा। यह जानने वाला शरीरके लक्षणोंसे भिन्न लक्षणोंवाला है बस ! यही ज्ञायक लक्षण आत्मा है और वास्तवमें यही तुम हो, तुम शरीर नहीं हो आत्मा हो जीव हो। जीवके रहते जड़ शरीरको लोग जीवित कहते है। मुख्यतया हमें जीव पदार्थको ही समझना और समझाना है क्योंकि अहिंसा और आत्म बलका सम्बंध जीव पदार्थ ही से है। यह आत्मा शरीरसे इतना तन्मय रहता है कि शरीरको पकडो तो आत्मा भी पकडा जाता है शरीरको पीटो तो आत्मा पिट जाता है। क्या झाड क्या चिंटी क्या हाथी सबके शरीरमें आत्मा रहता है। इन्द्रियोंके व्यापार और कायकी चेष्टासे उसका अस्तित्व प्रतीत होता है। परतु शरीरकी अचेतन परणतिसे जीव की चैतन्य परंणति जुदी देखनेमें आती है। जिसे लोग मरजाना कहते हैं उससे जीव पुद्गलकी पृथकता स्पष्टता सिद्ध है। मृत प्रेत, पूर्वभव स्मरण आदिके दृष्टात जगह जगह

स्वामी दयानंद सरस्वतीका अनुमान था कि मुक्तात्मा परिमित कालमें मुक्तपुरीसे हकाल दिये जाते हैं। परंतु स्मरण रहे कि जिस प्रकार बीजके अत्यंत जल जानेसे उसमें फिर किसी भी कारणसे अंकुर नहीं होता उसी प्रकार कर्मके अत्यंत विदग्ध हो जानेसे फिर भवांकुर नहीं होसक्ता। स्वामीजीको यह भी डर था कि मोक्ष होते होते संसारकी जीव-राशि शून्य हो जावेगी। इसका समाधान उन सज्जनोंकी समझमें शीघ्र आसकेगा जो दशमलवका गणित जानते हैं। यह देखिये १· पूर्णांक जीव राशि है। इसके पीछे दश-मलवविंदी देनेसे (·१) इसका मान दस गुणा घट जाता है। फिर दशमलव विंदीके आगे शून्य ० रखनेसे उसका मान और भी दस गुणा (·०१) जावेगा इस तरह आप चाहे जितने शून्य बढाते जाइये मान घटता ही जावेगा परंतु कल्पांत कालतक भी शून्य बढाते रहनेसे दशमलवका अभाव नहीं होगा। उसी प्रकार संसार राशिका अभाव भी नहीं हो सक्ता।

अब यह देखना है कि जो कपडा गंदा है वह अपने स्वभावसे ही गंदा है या उसमें कोई दूसरी चीज आ लगी है। यदि गंदापन वस्त्रका निज स्वभाव होता तो वह उज्जल कभी नहीं होता क्योंकि "स्वकं स्वभावं ण विजहंति" इससे सिद्ध है कि कपडेका स्वभाव मलिन नहीं है, कोई दूसरी चीज जिसे मैल कहते हैं कपड़ेसे चिपक गई है। पर यह अवश्य है कि कपड़ेका ऐसा स्वभाव है कि उसमें मैल चिपक जाता है और मैलका ऐसा स्वभाव है कि वह कपडेसे चिपक जाता है। वह वस्तु जो कपडेसे चिपक गई है कपडेके किस्मकी नहीं है, विजातीय है। इसी प्रकार आत्माको गंदा करनेवाली ऐसी वस्तु है जो आत्माके चैतन्य स्वभावसे विरुद्ध अचेतन है और अरूपी स्वभावके विलक्षण अर्थात् मूर्तीक है। बस! इसे ही कर्म कहते हैं। "कर्म भी पुद्गलकी एक अवस्था सिद्ध हो गई"।

जब हमें क्रोध आता है तब आत्माके अंदर बड़ी खलबली मचती है, हम बड़े रंज और गमका अनुभव करते हैं। जिस तरह समुद्रमें ज्वार भाटा होता और टथल पुथल होती है उसी प्रकार शांतिके समुद्र आत्मामें बड़ी बेचैनी होती है। पर थोड़ी देरके बाद वह बेचैनी शान्त हो जाती है और मालूम होता है कि किसी चीजका असर था जो उतर गया। इससे भी प्रतीत होता है कि ये सब हरकतें करनेवाले आत्म स्वभा-वसे भिन्न पुद्गल पदार्थ हैं। ये आत्मामें विभाव उपजाते और शरीर आदिमें अहंबुद्धि पैदा करते हैं। परन्तु जिन्हें जीवाजीव द्रव्योंका सच्चा ज्ञान है वे आत्मासे शरीरको सर्वथा भिन्न और कोसों दूरके समान अनुभव करते हैं। वे सच्चे महात्मा हैं। उन्हें मरनेका डर नहीं। दमन नीति उन्हें काबूमें नहीं ला सक्ती। जेलमें और मंदिरमें उन्हें अन्तर नहीं दिखता। चाहे उनसे सुनली बटवाओ या चक्की

चाहे किरकिरी मिला हुआ आटा देओ, चाहे मोहन भोग देओ। सदा प्रसन्न रहते हैं। उनके हृदयमें हिन्दू, मुसलमान् आदि एकसे प्रेम बंधु झलकते हैं और उन्हें कितनी ही तकलीफें और अड़चनें आवें और कैसी कठिन दगन नीतिसे सताये जावें पर वे सत्याग्रहसे नहीं चिगते।

लाओ जितनी हों पासमें, हथकड़ी सांकल बेड़ियां।
कटि ग्रीव जंघा बांध दो, छाती शिखा पग एड़ियां॥
बाकी रहे नहिं तन जरा भी, खूब कस कर बांध दो।
संतर जहलमें सींकचे, ताले लगा कर धांध दो॥ १॥

सारांश। विकट संकट आनेपर भी सच्चे महात्मा लोग परीषहसे नहीं चिगते। वे तपश्चर्याको कर्तव्य समझते हैं और सच्ची स्वाधीनता पानेमें सफलत होते हैं।

इतने वक्तव्यका सार यह है कि जीव पदार्थका अस्तित्व समझना भी एक प्रकारसे स्थूल है क्योंकि वह हमारे अनुभव गोचर है। वह हमारे शरीरमें है। वह ही हम हैं। पानीमें मीन पियासीके समान आत्माको अन्यत्र नहीं खोजना है। आत्म देव तो देहके देवालयमें ही रहता है। समयसारजीमें कहा भी है-

मतागयन्द. केइ उदास रहैं प्रभु कारन, केइ कहीं उठि जात कहींके।
केइ प्रणाम करें गढ़ि मूरति, केइ पहार चढ़े गह छींके॥
केइ कहें असमानके ऊपर, केइ कहें प्रभु हेठि जमींके।
मेरो धनी नहिं दूर दिशान्तर, सो महिं है मोहि सूझत नीके॥

यदि जीव पदार्थ न होता तो न तो कोई मानने वाला होता न देखने होता, न स्वाष्ट होता, न पर राष्ट होता। सब अजीव अजीव ही होते।

अब जीव भी एक द्रव्य सिद्ध हुआ। जिसमें चैतन्यादि गुण हैं और संसारी मुक्त अथवा मनुष्य, पशु, देव आदि पर्यायें हैं। इसके पश्चात हम आप लोगोंका चित एक सूक्ष्म पदार्थकी ओर आकर्षित करते हैं।

२-आप देखा करते हैं कि जो कल था वह आज नहीं है जो बालक थे वे युवक हो गये, युवक थे वे वृद्ध हो गये जो वृद्ध थे वे मृतक हुए। जो शांत थे वे क्रोधित हैं जो क्रोधित थे वे शांत हैं। सारांश जो नवीन था सो पुराना हुआ। अथवा यों कहिये कि पूर्व अवस्था लय हो गई और नवीन अवस्था प्रगट हो गई अर्थात पदार्थोंकी अवस्थाओंमें परिवर्तन हुआ और हुआ करता है।

यह रीति कबसे है और कब तक रहेगी इसका उत्तर सोचिये तो यही मिलेगा

कि जबसे पदार्थ हैं और जब तक पदार्थ रहेंगे तब तक बराबर परिवर्तनकी रीति चालू रहेगी अर्थात् अनंत भूतकालसे यह पद्धति चालू है और अनन्त भविष्यत कालतक रहेगी।

ऐसा क्यों होता है ? यह विचारें तो अवस्थासे अवस्थांतर होनेका असली अर्थात् उपादान कारण वे ही पदार्थ हैं जो अवस्थान्तर हुए हैं। यदि दूधमें दही बननेका स्वाभा न होता तो किसकी मजाल थी कि दूधसे दही बना देता। पर विना बाह्य कारणके भी काम नहीं हो सक्ता। विना रई घुमाये अर्थात् मथन किये बिना मक्खन नहीं मिल सक्ता है। दूसरा दृष्टांत लीजिये कि जो कुंभकारका चक्र घूमता है उसका उपादान कारण चक्र स्वयम् ही है कुंभकार दंडा-आदि प्रेरक कारण हैं परंतु यदि वह खूंटी जिस पर चक्र घूमता है वह न हो तो भी चक्र न घूम सकेगा ऐसे कारणोंको उदासीन निमित्त कारण कहते हैं।

बस ! सब पदार्थोंके अवस्थान्तर होनेमें खूंटीके समान जो उदासीन निमित्त कारण है वही काल है। जीव पुद्गलों आदिकी हालतें बदलनेमें वह प्रेरक नहीं, निमित्त रूप है। वह मूर्तीक पुग्दलोंसे भिन्न लक्षणोंवाला अर्थात् अमूर्तीक, और जीवके चैतन्य धर्मसे विलक्षण अर्थात् अचेतन ही होना चाहिये।

मिनिट, घंटा, पहर, वर्ष आदिको लोग व्यवहारमें काल कहते हैं पर वह पुद्गलोंकी परणतिसे प्रगट होता है अर्थात् घड़ीकी बड़ी सुई जब बारा नंबरोंपर चक्कर लगा देती है तब लोग कहते हैं कि एक घंटा हो गया।

स्वामी कुन्दकुन्दने कहा है कि "तह्मा कालो पडुच्च भवो" अर्थात् व्यवहार काल पुदगलाश्रित है परन्तु इस व्यवहार कालसे वास्तविक काल जो पदार्थोंको अवस्थान्तर कराता है निराला है वह जीव द्रव्यके समान-अमूर्तीक वस्तु है भेद इतना है कि जीव माप में बड़ा है। और कालका प्रत्येक कण परमाणुके बराबर है। परन्तु परमाणु मूर्तीक है और कालाणु अमूर्तीक है। चांदीकी एक पाट लेओ जो लाखों परमाणुओंके बराबर है यह जीव पदार्थका दृष्टान्त है। अब चांदीकी एक रेतनका एक बहुत ही छोटा कण लेओ यह कालाणुका दृष्टान्त है। ऐसे कालाणु सब लोकमें भरे हुए हैं। यह स्मरण अवश्य रहे कि चान्दीकी रेतन पुदगल है उसमें स्निग्धता रुक्षता है जो मिलकर पाट बन जाती है पर कालके दानेमें स्निग्धता रुक्षता नहीं है इसमे कालके दाने एक दूसरेसे कभी नहीं बँध सक्ते हैं। इसी कारण ये अकाय हैं।

जिस तरह जीव दूसरोंको जानता और अपनेको भी जानता है उसी तरह काल पदार्थ दूसरोंको वर्तांता और अपनेको भी वर्तांता है। जब कि वह स्वयम् वर्तता है तो उसमें पर्यायें उपजती और लय होती हैं। ये अरूपी पर्यायें षट् गुण पतित हानि वृद्धिका स्वरूप समझनेमे बुद्धिमें आ सक्ती हैं परन्तु यह विषय गुरुगम है यहां लिखनेसे लेख

बाहुल्यता होगी। सारांश कालमें गुण और पर्यायें होती है अतः वह द्रव्य सिद्ध होता है।

यदि काल पदार्थ न होता तो निमित्तके बिना पदार्थोंकी हालत न बदलती उनमें उत्पाद व्यय नहीं होता। जो पदार्थ जैसा है वैसा ही रहता जो आम हरा है वह हरा ही रहता पीला न होता न सड़ता और न छोटा बड़ा होता।

हमारे श्वेताम्बर बंधु इस अतीव आवश्यक द्रव्यका अस्तित्व नहीं मानते। परन्तु जब वे गति स्थिति स्थानके हेतु, निमित्त भूत धर्म अधर्म आकाशको मानते हैं तो कालके बिना भी काम नहीं चल सक्ता परिवर्तनाके हेतु भी निमित्त होना ही चाहिये।

ब्राह्मण धर्म शास्त्रोंमें भी कालका उल्लेख है। और कहा है—

चौपाई.—सिरंजत काल सकल संसारा। करत काल तिहुं लोक सँहारा॥
सब सोवत जागत है सोऊ। काल समान बली नहिं कोऊ।१।

यह कथन जैन मतके स्याद्वादसे सम्यक् सिद्ध होता है। अर्थात् काल पदार्थ संसारकी नवीन पर्यायोंको उत्पन्न कराता है और प्राचीन पर्यायोंको लय कराता है। परन्तु यदि कोई यह समझ जावे कि काल ही उत्पन्न करता है, काल ही नष्ट करता है तो यह "ही" लगानेसे एकान्तवाद हो जाता है और वह दूषित है॥ कहा भी है—

दोहा—पद स्वभाव पूरव करम, निश्चय उद्यम काल।
पक्षपात मिथ्यात सब, सर्वाङ्गी शिवचाल॥१॥

कालके संबंधमें एक बड़ी भारी शंका यह होती है कि काल पदार्थ जब लोक मात्रमें है तो वह अलोकाकाशको क्यों कर परिवर्तित करता है। इसका समाधान कुन्द-कुन्द स्वामीने बड़ी कड़ी युक्तियोंसे किया है उनमेंसे एक मोटीसी यह है कि जिस प्रकार शरीरके मध्य भागमें मैथुन होता है और उसका अनुभव सर्वांग होता है। उसी प्रकार काल भी आकाशके मध्यमें रहके संपूर्ण आकाशको वर्तांता है।

हमारे ऋषियोंकी कथन शैली ऐसी सुन्दर है कि बार बार द्रव्यानुयोगके शास्त्रों का कथन चिंतवन करनेसे अरूपी काल द्रव्य भी स्पष्टतया समझमें आने लगता है।

४—अब हम चौथे पदार्थ पर आप लोगोंका चित्त झुकाया चाहते हैं। आप देखिये पुस्तक टेबिल पर रक्खी है, टेबिल प्लेटफार्म पर है, प्लेटफार्म पृथ्वीपर है, अर्थात् पदार्थोंमें आधार आधेय वा क्षेत्र क्षेत्रिय भाव है।

जिस प्रकार जीव पदार्थ अपनेको और सकल पदार्थोंको जाननेवाला 'ज्ञान' इस परमधर्मसे सिद्ध है। अपनेको और दूसरोंको वर्तानेवाला काल पदार्थ 'वर्तना' इस परम धर्मसे सिद्ध है। उसी प्रकार अपनेको और दूसरे समस्त पदार्थोंको क्षेत्र देनेवाला अवगाहना परमधर्मवाला

पदार्थ होना ही चाहिये। उसके विना द्रव्योंकी सिद्धि नहीं हो सक्ती। बस! उसीका नाम आकाश है। जो सबको क्षेत्र देनेवाला है, सबका क्षेत्रिय है, सबका आधार है। सारांश! आकाश और सब पदार्थोंमें आधार आधेय सम्बन्ध है। जिस प्रकार जीवके एक प्रदेशमें भी अपनेको और अनंत पुद्गलों, जीवों, काल आदिको जाननेका सामर्थ्य है, कालके एक प्रदेशमें अपनेको और अनंत जीव पुद्गलों आदिको वर्तानेकी सामर्थ्य है उसी प्रकार आकाशके प्रत्येक प्रदेशमें जो परमाणुके बराबर होता है अपनेको अनंत जीवो, पुद्गलों और काल आदिको स्थान देनेका सामर्थ्य है। पं० प्रवर दौलत रामजी साहबने कहा भी है "सकल द्रव्यको बास जामुमें सो आकाश पिछानो"।

ऊपर आसमानमें जो नीला सा हद्दे नजर दिखता है अथवा जो लाल पीले रंग बदलते रहते है उसे बहुतसे लोग आकाश समझ जाते हैं। परन्तु रंग पुद्गलोंमें होता है आकाशमें नहीं हो सक्ता। आकाश अरूपी वस्तु है।

जब कि आकाश सबका क्षेत्रिय है तो जहां जहां जीवादि पदार्थ हैं वहां वहां आकाशका अस्तित्व सिद्ध ही है। लोकमें तो आकाश है ही। परन्तु उससे आगे, क्या है इस प्रश्नका उत्तर यही मिलेगा कि उससे आगे आकाश है, फिर उससे आगे, आकाश. फिर उससे आगे? आकाश! लोकसे आगे भी आकाश है तो वहां जीवादि पदार्थ क्यों नहीं पहुंच जाते और लोकको और भी विस्तृत क्यों नहीं कर लेते! इसका समाधान धर्म द्रव्यके कथनसे हो सकेगा।

आकाशमें स्थान दान आदि गुण हैं और काल द्रव्यके समान अरूपी पर्यायें है अतः आकाशको द्रव्य कहना चाहिये। यदि आकाश न होता तो पदार्थ ही न रह सक्ते। इस लिये लोककी सिद्धिके हेतु आकाशका अस्तित्व मानना ही चाहिये।

९–६–*पाठक! जीव, प्रकृति, काल और आकाश तो संसारमें प्रायः प्रचलित* हैं। अब हम उन अरूपी सूक्ष्म वस्तुओंकी ओर आपकी दृष्टि डालना चाहते हैं जो जैन शास्त्रोंके सिवाय अन्यत्र अप्रसिद्ध ही हैं। जिन्हें स्वामी दयानन्दजी जैसे प्रसिद्ध आर्य विद्वान् न समझ सक्के और धर्म अधर्म द्रव्यको जीव प्रकृति आदि पदार्थोंके धर्म अधर्म अर्थात् स्वभाव विभाव समझ बैठे और पवित्र जैन धर्मका खंडन अपने सत्यार्थ प्रकाशमें कर गये।

यह देखिये झाड़से एक फल गिरा और धरती पर ठहर गया। लड़केकी पतंग उड़ते उड़ते कुएमें पड़गई। अभिप्राय यह कि जीव पुद्गलोंमें गमन स्थिति क्रिया देखते हैं। इसका कारण सोचिये तो अंतरंग कारण तो ये ही गमन स्थिर होनेवाले पदार्थ हैं

१. पुद्गल

अर्थात् क्रिया रूप परणमनेकी शक्ति उन क्रियावान् पदार्थोंमें ही है। अगर जीव पुद्गलोंमें गमन स्थितिका स्वभाव न हो तो किसीको ताकत थी जो उससे मस कर सक्ता। परन्तु अंतरंग कारणके सिवाय बाह्य कारण भी चाहिये। बाह्य कारणके विना भी कार्य नहीं हो सक्ता यह बात न्यायसे सिद्ध है जिसका यहां लिखनेसे विषयांतर होना संभव है।

जब रेलगाड़ी चलती है तो उसके चलानेका उपादान कारण तो वह स्वयम है एंजिन खींचता है सो वह प्रेरक कारण है। इतना होनेपर भी पातोंके विना रेल नहीं चल सकेगी। अभिप्राय यह कि लोहेकी पातें रेलके चलनेमें उदासीन निमित्त कारण हैं। एंजिन खींचे वा रेल चले तो लोहेकी पटरी सहायक होती है पर रेलको जबरदस्ती खींचकर नहीं चलाती। और न चलती हुईको ठहराती है।

साइंसके विद्वानोंका भी मत है कि गति स्थितिके हेतु बाह्य निमित्त अवश्य होना चाहिये। वे लोग बहुत दिनोंसे इसका खोज कर रहे हैं, परंतु उन बेचारोंको अरूपी पदार्थोंका जो प्रत्यक्ष ज्ञान गोचर है कैसे पता लग सक्ता है। बस! जो गति स्थितिमें निमित्त रूप हैं उन्हीं वस्तुओंका नाम धर्म अधर्म है। ये स्वतंत्र पदार्थ हैं। जिस प्रकार नींबूका धर्म खटाई है, गुडका धर्म मिठाई है।


जीवका अधर्म हिंसा वा राग द्वेष है उस प्रकार धर्म अधर्म द्रव्य किसी पदार्थके गुण दोष नहीं हैं वरन जिस तरह आकाश एक द्रव्य है उसी तरह धर्म भी एक द्रव्य है और अधर्म भी एक द्रव्य है। धर्ममें गति सहाई परम धर्म है, अधर्म द्रव्यमें स्थिति सहाई परम धर्म है और दोनोंमें काल द्रव्यके समान् अरूपी पर्यायें हैं। अतः ये दोनों द्रव्य हैं।

यहां एक प्रश्न होता है कि जैन धर्ममें भी तो अहिंसा आदिको धर्म और हिंसा आदिको अधर्म बतलाया है अथवा "वत्थु सभावो धम्मो"की रीतिसे इसी निबंधमें पदार्थोंके चैतन्य आदि धर्म कहते आये हो अब यह निराले पदार्थ कैसे कहते हो? इसका समाधान इस प्रकार है कि एक वाच्यके अनेक वाचक होते हैं जैसे सूर्यके वाचक शब्द दिनकर, दिवाकर, दिनेश आदि हैं। और एक वाचकके अनेक वाच्य भी होते हैं जैसे जैसेकि 'मन' हृदयको (दिलको) भी कहते हैं और मन तौलनेका माप भी होता है। पर जहां जैसा विषय व प्रसंग होता है वैसा ही आशय लिया जाता है। क्योंकि संसारमें पदार्थ और उनके गुण बहुत हैं। और कोषमें शब्द थोडे हैं। इस लिये जहां गुणोंका कथन हो वहां धर्म अधर्म शब्दसे स्वभाव विभावका आशय लेना चाहिये और जहां द्रव्योंका कथन हो वहां धर्म अधर्म शब्दसे दोनों पदार्थ समझना चाहिये।

स्वर्गीय स्याद्वाद वारिधि पुज्य पं० गोपालदासजी बरैयाने श्री जैनसिद्धांत-दर्पणमें एक तर्क निकाला है कि गति स्थितिके हेतु जुदे जुदे दो पदार्थ माननेकी क्या आवश्यक्ता है ? इसका समाधान भी उस प्रात. स्मरणीय विद्वान्ने किया है कि परस्पर विरोधी धर्म एक ही धर्मीमें नहीं हो सक्ते इस लिये जो पदार्थ चलानेवाला है वह ठहरानेवाला नहीं होसक्ता और जो ठहरानेवाला है वह चलानेवाला नही हो सक्ता अत. दोनों पदार्थ प्रथक् प्रथक् सिद्ध है। और दोनोंकी ही आवश्यक्ता प्रतीत होती है।

अब आप लोगोंकी समझमें आया होगा कि धर्म अधर्म पदार्थ है अर्थात धर्मी हैं और गति स्थिति सहायकता दोनों के क्रमशः धर्म है। जिस प्रकार साइंसवालोंने लिखा है कि यदि माध्याकर्षण न होता तो सूर्य चन्द्र अपने मार्गपर न रहते न जाने कहां जाते, यदि परमाणु आकर्षण न होता तो सब चीजें धूलकी देशामें रहतीं। उसी प्रकार जैन ऋषियोंका कहना है कि यदि धर्म द्रव्य नहीं होता तो जो पदार्थ जहां था वहां ही रहता कोई भी पदार्थ नहीं चलते न कोई मोक्ष जाता न कोई देशान्तर जाता। न चरखा चलता, न सूत कतता, न सभा होती, और न आप लोग अपने घरसे आ सक्ते।

और यदि अधर्म द्रव्य न होता चलती हुई कोई भी वस्तु न ठहरती। गिल्लीको दंडा मारनेसे वह चली ही जाती फिर न ठहरती। छतरी जो हवामें उड पड़ी थी उड़ती ही जाती। और सिद्ध आत्मा जो ऊपरको गमन किये थे चले ही जाते कभी भी विश्राम नहीं पाते। यहां तक कि इन दो द्रव्योंके विना लोक अलोकका भी भेद न होता।



यह चित्र देखिये छहों द्रव्योंसे भरे हुए लोकका आकार है। छहों द्रव्य अपने अपने गुण पर्यायोंमें परणमते हैं कोई भी द्रव्य अपने गुणस्वभाव नहीं छोडते और न अन्यके गुण स्वभाव ग्रहण करते हैं। हां! जीव पुद्गल, स्वभाव विभावरूप होते हैं। विभाव परणति निबंधका विषय नहीं है होता तो हम उसका कथन करते। पर इतना अवश्य कहेंगे कि एक दूसरेके निमित्त नैमित्तक होनेसे द्रव्योंकी परणति सिद्ध होती है। अत लोकका या द्रव्योंका कोई कर्ता हर्ता विधाता सिद्ध नहीं हो सक्ता इस लिये सभी द्रव्य स्वयम् सिद्ध हैं। द्रव्योंका 'समुदाय रूप, लोक, किसके बलसे आधार खड़ा

है यह कहे विना; हम निबंध पूरा नही कर सकते। एक साइंसके विद्वान्ने एक मनुष्यको बिलकुल निराधार खडा कर दिया था। और उसे हमने स्वयम् देखा है। बुद्धिसे सोचा जावे तो यह जीव अजीव ही की करामात है कहनेका अभिप्राय यह कि इतना बड़ा लोक जीव अजीव ही की विलक्षण विद्युतसे जिसे माधाकरषण कह सक्ते है अधर खडा है। परमार्थ दृष्टिसे सब द्रव्योंके आधार स्वरूप आकाशके आधारपर लोक है और आकाश अपने परमधर्म आधारके आधार है।

छहं द्रव्योंके सबधमें नीचे लिखा उद स्मरण योग्य है।

सवैया मानिक-.

जीव धरम अधरम नभ पुगदल, काल सहित षट् द्रव्य प्रमान।
चेतन एक अचेतन पाचों, रहैं सदा गुण पर्जयवान॥
केवल पुगदल रूपवान् है, पाचों शेष अरूपी जान।
काल द्रव्य विन पंच द्रव्यको, अस्तिकाय कहते युधिवान॥ १॥

उपसंहारमें हमें यह कहना है कि निबधमें कई जगह मतान्तर वादीको लक्ष्य बनाकर संबोधन किया है सो किसीकी निन्दा वा विरोधकी इच्छासे नहीं किया है। अब ऐसा कीजिये कि एक घड़ी भरको आपही वादी बन जाइये और कहिये लोककी सिद्धिके वास्ते जीव द्रव्यकी आवश्यक्ता नहीं है और न उसका अस्तित्व सिद्ध है। तो मैं कहता हू कि आप कौन है ?

अब आप कहिये-हम पुद्गल है शरीर है। शरीरमें शराब कैसा नशा कुछ काल रहनेसे लोग जीव जीव चिल्लाने लगे है।

मैं कहता हूं-कि शराबका नशा भी जीव ही को होता है। नहीं तो शराबकी बोतलें भी उछलती कूदती फिरतीं इससे जीवका अस्तित्व सिद्ध है।

अब आप कहिये-कि पुद्गल नहीं हैं।

तो मैं कहता हू-कि यह रग बिरगे पदार्थ देखने है सो क्या है ?

अब आप कहिये-संसारमें आकाश नहीं है।

तो मैं कहता हू-जीव पुगदल आदि कहा रहते हैं ?

आप कहिये-हम कालकी कुछ आवश्यक्ता नहीं समझते।

तो मैं कहता हूं-क्या विना निमित्तके भी कार्य हो सक्ता है ? संसारमें सभी लोग निमित्तको बलवान मानते हैं।

आप कहिये-लोककी हद माननेकी जरूरत नहीं। वह अनंत है।

मैं कहता हूं-जब सब चीजोंकी हद है तो लोक भी हद सिद्ध है।

आप कहिये-धर्म अधर्म द्रव्यका अस्तित्व मानना अनावश्यक है।

मैं कहता हूं-लोककी हदसे धर्म अधर्म द्रव्योंका अस्तित्व स्पष्ट सिद्ध है।

आप कहिये-इन द्रव्योंका जानने कथन करनेवाला ईश्वर नहीं है।

मैं कहता हूं-कि यहा और इस समय ईश्वर नहीं है कि सर्व काल और सर्व क्षेत्रमें ईश्वर नहीं है।

आप कहिये-कि कभी भी और कहीं भी ईश्वर नहीं है।

मैं कहता हूं-अगर आप सर्व काल और सर्व क्षेत्रको जानते है तो आप ही ईश्वर हो।

आप कहिये-कि यदि ईश्वर है तो वह इन द्रव्योंका वा जगतका कर्ता अवश्य है।

मैं कहता हूं-कि आप ईश्वरको "निरीह ईश्वर विभु" मानते हैं या नहीं ?

आप कहिये-सब ही ईश्वरवादी प्रभुको निरीह मानते हैं।

तो मैं कहता हूं-कि इच्छा रहित प्रभु इस प्रपंचमें क्यों पड़ने चला ?

आप कहिये-तो सुख दुख कौन देता है।

मैं कहता हूं-जड़ चेतन अनादि-संयोगी। आप हि कर्ता आप ही भोगी।

अथवा दोहा-को सुख को दुख देत है, कौन करै झक झोर।
उरझत सुरझत आपही, ध्वजा पवनके जोर॥

अब आप कहिये-कि लोककी सिद्धिके हेतु छह ही द्रव्योंकी क्यों आवश्यक्ता है ? कुछ कमती मानो !

मैं कहता हूं-कि छहमेंसे किसको छोड़ दूं। जिसके विना पदार्थोंकी सिद्धि होती जावे और बाधा न पड़े उसे छोड़ दूं।

आप कहिये-कि छहसे ज्यादा द्रव्य मानिये।

मैं कहता हूं—कि सातवां आठवां द्रव्य सिद्ध कीजिये।

अस्तु! अधिक कहनेसे क्या? लोककी सिद्धिके हेतु छह ही द्रव्योंकी आवश्यक्ता है और वे स्वयम् सिद्ध है।

बहुत लोग रुपये पैसेको द्रव्य कहते है। जब मैं विद्यार्थी था तब मैंने द्रव्य-संग्रह ग्रंथ इस लिये मंगाया था कि उसमें रुपये कमानेकी युक्तियां होंगी। लोग रुपया पैसा स्वरूप द्रव्यकी उपासना किया करते है सो वह भी द्रव्य ही है पर पुद्गल-द्रव्य है उसमें आनंदका लेश भी नहीं। सदा अपने आत्म द्रव्यका आनंद लेना चाहिये।

छहों द्रव्योंमें आत्म द्रव्य सारभूत और उपादेय है। हे जीव! तुम आत्मा हो, आत्मा तुम्हारा है, तुम आत्माके हो। उसे [illegible] भलेप्रकार जानो, उसका श्रद्धान करो और उसीमें स्थिर रहो। अथवा पधारे सारी रीते [illegible] अर्थात् अपने 'स्व' के ऊपर राज्य करो यही स्व- र [illegible] ही त्यों ही पराष्ट् अर्थात् कर्म दल तुम्हारे ऊपर कचना कर लेता है वा नौकरशाह रूप इंद्रियोंकी हुकूमतमें तुम्हें रहना पड़ता है जो तुम्हारे ज्ञान धनका शोषण करती और नाना नाच नचाती हैं तथा तुमसे पूरी पूरी गुलामगा[illegible] विदेशी वस्तुएं दिखाकर तुम्हें [illegible] रसे कस देती हैं। फिर तु[illegible] विदेशी लोग तुम्हारे कपड़े सीनेके लिये सुई भी न देवें तो तुम्हें फना[illegible]। इसलिये उनसे असह-योग करदो जो तुम्हारा असली रक्त चूसते है। तुम सच्चे स्वदेशी बनो एक क्षण मात्रको भी अपने स्वदेश और देशबंधुओंका हित मत भूलो। दमन नीतिसे मत डरो और अहिंसा पूर्वक सत्याग्रह ग्रहण करके स्वात्मबल बढ़ाओ।

अंतमें यह कहते हुए निबंध समाप्त करता हूं कि—

सब मित्र पवित्र चरित्र धरौ,
अरु शिक्षित पुत्र कलत्र करौ।
पुनि कौशल काव्य-कला विधिसे,
सजदो इस भारतको निधिसे॥

समाज सेवी—बुद्धिलाल श्रावक-लाडनूं (जोधपुर)

પુરૂષની શારીરિક અવનતિ થવી ન જોઇએ એટલે કે ઓછું, નહીં ભાવતું, હલકા પ્રકારનું ભોજન આવાથી અને મરી ગયેલા પ્રસંગને સંભારી આર્તધ્યાન કરી કાયા ગાળવાથી શરીરની અવનતિ થાય છે અને તેની અસર તેના મોટા આગળ ફરતાં બચ્ચાં ઉપર બુરી થાય છે અને શિક્ષા બીજાને ભોગવવી પડે છે. નીતિભ્રષ્ટતા થવી ન જોઇએ, આ બાબત વિશેષ અગત્યની છે. જૂઠ, જબરી, ચોરી, દ્વેષ વગેરે દુર્ગુણોનો સમાવેશ આમાં થાય છે. આ બાબતે એક દાખલો આપવાથી સારી સમજ પડશે. આગગાડીમાં બેસવાની ઉતાવળમાં એક બાઇ પોતાનો જુનો પટી કરેલો સાલ્લો પોટલી પાસે પડેલો તે લેવાનો ભૂલી ગઇ એક વિધવા બાઇ તે લઇ ઝટ બીજામાં બેસી ગઇ અને પોટલામાં બોસવા જતી હતી તેવામાં પેલી બાઇ આવીને કહેવા લાગી કે બેસો સાલ્લો લાવો, પોટલીમાં કયા મુકી દે છે! તેણે જવાબ આપ્યો કોઇ લઇ જાય તેથી હું લાવી, મારે તમારા સાલ્લાને શું કરવો છે. બેસ બહુ સતી નહીં થા, તું તો મારી પછવાડે હતી. ત્યારે મને ખબ મારવી હતીને. બીસીયાણી થઇ પેલી બેસી ગઇ, આ બાઇએ જુના સાલ્લા ખાતર ચોરી અને જૂઠ બન્ને ગુન્હા કર્યા. આવાં કુટુંબને જો આપણે મદદ નહીં કરીએ તો તેઓ નીતિભ્રષ્ટ થાય તેમાં શી નવાઇ!! માટે નિરાશ્રયી વિધવા અથવા તેવા બીજા કુટુંબને આપણે પ્રથમ મદદ કરવી જોઇએ. ત્રીજા પ્રકારના કુટુંબને કેવી રીતે મદદ આપી શકાય તેનો વિચાર આવતા લેખમાં કરવામાં આવશે. આવી બાબતો ઉપર 'દિગંબર જૈન' માં પૂરેપૂરી ચર્ચા થવી જોઇએ અને બીજા બાઇઓએ આ બાબતમાં સહાનુભૂતિ બતાવવી જોઇએ.

મંદિરોમેં વર્તને યોગ્ય શુદ્ધ સ્વદેશી
કાશ્મીરી કેશર।
મૂ૦ ૨।) ફી તોલા
મેનેજર, દિ૦ જૈન પુસ્તકાલય-સુરત।

હુમડ લગ્ન પર ઉડતી નજર.

લગ્નસરા આવી ને ગઇ. જનતાનો આનંદ માર્યો સમાયો નહિ, તેમા અમારા ગુજરાતમાં દશાહુમડ જાતિમાં સારાં લગ્ન થયાં કહેવાય છે; અને તેમ થવું સંભવિત છે. કારણ કે ગઇ સાલ સિંહસ્થ વરસથી બંધ રહેલ લગ્ન, આ વરસમા થનાર લગ્ન ને ખર્ચાના કારણથી લેવાએલ નાની કન્યાઓના લગ્ન એમ બધુ પ્રકારથી લગ્ન થવાથી સંખ્યા વધુ થાય તેમાં શક નથી. તેમાં છેલ્લો વર્ગ તો દર વરસ ચાલુ હોય છેજ. એક તિથિ કે સરાનો લગ્ન આર્થિક દૃષ્ટિથી લાભકારક છે. લગ્ન માસ વૈશાખમાં એકંદરે દરેક માણસ નિવૃત્તિવાળું હોય છે, કારણકે બેકુલ વર્ગને પાક લેવાનો કે ઉત્પન્ન કરવાનો હોતો નથી ને બેકુલ નિવૃત્ત હોય ત્યા તેના પર આધાર રાખતા આ દેશના ધંધા વિહોણા લોક પણ નિવૃત્ત હોય છે, એટલે આવા નિવૃત્તિના સમયમા લોકો ભોજનગાનાને બીજા પ્રસંગો માણે છે. લગ્ન પ્રસંગ પણ તેમાનો એક છે. કુદરતી રીતેજ તે માટે આ સમયજ નિર્માણ થયેલો જણે હોય એમ લાગે છે. આ ઋતુમાં ફળફુલ આદિથી કુદરતનું સૌંદર્ય ઉભરાતું હોય છે. વસંતનો બહાર પણ આવી ગયો હોય છે. તેવા આનંદ જનક સમયમા લગ્નની પ્રથા યોગ્યજ રીતે ગોઠવાઇ છે. ને આ નિવૃત્ત સમયે અમારા દયા કુમા બાઇઓ નિવૃત્ત હોય તેમા કાઇ નવાઇ નથી.

આ લગ્નો માટેની તૈયારીઓ તો સ્વાભાવિક રીતેજ બે ત્રણ માસ આગમચથી ચાલુ થઇ રહી હોય છે. માબાપો લગ્નનો સામાન લેવામાં, કપડા સીવડાવવામા, મુખ્યતે પરેણાં ગોઠવવામા બેહદ્દ મુદ્દત જોવાવી (નામતુંજ) સગાં સંબંધીઓને નિમંત્રવામાં રોકાયેલ હોય છે. સ્વાભાવિક રીતે કુમા બાઇઓનાં જુથેજુથ મહાત્મા ગાંધીજીના પ્રભાવથી દરેક વિભાગ પ્રખ્યાત થયેલ ગુજરાતના પાટનગર અમદાવાદ

માં સરસામાનમાં મુખ્યત્વે કાપડ ખરીદવા ઉતરી પડયા હતા. અમારા હુમડ પુરૂષ વર્ગમાં તો મહાત્માજીનો આદેશ ખાદી પહેરવાનો થોડેક અંશે મચવાયો છે, પણ સ્ત્રી વર્ગ તો બીલકુલ એથી નિરાળોજ છે. અજ્ઞાન દશાના પડળ તેમને શુદ્ધ જ્ઞાન ઉત્પન્ન થવા દેતા નથી. ધોળાં કપડાં તો ધોબીઓ પહેરે તે તેમનાથી પહેરાય નહીં. રંગી રેંટની એ તો તેમને ભારે થઇ પડે. ખાદી; ઓએ તો ખાદી પહેરી પણ લગ્નમા તો વિલાયતી માલજ વાપર્યો. એ તેમને શરમાવનારૂં છે, તેમની કિંમત કરાવનારૂં છે. કેટલાક ભાઇ ખાદી વાપરવાના વિચારના હશે, પણ રૂઢીના દાસે, કોકલજ્જાએ, ઘરના સ્ત્રી વર્ગના દબાણે, બીજાઓની નિંદાથી ડરીને, વિલાયતી વાપરનાર અન્ય જનથી ઉત્પન્ન થયેલ અસરથી ડગી ગયેલે વિચારથી વિલાયતીને તજી ન શકયા! અફસોસ છે કે હજુ સ્વદેશીનું રહસ્ય અમારો સમાજ બરાબર સમજી શકયો નથી. તેથી 'ખાદીની ખાનદાની' આબાદી ને પરદેશી કાપડથી પૈસાની બરબાદી " એ સિદ્ધાંત ન સમજતાં રૂઢીના ગુલામી પરદેશી રંગ બેરંગી બિહામણા કાગરચિત્રા રંગોથી ભરપુર તરેહવાર કપડા ખરીદી લાવ્યા હતા, તેમાંએ કન્યા માટેના કપડામા જે રેન્ડ (બંડ) ખરીદવા પડે છે તે કિમને અતિશય મોંઘા ને વપરાશે કાઢણીયા (ઉપયોગ થતો નથી તેથી પહેરનાર મરીને તે સાચવવા ભૂત થાય છે તેથી) હોય છે. આગેવાનો જો આ રેન્ડ વાપરવાનું બંધ કરે તો તે આશીર્વાદ સમાન લેખાશે. કલકતાનું પોત પણ બંધ કરવામાં આવે એ પણ ધ્યાનમા લેવા યોગ્ય છે. પહેરેથી દેખાવમાં બે ડોળા ને પહેરનાર સ્ત્રીના સૌંદર્યને લજવનાર હોય છે. આમ ધીમે ધીમે પણ બીનજરૂરી જેના સિવાય ચાની શકે તેવી મોંઘી વસ્તુઓ બંધ કરી તેને બદલે સાદી ને ઉપયોગી વસ્તુઓ વપરાશમા મેલવા આવે તો ચોકકસ બરબાદ મેલો થાય. બાયરા (ચણીયા) ઓ માટે, બ્લાઉઝો, ઓરણીઓ, સાડલા વગેરેમાં બાદીજ વાપરવા બહેનોએ ધીમે ધીમે પગરણ માંડવાની જરૂર છે. એટલે રૂઢી પણ આસ્તે કદમ અલોપ થશે.

અમારા દ્વાહુમડોમાં ઘણું ખરૂં લગ્ન એકજ તિથિએ અથવા તો એકાદ બે દિવસના હરફેરમાં હોય છે. બીજી રીતે કહીએ તો કન્યાના બાપાપો તે રીતે લે ભાગુ બ્રાહ્મણો પાસે રા૦ ૦-૨-૦ હજાર જપ કરાવી લગ્નનું મુહૂર્ત લેવરાવે છે! આ એકજ તિથિના લગ્નની પ્રથા આર્થિક દૃષ્ટિથી જરૂર લાભદાયક છે ને આવા ખર્ચાળ વરસોમા તેમ કરવાની જરૂર છે, પણ આ બાબતમાં અમારી હુમડ જાતિમાં હાલમાં ઘણી અતિશયતા વધી પડી છે, તેથી તેમાં ઘણી જાતના (ગેરલાભ) ઉત્પન્ન કરનાર સત્તાના સદુપયોગથી બદલવામા આવ્યું છે તેમ અનુભવ થશે. અમારા માટે કરવામા આવે છે તે કે તે પણ સમજતા હશે, અમારા હુમડો એટલું તો જરૂર કહેશે કે આ વિવાહ એટલે સ્વર્ગ ને લગ્ન એતપેલી છે. અને મોક્ષ મેળવવા કોણ શું નથી કરતા! આ અમારા આ મોક્ષ માટે અમારે બકનો આકરા દામ ખેલવા પડે છે, ઘણી વાને બદલે જાએ મહેરબાન પેઠે રહેવું પડે છે, પક્ષપાતદારના બેટા તો અમે હોવાજ જોઇએ ને કમ નસીબે જો ગરીબાઇને વર્યા હોઇએ તો અમારૂં મોક્ષ (લગ્ન) બે ડગલા આગળ ને આગળ ખસતુંજ જાય છે. વળી અમારે તમાચા મારી મ્હોં લાલ રાખવું પડે છે; કારણકે અમારો ગામડાનો સંબંધ ને આવક પણ તેવીજ હોય છે, અને આવી રીતે જ્યા લગ્નનો મુહોજ ઉંધો સમજ્યા હોઇએ ત્યા યોગ્ય ફેર કેમ બને ?

આ અમારી વચલા કહેવાતા વર્ગની સ્થીતિ! પરંતુ અમારા ગરીબ વર્ગને કન્યાઓ જ નહિ. અરે ! ગરીબ ગરીબને દે નહિ, ત્યાં પૈસાદાર વર્ગ તો દેજ શાનો ! આનું બીજ કારણ માણસની મહત્વાકાંક્ષા છે દરેક મનુષ્યને આગળ વધવાની-મોટા થવાની-અભિલાષા રહે છે તે પ્રમાણે તે કાંઈ પણ કરે છે, તેથી તે મોટા

માણસની સોબત-આશ્રય શોધે છે. કહ્યું છે કેઃ-

महाजनस्य संसर्गः कस्य नोन्नतिकारकः ।
पद्मपत्रस्थितं वारि धत्ते मुक्ताफलश्रियम् ।

એટલે મોટા માણસની સોબતથી કોની ઉન્નતિ થઇ નથી ? એટલે કે થઇ છે. દાખલા તરીકે એક પાણીનું ટીપું હોય છે તે પણ કમળપત્રના સંસર્ગમાં આવવાથી (તેના ઉપર હોય છે ત્યારે) રત્નની કાંતિ ધારણ કરે છે. આ દૃષ્ટિથી વચલા ને ગરીબ ગણાતા વર્ગના પોતાની કન્યાઓ પોતે મોટા થવાની આશામાં મોટાઓને દે છે (આ એક જાતનો કન્યાવિક્રય છે) તેમાંએ ગરીબવર્ગની કન્યાને તે લે નહિ, ત્યારે તે બિચારા વચલા [illegible] દે એટલે કે પંચસાદારો પોતપોતાની કન્યાઓ એટલે અ[illegible] દે નહિ ને વચલા વર્ગની ડબામાં બેસી ગઇ અને પોતે ગરીબ વર્ગમાંથી હતી તેવામાં પેલી બાજુ વર્ગને કન્યા મળી શકે નહિ. એમ પેલો સાહેબ [illegible] ઇચ્છા તેમને મૃત્યુના રસ્તાપર દે છે ! તેવું [illegible] છે. આમાંથી યોગ્ય વિચારથી રસ્તો કાઢી, [illegible]તાં સાચાં તેખડાંમાં પછી ન ફુટકે એમ બહુ [illegible] આમ પોતે પોતાની ભૂલનો ભોગ થઇ હતી. ત્યારે [illegible] ને તેમાં પરદેા જોવાની દૃષ્ટિથી તેઓ થઇ [illegible] પંચસાદાર વર્ગની ભૂલ જુએ છે, પોતાની નહિ, ને તે રીતે એક બીજા તરફ દ્વેષની લાગણીથી જુએ છે. ખરૂં તો એ છે કે માણસે પોતાની ભૂલ પહેલી જોવી જોઇએ, ને તે સુધારવી ઘટે છે ને તે રીતે તે આગળ વધી શકે છે. તો જો ગરીબ વર્ગે પોતપોતામાં વિચાર કરી નિશ્ચય કર્યો હોત કે આપણી કન્યાઓ આપણા વર્ગમાં લેવી દેવી ને પંચસાદાર વર્ગ તેમની કન્યાઓ આપણા વર્ગમાં ઉતારે નહિ તો તેમના વર્ગમાં આપવી નહિ. તો તેઓના (ગરીબ વર્ગના) છોકરા પરણ્યા વગર, સાચાં તેખડાં કરવાની જરૂર રહેત નહિ ને પંચસાદાર વર્ગની પણ આંખો ઉઘડત કે જેમાંથી કન્યાઓ લઇએ છીએ તેમાં આપણી કન્યાઓ ઉતારવી જોઇએ. પણ અમારા દ્યાદુમાં એક ઘાનિ સુત્ર રહેલું છે તે "હું બદા"નો છે. એમાં જે તેવે કંઇ કરવું જોઇએ ગરીબ વર્ગમાં ગણાય તેવા માણસો મોટી મોટાઇથી તે વર્ગમાં ગણાવાની આનાકાની કરે છે પણ છેવટે જ્યારે વળ છેડે આવે છે ત્યારે તેમને ગરીબ દેખાયા વિના ચાલતું નથી. આમ મોટી મોટાઇના ફાંસામાં ફસાવાથી તે વર્ગ પોતાનું અહિત કરી રહેલ છે. પણ ઓ ધનિક ગણાતા વર્ગ ! તારૂં પણ કયા ઓછું અહિત થઇ રહેલ છે. તારી જાતિ દિવસે દિવસે અધમતામાં જતી જાય છે. સોટા તેખડાં વધતા જાય છે. તારી સ્વાર્થ બુદ્ધિથી ગરીબોને શોષવું પડે છે ને તેમનો છેવટે અંત આવે છે. તે તમારા પાપથી જેને તમે આજ જે ખાડામાં ધકેલેા છો તેજ ખાડામાં કાલે તમારે ધસડાવું પડશે એ ખ્યાલ ભૂલશો નહિ. કંઇ નહિ તો એ ગરીબોના શ્રાપથી પણ તમારે કડવાં ફળ ભોગવવા પડશેઃ ધર્મમાંથી વિચલતા મનુષ્યને તેમાં સ્થિર કરવો એ જૈન ધર્મનો ઉપદેશ તમે કા ભૂલી ગયા જણાઓ છો ? આ તો આપણે પેટા દોષોમાં ઉતર્યા પણ મૂદ્દા ઉપર આવીએ. ત્યારે લગ્નનું મહત્વ ન સમજાયું હોય ત્યાં તેના લાભાલાભ જાણેજ કોણ ?

દરેક વ્યક્તિ-આત્મા પોતાનું કલ્યાણ ઇચ્છે છે. તે કલ્યાણ તે મોક્ષ (ફુમડાનું નહિ હોં) છે ને તે માટે દરેક દેહધારી પ્રયત્નશીલ હોય છે. તે સાધનામાં બળવાન ચારિત્રવાળા આત્માઓ તો સંસારથી નિરાળો માર્ગ લે છે, પણ જે નિર્બળ આત્માઓ ચારિત્ર પાળવામાં શિથિલ હોય છે તેવા આત્માઓએ લગ્ન કરવું યોગ્ય છે ને તે વૈરાગ્ય દૃષ્ટિથી. આત્મ ચિંતનમાં કોઇ પ્રસંગે કામવાસના તીવ્રપણે દાખવે, તે દાબવી પોતાની શક્તિ બહાર છે એમ જણાય ત્યારેજ સ્ત્રી સાથેનો સમાગમ અનુભવી પોતાની વૃત્તિઓને કાબુમાં લાવી વૈરાગ્ય તરફ વાળવી ને આ દૃષ્ટિથી પહેલાંના સ્વયંવરનો રિવાજ જરૂરનો છે, ને દોરાજ જોઇએ. ને વૈરાગ્ય દૃઢિને અલગ કરીએ તો પણ સાંસારિક-વ્યવહારિક-દૃષ્ટિથી તે પદ્ધતિની જરૂર છે. કારણ કે આ સંસારની ભુલભુલામણીમાં કન્યાને જાતની ખુબ ખુબ

અણીમાંથી પસાર થવાની જરૂર પડે છે. ને તેમાંથી બચવા સારા સાથીની જરૂર છે, તે પત્ની છે. સ્ત્રીથી ઘણી ફરજો અદા થાય છે. તે મિત્ર છે. વૈદ્ય છે, ભ્રાતા છે, ચાકર છે, ઘરમાં સચિવ છે, રક્ષક છે વગેરે વગેરે જે કંઇ ઉપમા આપો તે તે છે કુટુંબમાં તે કલ્પવૃક્ષ સમાન છે. તે પોતાના ભોગે પણ પતિને સુખ આપે છે. પોતાના શીલ-વ્રતમાં તત્પર રહે છે. તે રીતે પોતાનું ને પોતાના આત્મિય જનોનું કલ્યાણ કરે છે તે સાથે પુરૂષ પણ ચારિત્રવાન, સત્યપ્રિય, ઉદ્યમી, શાણો ને ડાહ્યો-વાન હોવો જોઇએ. આમ પોતાને યોગ્ય પતિ પત્ની મેળવવા પુત્ર પુત્રીઓનેજ પોતાની પસંદગી કરવા દેવી જોઇએ. માબાપોએ તો તેમને તેમની થતી ભૂલોનીજ માર્ગદર્શક સૂચના કરવી જોઇએ તે એ તો દેખીતું જ છે કે તે સ્વપસંદગી કરવા ઉપરની બીના સમજી શકે તેટલી યોગ્ય ઉમરનાં ને કેળવાએલ બાળકો હોવાં જોઇએ. પ્રથમ તે પ્રથા હતી. હાલ પણ જો આ પવિત્ર પ્રથા અનુસરવામાં આવે તો! પણ વો દીન કહાંસે કિ મિયાકે પાંવમે જુતિયાં.

આજ કાળને અનુસરીને કન્યાનું ભવિષ્ય બાપના હાથમાં આવી રહ્યું છે. પ્રથાનું રૂપાન્તર જરૂર તે વખતને અનુકુળ લાભપદ હશે, પણ તેમાં ધીમે ધીમે દોષો દાખલ થતા પામ્યા છે. સત્તા બાપના હાથમાં ગોટલે તેનો સદુપયોગ યા દુરુપયોગ બાપની મરજી ઉપર અવલંબે છે તે સત્તા થીજ "ગાય ને દીકરી જ્યાં દોરે ત્યાં જાય" એ કહેવત ચાલુ થઇ છે તેથીજ દીકરીનો બજારની વસ્તુ તરીકે વિક્રય કરવામાં આવે છે તેથીજ બાપ પોતાનો નીચ સ્વાર્થ ખાતર પોતાનાજ અંશને ખારા અશ્રુઓની અમાપ જીંદગીનો જોગ આપે છે. કોડી મકોડી જેવા હલકા માટે પ્રાણ તરસાવનારા, દેવ દેવીઓને બાધા આખડીના ભોગ માટે દમ ખાતા ને બારા આ જૈન કુળો પોતાના વહાલાં બચ્ચાં માટે કુળની મોટાઇની આગળ બીજો વિચાર સરખો પણ કરતા નથી. ખરેખર દયા દેવી તે વખતે તેમનાથી પોતે અપવિત્ર થતી હોય તે ખ્યાલથી તેમનાથી સાત દૂર ભેરેલી જણાય છે. જે વર કન્યાના સંબંધ થાય છે તેમાં ઘણાખરા બીલકુલ બાતકી ને અણછાજતા હોય છે. આચારવિચારે ને ઉમરે કલેડાં થાય છે. અરે! ઉમરનાં કલેડાં તો કુંવર મુલ્ક માટે હોઇ વિચારપૂર્વક નિભાવી લેવાય પણ-આચારવિચારે કલેડાં તો આખો મનુષ્ય ભવ દુઃખમાં વ્યતીત થાય છે. વર વહુને બારમો ચંદ્રમાં હોય છે. ઉપરથી જોનારને તે જોડું કદાચ સુખી જણાય પરંતુ જો વ્યક્તિઓનાં-મનુષ્યોનાં-જીગર ચીરી જોશો તો ત્યાં કજીયા નહિ બલ્કે લાખોની સંખ્યામાં માર્મિક ઘા પડવાથી તેમાંથી ટપકતું રૂધીર નિઃસાશાના અગ્નિથી બળી જતું જણાશે. કુંવરમાં નરકાગારનો ખ્યાલ આવશે. જ્યારે તે સત્તાનાં સદુપયોગથી ઉપરથી ઉલટું જ સ્વર્ગનો અનુભવ થશે. અમારા હુમડ બોર્ડીંગો આ કલેડાં શું તે પણ સમજતા નથી, આથી વાંચનારને ખ્યાલ આવશે કે આ જનતા કેટલી કેળવાએલી ને આગળ વધેલી છે. જ્યારે જ્યારે અમારા બંધુઓ પંચ મેળવે યા મેળાવડામાં જોગા થાય છે ત્યારે અમુકનો આ ગુન્હો ને તમુકનો તે ગુન્હો, તે માટે કલ્યાણને દંડો નેં તે વસુલ કરો ને કન્યા લેવા દેવા સંબંધી કાર્યવાહી કરે છે પણ જાતિમાં આ બાબતમાં સુધારો કરવાં બીલકુલ લક્ષ જતું નથી. જાણે કંઇ કરવાપણું હોયજ નહિ પણ વિચાર કરે ત્યારને?

હવે બારીક વિચારથી જણાશે કે બાબાપોની હાલની સત્તા તેમને ગળે બલા વળગાડ જેવી થઇ પડી છે, કારણકે અમારા કુમડો પક્ષસાદર કે ગરીબ હોય તે પોતાને ત્યાં છોડીઓનો જન્મ ઇચ્છતા નથી, ને જો છોડી અવતરી તો તરતજ રાડીઓ તારવા માંડે છે! આમ જ્યાં ભવિષ્યના કેશોરાતની અવહેલના થાય છે ત્યાં બાલસેવાનો વાસ કેમ ન હોય? આમ બાબાઓ જો છોડીનો જન્મ સહન ન કરતાં છોકરોજ ઇચ્છે છે તો હું પુછિશ કે તેમ બનવું અશક્ય છે બાબાઓ

કુદરતથી તેમની એ અભિલાષા પૂર્ણ થાય તો અમારા કુમડ ભાઇઓ બધા છોકરાજ પામે ને એક પણ છોકરી નહિ. ને પછી બધા છોકરા બેઠા બેઠા માળાઓ ફેરવે. જ્ઞાતિબહારની કન્યા બધે નહિ એટલે બધા કુંવારાનું વ્રત આદરે, તેમ થાય તોજ તેમની આબો ઉધારે. હાલ તેમની વસ્તી ૭૦૦ ઘરથી ઘટીને કટલી રહી છે ને તેનું કારણ શું તે જાણવાની પણ તેમને દરકાર નથી. પણ જો તેમને જ્ઞાતિમા કન્યાઓ કેટલી છે તો તે તરત કહી આપશે, કારણ તે અમારૂ મોક્ષ છે. જોયું કે અમારે ત્યાં કન્યા જન્મો નહિ ને બીજાની કન્યા મારા છોકરા માટે જોઇએ, એમ કયાએ બન્યું સાભળ્યુ છે? ને દરેક એવી ઇચ્છા કરે તો શું થાય?

આમ છોકરી પારકા ઘરની વસ્તી ગણાય છે. તે તો પરણેર જવાની તો તો આપણે તેને માટે નાહક ખર્ચ શા માટે કરવું ને પરણાવવાનું ખર્ચ તો બીજા ખર્ચનો જે ઊગારો થયો તે ખરો. વળી છોડી કહી એટલે દુઃખનો દરીઓ. ને જેથી દુઃખ થાય તે વસ્તુ તરફ માણસની ચાહના કેવી હોય? અને ખરેખર માણસનુ ચાલતુંજ હોય તો આ છોડીઓને ન્યાય દેશપાર કરે અગર દુધ પીતી કરે! આવી પરિસ્થીતિ ને બેદરકારીથી છોકરીને અક્ષર જ્ઞાનથી અજ્ઞાન રાખવામા આવે છે. કારણકે તેમને કયા રળવા જવું છે કે પાટલે (વ્હેવાર કરવા) બેસવું છે? વળી ઘરના કુસસ્કારોથી તે કુમળી વયની છોડીઓ કુસસ્કારી બને છે ને તેથી જન્મારાના અનર્થકારકુરાણ બને છે. આમ તે અમુલ્ય રત્નોને પાયર બનાવી મુકે છે. ને ખર્ચના હિસાબી કુમડો કુમર થતા પહેલાંજ લગ્નાદી દે છે. ને ન થી સ્વાતન્ત્રમર્હતિ એ સિદ્ધાત સિદ્ધ કરી દેખાડવા પદેપદેજ જનને રસ્તો કરી મુકતા હોય એમ જણાય છે. આ વખતે પણ તેવા આળા લગ્ન ૬૦ થી ૧૨ વર્ષ સાંભળ્યા છે. ખરેખર જેનો વિષય છે. તે જનોગાઓના મગજમાં ને કયારે દેખાતા મિથ્યત્વ કેમ ઉતરશે હશે? આમ અપરિપકવ ઉમરે થયેલ લગ્નથી વરવધુ ઢીંગલા ઢીંગલી (બીજું શુ કહેવાય) ઓની શારીરિક ને માનસિક સ્થીતિ પર શું અસર થાય ને તેનું કેવું પરિણામ આવે તે કહેવાની ભાગ્યેજ જરૂર હોય. આમ પરીણીત બાળકો અજ્ઞાન રહે છે. અપવિત્ર સસ્કારો ને વિચારોથી તેમનાં ચોરિત્ર બગડે છે. ને-અનેક ક્ષુધા દર્દોનાં ભોગ થઇ પડે છે, પીડાય છે, રીબાય છે ને ઘણુંખરાં અલ્પવયમાં મોટા ઘરના મહેમાન થઇ જાય છે, આબાદના પર અકથ્ય કન્યા-વિધવાનું અસહ્ય દુઃખ નકતા જોય છે. આ વિધવાઓને આ આપો ઘગતા અંગારાથી સળગતી સગડી ગણે છે અને-આ વિધવાની શી દશા? સાસરે સંપ નહિ ને પિયરે જંપ નહિ. અનાથ ને ઓરિજ્યા ણ કેટલી? મેંણા ટુણા ખમવા પડે. પોતાની આઠવિકાનો વિચાર વગેરે વગેરે દુખનો પારાવારજ નહિ. આ વિષય માટે કોઇ અન્ય પ્રસંગ લઇશું તે સિવાય આ લખાણ ઘણું લાબુ થઇ જાય એમ છે. વેળા અચેલ વર-વધુ ભવિષ્યમા પોતાની સંતતિને કેમ ઉછેરવી કેળવવી વગેરેથી અજ્ઞાન હોવાથી કંઇ કરી શકતા નથી ઉલટું તે સંતતિ જન્મીને મરવાને યોગ્ય હોય છે ને જીવે છે તો તે અજ્ઞાન કુસસ્કારી, રોગિષ્ટ, અલ્પાયુષી, સત્વહીન, બાયલી, બીકણ, ભાયકાકલી, વગેરે દુર્ગુણોથી ભરેલી નીપજી દુનીયામા ભારકર્તા થઇ પડે છે. અરે જયા છે હાલ પહેલાંના મહાવીર આદુબલ સ્વામી, અભય કુંવર, શીવાજી, પ્રતાપ ને ભામાશાહ જેવા વીર રત્નો! વળી નાની ઉમરમાં સત્વહીન થવાથી દંપતિને ભવિષ્યમા બાળક નથી થતા ત્યારે પુત્રવધુને ચાડતા દિવસની રાહ જોનાર આપ બની જાય છે કે તેમનુ સત્યાનાશ તેમનાજ હાથે થયેલુ છે ને તેથી બાવા, જતિ, ધારા અંતર કરે છે ને વળી વખત તે આઠે મર્મ રોગાય છે ને કુટુંબમા કલેશ ઉત્પન્ન કરે છે. વળી ઘરપક્ષમા પૈસાદાર માણસ હોય તો ઉપર પ્રમાણેની સ્થીતિમાથી ઉપન્ન થયેલ પરિણામે કન્યા છોકરૂં ન થયું તો બિચારી વરના બીજ

॥श्रीवीतरागाय नमः ॥

दिगंबर जैन.

THE DIGAMBAR JAIN.

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वै सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभि ।
सबोधयत्वनमिद प्रवर्त्तताम्, दैगम्बर जैन समाज मात्रम् ॥

वर्ष १६ वाँ. || वीर सवत् २४४८. श्रावण विक्रम सं० १९७८. || अंक १०वा



तीर्थ-रक्षा फंड ।

हमारे पाठक अच्छी तरहसे जानते हैं कि हमारे परमपूज्य तीर्थक्षेत्र, सिद्धक्षेत्र, अतिशयक्षेत्र तथा प्राचीन धर्म स्थानों व प्रतिमाओंकी रक्षाके लिये हमारे पूज्य नेता स्वर्गीय दानवीर जैनकुलभूषण सेठ माणिकचंद हीराचंद जौहरी अतीव परिश्रम करके **भारत वर्षीय दि० जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी** स्थापित कराये हैं जिसका कार्य भुजाल रूपसे चल रहा है और अभी इसके महामंत्री भी सेठजीके धर्मप्रेमी और परोपकारी भतीजे सेठ चुन्नीलाल हेमचंदजी जरीवाले हैं जिनके पुत्र सेठ रतनचंदजी बी० ए० इस कमेटीके कार्योंको बेलगाम अच्छी तरहसे कर रहे हैं तथा कमेटीकी पांच वर्षोंकी रिपोर्ट भी छपा रहे हैं जो शीघ्र ही प्रगट होगी परंतु हमारे सब भाई जानते हैं कि इस कमेटीका चालू खर्च निभने तथा तीर्थोंकी रक्षाके लिये कोई स्थायी फंड न होनेसे कमेटीके कार्यकर्त्ताओंने पांच वर्ष हुए एक ऐसा सुलभ प्रस्ताव प्रदर्शित किया है कि जो किसी गरीब भाईको भी भारी न लगेगा। वह प्रस्ताव सिर्फ यही है कि तीर्थ रक्षा में स्थायी आयके लिये प्रत्येक दि० जैन गृहके पीछे सिर्फ एक २ रु० प्रति वर्ष लेना और यह एक २ रुपया सब दि० जैनी भाई दश लाक्षणी पर्वमें अपने २ यहां एकत्र करके तीर्थक्षेत्र कमेटीको भेज देवें। प्रति वर्ष घर पीछे १) देना कोई बडी बात नहीं है। तौ भी हम यहां तक जानते हैं इस प्रस्तावका अमल बहुत ही कम हुआ है अर्थात् आज तक बहुत ही कम रकम तीर्थ रक्षा फंडमें वसूल आई है इसीसे इस वर्ष कमेटीके महामंत्रीने एक अपील प्रकाशित की है कि दशलक्षणी पर्वमें सब भाई अपने २ मंदिरोंमें इकट्ठे होते हैं और मंदिरके लाभकी उगाही होती है तथा धार्मिक कार्योंके विचार भी इसी मौके पर होते हैं उसी समय सब भाइयोंको जताकर पंचायती द्वारा इस तीर्थ रक्षा फंडका एक २ रुपया वसूल करानेका प्रबंध करें जिससे हरएक शहरकी वसूली एक साथ भेजी जावेगी। बम्बईके गुजराती डेरेके मंदिरमें ऐसा ही प्रबन्ध हुआ है अर्थात् मंदिरमें ही मंदिरके

वहिवटकर्ताओं द्वारा सबका एक २ रुपया इकट्ठा होजाता है और इकट्ठी रकम कमेटीको भेजी जाती है इसी प्रकार सब स्थानोंपर प्रबंध होनेकी आवश्यक्ता है। हमारे अनेक तीर्थोंपर अनेक प्रकारके झगडे चालू हैं जिसकी रक्षाके लिये द्रव्यकी आवश्यक्ता पडती ही है इस लिये आशा है कि तीर्थरक्षा फंडका एक २ रुपया देनेके लिये हमारे भाई प्रमाद नहीं करेंगे। इस फंडकी रसीद बुकें भी बम्बईसे मिल सक्ती हैं। पत्रव्यवहारका पता—मेनेजर भारत० दि० जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी, हीराबाग, गिरगाम—बम्बई है।

* * *

विलायती कपडे-में घोर पाप।

हम कई दिनोंसे सुन रहे हैं कि विलायती कपड़े तैयार करनेमें गाय की चर्बीका उपयोग होता है परंतु विलायतके एक संवाददाताने यह लिखा था कि इसमें गायकी चर्बी नहीं परंतु कुछ अशमें भेडकी चर्बीका उपयोग होता है इस पर बिहार की साधु महासभाके मंत्रीने 'राजस्थान केशरी' पत्र (वर्धा)में एक पत्र प्रगट कराया है उसमें वे लिखते हैं कि—'एच० निरवेट पियरी ओफ सायन्स' नामक अंग्रेजी पुस्तकके देखनेसे पता चलता है कि मानचेस्टर (इंग्लैंड)के बने हुए कपडोंमें जहर और चर्बी दी जाती है। यह पुस्तक सन जनवरी १९२२में छपी है। मा चेटा इम्पोर्ट एन्ड कंपनी ६९ किंग स्ट्रीट कलकत्तेमें मिलती है। इस पुस्तकके ७ और ९ पेजमें वैसी छपाई होनेकी बात लिखी है। पेज ११–१२ और २२में साफ २ लिखा है कि बैल, गाय और भैंसोंकी चर्बी जाती है। कोबीट और ह्यूम साहबकी पुस्तकों में लिखा है कि **विलायती रंगीन कपडोंमें** १०० गैलनमें ६०० गैलन **गाय सूअरका खून** (लोहू) दिया जाता है जिससे रंग पक्का होजाता है आदि।

यह एक ऐसी विश्वस्त बात प्रकट हुई है कि जिसको बांचकर हरएक जैन, हिन्दू, पारसी, मुसलमान सभी हिंदवासियोंके हृदय कंपायमान होंगे कि जिस विलायती चटकमटकदार कपडोंको हम वापरते है उसके तैयार होनेमें तो पारावार हिंसा होती है जिसके पापके भागी हम भी होते हैं और जिसके वापरनेसे हमारा धर्म और धन लुटा जा रहा है।

ऐ जैनियों! अब तो सचेत हो जाईये और अपने घर और मंदिरोंमें जहां २ विदेशी अस्पर्श कपडे रखे हों उनको बहार कर दीजिये और प्रतिज्ञा कर लीजिये कि हम अब कभी भी विलायती कपडे नहीं खरीदेंगे। अब देशमें हमारे पूज्य कर्मवीर नेता **महात्मा गांधीके** उपदेशसे हाथसे कते और हाथसे बुने खिराउ गाढेका प्रचार हो रहा है और म० गांधीजीका कहना है कि यदि सारा हिंदुस्थान विशुद्ध गाढेका ही उपयोग करने लग जाय तो प्रतिवर्ष हिंदके ११००००००० (सवा अरब रु०) परदेश जाते बच जायंगे और हिंदके प्राचीन दिनोंका उद्धार हो जायगा। स्वदेशी गाढा वापरनेमें धन धर्म दोनोंका बचाव होता है तब क्यों नहीं अब विलायतीका मोह छोडा जाय? यहांकी मिलोंमें भी कपडा साफ करनेमें गायकी चर्बीका उपयोग

होता ही है इस लिये हिंदकी मिलोंके कपड़ोंका खरीद भी न करना चाहिये तथा रेशमी वस्त्र हिंसामयी अतीव अपवित्र है यह सब कोई जानते हुए भी खुशीसे वापरते हैं उसका मोह अब तो त्याग करना चाहिये और विशेष करके हमारे मंदिरोंमें तो रेशमी या विलायती सूती कपड़ेका एक भी वेष्टन, चंदोवा, तोरन, धोती दुपट्टे आदि नहीं होने चाहिये। शास्त्रोंके सभी रेशमी वेष्टन बदल कर उस पर विशुद्ध गाढ़ेका वेष्टन पीला रंगके चढ़ादेना चाहिये। आशा है हमारे इस दशलाक्षणी पर्वमें हमारे जैनी भाई इस बातका घर२ उपदेश करेंगे और विशुद्ध गाढ़ेका ही प्रचार होनेके लिये घर तथा मंदिरोंमें प्रयत्नशील होंगे।

* * *

षोडशकारण पर्व में कर्तव्य।

हमारा सोलहकारण पर्व इसी वदी १ से प्रारंभ होचुका है और आश्विन वदी १को इसकी पूर्णाहुति होगी। इस पर्वमें हरएक मंदिरमें अभिषेक, पंचपूजा, सोलहकारण पूजन, तत्वार्थसूत्र पाठ, सहस्रनाम पाठ आदि होते हैं परन्तु हम जहांतक जानते हैं ऐसे बहुत ही कम मंदिर होंगे जहां सोलहकारण धर्मकी अलग २ भावनाओंका नित्य अर्थ सुनाया जाता हो। कई भाई बहिन यह व्रत भी करते हैं परंतु वे सोलह भावनाओंके नाम तक पूरे नहीं जानते हैं तो अर्थकी तो बात ही कहां रही और बिना व्रतका माहात्म्य जाने उसका फल कैसे इसलिये हरएक मंदिरमें इन दिनोंमें नित्य दर्शनविशुद्धयादि सोलह भावनाओंका अर्थ सुन मई महिनोंको सुनाना चाहिये तथा तत्वार्थके अर्थ भी नित्य होने चाहिये। सोलहभावनाकी अलग पुस्तक भी मिलती है तथा श्री रत्नकरंड श्रावकाचार टीकामेंभी इन भावनाओंका विस्तृत वर्णन है उसका वाचन अवश्य होना चाहिये।

* * *

भंडारका द्रव्य।

हमें जहांतक मालूम है हमारे अनेक मंदिर और तीर्थ ऐसे है जिनमें हजारों तो क्या लाखों रुपयेका फंड है परन्तु उनके शास्त्रभंडार देखेंगे तो वहां इनेगिने ही शास्त्र होंगे। हम समझते हैं कि जहांतक हो हरएक शास्त्रकी एक २ प्रत तो अवश्य होनी चाहिये इसलिये जहां २के मंदिरोंमें जो २ ग्रंथ न हो उसकी एक २ प्रति मगा लेनी चाहिये। लिखित न बन सके तो जितने शास्त्र छप चुके हैं उनकी एक २ कापी मंगा लेनी चाहिये। हमारे घरके द्रव्योंसे नहीं तो मंदिरके भंडारके द्रव्यसे शास्त्र खरीद करना परम कर्तव्य है और भंडारके द्रव्यका सच्चा उपयोग करनेका है। द्रव्य जमा रखकर ब्याज बढ़ा २ कर खूब रकम इकट्ठी करना और धार्मिक कार्यमें उपयोग न करना कुछ भी कार्यकारी नहीं है। आशा है इस पर्वमें भंडारके द्रव्यका उचित व्यय करनेके लिये हरएक पंचायती प्रयत्न शील होंगी।


हमारी अंतरंग भावना।

हुइने गतांकमें 'ऐलक पन्नालाल दि० जैन सारस्वती भवन' बम्बईकी प्रशंसा करते हुए लिखा था कि इसमें ऐसे वाचनालय (लायब्रेरी) का प्रबंध होनेकी भी आवश्यकता है कि जिसमें सब जैनपत्र मंगाये जाय और नियत समयमें बैठकर सब जैनी भाई उस वाचनालयका लाभ लेसकें तथा ऐसा प्रबंध नहीं हुआ है सो होना चाहिये आदि, इसपर इसके मंत्री ठाकरदासजीने "जैन गजट" अंक २० में "वाघडियाजीकी अंतरंग भावना" नामक लेख छपाया है उसमें लिखा है कि वाघडियाजीने तो चारों ओर हल्ला मचा दिया है, जैनमित्र और दिगंबर जैन न देना हो तो नहीं देवें परंतु वाचनालयके विषयमें ऐसा जाहेरमें क्यों लिखा आदि, परंतु समाजने हमारा लेख पढ़ा ही होगा उसमें हमने सिर्फ वाचनालयके प्रबंध होनेकी ही सूचना लिखी थी, पत्र देने न देनेकी रायके विषयमें बात ही नहीं थी। राईका पर्वत बनाना और जरा २सी बातमें समाजको बार २ भड़काना, ठाकरसीदासका ही काम है।

सुलभ जैन ग्रन्थमालाके दो नये ग्रन्थ।

धर्म-परीक्षा—श्री अमितगति आचार्य कृत मनोवेग पवनवेगकी अपूर्व बोधप्रद कथाका हिन्दी अनुवाद। पृ० १९० और मू० सिर्फ ॥-)

तीर्थयात्रा दर्शक—इसमें अपनी सभी यात्राओंका परिचय है। पृ० २७१ और मूल्य सिर्फ ॥) मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय सूरत



कुंथलगिरी—के श्री कुलभूषण ब्रह्मचर्याश्रमका दशवां वार्षिकोत्सव श्रावण सुदी १३-१४-१५ को होनेवाला था।

'विश्वबंधु'—नामक नवीन मासिक पत्र गोलापूर्वीय दि० जैन सभाकी ओरसे पं० बंशीधरजीके संपादकत्वमें जखौरा (झांसी) से शीघ्र ही प्रकट होगा।

कुंरकुंभ (सोलापुर)—में देवी फिरंगीबाईको बकरे, भैंस, मुर्गेका वध होता था वह बंद होकर पूजा (पूरणपोली)का नैवेद्य अबसे चढ़ेगा।

ऋषभ ब्रह्मचर्य आश्रम—हस्तिनापुरसे जयपुर आगया है और सुचारु रूपसे चल रहा है। आश्रमको जनवरीमें ८३४।=) फर्वरीमें (००) मार्चमें ९७४॥।-) अप्रेलमें ११९७) मईमें ११४) और जून माहमें २००६॥) की सहायता मिलीथी। तथा ९०० धोती जोड़े शेठ मदनमोहनजी, २० थान गांधके विधीचंदजी, तथा घी शक्कर मिठाई आदि दानमें मिले थे। दातारोंको कुछ न कुछ सहायता इस आश्रमको दशलाक्षणी पर्वमें भेजनी चाहिये।

कामा—में भादो वदी १ से भादो सुदी १४ तक आठाह्निक तीन शेठ विधान होगा।

सतना—के महावीर जैन औषधालयका गत वर्षमें ३९२ दर्दियोंने लाभ लिया था।

सिद्धवरकूट– क्षेत्रमें इस साल माधुवा (गिजाई) की उत्पत्ति नहीं हुई है इस लिये यात्री गण यात्राको आसक्ते हैं। इस क्षेत्रसे २ चक्रवर्ती और १० कामदेव कौन २ मोक्ष गए। उनके नाम जिनको मालूम हों भेजना चाहिये।

म्हैसुर–में गत ता० ९ को जैन एज्युकेशन फंडकी सभा हुईथी उसमें नातेपुते निवासी शेठ रामचंद धनजीने ५०१) सहायता की थी।

दशलाक्षणी पर्व–में पं. देवकीनंदनजी शाखी देहलीसे. कूचामें ठहरेंगे और धर्मोपदेश करेंगे।

आवश्यकता–ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन बम्बईके लिये एक उपदेशककी आवश्यकता है जो कर्नाटक भाषाका जानकार हो। पता–ठाकरसीदास जैन, मुलानंद धर्मशाला मुंबई नं० २

तारंगाजी–में तारंगाहिल स्टेशनपर धर्मशाला बनानेके लिये शेठ डाह्याभाई प्रेमचंद जौहरी (बम्बई) ने तीन हजार रु० देने स्वीकार किये हैं।

तीर्थ क्षेत्र कमेटी–के महामंत्री सूचित करते हैं कि जुगमंदिरदास जैन बाराबंकी कमेटीके कुछ रु०का घुटाला करके चला गया है। सब भाई ऐसे आदमीसे सावधान रहें।

प्राचीन श्रावकोद्धारिणी सभा–गत मासमें ब्र० शीतलप्रसादजीने रांची मानभूम जिलेमें भ्रमण करके मानभूम सिंहभूम गेजेटियरसे प्राचीन श्रावक तथा प्राचीन प्रतिमाओंका पता लगाया है कि मयूरभंजमें बहुत जैनी थे व वहां २ प्राचीन प्रतिमाएं २००० वर्षकी है। उनके चिन्ह पार्श्वनाथ व महावीर स्वामीके मयूर गत अंकिलोनी पुस्तकमें दिये हुए हैं तथा मानभूममें पाकवीरमें ५७ मंदिरके अवशेष ९–६ फुट ऊंची पद्मप्रभु व अन्य मूर्तियां हैं। यहां मानभूम-रांचीमें १०००० से अधिक प्राचीन श्रावक हैं जो पार्श्वनाथ भगवानको कुलदेवता मानते हैं, जीवदया पालते हैं, आमिष भोजन व मद्यपान नहीं करते, शुद्रके हाथका जल तक नहीं पीते, गूलर आदि कुछ नहीं खाते, दिनमें भोजन अच्छा समझते हैं। इनको श्रावक धर्म समझानेकी आवश्यकता है तथा जहां २ ग्रामोंमें चैत्यालय नहीं है स्थापित होने चाहिये तथा प्राचीन मंदिरोंका जीर्णोद्धार होनेकी तथा प्राचीन प्रतिमाओंके संग्रह करनेकी आवश्यकता है इस लिये कलकत्तामें स्याद्वाद प्रचारिणी सभाकी ओरसे रा० ब० लाला लक्ष्मीचन्दजीके सभापतित्वमें एक विराट सभा हुई थी जिसमें ब्र० शीतलप्रसादजीने इन मानभूम व रांचीके प्राचीन मंदिर व श्रावकोंका वर्णन करके इनके उद्धारकी आवश्यक्ता बताई जिसका समर्थन पं० जयदेवजी, शेठ बैजनाथजी, प० झमनलालजी आदिने किया और सर्वसम्मतिसे **"प्राचीन श्रावकोद्धारिणी सभा"** की स्थापना होगई जिसका उद्देश यह निश्चित हुआ कि बंगाल और बिहार प्रांतमें जो प्राचीन श्रावक हैं उनको श्रावक धर्म समझाकर उद्धार किया जाय, उनके स्थानोंमें चैत्यालय व पाठशालाएं स्थापित किये जावें, पुस्तकोंका प्रचार किया जावे व प्राचीन मंदिरोंका जीर्णोद्धार किया जावे। इसके कार्यकर्ता इस प्रकार नियत हुए संरक्षक, ब्र० शीतलप्रसादजी, सभापति शेठ रतनलाल राजी, उपसभापति–शेठ दयाचंदजी,

शेठ रामचन्द्रजी व शेठ मदनलालजी पांड्या, मंत्री शेठ जैनलाल श्रावगी नं० १६० मुतापट्टी (कलकत्ता), उपमंत्री सेठ मानमलजी, कोषाध्यक्ष सेठ प्रेमचंद पन्नालालजी, समासद पं० जयदेवजी, पं० झम्मनलालजी आदि २५ महाशय। इस कार्यके चलानेके लिये अपील होते ही २५०) स्याद्वाद प० समाने दिये और तुर्त ही बड़ी २ रकमें बोली गई अर्थात करीब ६००) का चेंदा हो गया जिसमें १०००) सेठ चन्दनमलजी ८००) सेठ जोखीराम मुंगराज, ९००) सेठ प्रेमसुखजीने दिये हैं। इस धर्म प्रभावनाके कार्यमें भारतके सभी जैन भाइयोंको सहायता देना चाहिये। मंत्रीसे पत्र व्यवहार करना चाहिये व प्राचीन श्रावक नामक पुस्तक (इसके विवरणकी) प्रकट हुई है वह कार्ड लिखकर मंगा लेनी चाहिये। पूज्य ब्र० शीतलप्रसादजीने कलकत्तामें ही चातुर्मास किया है और इसी कार्यमें अपना विशेष योग देरहे हैं।

रतलाम बोर्डिंगमें आवश्यकता—सेठ माणेकचंद पानाचंद दि० जैन बोर्डिंग रतलाममें दि० जैन कौमके विद्यार्थियोंकी आवश्यक्ता है (हुमड़के विद्यार्थियोंको प्रथम पसंदगी दी जायगी)। प्रवेश होनेवाले तुर्त ही सुप्रिन्टेन्डन्ट को अर्जी भेजें।

धरपड़ने—गत ता० १६ जुलाईको शेठ नत्थूसा पाचूसा एटीचपुर, पधारे थे और सभा करके सबको मुक्तागिरी क्षेत्रके मुकदमेका हाल सुनाया था।

लेखक चाहिये—ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवनके लिये कई लेखकोंकी आवश्यक्ता है तथा ऐसे लेखकोंकी भी आवश्यकता है जो कानडी लिपिसे नागरी लिपिमें लेख लिख सकें। पत्रव्यवहार—मंत्री सरस्वती भवन, सुखानंद धर्मशाला बम्बई नं० २से करें।

परीक्षा—मालवा प्रां० दि० जैन परीक्षालयकी ओरसे परीक्षा भादों वदी ८ ता० १६ अगस्तसे सभी कक्षाओंकी ली जायगी।

जैनन्याय—की परीक्षा लेनेका प्रबंध इन्दौरके सं० साहित्य भवन परीक्षालयने किया है। परीक्षा जनवरीके अंतमें होगी। पता—मंत्री परीक्षालय, विद्याभवन—इन्दौर।

मदरासमें—सेन्ट्रल जैन लाइब्रेरीकी स्थापना जैन गेझेटके सम्पादक सी० मल्लीनाथके प्रयत्न से प्रारंभ हुई है। जैन भाईयोंको पत्र व पुस्तकें भेंट भेजना चाहिये।

महाविद्यालय—मथुरासे व्यावरमें लाया गया है। और अधिष्ठाता ब्र० ज्ञानानंदजी हुए हैं। व्यावरके भाईयोंने १५०) मासिक सहायता देना स्वीकार किया है।

त्यागियोंका चातुर्मास।

निम्न लिखित त्यागी ब्रह्मचारियोंने नीचे लिखे स्थानों पर चातुर्मास किया है।

मुनि चंद्रसागरजी—परतापुर (बांसवाड़ा, मेवाड़)
ऐलक पन्नालालजी नांदगांव (नासिक)
ब्र० शीतलप्रसादजी नं. २ रामा उदमंतस्ट्रीट कलकत्ता
उदासीन चांदमलजी " " "
" गेंदीलालजी मंदसोर (मालवा)
" पं० पन्नालालजी गोधा " "
" घासीलालजी " "
ब्र० छोटेलालजी व्यावर (राजपूताना)

ब्र० मगीरथजी वर्णी व्यावर ,,
मुनि आदिसागरजी–बाहुबली पहाड
(हाथकलंगडा–कोल्हापूर)
मुनि शांतिसागरजी–ऐनापूर (कुडची, हुबली)
ब्र० ज्ञानानंदजी–जयपूर (रु० ब्र० आश्रम)
उदासीन पं० दीपचंदजी मास्टर–दाहोद
ब्र० सुखानंदजी–हांसी (हिसार)
प० सुरेंद्रकीर्तिजी–सोनोत्रा (पेटलाद)

विशेष त्यागी ब्रह्मचारियोंके चातुर्मासका हाल जिनको मालुम हो लिख भेजें तो प्रकट करेंगे।

सावधान–जिस अनंतकीर्ति मुनि नामधारी धूर्तका समाचार हम आगे प्रकट कर-चुके है उसीके विषयमें कुडलपुरके त्यागी गोकुलप्रसादजीकी सूचनसे मौजा किदरये (सागर) से हमारे पास खबर आई है कि यह धूर्त जेठ मासमें यहां आया था व शास्त्र विरुद्ध विपरीत क्रिया व बहुत अनर्थ करगया था, मांस मछली आदि के वर्तनमें घुसकर भोजन तक किया था इसलिये इस धूर्तसे सर्व भाई सावधान रहें। (२) दूसरे मुनिनामधारी धूर्त हर्षकीर्ति (दाहोद) की चेली चतुर्मति (आर्यिका नामधरी) ने भींडर (मेवाड) में जाकर चातुर्मास करदिया है और स्त्रियोंको बहकार कर खूब द्रव्य जमा कररही है। सुना है कि केशलोंचके बहानेसे अभी अभी करीब ५००) रु भोली समाजसे लूटकर हर्षकीर्तिके पास पहुंचाये है। हमारी महासभाके उपदेशकोंको ऐसे स्थानपर भेजकर लोगोंको सचेत करना चाहिये।

जैन जेलमें–पिठोरिया (सागर) में हरि-चन्द जैनको स्वराज्य कार्यमें योग देनेके लिये ६ माहकी सजा हुई है।

नियमनो भंग.

गुजराती दिगम्बर दशा हुमड माटे.

दरेक कोमनी अंदर विवाह तथा लग्न जेवा उपयोगी, व्यवहारिक प्रसंगो माटे कोमना डाह्या नेताओ पोतानी एकतीज स्थीति पर नहिं विचारतां कोमना दरेक मनुष्योनी स्थिति ध्यानमा लइ समय संजोगो तथा वातावरण वीगेरे दरेक बाबतो जोइ शांत मनथी विचारी केवळ निःस्वार्थ सेवा, केवळ कोमना हितार्थे जळवाय माटे, दृढ चित्तथी नियमोनु बंधारण रचे छे, अने ते नियमोनु कोमना दरेक मनुष्यो पासे पालन करावी, कोमने उन्नत दिशामा क्रमे क्रमे लइ जवानु सौभाग्य प्राप्त करे छे

आज सुधीमा आपणे घणे स्थळे जोइ शक्यु छे, घणु उहापोह करी तेमज दर वर्षे सभाओ भरी समाज हितनी चर्चा करी सारा सुधारा कर्या छे, वधारे पडती तेमज भयंकर रूढिओने उखेडी देइ दीधी छे, विवाह, लग्न, संबंधी, जे रूढिओ अधोगतिमां लइ जनार हती, तेने केटले सुधारी सहेजमा आगळ वध्या छीओ एम मानी आंखो मींची, तेटलामां तो लग्ननी शरुआत थइ, आजसुधी जेकमा रोग कहेवातो, हतो आ वर्षे उमेरे रोग कहेवायो वगर मुहूर्ते लग्नना लहावा लेवाने जप जप करी करावी. अने बे भीतिओ लग्ननां वाजा घेरेघेर वाग्या, लहाणु लेवामा कोइने कयास रही नही. तेमज पहला लेवामा के आपवामा पण न्याय राख्यो नथी

कन्यावाळाओना सहेज इशाणुथी घणा स्थळे लग्नथेता वरपक्षे सवाया, दोढा, पहला आपी उत्साह वधार्यो छे, त्यारे केटलेक ठेकाणे श्रीमंतो धनो चमकाट टकावी राखवा माटे अपग्य उदारता दर्शावी पुरेपुरा पक्ष लीधो छे, आवी, शुभ उदार वृत्तिनु अविचारी नसतर चलावी ज्ञा माटे नियमनो भंग करता हशे ?

समाजनो व्यवहार–ओ धर्मनी बाबत छे, सामो अने अनुकुळ आपणे घडाया पछी आप-

નાયકો અથવા સમાજ શુભેચ્છકો અલ્પશક્તિને આદ્યશક્તિ રૂપે મનાવવા, આગળ પાછળનો વિચાર કર્યા સિવાય, દૈવી અવાજને શા માટે ઠોકરે મારતા હશે? આવી ઠોકરોથી તો અનેક નિયમોનું ઉલ્લંઘન થઇ કોમમાં અંધેર-વધશે, અને તેથી ઉન્નતિને બદલે અધોગતિ થશે.

કર્તવ્ય ભંગ—માણસ થાય છે તેનો મુળ રોગ કોણ તપાસે છે. નબળો ધણી અબળા પર શુરો, એ ગત આપણે કરી રહ્યા છિએ. સુખ, દુઃખ કર્માધીન છે, જેવુ કરો તેવુ ભરો, એ નિયમાનુસાર આપણે આ "સંસાર નૌકાની સફર કરી રહ્યા છીએ, સફર કરીએ છીએ, એટલું સમજીએ છીએ, પરંતુ નથી સાચા સુકાનીને ઓળખતા, કે નથી ઓળખતા દિશાઓને. આપણે તો જીવન પુરૂં કરી રહ્યા છીએ. પછી ભલે દરિયામાં રહીએ. કે જંગલમાં ફરીએ, તે કયા જેવું છે? બિચારો નિર્દોષ કન્યા-રત્નોનાં જીવન વિકસાવવાનો માર્ગ (યોગ્ય લગ્ન સબંધ) શોધવાને અશક્ત હોવાથી કોઇ પણ સમયમાં, કોઇ પણ વયે, અને ગમે તેવા પર દૃષ્ટિએ દેખાડેલા, માનેલા, વર સાથે અમુલ્ય કન્યા-રત્નો આપી (ઉપર કહેલી કહેવતને) ખરી પાડી તમારૂં બગાડી બીજાનું બગાડી રહ્યા છો, યોગ્યાયોગ્ય લગ્નમંધાને વિખ્યાત કજોડા રૂપી ઢીંગલા ઢીંગલીની રમતમાં કન્યાના જીવનની રૂપરેખા દોરતાં ખરેખર આંસુ આવે છે. અફસોસ થાય છે કે પુત્ર અથવા પુત્રીને સંસાર સીડીનાં સાચા અનેક પગથીએ ચઢવાનો મંત્ર આપવાનું કહી, કર્મ જગને જુનો પહેલેજ પગથીએથી અજ્ઞાન રાખી જો, અમો, રૂપીઆની નજીવી રકમ પલ્લામાં આપી અપાવી આપણો કેવા કૃતઘ્ન બને છે અને કર્તવ્ય ભ્રષ્ટ થાય છે.

ન્યાય કોણ આપે—જ્યારે ગજા બાંધી થાય છે, ત્યારે પ્રજા પણ પાપીજ થાય છે. પ્રજા પાપી થાય, તેમા ગજાની સંમતિ હોય તો તે રાજાની ખુશી રહ્યા થાય આવા પરિવર્તનમાં સમાજનો ભાગ આગેવાનો, પ્રજાને માટે ગજા અને વિશ્વને માટે મેંધરાજા કર્તવ્ય ભંગ નીવડે તો જગતનું બેલી કોણ રહે!

ભાવિ સેવક,

ચુનીલાલ વીરચંદ ગાંધી—રણાસણવાળા.

ઝહેરનો દુઃખદ બનાવ.

'દિગંબર જૈન'ના ગત જેઠ માસના અંકમા જહેર (મહીકાંઠા) ગામમા ગયા પર્યુસણના વખત. માં એક ભયંકર બનાવ બન્યો હતો તે વિષેની એક ચોપડી કે જેનું નામ 'ધર્મ કે અધર્મ' નામે પેમ્પ્લેટ છપાવ્યા હતા અને તે બનાવનો હજુ સુધી નિર્ણય આવ્યો નથી તેમ એક મિત્ર લખે છે, તો તેના જુવાબમાં નીચેનો ખુલાશો પ્રગટ કરવા મહેરબાની કરશો.

વિશેષ આ ચર્ચાપત્રીએ પોતાનું નામ પ્રગટ કર્યા સિવાય ચર્ચા કરવાનુ શરૂ કર્યું છે તે ઘણી અફસોસની વાત છે. હજુ સુધી તેવણ મિત્રનામાં હિંમત આવી નથી તેવુ દેખાય છે પણ હું અરજ કરૂ છું કે હવે તેમણે સ્વરાજ્ય માટે તૈયાર થઇ હિંમતવાન બનવુ જોઇએ અને મને આશા છે કે હવેથી જ્યારે જુવાબ તથા બીજું લખાણ લખશો તો નામ સહિત લખ્યા વિના રહેશે નહિ.

'ધર્મ કે અધર્મ' એનો નિર્ણય હજુ સુધી માર્ગ નૃસિંહપુરા ભાઇઓ લાવ્યા નથી, તો હું સમસ્ત દિગંબરી ભાઇઓને અરજ કરૂ છું કે ભાઇઓ, તમો આ બાબતનો નિર્ણય લાવો, નહિં તો આ પર્યુષણ નજીક આવે છે અને તેમાં નિર્ણય નહિં થાય તો આના કરતા પણ ગંભીર બનાવ બનવા સંભવ છે તો મહેરબાની કરીને આનો નિવેડો લાવશો.

દરેક દિગંબર તેમજ નૃસિંહપુરા ભાઇઓને અરજ કરવામાં આવે છે કે આ બનાવનો નિવેડો કેવી રીતે તમો લાવવા ધારો છો તે પત્ર દ્વારાએ આ લેખકને જણાવશો અથવા તો આ પેપરમાં પ્રગટ કરશો એવી આશા છે. મી. હરગોવનદાસ રામચંદ તેમજ અન્ય વિદ્વાન ગૃહસ્થો મળીને આનો નિવેડો લાવશે તો હું ઘણો આભારી થઇશ. એજ અરજ.

એમ. ડી. શાહ નરસીપુરવાળા.

श्री स्याद्वादविद्यापतये नमोऽस्तु ।



जैन काव्योंका महत्व ।

(जैन साहित्य सभा लखनऊका लेख नं० ४)



(लेखक—प० बनवारीलालजी स्याद्वादी-मोरेना ।)

वन्दारुवृन्दपरिघट्टविलोलिताक्ष वृन्दारकेश्वरकिरीटतटावकीर्णैः ।
मन्दारपुष्पनिकरैर्विहितोपकारं वन्दामहे जिनपतेः पदपद्मयुग्मं ॥
मुकुरविमलगण्ड चन्द्रसंकाशतुंडं गजकरभुजदण्ड कामदाहाग्निकुण्ड ।
विनुतमुनिपपण्ड गोमठेशप्रचण्ड गुणनिवहकरण्ड नौमि नाभेयपिण्ड ॥

आध्यात्मिकजननी, अहिंसाधर्मप्राणा, साहित्यसुन्दरी, परोपकारशीला, विज्ञानमयना भारतवर्षीयार्यजातिके पूर्वेतिहास पर दृष्टि वृष्टि करनेपर यह जाति चारित्रोन्नता, अक्षयज्ञानरत्नोंकी प्रसवित्री सुस्पष्टतया प्रतीत होती है, किन्तु निरपेक्ष हम यह भी कहेंगे, कि तत्सामयिक कुछ विषयलम्पटियो एव च स्वधर्मोन्मत्तगणोंने प्रज्वलित-द्वेषाग्निसे दग्ध कर इस आर्यजातिके सर्वोत्तम पूर्वेतिहासको कलक-कालिमामय बना दिया है । इस प्रज्वलित विशेषाग्नि हीके कारण गगनस्पर्शी उत्तगशृङ्गसमन्वित हिमधवलपर्वतमाला, एव भीतिजनक नीलवर्णसलिलराशिपूर्ण समुद्रसरीखे प्राकृतिक आत्मरक्षकोंके उपस्थित रहने पर भी, सुसभ्य ज्ञानालोकसे प्रकाशित अत्यत बलिष्ट धार्मिकवसुन्धरा भारत पर विधर्मी और विजातीय नीच वैदेशिकदस्युदलके पुन पुन आक्रमणोंसे, भारतवर्ष विध्वस्त विपर्यस्त और परपदानत होकर अपनी अतुलधनराशि विद्या, प्राचीनसभ्यतासम्पत्ति, ऐश्वर्य, आत्मगौरवको पश्चिमीय सागरमें समाधिस्थ कर अब मुट्ठीभर पश्चिमीय जनोंकी तत्रता (परतत्रता)के जुंगलमें फँसा हुआ अपने जीवनमरणके प्रश्न हल करवानेकी अवस्थामें उपस्थित हो गया है । प्रिय पाठकवृद ! यहापर ही मेरे अश्रुप्रपात होकर समाप्त नहीं हो जाते। किंतु—

इस विद्वेषाग्नि तथा च स्वधर्मोन्मत्तता ही के सबबसे श्री अहिंसासत्ताधुक्त, सत्यक्षमामणिक्य, मार्दवचन्द्र, ज्ञानीवाचार्य, शौच्यतीर्थभूमि, सत्यरत्नविभूषित, सयम परिखावेष्टित, तपोभूमि, त्यागजननि, आकिंचन्य मूलसे शोभायमान, विश्वप्रेमचन्द्रकी ज्योत्स्ना का प्रकाशक, ऐसे जैनधर्मका सार्वभौमिक प्रसार न बढनेके हेतु, विपक्षियोंने जैनधर्मके प्रचारकोंको नि मीग कष्ट प्रदानके साथ साथ सहस्रों जिनमन्दिरोंको छिन्न विच्छिन्न, जैनसाहि-

त्यके लाखों ग्रंथराजोंको नष्ट कर, जैनप्रमितिसे जो संसारको वंचितकिया है। शायद इसीसे दैवने प्रकोपकर भारतमाताके ३० कोटि जनोंकी स्वतंत्रताको अपहरणकर दारुण दुःखसे दुःखित किया है। बौद्धमतकी राज्यसत्ताके समयमें जब कि भारतवर्षने प्रशान्त जैनधर्मको विदा करनेमें किसी प्रकारकी भी कसर नहीं रक्खी थी, वृहद्ग्रंथराजोंके साथ २ जैनमहाकाव्योंका भी वृहदंश नाशको प्राप्त हो गया था और जब कि श्री शंकराचार्यने जैनधर्मको नष्टीभूत करनेके इरादासे वर्षों गरम पानी कराकर असंख्य जैनग्रंथराजोंको अग्निदेवकी भेट करदी।

हम नहीं लिख सकते हैं कि जैनसाहित्यके प्रसार करनेके कारणभूत महाकाव्योंका इस पूर्वेतिहासमें कितना प्रक्षय हुआ होगा।

अब हम अपने विचारशील पाठकोंको इस वृहत् पूर्वेतिहाससे अलग कर प्राप्त अभीके करीब ३०० वर्ष पहिले (अर्थात् मुगल बादशाह ओरंगजेब) के जमानेमें ही लिये चलते हैं।

मुगल बादशाहतकी जड़को काटनेवाले इस बादशाहके जमानेमें हिंदु ग्रन्थोंकी तरह कितने ही महीनों तक जैनग्रंथराजसमुदाय गाँवोंकी तरह जलते रहे। भारतवर्षीयाध्यात्मिक क्षय करनेके लिये जो भारतके असंख्य ग्रंथभँडार पवनगणोंने नष्ट किये उसमें भी महाकाव्योंका प्रबल क्षय हुआ।

इस ग्रन्थराजोंके प्रक्षय युगके समय धार्मिक वीरोंने जो ग्रन्थराजि कंदरा गुहादि गुप्त स्थानोंमें छिपाकर रक्षा की थी, उसमें भी बहुग्रंथराशि हमारे विद्याप्रिय पश्चिमीय विद्वान् (जर्मनी, इंगलैंड, आस्ट्रेलियादिके रहनेवाले) प्रलोभन वा डरसे परतंत्र जैन संसार एवं च कर्तव्यपथसे विचलित भारतवर्षसे लेगये। इसमें भी वृहदवशिष्टभाग भट्टारकों, अन्य भँडारोंमें दीमक, अन्य कीटोंका आहार हो रहा है। अतः जो कुछ-भी काव्यशास्त्र समुपस्थित है, उन जैन काव्यग्रन्थोंका महत्व भव्य पाठकोंकी ही भेंट करता हूं।

'जैन काव्यका महत्व' इस शब्दके उच्चारण करनेसे सहृदयके हृदयमें जो भाव प्रादुर्भाव होता है, वही 'जैन काव्यका महत्व' इसका विग्रहलभ्यार्थ है। इसमें शब्द हैं जैन-काव्य-महत्व।

यहां जैन शब्द संबंधी वाचक होनेपर भी इसका अर्थ सुलभ होनेसे इसके व्याख्यानको लक्षित न करके "काव्य" शब्दका लक्षण लिखनेको प्रारंभ करते हैं। किसी भी चीजका लक्षण या स्वरूपमें जबतक सम्पूर्ण उद्बोध नहीं होता है; तब तक सहृदयोंके हृदयाकाशमें उस पदार्थकी सुनिर्मल ज्योति ठीक ठीक नहीं चमकती है। अब उस काव्यका लक्षण 'काव्यप्रकाश" ग्रंथके रचयिताने इस प्रकार किया है-

"तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि" (काव्यप्रकाश)

अर्थात् गुणसहित दोषरहित शब्दार्थको काव्य कहते हैं। वह शब्दार्थ सर्वत्र सालंकार हो। कहीं २ अस्फुट अलंकार होनेपर भी काव्य कहा जासकता है।

पंडित जगन्नाथने "रसगंगाधर" नामक ग्रंथमें इस प्रकार कहा है—

" रमणीयार्थप्रतिपादकशब्दः काव्यं " (रसगंगाधर)

इसका अर्थ प्रायः स्पष्ट ही है।

और "साहित्यदर्पण" नामक ग्रंथके कर्ताने काव्यका लक्षण इस प्रकार किया है—

"वाक्यं रसात्मक काव्यं" (साहित्यदर्पण)

अर्थात् रसात्मक वाक्यको काव्य कहते हैं। लेकिन जब हम उपर्युक्त लक्ष्यके ऊपर दृष्टि वृष्टि करते हैं, तो हमको यह सब लक्षणोंकी विलक्षण सृष्टि सूझती है। क्योंकि काव्यका प्रयोजन इस प्रकार कहा है—

" काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परानिर्वृतये कान्तासंमिततयोपदेशयुजे॥ "

अर्थात् जिसमें कीर्ति हो, अर्थप्राप्ति हो, लोक व्यवहार ज्ञान हो और अमंगलका विनाश हो, झटिति (जल्दी) विलक्षण सुख हो, कान्ता संमिततासे उपदेश मिले, यही काव्यका प्रयोजन है।

इस प्रयोजनकी सिद्धिका जो कारण है उसका लक्षण दोष रहित गुण सहित अलंकारविशिष्ट शब्दार्थ इतने ही कहनेसे पर्याप्त नहीं हो सकता है। क्योंकि ऐसा कतिपय वाक्य यदि केवल शृंगाररसात्मक लिखा जायगा तो उपर्युक्त प्रयोजनमें " शिवेतर-क्षतये " अर्थात् अमंगलविनाशके लिये क्या हो सकता है? या उससे कोई सच्चा उपदेश मिल सकता है? इसलिये काव्य प्रकाशकारका उक्त प्रयोजनको लिखते हुये इस तरह लक्षण बनाना, अयुक्त मालूम पडता है। ऐसे ही साहित्यदर्पणके रचयिता श्रीयुत विश्वनाथ महापात्र रसात्मक वाक्यको काव्य कहते हुए ठीक नहीं जचते। उसमें भी हम यही कह सकते है कि कोई शृंगारादिक रसात्मक वाक्यसे ही उक्त प्रयोजनकी सिद्धि नहीं हो सकती है। अतः यह ठीक नहीं है। इसी तरह " रमणीयार्थप्रतिपादकशब्दः काव्यं " कहते हुए रस गंगाधर-कार भी हमारे मान्य नहीं हो सकते है। क्योंकि पूर्वोक्त दोष भी उनका पीछा नहीं छोड़ता। और भी अनेक आलंकारिकोंने काव्योंके लक्षण बनाये हैं, किंतु हम उनका खंडन मंडन कर लेखको विस्तृत करना नहीं चाहते। किंतु पूर्वोक्त काव्य लक्षणोंमें दोषा-नुसंधान करते हुये काव्यसे उक्त प्रयोजनकी सिद्धि जिस काव्यसे हो उसका अनुसंधान

करते हुए जैनालंकारिक काव्यका लक्षण अलंकारचिंतामणिके अनुसार कहते हैं।–

" शब्दार्थालंकृतोद्धं नवरसकलितं रीतिभावाभिरामं ।
व्यंग्यार्थं विदोषे गुणगणकलितं नेतृसद्वर्णनाढ्यं ॥
लोकद्वन्द्वोपकारी स्फुटमिह तनुतात् काव्यमग्र्यं सुखार्थी ।
नानाशास्त्रप्रवीणः कविरतुलमतिः पुण्यधर्मैकहेतुम् ॥

(अलंकारचिंतामणि)

यह जैन कवि श्रीमद्भगवज्जिनसेनाचार्यका कहा हुआ निर्दोष एवं च मान्य काव्यका लक्षण है। इस श्लोकका अर्थ इस प्रकार है–

शब्दालंकार, अर्थालंकारसे दीप्त, नवरस सहित, रीति और भावसे सुन्दर व्यंग्यादि अर्थवाला, दोषरहित गुणसहित नेताकी सद्वर्णनसे पूर्ण, इह तथा परलोकका उपकारी, पुण्यधर्मका बड़ा भारी कारण, ऐसे काव्यको नानाशास्त्रप्रवीण, अनुपम बुद्धिवाला कवि करे।

इस काव्यलक्षणसे लक्षित काव्य ही वास्तविक काव्य कहा जा सकता है। इस तरहके काव्यसे उपर्युक्त प्रयोजन अथवा अन्यत्रोक्त—

" धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च ।
करोति कीर्तिं प्रीतिं च, साधुकाव्यनिषेवणं ॥ (साहित्यदर्पण)

इस प्रयोजनकी सिद्धि हो सकती है।

अब विचार करना चाहिये कि भारतीय काव्य भंडारोंमें ऐसे कितने काव्यरत्न हैं जो कि उक्त पूर्व लक्षण लक्षित हों। इसका विचार करनेके लिये सबसे पहिले " लोकद्वन्द्वोपकारी पुण्यधर्मैकहेतुम् " इन दोनों विशेषणोंको हम उपस्थित करते हैं। जो पुण्यधर्मैकहेतु है। वास्तवमें वही काव्यचिंतामणि उभयलोकका हितकारी होकर मनवांछित फलप्रद है।

अब हमको यह विचार करना चाहिये कि पुण्य और धर्मकी शिक्षा जिनसे मिल सकती है ऐसे काव्य कितने हैं। सर्व प्रथम हम अजैन नैषधादि लोकप्रसिद्ध सरस काव्योंपर ही दृष्टिपात करते हैं, तो उसमें एक पुरुषका स्त्रीके साथ किस तरहका प्रेम होता है और उसका कैसे निर्वाह होता है इत्यादि विषयोंको छोडकर धर्मादि शिक्षाकी प्राप्ति नहीं हो सकती और जो जो प्रसिद्ध प्रसिद्ध काव्य हैं उनमें माघ किरातादि तथा रघुवंश कुमारसंभवादि हैं। उन्होंमें कोई तो शृंगाररस ही से स्वाद्य भरे हुए हैं। कोई वीररस प्रधान तथा च कोई वस्तुवर्णनात्मक हैं। उसीको पुष्ट करते हुये प्रधान्त हुये हैं। उन्होंमें आदिसे अन्ततक अवलोकन करने पर भी धर्मोपदेशकी गन्ध भी नहीं मिलती। पूर्वोक्त प्रयोजनेच्छु हम जैनकाव्यमार्गमें पदार्पण करते ही उक्त प्रयोजनको पद पद पर

दृष्टिगोचर करते हैं। क्योंकि जैन काव्योंमें ऐसा कोई भी काव्य नहीं हैं जिसमें धर्मोपदेशके साथ साथ समग्र लौकिक व्यवहार दिखाते हुये अन्तमें मोक्ष प्राप्तिके लिये केवलीभगवान्के मुख निष्टित वचनावली सरस श्लोकोंसे सज्जित नहीं की गई हो। इस बातकी सत्यता प्रमाणित करनेके लिये हम उन्हीं सहृदयोंसे प्रार्थना करते हैं जिन्होंने उभय काव्य (जैन, जैनेतर) रसका आस्वादन गवेषणा पूर्वक किया हो। यही जैन काव्यका सर्व प्रथम सुख और शांतिको प्रदान करनेवाला महत्त्व है। इस सर्व प्रथम महत्त्वका हम लोगोंको कम मूल्य नहीं समझना चाहिये।

एक वार एक पंडितराजने ऐसा कहा था कि "धर्मप्रधान काशीनगरीमें अध्ययन करनेवाले काव्यरसिकवृन्दोंमें बहुतसे रसिक वेश्यागमनादि दुश्चरित्रोंको सेवन करते हैं। इसका खास कारण यही है कि उन काव्योंमें शृंगाररसकी प्रधानताके साथ २ योग्य शिक्षा, धर्मोपदेशका नितान्त अभाव है।"

वह काव्य अनेक प्रकारका होता है, किन्तु दृश्य, श्रव्यके भेदसे दो प्रकारका है। दृश्य नाटक प्रकरणादिको कहते हैं। और श्रव्य काव्यके भेद बहुतसे है। यथा-महाकाव्य, खंडकाव्य, चम्पू-गद्यकाव्य, आख्यायिका इत्यादि हैं। इन्होंमें खासकर काव्य शब्दका उच्चारण करनेपर लौकिक प्रतीति महाकाव्यकी होती है। इसी महाकाव्यमें जैनाचार्यसे कहा हुआ पूर्व काव्यका लक्षण यथातथ्येन घटता है। अतः नाटक, भांण इत्यादिसे उपर्युक्त काव्यलक्षणोंका प्रयोजन सुष्टुतया, सिद्ध नहीं हो सकता। अतएव हम प्राधान्येन महाकाव्योंकी ही उत्तमता बतलायेंगे। इससे पहिले काव्यलक्षणमें "नेतृसद्वर्णनाढ्यं" यह जो विशेषण है इसका अर्थ नेताका जो सद्वर्णन है अर्थात् जिससे पूर्वोक्त धर्मार्थकाममोक्ष प्रयोजनोंकी सिद्धि हो सकती हो ऐसे वर्णनसे आढ्य=प्रचुर हो।

जिसके ऊपर कवि अपनी शब्दार्थालंकारोंसे विभूषित तथा गुणोंसे सुशोभित सरस्वतीको सजाता है वह नेता कैसा होना चाहिये? नेताका लक्षण "साहित्यरत्नाकर" में ऐसा कहा है—

"महाकुलीनत्वमुदारता च तथा महाभाग्य विदग्धभागे।
तेजस्विता धार्मिकतोज्वलत्वममीगुणा जाग्रति नायकस्य॥"

अर्थात् महाकाव्यका नायक वही होसकता है जो महाकुलीन और बड़ा भारी उदार और महाभाग्यशाली, अतिशय विदग्ध और महा तेजस्वी, धार्मिक हो। संसारमें उपर्युक्त गुणविशिष्ट महाकाव्यके नायकको अनुसंधान करते हैं तो हमको अष्टादश दोषरहित, अनंत चतुष्टययुक्त तीर्थंकरोंको छोडकर मानव जातिमें कोई भी दृष्टिगोचर नहीं होते। अतः द्वितीय सर्वोत्तम जैन काव्योंमें उत्तमता यही है कि प्रायः सम्पूर्ण महाका-

व्योंके नायक तीर्थंकर या तद्भवमोक्षगामी ही हैं। उन तीर्थंकरोंको छोड़कर संसारमें ऐसा कौन माताका लाल है जो उनसे गुणशाली प्रमाणसे प्रसिद्ध हुआ हो। उनके सद्गुणोंसे आढ्य जैन महाकाव्यपुंज ही हैं। यथा महाकाव्य धर्मशर्माभ्युदय, महाकाव्य चंद्रप्रभचरित्र, महाकाव्य पार्श्वनाथचरित्त, नेमिनिर्वाण इत्यादि।

अब हम यह दिखाते हैं कि महाकाव्यमें वर्णनीय विषयोंका सन्निवेश किस पांडित्यके साथ जैन कवियोंने किया है उसका भी थोड़ा नमूना सहृदयकाव्यरसास्वाद-निपुण पाठक महोदयोंकी सेवामें उपस्थित करते हैं। महाकाव्यमें १८ वर्णनीय विषय हैं। तैसा ही अलंकारचिंतामणिमें कहा है–

भूभुक्पत्नी पुरोधाः कुलवरतनुजाऽमात्यसेनेशदेश– ।
ग्रामश्रीपत्तनाब्जाकरशरीधनदोद्यानशैलाटवीद्धाः ॥
मंत्रो दूतः प्रयाणं समृगपतुरगेभार्त्विन्द्राश्रमाजि– ।
श्री वीवाहावियोगास्सुरतवरसुरा पुष्ववार्नर्मभेदाः " ॥

(अलंकारचिंतामणी)

ये १८ वर्णनीयका यथा स्थानमें निवेश जैन महाकाव्योंमें जिस ढंगसे किया गया है, उसे जैन महाकाव्योंके अध्ययन करनेवाले समझसकते हैं।

यहांपर प्रत्येक वर्णनीयका उद्धृत करनेसे यह लेख महत् ग्रंथाकार स्वरूपमें परिणत होजायगा अतः चुनेहुए विषयोंका नमूना दिखाकर आगे बढ़ेंगे। भूभुक्, राजाका वर्णन हरएक जैनमहाकाव्योंमें भिन्न भिन्न रीति तथा भिन्न भिन्नालंकारोंसे सजाकर भिन्न२ कवियोंने वर्णन किया है। उसमेंसे पाठकोंके मनोरंजनके लिये महाकाव्य धर्मशर्माभ्युदयमें हरिश्चन्द्रकविके पद्य दिखाते हैं।

गतेऽपि दृग्गोचरमत्र शत्रव स्त्रियोऽपि कंदर्पपत्रपा दधुः ।
किमद्भुतं तद्धतपंचसायकं यदद्रवन्संगरसंगताः क्षणात् ॥

(म० धर्मशर्माभ्युदय)

इस पद्यमें राजाका वर्णन वीररसके साथ२ सौन्दर्यका वर्णन श्लेषभंगीसे किस प्रकार किया है सो सहृदय समझसक्ते हैं। तथा च

न मंक्षिणस्तंघ्रजुषोऽपि रक्षितुं क्षमाः स्वमेतद्भूजगायसेः क्वचित् ।
इतीव भीत्या शिरसि द्विषो दधुस्त्वपादिमचञ्चन्नखरत्नमंडलम् ॥

(धर्मशर्माभ्युदय)

इस श्लोकमें शिष्ट रूपक मूल उत्प्रेक्षाका निवेश किस चातुर्यके साथ किया है, उसे चतुरशीरोमणि समझ सक्ते हैं।

तथा च-"तदीय निस्त्रिंशलसद्विधंतुदे बलादृगिलत्युद्यतराजमंडलम् ।
निमज्ज्य धारासलिले स्वमुच्चकैर्दुर्दर्द्विजेभ्यैः प्रविभज्य विद्रपः ॥
(धर्मशर्माभ्युदय)

इस श्लोक श्लिष्टपरम्परितरुपकका निवेश करते हुये कवि उस मार्गपर चले हैं कि शायद ही कोई कवि उस मार्गमें पहुचा होगा। इस तरह नायक (राजा)का वर्णन कहाँ तक बताया जाय। एकसे एक सुन्दरसे सुन्दर पद्यरत्न जैनमहाकाव्यसमुद्रमें इस विषय पर उपस्थित हैं।

द्वितीय रानपत्नीका वर्णन महाकाव्यमें कहा गया है। इस वर्णनमें उसी धर्मशर्माभ्युदयमें कविने कैसा प्रतिभापाटव दिखलाया है। विनोदके लिये उसका भी २ या ३ पद्य उद्धृत करेंगे।

" प्रयाणलीलाजितराजहंसक विशुद्धपार्ष्णि विजिगीषुवास्थितं ।
तदंघ्रिमालोक्य न कोपदण्डभाग्भिर्येव पद्मं जलदुर्गमत्यजत ॥
(धर्मशर्माभ्युदय)

इस श्लोकमें एक विजगीषु नरेशके साथ रानपत्नीके पादका साम्य श्लेष्योपमालंकारसे कैसा दिखाया है।

चक्षुका वर्णन करनेमें अनुपम श्लोक सहृदय महोदयोंकी सेवामें पेश करते हैं:-

जितास्मदुक्तं समहोत्पलैर्युवां क याथ इत्यध्वनिरोधिनोरिव ।
उपात्तकोपे इव कर्णयोः सदा तदीक्षणे जग्मतुरन्तशोणताम् ॥
(धर्मशर्माभ्युदय)

इसकी उत्प्रेक्षा क्या ही अनोखी है।

तथा देश वर्णनमें चन्द्रोपल (चन्द्रमणि) के प्रासाद पंक्तिके साथ एक श्लेषरीतिसे वरवर्णनीयका साम्य देखिये।

व्यापार्य सज्जालकसंनिवेशे करानभिप्रेक्षति यत्र राज्ञि ।
दवत्यनीचैस्तनुकूटरम्या कान्तेव चन्द्रोपलहर्म्यपङ्क्तिः ॥ "
(धर्मशर्माभ्युदय)

इसी प्रकार ग्रामवर्णनमें स्वर्गसे व्यतिरेकको दिखाते हुये एक पद्य किस रीतिसे लिखा गया है। इसकी उत्तमता हमारे भव्य सभ्य पाठकवृन्द ही विचारें।

" अनेक पद्माप्सरसः समन्ताद्यास्मिन्नसंख्यातहिरण्यगर्भाः ।
अनंतपीताम्बरधामरम्या ग्रामा जयन्ति त्रिदिवप्रदेशान् " ॥
(म० धर्मशर्माभ्युदय)

यद्यपि शैलके वर्णनके उदाहरणमें बहुतसे जैन महाकाव्य उपस्थित हैं, हम इसके उदाहरण स्वरूप महाकवि श्री हरिश्चन्द्रकृत धर्मशर्माभ्युदयका दसवां सर्ग सम्पूर्ण देना चाहते हैं क्योंकि कविने ऐसी उत्तमताके साथ शैल वर्णन किया है कि शायद ही किसी कविने ऐसा वर्णन अपने काव्यमें किया हो लेकिन लेख बृहद् न होनेकी चिंता हमको रोकती है, फिर हम इसका उदाहरण अवश्य देंगे।

" पत्राम्बुजेषु भ्रमरावलीनामेणावली सत्तमरावलीना।
पपौ सरस्याशुनरं गतान्तं न वारि विस्फारितरङ्गतान्तरम् ॥ "

(महा. धर्मशर्माभ्युदय)

इस पद्यमें यमकालंकारके साथ २ स्वभावोक्तिका कैसा मणिकांचन योग हुआ है यह देखकर चित्त गद्गद होता है। तथा च–

" दूरेण दावानलशङ्कया मृगास्त्यजन्ति शोणोपलसंचयद्युतीः।
इहोच्छलच्छोणितनिर्झराशया लिहन्ति च प्रीतिजुषः क्षणं शिवाः॥"

(धर्मशर्माभ्युदय)

पर्वत तपस्या करनेका प्रधान स्थान है। इस बातको दिखानेके लिये मोक्षनगरका अत्यंत दुर्गमार्गमें जिनेन्द्ररूपी सार्थवाहको प्राप्त कर अगाड़ी पैर रखनेके लिये यह पर्वत प्रथम स्थान है। यह रूपक शांतरसको पिलाता हुआ कैसा आल्हादकारी है।

ऋतु वर्णनका भी जैन महा काव्योंमें सर्वत्र वर्णन किया गया है। उसमें भी हरिश्चंद्र कविका चारुरीतियुक्त वर्णनके श्लोक प्रियपाठकोंकी भेंट अवश्य करेंगे।

" कतिपयैर्दशनैरिव कोरकैः कुरबकप्रभवैर्विहसन्मुखः।
शिशुरिव स्खलितस्खलितं मधुः पदमदादमदालिनि कानने ॥ "

इस श्लोकमें वसंतका आगमन हास्य करते हुए शिशुके साथ उपमा देते हुए क्या ही अच्छा वर्णन किया है।

इसी तरह इसी ग्रन्थ धर्मशर्माभ्युदयमें ग्रीष्मवर्णनमें कुत्तोंकी जीभ निकलनेमें कविराजने क्या ही अच्छी उत्प्रेक्षा की है।

" इह शुना रसना वदनाद्बहिर्निरगमन्नयपल्लवचञ्चलाः।
ह्रदि स्वरांशुकरप्रकरापिताः किमपशानुकृशानुशङ्कया शुचौ॥

(महा. धर्मशर्माभ्युदय)

तथा वर्षावर्णनमें भी इसी कविका दशम श्लोक उद्धृत करते हैं।

वास्तवमें कोई निरपेक्ष सज्जन सुहृदयवर काव्यपरीक्षक जिस समय निरपेक्ष चश्माको लगाकर यदि काव्योंकी उत्तमताका विचार करेगा तो हम इस बातको दावेके साथ कह सकते हैं कि जैन काव्योंकी ही सर्व प्रथम उत्तमता उसे ज्ञात होगी क्योंकि जैन काव्य-समुदाय, शब्दालंकार, अर्थालंकारोंके पुंजोंसे विभूषित एवं च नवरस सहित, सुरीति भावोंसे मनोहर, पद पदके व्यंगादि अर्थसे आश्चर्यको करनेवाला, गुणोंकी पंक्ति वद्धमालासे घिरा हुआ एक अद्वितीयताको लिये हुए है। वास्तवमें जिस समय मेघमालासे आच्छादित सूर्य रूपी जैन काव्यसमुदायकी एक किरण त्रैमासिक पत्र "जैनसिद्धांतभास्कर" में प्रकाशित हुई उसी समयसे ही जैनकाव्यकी उत्तमता सिद्ध हो चुकी थी। हम भी अपने पाठकवृन्दोंके लिये इस किरणको देकर समस्त हृदयकमलोंको प्रकाशित किये देते हैं:-

"तातां तातीं ततेतां ततति ततो तता तांति तांती ततत्ता।
तात्तातीतां तताती ततति तंतितता तत्ततत्ते तितंतिः॥
तातातीतः तिताती ततंतु तंतितंतां तंतिता तृति तत्ते।
ताने तिनो तुतात्ता तनुतति तुत्तातितां तत्तु तोत्त॥

यह श्लोक त्रैमासिकपत्र "जैनसिद्धांत भास्कर" में प्रकाशित हुआ था, और उसका अर्थ लगानेके लिये २५०) पारितोषिक मिलनेके लिये भी सूचना थी। अर्वाचीन दुनियांके समस्त संस्कृतके विद्वानोंमेंसे किसीने भी इसका अर्थ न लगा पाया। अवधिके पूर्ण होनेपर पत्रके सुयोग्य सम्पादक एवं च देशकी वेदीपर त्यागधर्मको करनेवाले देश-भक्त पदमराजजी रानीवालोंने इसके लिये द्विगुणित पारितोषिक बढ़ाया पर भी आजतक किसी भी माईके लालने इस श्लोकका अर्थ न लगा पाया।

पाठक महाशय! इस श्लोकका अर्थ जैनसिद्धांतभवनमें उपस्थित है। एक समय जिनेंद्रभूषण भट्टारक श्री तीर्थराज सम्मेदशिखरजीकी वन्दनार्थ काशी होते हुए पालकी द्वारा जारहे थे। जैनेतर वैष्णव विद्वानोंको यह सह्य न होकर उन्होंने पालकी रोकली और कहा कि जब तक आप शास्त्रार्थमें हम लोगोंको नहीं हरादेंगे तब तक हम आपको पालकी द्वारा नहीं जाने देंगे। क्षमासार नग्न भट्टारक जिनेंद्रभूषणके हृदयमें श्री तीर्थराजकी वन्दनाके लिये बहुत व्याकुलता तथा च जल्दी थी। अतः उन्होंने काशीके विद्वत्समाजसे यह कहा कि "**आप जबतक इस श्लोकका अर्थ लगावें तबतक मैं वन्दना करके वापिस आता हूँ और शास्त्रार्थ करूँगा**" बादमें श्री १००८ भट्टारकजी श्री तीर्थराजकी वन्दनाकर वापिस आये। तब मालूम हुआ कि किसी भी पंडितराजसे यह श्लोक नहीं लगता। इतनेमें एक नैयायिक महाशयने कहा कि इस शब्दोंके वितण्डावादको त्यागकर आप अपनी प्रतिज्ञानुसार हमसे शास्त्रार्थ कीजिये। तब शास्त्रार्थ हुआ और **'सत्यमेव जयति नानृतं'** इस नीतिके अनुसार जैनियोंकी विजय तथा विपक्षियोंकी पराजय हुई।

विज्ञपाठकवृंद! काव्य शब्दका अर्थ केवल महाकाव्य ही नहीं है किन्तु वन्दनीय जैनालंकारों और इतरालंकारिकोंकी अपेक्षा दृश्य श्रव्य इस तरह दो प्रकारका है—

प्रथम काव्यमार्ग दृश्यको बतलाते हैं। नाटक सट्टक भाँड प्रकरण इत्यादिको दृश्य काव्य कहा है। प्रियपाठकवृन्द! नाटकादिकी उत्तमता तभी ज्ञात होती है जब कि वह रंग-मंच पर खेला जाकर भव्य नाट्यदर्शकोंको अपनी उत्तमताका प्रदर्शक हो, क्योंकि नाट-कोंकी उत्तमता रंगमंच पर ही खेले जाने पर प्रगट होती है। फिर भी हम इस बातको स्वाभिमानके साथ प्रियपाठकोंकी हृदयस्थलीमें बैठाते हैं कि जो जैन नाटकवृन्द विक्रांत-कौरवादि हैं वह जैनेतर शकुंतलादि नाटकोंसे विशेषोत्तम हैं। मेरे ख्यालसे अज्ञानावस्थामें सोती हुई जैन समाजके पर्यंकके नीचे स्थित, तथा थोडे कालसे प्रोद्भूत जैन नाटकवृंद अभी तक निर्पेक्ष पश्चिमीय संस्कृत विद्वत्परिषद्के पास नहीं पहुंचा। नहीं तो अवश्य ही ये निर्पेक्ष समालोचना कर इस जैन नाटकग्रंथको उच्चस्थान देते। जिस समय हम विक्रांतकौरवादि जैन नाटकोंकी पंचसंधि, पताकास्थान, प्रवेशक, विष्कंभकादिका निवेशचातुर्य, पद्मनोद्भारितापर दृष्टिपात करते हैं तो हस्तिमल्लि कविके नाटकों परसे दृष्टि उठना नहीं चाहती। तब कालिदासका "शकुन्तला" नाटक बिलकुल फीका हो जाता है।

हमारे पाठकवृन्द इस बातसे परिचित ही होंगे कि जैन नाटक रचयिता पुण्यात्मा श्री हस्तिमल्लिके हृदयकाव्य लीलाकी तारीफ प्राचीन विद्वानोंने बहुत

' यत्र च मधुकरकुटुम्बिनीनिकुरम्बाडम्बरचुम्ब्यमानमकरन्दकदम्बस्तम्बविलम्बितनिजनितम्बिनीविम्बाधरपानपरवशविलासिनि, सुरतसुखोन्मुखमुखरपरिखेलत्सखीसरवानेकखगप्रेङ्खखमुखावलिह्यमानफलितशिखरैः समीपशाखिभिः स्खलितप्रसेव्यमिमखसंमुखीनवैरवानसमानसे, क्षितिक्षितवसहचरोपरचितकरवाद्यलयलास्यमानमधुमत्ततीमन्तिनीसमालोकनकुतूहलमिलद्भनदेवताभराभुग्नककुभविटपिनि, वटविटपविटङ्कमंकटकोटरोपविष्टवाचाटशुकपेटकपठ्यमानेन विटविकटरताटोपचाटुपाटवेन विद्यमानमुनिमनःकपाटपुटसंधिबन्धे, विकिरकुलकहलवशविशीर्यमाणकुरबकतरुमुकुरमुक्ताफलितवितर्दिकाबलिकर्मणि, चपलकपिसंपातलुप्यमानभराभिर्निर्भरविभ्रमारम्भसंभ्रमाभिर्भामिनीभिः परिरम्यमाणनिभृतसरसापराधबल्लभे, भुजमूलपुलकवितरणरतक्रान्तकैतवान्तरावितयुवतिपुष्पावचितिनि, सरलद्रुमस्तम्भसंभूतसंभूतलताशोकतितिविनिर्मितासुपीनस्तनलिखितपत्रलाञ्छितोरः स्थलरमणरसरभसोच्छलदुत्तालचलनाकुलीलान्दोलासु विलसन्तीनां विलासिनीनां मुखरमणिमेखलानालवाचलिमवहलपचमालम्बिपल्लवितविरहवीरुधि, जम्बुकुञ्जकुञ्जरारापतपतङ्गसङ्गीपितमदनमददरिद्रितसुन्दरीसंभोगहुतवहे, कदलीदलातपत्रोत्तम्भनगारभरितभर्तृभुजाभोगसंभावनविकटकुचकुम्भमण्डलानामितस्ततो निहरन्तीना रम्भोरूणामनवरतक्वणज्झणापमानमणिमंजीरशिञ्जिताकुलितगलकेलिदीर्घिकाकलहंससंनादि, रमणरततिरतवनितारतिरमोत्सेकविचलद्विकचविचकिलपालम्बामोदसुरभितसुभगभुजङ्गनाभीवलीभगर्भे, तमालदलनिर्यासरसपूरितकरकिशलयपुटेन यमितनखलेखनीधारिणीचरनिचयेन रच्यमानसहचरीकपोलफलकतलतिलकविचित्रपत्रभङ्गिनि, खलरताभियुक्तकुटहारिकातालुतलोत्तरलतररुतोत्प्लावितनिच्च (चु) लमूलविलनिलीनोल्लकवालकालोकनाकुलकाकोलकुलकोलाहलकाहले, बहलकोकिलप्रलापगलितलज्जास्यनिसर्गादुत्तालतरसुरतसंरम्भिणाः पण्याङ्गनाजनस्य कलगलोल्लसल्लोहलोल्लपितानुलपनपरसारिकाशावसंकुलकुलायकरलोपकण्ठजरठिनाभिनवाङ्गनारतिचेतसि गाकन्दमञ्जरीमकरन्दबिन्दुस्यन्दुदुर्दिनेन मुचकुन्दमुकुलपरिमलोल्लासिना मचलाकिङ्किलकलापसीमन्तोचितेन वातचातकेनाचम्पमानसुरतश्रमखिन्नखेचरीपयोधरमुखलुलितघनघर्मजलमंजरीगाले, निधुवनविधिविधुरपुरन्ध्रिकाघरदलदपितदीपमाननचपकचारितदर्दरीकबीजसीधुनि, पुण्ड्रेक्षुकाण्डमण्डसंपातिनीभिः पिङ्गपरिषद्भिश्चण्डतरमुड्डमरितडिण्डिमारवाकाण्डताण्डवितशिखण्डिमण्डले, मृद्वीकाफलगलनचटुलकामिनीकरवलयमणिमरीचिमेचकितकिकिरातरानिनि, नालिकेरफलसलिलविलुप्यमानमिथुनमन्मथक्लान्तावसानपयःपानातुच्छमाच्छे, कन्दुकविनोदव्याजविस्तारितविभ्रमेणतरुणजननसंनिधानविवृद्धशृङ्गारमत्सरेण भ्रमविभ्रमोद्भ्रान्तभासत्परिमलमिलन्दसुंदरीसंदोहमण्डितापाङ्गपातेन विव्वोकिनी समाजेन यावकारुणचरणपाटलितकुलालचक्रभूमिनि, रसनिरसपिञ्जरितकुचकलशमण्डलाभिर्महीरुहनिवहमहिलाभिरिव परिपाकपेशलफलविनतशाखाभिर्नीलपूरवल्लरीभिरपराभिश्च वृक्षौषधिवनस्पति-

लताभिरतिरमणीये, नरखवरामराणां मिथः संभोगलक्ष्मीमिव दर्शयति निखिलभुवनवनानां श्रियमिवादाय जातजन्मनि, रोध्रवरागवेध्रचयनीरन्ध्रितकेतकीरज.पटलनिर्मलितकपोलदर्पणेनविविधकुसुमदलविनिर्मितलक्ष्मकर्मणा कुटजकुट्मलोल्खणमल्लिकानुगतकुन्तलकलापेन तापिच्छगुलुच्छविच्छुरितशतपत्रीमृदुसंनद्धचिकुरभङ्गिना मरुबकोद्भेदविदर्भितदमनकाण्डशिखंडितकेशपाशेन प्रियालमंजरीकर्णकलितकर्णिकारकेसरविराजितसीमन्तसंततिना चम्पकचितविकचकच-(काञ्च)नारविरचितावतंसेन माधवीप्रसूनगर्भगुम्फितपुन्नागमालाविलासिना रक्तोत्पलनालान्तरालमृणालवलया कुलशकोटेन (?) सौगन्धिकानुबद्धकमलकेपूरपर्यायिणा, सिन्दूरवारसरकुसुन्दरकदलीप्रवालमेखलेन शिरीषवशवाणकृतजंघालंकारचारुणा मधुकानुविद्धबन्धूकग्रथितनूपुरभूषणेन अन्यासु च तासु तासु कामदेवकिलिकिञ्चितोचितासु क्रीणासु वज्रानन्देन सुन्दरी जनेन सह रमन्ते कामिनः " (यशस्तिलकचम्पू १ आश्वास)

भो काव्यरसिकगण! यह चम्पूकी वनक्रीड़ाके वर्णनका कुछ थोड़ासा अंश आप लोगोंकी सेवामें भेट है। जिससे कि आपको भलीभांति समझमें आसकता है कि चम्पू अद्वितीय ग्रंथ है। उपरिलिखित हृद्यगद्यमें कविने कैसी अनुपम अनुप्रासमाला पहनाई है। काव्य पाठकवृन्दोंको यह तो विदित ही होगा कि उपमा, विरोध, श्लेष, परिसंख्या आदिकी रचना तो प्रत्युत सरल है किन्तु अनुप्रासोंका बनाना उच्चतम भूषण है। कादम्बरी तथा माघकविके शिशुपालवधमें ऐसी अनुप्रासोंका अद्भुत छटाटोप नहीं पाया जाता। इस उपर्युक्त हृद्यगद्यमें पूज्याचार्यने जैसी अनुपम और अद्वितीय अनुप्रासमाला पहिनाई है उसी प्रकार प्रियकाव्यरसिकवृन्दोंके आस्वादके लिये माधुर्यगुण कैसा पद्य पद्यमें अद्भुत भरा हुआ है। जहाँतक आप काव्यसागरमें गोते लगायेंगे आपको यह बात अच्छी तरहसे ज्ञात हो जायगी कि माधुर्यगुण, उत्तमतासे जैन काव्योंमें ही पायाजाता है। शायद मैं इसका कारण जैन काव्योंके रचयिता आचार्यगणोंकी क्षमा, अहिंसा तथा वैराग्य समझता हूं। यह बात विना दृष्टातके शायद आप लोगोंकी समझमें नहीं आवे। इस प्रसिद्ध जैनेतर काव्य "काव्यप्रदीप" के दो श्लोक इस बातके निर्णयके लिये देंगे—

" स्वच्छन्दोच्छलदच्छकच्छकुहरच्छातेतराम्युच्छटा।
मृच्छन्मोहमहार्पिहर्षविहितस्नात्रिकाहाय यः॥
भिन्द्याद्व्यूढदारदर्दुरदरी दीर्घादरिद्रद्रुम-
द्रोहोद्रेकमयोर्मिमेदुरमदा मन्दाकिनी मन्दताम्॥

(काव्यप्रदीप प्रथम उल्लास)

अन्यच्च–

" कः कः कुत्र न घुर्घुरापितघुरीघोरो घुरेत्सूकरः
कं कं कः कमलाकरं विकमलं कर्तुं करी नोद्यतः ॥
के के कानि वनान्यरण्यमाहिषा नोन्मूलयेयुर्यतः ।
सिंहीस्नेहविलासबद्धवसतिः पंचाननो वर्तते " ॥

(काव्यप्रदीप ७ वां उल्लास)

इन श्लोकोंमें हम अनुप्रास बहुल कह सकते हैं। लेकिन साथमें रौद्ररस भी पद पदपर टपकता है। किन्तु हमने जो ऊपर " यशस्तिलक " की मनोहर गद्य अनुप्रासमय दी थी उसमें पद पदपर माधुर्य भरा हुआ है। आप इस गद्यके दृष्टांतसे अवश्य ही समझ गये होंगे कि " यशस्तिलकचम्पू " एक, अद्वितीय काव्य है। किन्तु इस काव्यमें कादंबरी, शिशुपालवध, नीलचम्पू, आदिकी तरह शृंगाररस ही नहीं भरा किन्तु यह लोकोपकारि-शिक्षाओंका निकेतन है।

प्रायः पाश्चात्य विशारद भारतीय काव्यरत्नोंकी समालोचनाओंमें सर्व प्रथम यह दोष निकालते हैं कि इनमें स्त्रियोंका सौन्दर्य, स्त्रीपुरुषोंका प्रेम तथा उसका निभाना आदि निरुपयोगी विषयोंपर ही भारतीयकाव्यरचयिताओंने शब्दार्थालंकारोंसे शोभायमान सरस्वतीको सजाया है, कोई अच्छे २ विषयों पर रचते तो कितना अच्छा उपकार होता " आदि।

वास्तवमें यूरुपीय सज्जनसमालोचक जो इस दोषको प्रधानस्थान देते हैं वह प्रायः ठीक ही मालूम पड़ता है, क्योंकि कालिदास कविके ग्रंथोंमें तथा कादम्बरी आदि काव्य-ग्रंथोंमें आदिसे अंततक यह ही शृंगाररस पाया जाता है। हम अपने पाठकोंको कालिदासका शृंगाररसकी मदोन्मत्ततामें एक उदाहरण भेट करते हैं–

वागर्थाविवसंपृक्तौ, वागर्थप्रतिपत्तये ।
जगतःपितरौ वन्दे, पार्वतीपरमेश्वरौ ॥

इस श्लोकके अनुसार कवि कालिदासने महादेव पिता, तथा माता पार्वतीको मानकर नमस्कार किया है किन्तु ये ही कवि कालिदासजी अपने "कुमारसंभव" में क्या वर्णन करते हैं–

गम्भीरनाभीह्रदसंनिधाने, रराज नीला नवलोमराजिः ।
सुवेन्दुभीरुस्तनचक्रवाकवंचच्युता शैवलमंजरीव ॥

इस श्लोकमें " शृंगाररसोन्मत्त " कवि कालिदास उसी माता पार्वतीकी योनिका वर्णन

करनेमें शर्माते नहीं है यह अत्यंत घृणास्पद है। किंतु हम इस बातको बड़े स्वाभिमानके साथ कहते है कि जैन काव्योंमें शृंगार रसको प्रायः निम्न स्थान ही मिला है। तथा शांति वीर करुणादि लोकोपयोगी रसोंको प्रधान स्थान मिला है। तथा जैन काव्योंकी रचना शृंगाररसको प्रधानकर ससारमें व्यभिचारादि अशुभ परिणामोंके निमित्त जैनेतर काव्योंकी तरह नहीं हुई, बल्कि लोकोपकारी विषयोंको उच्च स्थान ही मिला है। उदाहरणार्थ हम यशे स्तिलकचम्पूको ही लेते हैं। इस काव्यमें जो दिनचर्या, ऋतुचर्या आदिका जो वर्णन किया है वह अत्यंत उत्कृष्ट है। किसी काव्यग्रंथोंमें तो यह विषय पाया जाता ही नहीं, बल्कि किसी भी वैद्यग्रंथने ऐसी चारु सरल मधुररीतिसे वर्णन नहीं किया होगा। पाठकोंके विनोदार्थ हम चम्पूके कुछ श्लोक अवश्य देंगे–

स्थाल्यां यथा नावरणाननायासघटितायां च न साधुपाकः।
अनासनिद्रस्य तथा नरेन्द्र ! व्यायामहीनस्य च नान्नपाकः॥

अर्थ–हे राजन्! जैसे विना ढके हुए मुखवाली तथा नहीं ढारी गई ऐसी स्थाली (पटलोई)में अच्छा पाक नहीं बनता तथैव विना निद्राको लिये हुए, तथा विना व्यायाम किये हुए पुरुषको अन्न नहीं पचता।

अभ्यङ्गः श्रमवातहा बलकरः कायस्य दार्ढ्यावहः।
स्यादुद्वर्तनमङ्गकान्तिकरणं मेदः कफालस्यजित्॥
आयुष्यं हृदयप्रसादि वपुषः कण्डूरुमलेदि च।
स्नानं देय यथार्तुसेवितमिदं शीतैरशीतैर्जलैः॥ (यशस्तिलकचम्पू)

ઔરાણ પ્રાંતિજ વિભાગની

આધુનિક સ્થિતિ

(લેખક —શા. હાથીભાઈ માણેકચંદ-સોનાસણ)

આજના જમાનામા દેશના બૂરો બાજરે રહેનારી અભણ પ્રજા પશુ, પોતપોતાની ગતિની ઉન્નતિ કરવા માટે અનેક ઉપાયો કરી રહેલી જણાય છે, પરતુ અમારા ગુજરાતના કુમકો, તેમાંએ મુખ્યત્વે ઔરાણ પ્રાંતિજ વિભાગના ભાઇઓ, ધાર્મિક, નૈતિક આર્થિક અને સામાજીક બાબતોમા સહુથી પછાત જોવામા આવે છે અને તેનાં અનેક કારણો, બારિકાઈથી વિચારતા દ્રષ્ટિએ પડે છે, તે ટાળવાને ધીરે ધીરે પ્રયત્ન કરવામા આવે તો જરૂર ઉન્નતિ સધાય શકે, પણ કોને પડી કે જાતિના સુખ માટે, તન મન અને ધનનો ભોગ આપે ! અત્યારે તો " સબસે બડી સભાકો મે મેરી ફોડતા હુ " જેવુ જણાય છે. વસ્તી છુટીછવાઇ હોવાથી, દેખાદેખીથી બોહોળી ધાર્મિક પાઠશાળાઓ ચાલી શકતી નથી કેળવણીના ખાતા, જૈન સમાજમાં હોવા છતાં, આર્થિક સ્થિતિ ને બાળલગ્નના કારણે, લાભ લઇ શકાતો નથી અને કદાચ કોઇ કેળવાએલા ભાતા પિતા, હિમ તથી પોતાના બાળકને કેળવણી આપે, પણ બાળલગ્નના અવિચારી કાર્યથી, ત્રિશકુની માફક, તે બાળકોને અધવચ્ચ લટકવુ પડે છે, જેથી તેમની હાલત " ધોબીનો કુતરો નહિ ઘરનો કે ઘાટનો " જેવુ બને છે.

આ જમાનાના ચલુ પ્રવાહ પ્રમાણે ઉન્નતિ કરવાનુ, અને જુના રીવાજો સુધારવાનું કાર્ય, ચારિત્રવન ધર્માચાર્યો, તેમજ લાયક વર્તમાનપત્રો કરી શકે છે. આજે ચારિત્રવાન (સાચા ને બાકા 'તર) ધર્માચાર્યો જોવાતા નથી તેમજ કેટલાકે દેશ કાળ ક્ષેત્ર ને ભાવથી અજાન, બાહ્યની ઉપદેશમા કોઈ કોઇ વેળા ગોબણ કરતા જણાય છે ખરા ! પણ તેઓનો ઉપદેશ ગમે તેવો સારો હોય છતા, તેઓ આધિ વ્યાધિ ને ઉપાધીથી ભરેલા હોવાથી, પ્રભા પડી શકતી નથી. તેમજ વરસમાં એકાદ બભણ (દોરો) થતું, હોવાથી જનતા પર નહિ જેવી થઇએવી અમર તરતજ ભુસાઇ જાય છે. ગુજરાતમા ચાર પાચ તકે વહે યાયવી વસતીના મળી આશરે ત્રણ હજાર ધરતી અધ્યા છે, છતા તેના હિત ને પ્રસિદ્ધીમા આવેલુ, " દિગંબર જૈન " માસિક પણ તેવા કેવળજ્ઞાત આપત્તિને લીધે, ઉત્તેજનના અભાવે, તથા અમાગ દુર્લક્ષથી દિવસે દિવસે પોતાની દિશા બદલતો જણાય છે કારણ કે રાષ્ટ્ર ભાષા હિંદી થવાથી, આપણ ગુજરાતીઓને, હિંદી ભાષાનુ વાચન, તે ભાષા શીખવામાં ઘણું અગત્યનુ થઇ જરે ઉપનું પન છે તો ગુજરાતી, ને તેને દાળ ભાત ખીચડી પર સારો પ્યાર પણ છેજ, પણ સાદો અને ઓછા ખર્ચવાળો ખોરાક, પીરસનારાઓની દિન પર દિન ખોટ પડતી જવાથીજ લાચારીએ, પોતાની દિશા બદલતી પડી હોય, એમ અમો તો જણાય છે પણ જો ગુજરાતી ભાષાઓ, ગ્રાહક થાય, અને બીજાઓને પણ ગ્રાહક થવા પ્રેરણા કરે, અને લાગણી પૂર્વક તેને વળગી રહે, તો તે હિંદી થતુ અટકે, ને પ્રથમની માફક, સારી રીતિમા આગળ વધી તેના જેવો, મરતા, સુધરી, સોના ને વળી જુજ લવાજમે, વાર્ષિક પુરતા જોવા આવનાર ઉત્સાહી સંપાદકના હાથે સારી તૈયાર થતા પત્રને વિસારી મુકવુ, તે અમો ગુજરાતીઓને તો, શોભાવનારજ છે, ગુજરાતીઓ માટે હજુ તેમ થોડી થોડી ઝરમા તો ચાલુ છેજ, તો તેનો લાભ લઇ, સંપૂર્ણપણે પોતાનુ બનાવી તેમ ઉદ્યોગી બાબતે તો ચર્ચા કરી, સમયાનુકુળ લાભ ગુજરાતીઓ શા માટે ન ઉઠાવે ? પણ જુના રીવાજ પ્રમાણે—

"તમારી બુદ્ધિએ તમે લક્ષ્મી કરો લાખ પણ
જો તો અમારા દહાડા દાય તેમ વાળશુ '

એ પ્રમાણે વરતાઇ ચાલી રહેતો જણાય છે "જ્યા સાધુ ગામા નથી રહ્યા । ગામા દલર દરજ્જે ભાગ' એ મુજબ હાલ્યમો બદલે જુને

રથળે ભ્રમણ કરે, સભાઓ ભરે ને ઉપદેશ આપે; પણ ઉપદેશ સાંભળે કોણ! હિંદી ઉપદેશકોને પણ, અનેક જાતની હાડમારીઓ ભોગવવી પડે છે અને તે, ઉપદેશ હિંદી ભાષામાં મળતો હોવાથી, તેનો રસ ગુજરાતના ભાઈઓને હોઈ લાગતો નથી ને તેથી તે જોઈતું પોષણ આપી શકતો નથી. ને તેજ કારણથી હિંદી ભાષામાં લખાતા, "દિગંબર જૈન" માસિકને ગુજરાતીઓ વિસારતા જાય છે. આ અભાગ દુર્ભાગ્યનીજ નિશાની જણાય છે.

કોઇનો ગુનો ભોળવો હોય, દંડ કરવો હોય, કે જાતી બહાર કરવામા પહેલ કરવી હોય, યા કન્યા લેવાની જગા પાથરવી હોય તો અમને એકત્ર થવામાં, વાર લાગતી નથી. પણ ઉપદેશકોના ઉપદેશ વેળા કે પત્રો વાચવામાં નવરાશ મળતી નથી. પણ લગ્ન, મરણ, અથવા મેળાવડા પ્રસંગે જાતિ સુધારણાની બાબતો પર લક્ષ ન દેતાં, નાદાન બાળક બાળકીઓને સગપણની ગાંઠથી જોડી દેવામાંજ શ્રેયતા માને છે, જીંદગીના અવસરમાં અગત્યનુ કાર્ય લગ્નનું હોવા છતાં, પોતાની અપ્રાજ્ઞતા તેમજ બાળક બાળકીનો મન મેળાપ વિષય, જીંદગીભરનો દરતાવેજ ખુબીમા બેદી કરી આપે છે.

ઠેકાણે ૮૪ ગામડાંઓમાં, વસતી છુટી છવાઇ વેરાયલી જણાઇ હતી, જેમાં ફક્ત બે ગામડાંમાં ચાલીસ ચાલીસ ઘર સંખ્યાબંદ હતાં, બીજા કેળવાએલા લોકસમુદાયમાં, આપણી નજીવી સંખ્યા ગણી ગએલી, જેથી ઉંચ સંસ્કાર છુટી જઇ, લોક સંસ્કાર દાખલ થએલા જણાય છે. ઉપર જણાવેલા વસતીના આંકડા જોતાં, ઘર-દીઠ ચાર મનુષ્યની મરેરાશ આવે, તે ઘણી ચિંતાજનક બીના છે.

આ વિભાગનું વસતીપત્રક ફરી કરાવવાની જરૂર છે, તેમજ બીજા વિભાગોની પણ ગણતરી કરી આંકડા તાજા કરવા જોઇએ, જે જણાવાથી અનેક જાતની ખામીઓ, દૂર કરવાનું સુગમ થઇ પડે, જેથી આપણા વિભાગમાં બાર વરસમાં શું તફાવત પડયો, તે પણ જણાય. થોડા સમય પહેલાં હિંદુસ્તાનમાં જૈનોની સંખ્યા, પંચોસ લાખની ગણાતી હતી. તે ધીમે ધીમે ઘટીને, આજે ફક્ત સાડાં અગીઆર લાખનીજ રહી છે તે જાણી કયા જૈનને દુઃખ નહિ થાય?

ચોવીસો માણસની વસ્તી સંખ્યા હોવા છતાં, અને અમદાવાદમાં પંદર સોળ વરસથી બોર્ડિંગ હોવા છતાં; એક પણ માનો પૂત એવો નીકળ્યો આવેલો જણાતો નથી કે જેણે પોતાના બાળકની કેળવણી પાછળ, દસ્સર કે બે દસ્સર રૂપીઆ ખરચ્યો; તેમને ચારિત્રવાન બનાવવા સ્વપ્નેને પણ ખ્યાલ કર્યો હોય, ૭૨૦ ઘરના ગોળમાં ફક્ત બે કે ત્રણ વ્યક્તિઓએ મેટ્રીક સુધીની સાધારણ પરીક્ષા આપેલી જણાય, ત્યાં કેળવણીનો દેકારો કેટલો હશે! તેનો વિચાર વાંચકને સોંપું છું.

જુના વિચારનાં માતા પિતા, પોતાનાં નિર્દોષ બાળકોને, ઉંચ કેળવણી ન આપતાં, ઉલટી રીતે, ગુજરાતી ચોથી કે પાંચમી ચોપડીથી, ભણતા અટકાવી, લગ્નની વરમાળા પહેરાવે છે. માતા પણ કીંમતી વસ્ત્રો પહેરી, મોડ ધારી, મનુષ્યોના ટોળામાં મલકાતી મહાલે છે. અને લગ્નના કોડ પુરા કરે છે પણ તેને ખબર નથી, કે: હું મારાં લાડકાં બાળકોને, કાચી ઉમરે ગૃહસ્થાશ્રમમાં જોડી, મ યકાકલા ને રોગથી ભરેલાં, હાડ પીંજર સમાન, બાળકો ઉત્પન્ન કરવાનું, મશીન કારખાનું ઉભું કરાવી આપી, અભક્ષ્ય જીંદગીઓને, ધુળધાણી કરાવી મૂકું છું. પિતાથી પણ પોતાના બાળકના હાયનું, મીંદળ ખૂટ્યું ન છુટ્યું. તેટલામા તો હાશિયાર થવાને બહાને, મુંબાઇની ગાડીએ રવાના કરે છે. જેમ ચાર બૂણીઓ ઠોકીઓ, અકળાઇ કુપ્ત ગોળ બને, તે મુજબ થોડા ઘણા સંસ્કારોથી મોકલેલું બાળક, પોતાના કુટુંબ માટે કીંમતી કુકા એકઠા કરવામાં, જીદગીની સાર્થકતા માની અપુર્ણ પુરું કરે છે, જેથી ખરી મનુષ્યપણાની જવાબદારી સમજવામાં આવતી નથી અને એવું તો સમજાયજ કયાંથી કે અનેક ભોગોનું બાકી રહેવું, પાપરૂપી ઝાડ ઉગવાને આ અમુલ્ય ભવ હારી; અને એવો કોણ મૂર્ખ મનુષ્ય હોય કે રત્નને કાગ ઉડાવવાના ઉપયોગમાં વાપરે, પણ કરે શું?

આજે આર્થિક દ્રષ્ટિથી પંકાએલી, ચોર્યાશી જ્ઞાતનો વાસો ધરાવનાર, મુંબાઇ નગરીમાં રહેનારાઓ, સૃષ્ટિજ્ઞાન મેળવવાની ઉત્કંઠા ધરાવે તો અનેક જાતનાં સાધનો ઉપરાંત અનેક વિદ્વાનોની મુલાકાત અને યોગ્ય સલાહ મફત મેળવી શકેજ, પણ બેદરકારીઓ, "બાર વરસથી હિંદીમાં રહે પણ ભાડભુંજાની દુકાનમાં" એ મુજબ એવા મનુષ્યો ભલે મોટા પગારદાર હોય; ખાવતાં ભોજન જમે, કે પછી મોટરોમાં ગનગમતી સહેલ કરે, અથવા તો વારસામાં મલેલા ધર્મના અંગે ટીલાં ટપકાં કરી, ધર્માધપણાનો ડોળ દેખાડે, તેથી કંઈ કહેવાતું, નાત જાતનું, સમાજનું, કે દેશનું કલ્યાણ કરી શકાતા નથી. બાવળ અને તાડના વૃક્ષ ઉંમરે પહોંચતાં જાય તેમ ટચ્ચર ઉંચાં વધે જાય છે; છતાં 'રાહદારીઓ નિર્ભયતાથી તેની નીચે બેસી' શકતા નથી, પણ આંબાનું વૃક્ષ ઉમરે પુગતું જાય છે; તેમ તે નકામું નમતું જાય છે, તે જોઇ તેને કોઇ ઘેરે છે, કાપે છે, પ્રહાર કરે છે, છતાં પરોપકાર વૃત્તિને ન તજતા, દરેક સાથે મિષ્ટ ફળ આપવાં આતુજ રાખે છે. વિદ્વાનો કહે છે કે "નમ્રતાનું નીચાણ કાયમ રાખવાથી શ્રીમંતાઇના ઉંચ શુરો પ્રાપ્ત થાય છે." ઝાડપાલો પશુ પક્ષીઓ ને જુદી જુદી જાતના કીડી જેવાં જંતુ પણ અનેક જાતના ઉપકારો કરે છે, પણ જે મનુષ્યો પરોપકાર વૃત્તિને તજી દઇ, સ્વાર્થ મા રચ્યા પચ્યા રહી, કાળક્ષેપ કરે તો તે મનુષ્યની ગણનામાં ગણી શકાયજ કેમ?

કોઇ પણ નાત જાતની કે દેશની ઉન્નતિ, મફતના ટીપાની માફક, રાહ જોઇ બેસી રહેવાથી થઇ નથી, આપણામા કેટલાક નામાંકિત સદ્‌ગૃહસ્થો છે, છતા તેઓ પ્રમાદને વશ, તેમજ ધંધા માપામાજ રચ્યા. હોવાથી નાતિ સુધરવાનો વિચાર મરણો પણ કોઇ વેગા લઇ શકતા નથી. તે પણ શોચનીય છે. તે સિવાય અમારા વિભાગના બાબુસો, મોટી સંખ્યામાં મુંબઇ જેવા આગળ પડતા શહેરમાં શ્રીમંતો છે. તેઓમા કેટલાક ઉંચ વિચાર ધરાવનારા, મારા સ્નેહી મિત્રો છે અને તેઓ ધારે તો જ્ઞાતિને

જરૂર ઉચ્ચ સ્થિતિએ લાવી મૂકે. તેઓ પોતાના કાર્યનો થોડો નજરો ભોગ આપી, વરસમાં ફક્ત એકજ માસ જાતિ સેવા માટે બહાર પડી, ગામે-ગામ ફરી અમારા ભાઇઓને મરતુરૂપીતિનુ ભાન કરાવવાનું શરૂ કરે તો; થોડા સમયમાં બીજી જાતિઓની હારમાં ઉભા રહેવાને શક્તિવાન થઇએ.

થોડા વખત ઉપર જાતિ ઉદ્ધારણા માટે અમારા વિભાગના પ્રાંતિજ મુકામે, બોર્ડીંગ ઉઘાડવામાં આવી, જે આપણી ઉન્નતિ માટેનું પ્રથમ પગથીઉજ ગણી શકાય છતાં તેમાં વિદ્યાર્થીઓ કેમ ઉભરાતા નથી? અને દાખલ થએલાઓમાંથી કેટલાક અભ્યાસ અધુરો મૂકી જાય છે તેનો વિચાર આપ સુજ્ઞ મહાશયો કરી લેશો. મારી સમજ પ્રમાણે આપણને આગળ જતા અટકાવનાર, બાળલગ્ન મુખ્યત્વે ઉન્નતિની આડે આવે છે તેમાં સચોટ સુધારો ન કરીએ ત્યાંસુધી આપણો ઉદ્ધાર આપણે કરી શકીએ નહિ. તે બાબત પર મારા અંગત વિચારો આપ સમક્ષ રજુ કરૂં છું, તે પર આપ નજરાણ વખતે ખુબ વિચાર કરી લેશો એવી હું આપનો આભારી થઇશ.

ઉપર જણાવી ગયા તે પ્રમાણે વરની ઉમર કન્યા કરતાં પંચ કે સાત વરસ મોટી રાખવી જોઇએ. કન્યાની ઉમર બાર વરસની થાય ત્યારે તેનું સગપણ કરવું. અને પંદર વરસની ઉમર થયેથી લગ્ન કરવું. આથી યુવતીઓને પોતાનો અભ્યાસ પુરો કરવામાં અડચણ આવે નહિ કારણકે લગ્ન વખતે તેની ઉપર લગભગ ૨૦ થી ૨૨ વરસની થયા હશે. શીક્ષા પણ અનેક ફાયદા થાય. વળી વિદ્યાર્થીઓને આગળ વધારવા અને સ્કૂલ થી તેમજ પુસ્તકો મફત પૂરાં પાડવા માટે, એક ફાયન્ડ ઉભું કરવું, અને દરેક વિદ્યાર્થીને તેનો લાભ આપવો જોઇએ. આ જમનો પાથર ગાદીમાં પેસી જાનારાનો નથી. પણ મંદિરો પુરાણો તે પહેલા, તેની સંભાળનારાઓ તૈયાર કરો, પછી મંદિરો બાબતો કરવા કરતાં. મુલ કરનારાઓ નહી હશે તો મંદિરનાં બારણાં કોણ ઉઘાડશે!

આગળના શ્રીમાનો સમુદ્રની માફક ગંભીર ગુણના ધારક હોવાથી જેમ સમુદ્ર સરિતાઓનું વધારે પડતું જળ, પોતાના સ્થાનકે એકત્ર થવા દઇ, ગર્વમાં ફુલાઇ ન જતાં, કષ્ટની વેળા વરાળને વરસાદરૂપે સરિતાઓને જળ, પાછું સોંપી પોતાની ઉદારતા બતાવે છે, તે મુજબ શ્રીમંતો ગરીબોના પૈસા પોતાને સ્થાનકે એકઠા થતા દઇ હાડમારી, દુષ્કાળ કે એવી કુદરતી આફત વેળા ધનનો ઉપયોગ ગરીબોને કષ્ટથી બચાવવા માટેજ કરતા. ગરીબો પણ ઉદારતા પર આધીન થઇ, વાત્સલ્ય પ્રેમવડે જરૂરની વખતે, પોતાનો પ્રાણ આપવા પણ ચુકતા નહિ તે વારે અકબર બાદશાહના રાજ્યમાં ૧૦ પૈસે પણ ચોખા, અને રૂપીઆનુ દસ શેર ઘી, તેમજ બાનપાન બહુજ સસ્તાં હતાં. જ્યારે આજના શ્રીમાનો એકલપેટા ગરીબોનાં રક્ત ચુશી, વિલાયતી ફેશનની વિલાસી વસ્તુઓના મોહમાં ફસી, ગાડી વાડી ને લાડીમાં સુખ માની, ધર્મ તજી, વિષયેન્દ્રિયો તૃપ્ત કરવામાંજ ધર્મ માની રહ્યા છે. અને ગરીબો પણ (ક્ષત્રી ને શુદ્ર વર્ગ) પોતાની હયાતીમાં, ખરે બપોરે ગામડાં લુટાતાં છતાં, પોતાનો ધર્મ ભૂલી પોતાના જીવનું જતન કરી રહ્યા છે. અને શ્રીમંતોની દેખાદેખીથી ગરીબો પણ દેશના કારીગર વર્ગને ભૂખે મારી પરદેશીઓને પોષી રહ્યા છે, જેથી હિંદુસ્થાન દેશ પાયમાલ થતો જાય છે. બ્રીટીશ-શાહીઓના કહેવા મુજબ પરદેશોના માણસ દીઠ રોજની સરેરાશ આવક, ૬૫ રૂપીઆ થાય છે. ત્યારે નિર્ધન હિંદુસ્તાનના માણસની રોજની સરેરાશ આવક ફક્ત એકજ આનાની છે, એવું જાણવા છતાં આપણે ને આપણો સમાજ અનેક જાતના વિચિત્ર રંગી, પરદેશી ઠગારી દેખાદેખીથી ખરીદ કરી દેશને ને ધર્મને અનેક રીતે હાની પહોંચાડીએ છીએ. "રાજસ્થાન કેસરી" ના તા. ૨-૬-૨૨ના અંક લેખમાં વિદ્વાનો સાધુ સમાજના મંત્રી લખે છે કે "વિલાયતી ફેશન કપડામાં એક હજાર જોડનમાં બબુમો જોડન આવે. બજાર ને ઝુરવું ઓઢી મેળાનો મોટો રંગ જઇ રહ્યો આવે છે.

આ બીના સાચીજ હોય તો આપણે તેવાં અપવિત્ર, ને ધર્મ ભ્રષ્ટ કરનારાં કપડાં પહેરી, આપણા શરીરને હરગીજ અપવિત્ર ન કરીએ: સાપતી કાંચળીની માફક તેનો તો ત્યાગજ કરવો ઘટે. જો આટલું જાણ્યા છતાં આપણે વિદેશી કાપડ વાપરીએ તો આપણી પામરતા ને અધમતાનો છેડો કયાં ?

આ વિદેશી વસ્ત્રોને બદલે, આપણા સમાજમાં, ઘેર ઘેર રેટીયા (ચરખા) દાખલ કરી તે પર સુતર બનાવી, તેમાંથી કાપડ તૈયાર કરી, તે પવિત્ર જીવન અર્પતું કાપડ પહેરવું જોઇએ, જેથી ધર્મ, અર્થ, અને કામ સાધી શકાય તેમાંજ આપણી ને આપણા દેશની, આબાદી સમાએલી છે. હમેશાં રેંટીએ બેસી સુતર કાતવું એ આજનો આપણો ધર્મ છે. તે હલકુ કામ નથી તે પવિત્ર ને દયાનું કામ છે, જેનાથી દેશનું કલ્યાણ થાય, ગરીબોનું પેટ પણ થાય, આપણાં દુઃખ દુર થાય, ને કુટુંબના કપડાં મહેનત મૂળ પડી શકે, તેવા કામ તરફ આપણું લક્ષ દોરી રહ્યો દેખાડી મહાત્મા ગાંધીજીએ, આપણા પર મહાન ઉપકાર કર્યો છે. ખાદીની હીલચાલ આખા દેશમા પ્રસરવા આવી છે, ત્યારે આપણા કેટલાક ભાઇઓ તેનું રહસ્ય સમજતા નથી, પણ તે ખાદીમાં આનંદાનો ને લાભ નજરે તરી આવે છે. ખાદીમાં દેશાભિમાન, પવિત્રપણું, સ્વધર્મનો ઉદ્ધાર, અને આપણાં બાળ બચ્ચાંઓનું કલ્યાણ છે. ને એજ ખાદીમા સ્વરાજ્ય રૂપાઇ બેઠું છે. ખાદી પહેરી આપણે કોઇનો દોષ કરતા નથી, કોઇનું બગાડવા માંગતા નથી, પણ કરેલા પાપનુ પ્રાયશ્ચિત કરીએ છીએ આજ સુધી આપણે પરદેશી મોહનીમાં ફસાઇ આપણું, આપણા સમાજનું, ને આપણા દેશનું, ને છેલ્લે ધર્મનું મોટુ અપમાન કરેલુ છે, તેનો દંડ આપવા પશ્ચાતાપ કરી, ખાદી પહેરી આત્મ શુદ્ધિ કરીએ છીએ, તેમા કોઇને ખોટું લગાડવા જેવું કઇ નથી. ખાદી પહેરવી એ આનંદાનીતું લક્ષણ છે, આપણા દેશનું ભૂષણ છે, આપણાં ધર્મનું ગૌરવ છે, ખાદીમાં પરદેશી જડવાદનું જોર નથી, ખાદીમાં નાસ્તિકપણાની ગંધ નથી, તેમાં તો પવિત્રતા ભરેલી છે. અને તેમાંજ અમૃત રહેલુ છે. જ્યારે આખો દેશ ખાદી પહેરતો થશે ત્યારે આપણને સ્વરાજ મેળવવા માટે ખટપટ કરવી નહિ પડે, ત્યારેજ આપણો ધર્મ ઓળખતા થશું અને ત્યારેજ આપણે આપણાં ભાઇ બહેનોને સાદાઇ ને ખરા ધર્મને રસ્તે ચડાવી શકીશું. એજ કારણથી આજે દેશનાયકો અને ઉત્સાહી દેશબંધુઓ આશરે વીસથી પચીસ હજારની સંખ્યામાં દેશના ઉદ્ધાર માટે તન મન ને ધનથી પોતાના પ્રાણની આહુતી આપી તુરંગ વાસ ભોગવી રહ્યા છે તેમને મુક્ત કરવા આપણા સમાજ ને આપણા દેશમાથી પરદેશી વસ્તુઓને તિલાંજલી આપી સ્વદેશી વસ્તુઓનો પ્રચાર કરવા કટિબદ્ધ થવુ અને ઘેર ઘેર ખાદી વાપરી મનુષ્યપણાની જવાબદારી સમજવી જોઇએ. છેલ્લે દરેક દેશવાસીઓને પરમાત્મા સદ્બુદ્ધિ આપો કે જેથી આપણી ભવિષ્યની ઓલાદનું કલ્યાણ થાય.

दूसरी वार तैयार हो गया।

मोक्षमार्गकी सच्ची कहानियाँ

नामक अतीव उपयोगी ग्रन्थ जो विद्यार्थियोंको तो अतीव उपयोगी है और स्वाध्याय करने योग्य है उसकी दूसरी आवृत्ति छपकर तैयार होगई है। इसके ८८ पृष्ठोंमें पं० बुद्धिलाल श्रावक कृत धार्मिक २३ कहानियोंका नये ढंगसे संग्रह है। मूल्य सिर्फ ।=) अवश्य मगा लो।

मैनेजर-दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।

सिद्धक्षेत्र पूजा संग्रह।

इसमें सिद्धक्षेत्रोंकी ३१ पूजाएँ हैं। मूल्य ।॥)

मैनेजर, दिगम्बर जैन पुस्तकालय,
चंदावाडी-सूरत।

स्त्री समाजमें।

अवस्था और गुणका विचार न करने, विवाह मार्गदाकी जड़ ढीली पड़जाने तथा अधर्म और अनीतिकी हवा फैल जानेसे विषयवासनाकी सीमा टूट गई है और लोगोंके शरीरके भीतरी उपयोगी तत्व निर्बल पड़ने लगे हैं। शारीरिक और मानसिक शक्ति नष्ट हो जानेसे आजकल मनुष्य जाति जो प्राणिमात्रमें सबसे ऊंची होनेका अभिमान रखती है उसकी दशा नष्ट होनेकी अंतिम और सबसे नीचेकी सीढ़ीपर आ पहुंची है। ऐसे समयमें यह बात ध्यानमें रखने योग्य है कि संसारमें जीवन तत्वोंको टिका रखनेका मूल साधन उत्तम क्षेत्र और उत्तम बीजका संबन्ध है। वीर पुरुषोंको उत्पन्न कर देशकी वाहवाही कराने और कुटुम्बको संपत्तिका स्वाद चखानेकी यही एक मात्र चाबी है।

ऋतु, क्षेत्र, पानी और बीज ये चारों योग्य हों तो बीजमेंसे उत्तम अंकुर निकलता है। वैसे ही पुष्पवती स्त्री रूपी ऋतु, गर्भाशय रूपी परलोकमें सुखी होता है। इस प्रकारका वह ज्ञान साध्य है उसका मिलना कठिन नहीं है परन्तु इतने पर भी उनकी कुछ परवाह न रखकर विकृत इच्छाको देवी प्रेरणा समझ बेहद विषय सुखका सेवनकर शारीरिक और मानसिक बलको क्षय करके और जिसका प्रायश्चित कहीं ढूंढने पर भी न मिले ऐसे भयंकर पापमें पड़नेके बराबर और कौनसी मूर्खता होगी?

अजर और अमर होनेकी इच्छा मनुष्य मात्र को होती है। इसके लिये (अपने लिये और अपने बच्चोंके लिये) दैवी नियमके अनुसार चल कर, व्यसनरूप दूषित समागमको बंद करनेमें यदि प्रत्येक दम्पतिकी प्रवृत्त हो जाय तो कैसा अच्छा हो? परन्तु अफसोस! इस वर्तमान समयमें वैसा अनुकरणीय तथा नमूना स्वरूप जोड़ा क्वचित ही मिलता है। तम्बाकू आदिके व्यसनी लोग अपनी इच्छाको अधिकर तृप्त करनेके लिये उसी व्यसनमें लिपटे रहते हैं, वैसे ही कामी पुरुष अपने दूषित मनको तृप्त करनेके लिये (यद्यपि उससे सच्चा सुख और तृप्ति मिलना संभव नहीं है) तथापि न करने योग्य कृत्यतक कर डालते हैं।

परन्तु यह नहीं समझते कि ऐसा करनेसे मन धर्म शून्य होकर नीच बन जाता है। मदिरापान और जुआ खेलनेवालेकी तरह काम-वासना कभी शांत होती ही नहीं है। परन्तु विषयसे द्वारा उसे शांत करनेका उपाय करनेसे वह और अधिक २ बढ़ती जाती है जिसके परिणाममें शरीरका नाश ही होता है। पुरुष ज्यों २ स्त्री संगमें अधिक २ दीन होता जाता है, त्यों त्यों

ही उसका वीर्य क्षीण होता जाता है। परन्तु तब भी उसका मन तृप्त नहीं होता। अंतमें वीर्यके बदले रुधिर निकलने लगता है। और इस तरहपर वीर्य तथा रुधिर दोनोंके कम हो जानेसे जोड़ ढीले पड जाते हैं, शरीर निस्तेज और दुर्बल होने लग जाता है, भोजनसे रुचि हट जाती है, अन्न पचता नहीं, ज्वर, खांसी और आखिर क्षय रोग तक उत्पन्न होकर शरीर निकम्मा कर देते हैं।

स्त्री समागममें नियमित रहनेवाले पुरुषोंका जीवन सुख, शांति और आरोग्यमें व्यतीत होता है और काम सुख भोगनेकी शक्ति अधिक समय तक बनी रहती है। तथा जवानीमें ही बुढापेके दुःख भोगकर मृत्युके वश नहीं होना पडता।

यद्यपि मानसिक सुखकी अपेक्षा शारीरिक सुखकी योग्यता कम है परन्तु तब भी उस सुखका भोगना संसारके नियमसे विरुद्ध नहीं है। इसमें शास्त्रीय नियमका भंग नहीं होता और न उसमें किसी प्रकारका अनर्थ है। परन्तु ऐसे मनुष्यको अपने अन्यान्य कर्तव्योंके साथ नीति-शास्त्रके नियमोंका पालन करना आवश्यक है। वैसे ही समागम कर शारीरिक सुख भोगनेमें भी नीतिके नियमानुसार चलनेकी बहुत ही आवश्यकता है। हम बहुतसे आदमियोंसे कहते सुनते हैं कि विषयसुख भोगमें पशु-वृत्तिका त्याग करना चाहिये। परन्तु ऐसा करना हमारी भूल है। क्योंकि इन विषयके नियमोंका पूरा २ पालन तो पशु ही करते हैं। इसलिये इस बातमें पशु वृत्तिका त्याग करना ही मूर्खता है। बहुतसे आदमी जानते होंगे कि गर्भ रहने योग्य स्थितिके सिवाय दूसरे समयमें पशुओंमें मादा, नरको अपने पास नहीं आने देती। दूसरे प्राणियोंमें नर नारीके समागमका जो हेतु है वही हेतु मनुष्य जातिमें भी मुख्य गिनना चाहिये। मनुष्य जातिमें नर नारीके सम्बंधमें ऊपर लिखे हेतुके साथ प्रेम और धर्म भी मिला हुआ है। इस तरह स्त्री समागममें जो गर्भधारण, प्रेम और धर्म ये तीन हेतु मिले हुए हैं, इनको बराबर सार्थक करनेके लिये स्त्री और पुरुषकी उमर योग्य होना और साथ ही में उनको इस विषयका ज्ञान प्राप्त कराना आवश्यक है।

स्त्री पुरुषके समागम संबंधमें वैद्यक शास्त्रोंमें बहुत थोडा लिखा गया है परन्तु वैद्यक शास्त्रोंमें जो कुछ लिखा गया उस सबको इकट्ठा किया जाय तो उसमें कितना ही परस्परमें विरोध भी पाया जाता है। और जिसमें विरोध आता है वह सर्वमान्य हो नहीं सकता। इसलिये हमको परस्परके विरोधी विषयोंको जाने करके अंतिम सिद्धांत निकाल लेना चाहिये। मनुष्य इन बुराईयोंसे रहित हो तो आवश्यकतासे अधिक समागम करनेकी उसको इच्छा ही नहीं होगी।

स्त्री समागमकी सीमा शरीरकी मजबूती, स्वभाव, बल, उमर, खुराक आदि बहुतसी बातोंपर निर्भर है। मन और शरीरकी स्थिति बद्ध हो और मन शरीरसे बलवान शक्तिमान हो, तब ही समागम करना उचित है। तबियतकी क्रिया दोनोंके लिये लाभदायक होनी चाहिये। यह दोनोंमेंसे एककी भी मुरझायी हो तो दोनोंको हानि पहुंचती है। और दोनोंकी

इच्छासे दोनोंहीके अनुकूल हो तो आनन्ददायक और निर्दोष प्रजाको उत्पन्न करनेवाली होती है। दोनोंमेंसे एकको भी मानसिक अथवा शारीरिक पीडा हो, क्षोभ हो, बेचैनी हो, अथवा दूसरे कामोंमें मन लगा हुआ हो तो उस समय का समागम हानिकर होता है। स्त्री और पुरुष दोनों हीको समागमकी इच्छा हो, तब ही समागम करना चाहिये।

जो पुरुष स्त्री समागमके सम्बन्धमें अपने मनको वशमें रखकर योग्य नियमका पालन कर सकते हों वे बडी उमर वाले, कुसमयमें बुढापेसे न दबनेवाले, तेजस्वी, बलवान और मजबूत होते हैं। किस हालतमें और किन २ स्त्रियोंसे विषयभोग नहीं करना चाहिये, उसका खुलासा इस प्रकार है।

रजस्वला, बिना इच्छावाली, मलिन, अप्रिय, पुरुषकी अपेक्षा ऊंची जात वाली, उमरमें बडी, रोगी, विकृत अंगवाली, द्वेष करनेवाली, गर्भिणी, मुख इत्यादि किसी भी रोगवाली, गुरुकी स्त्री, संसारसे विरक्त, अपवित्र, आर्तव अथवा गर्भाशयके दोषवाली, अनिष्ट रूपवाली, अनिष्ट आचारवाली, झूठा प्रेम दिखाने वाली, फूहर, बिना प्रीतिवाली, दूसरेपर प्रीति रखनेवाली और पराई स्त्री, वेश्यायें इतनी स्त्रियां समागमके लिये निषिद्ध हैं।

सूर्योदय और सूर्यास्तका समय (प्रातःकाल, मध्याह्न) अधी रात, अमावस्या, पूर्णिमा, रोगोंके छोडनेका समय, मध्याह्न, तेरा ही दिन और पर्वके दिन भी समागमके लिये निषिद्ध हैं।

कामका वेग आये बिना, भूखे, प्यासे, पेट बहुत भरा हो तब, दवा खाने बाद, अपवित्र शरीरसे; ऊंचे नीचे होकर, टेढे-सीधे होकर, मूत्रबाधा और किसी प्रकारकी थकावटके समय भी समागम निषिद्ध है।

ऊंचे पुरुषको नीची स्त्रीसे और नीचे पुरुषको ऊंची स्त्रीसे समागम नहीं करना चाहिये। योग्य उमरको न पहुँचा हुआ हो, बूढा, रोगी, उदास, दुबला और अशुद्ध वीर्यवाला पुरुष समागमके योग्य नहीं है। जो स्थान रमणीय हो, जहां स्त्रियोंके सुन्दर गायन सुननेमें आते हों, जहां मंद सुगंध पवन आनेका अवकाश हो और जहां एकांत स्थान हो वहाँ समागम करना ठीक है।

जहा पर पास ही माता पिता आदि बडे रिश्तेदारोंका निवास हो, जहा जगह खुली हो, जहा शर्म आती हो अथवा जहा दुःखके शब्द सुननेमें आते हों, वहा पर समागम करना ठीक नहीं है। स्त्रीको शरीर उल्टा या करवट लिये वीर्य कदापि ग्रहण नहीं करना चाहिये। कारण शरीर उलटा करके योनि ग्रहण करनेसे उस के गुप्त अंगमें पीडा होती है। दाहिनी पसलीके बल लेटकर ग्रहण करनेसे आमाशयमें से गिरनेवाला कफ गर्भाशयको बन्द कर देता है। और बाई तरफके करवटसे पित्ताशयमें से पित्ताश गिरकर रज और वीर्यको भस्म देता है।

मारे धातु परिपक्व न हुए हों ऐसी अवस्थामें बालक, स्त्री समागम करे तो उसका शरीर थोडे पानीवाले नदीकी तरह तृप्त होकर सूखने लगता है और जैसे सूखकर कमी हुआ वृक्ष

॥श्रीवीतरागाय नमः ॥

दिगंबर जैन.

THE DIGAMBAR JAIN.

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
सबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्त्तताम्, दिगम्बर जैन समाज मान्यम् ॥

वर्ष १६ वाँ. || वीर संवत् २४४८. भाद्रपद विक्रम सं० १९७८. || अंक ११वा

"आत्म विकाश"

गई अब रात्री हुवा प्रभात । करो अब आत्मोन्नती विकाश ।
नींदमें गाफिल होकरके । तजा सब पागल हो करके ।
गमाई भारतीय सब लाज । समोंगे क्या अब नूतन साज ॥
नहीं है गगन कुसुमकी आश । करो अब आत्मोन्नती विकाश ॥१॥
मोह ममताको तजडालो । समी सत्याग्रह वृत पालो ।
करो मिथ्या आशा चकचूर । बनो तुम योद्धा अब भरपूर ॥
नहीं रक्खो जीवनकी आश । करो अब आत्मोन्नती विकाश ॥२॥
भीष्म सम हुए इसी भूपर, डटे जो नियमित दृढ व्रतपर ।
बताया योद्धाका सब साज । याद करलो सब तुम वह आज ॥
छोड कायके भोगोंकी आश, करो अब आत्मोन्नती विकाश ॥३॥
भूखसे मरे समी जाते । दुखनसे दबे समी जाते ।
हवन समशानभूमें होता । धाम परदेशोंका होता ॥
उठो खोदोगे फिर क्या घास । करो अब आत्मोन्नती विकाश ॥४॥
जेलमें जाकर भारत पूत । कातते हैं पक्का नित सूत ।
वहां भी देश कार्य करते । नहीं विघ्नोंसे डरते ॥
जगो ! करते किसकी अब आश । करो अब आत्मोन्नती विकाश ॥५॥
नहीं इसका है फल अति बुरा । नींदका शोक यह विषभरा ।
सम्हालो शेरों कैसी देर, छोड़ दो मिथ्या सभी सनेह ॥
बना नहिं कोई शत्रु है पास, करो अब आत्मोन्नती विकाश ॥६॥

"मणि"

समाजोन्नति

तजे यदि ईर्षा वि । समाज । समुन्नत होवे जन समाज ॥१॥

कब से हुआ दिलोंमें फेर । द्वेषने लिया दिलोंको घेर ।
छोड़ दो शीघ्र दिलोंसे देव । ही अब रहा राव रबलेश ॥
मनाओ शांति सुधर सब आज — मुदा होवे जैन समाज ॥२॥

दृष्टि ही आता कर दाता । नहीं कुछ भी देता माला ।
हुई है झगड़ेसे यह क्षती । रही नहिं सहोदरोंमें रती ॥
एक पर पड़ते हैं इक गाज । इसीमें डूबी जैन समाज ॥३॥

विद्वान् भी हैं बैठे । विचारा जो कुछ कह बैठे ।
रंचो जनके का रमी न लक्ष्य । करेंगी इससे क्या वह दक्ष ॥
समझा । भी सुनाया ज्ञान । भ्रांत दरदी हुए जैन समाज ॥४॥

इधरसे शस्त्रीगण बोले । वचन नहिं हाथ बीन तौले ।
१ अस इसका क्यों होगा । शांतिसे क्या अब खोएगा ॥
यानें दरक निखिल समाज । सत्ता या सत्ता ही यह ज्ञान ॥५॥

विद्वान् ! दिमें रह रो । हृदय बल हाथ न हरवाओ ।
" वरहको तरना ही होगा । शत्रु रा भगना ही होगा "
सम्हालो हरी जैन समाज । मचादो शांति समर नव आज ।



हमारा सबसे महत्व पूर्ण धार्मिक पर्व श्री दशलाक्षणी पर्वमें दिन चल होगये हैं।

दशलाक्षणी पर्वमें कर्तव्य।

ये १० दिन इतने पवित्र हैं कि इसमें सोलह कारण, दशलाक्षणी, रत्नत्रय, अनन्त, सुगंध दशमी, श्रवण द्वादशी, ऋषि पंचमी, निर्दोष सप्तमी आदि अनेक व्रत इसी दिनोंमें आते हैं। ऐसे तो पर्वके १० दिन कहे जाते हैं परन्तु हमारे इस पुण्य पर्वकी समाप्ति आश्विन वदी १ को ही सोलह कारण व्रत पूर्ण होकर होती है।

इन पुण्य दिनोंमें हमारे भाई व बहिनें यथाशक्ति व्रत पूजा आदि करते हैं यहां तक कि बहुतसे भाई व बहिनें दश२ सोलह२ या एक२ माहका उपवास करते हैं जिससे जैन धर्मकी विशेष प्रभावना होती है। हरएक मंदिरमें नित्य पंच पूजा, नवीकी पूजा, सूत्रपाठ आदि होता है परन्तु अब भी ऐसे बहुतसे स्थान हैं जहां नित्य शास्त्र सभा नहीं होती है न सुनते व दश धर्मपर विवेचन होता है। बिना अर्थ और माहात्म्य समझे पूजा करनेसे कुछ भी फल नहीं है इस लिये हरएक मंदिरजीमें इन दिनोंमें नित्य दश धर्मोंमें से एक२ धर्मका तथा व्रतोंके सूत्रोंका एक२, अध्याय सब भाइयोंको सुनाना चाहिये। हमारे भट्टारकोंका तो नाम ही जने दीजिये क्योंकि गरीब ये होते हैं यहां किस प्रकारका कितना उपदेश देते हैं यह तो हम जानते ही हैं परन्तु जहां कहीं त्यागी ब्रह्मचारीने चतुर्मास किया है वहां तो धर्मामृतकी अच्छी वर्षा होरही है और जहां नहीं है वहांके पढ़े लिखे भाई नित्य दो, दफे मंदिरमें सब भाइयोंको धर्मका स्वरूप सुनावें और यथा शक्ति धर्मध्यान करके दान पुण्य करें।

अब इस पवित्र पर्वमें हमारा सबसे प्रथम कर्तव्य यह भी है कि हमारे मंदिरमें एक भी अपवित्र वस्तु पहिने हुए न जावें और न मंदिरके पूजन व उपकरणादिमें एक भी वस्तु अपवित्र न हो। विलायती व यहांकी मिलोंके बने कपडे चरबी और लोहूके सम्बन्धसे तैयार होते हैं तथा रेशमी वस्त्र कितनी हिंसा होकर तैयार होता है वह सभी भली भांति जानते हैं इसलिये हमें अब मंदिरजीमेंसे विदेशी व मिलके कपडे तथा रेशमी वस्त्रका उपयोग बिलकुल बंद करके हाथके काते और हाथके बुने शुद्ध स्वदेशी सूती कपडे अर्थात् **पवित्र खादीका** ही उपयोग करना चाहिये। विदेशी वस्त्र त्यागकी प्रतिज्ञा जिन२ भाई व बहिनोंने नहीं की है उनको इस पवित्र पर्वमें अवश्य ले लेनी चाहिये।

अब इस पर्वमें उत्तम क्षमा धर्मके सम्बन्धमें उत्तम त्याग धर्मका भाई ब्र० कुंजीलाल जी कुछ कथन करेंगे। त्याग धर्मके प्रकाशसे ही हम उऋण होते कर्ज होते हैं इसलिये त्याग धर्मके पालनार्थ इस पर्वमें चारों प्रकारका यथाशक्ति दान हम सब भाइयोंको देना चाहिये। तथा हमारे भाई व बहिनें जो

दश २ उपवास करते हैं उनका तो खास कर्तव्य है कि इस व्रतके उपलक्षमें अच्छी रकम दानमें निकाले तथा प्रभावनामें बतासे आदि न बांटकर पुस्तकोंकी प्रभावना करें। हमारी संस्थाओंमें दान करनेसे चार दानका पुण्य होता है इसलिये हरएक स्थान पर संस्थाओंके लिये खास चंदा इकट्ठा करके सभी संस्थाओंको प्रमाणमें मेन देना चाहिये। हमारी खास संस्थायें ये हैं–ऋषभ ब्र० आश्रम जयपुर, मोरेना सिद्धांत विद्यालय, काशी स्याद्वाद महाविद्यालय, कुंथलगिरी आश्रम, सागर विद्यालय, अनाथाश्रम देहली, अनाश्रम–औषधालय बड़नगर, महाविद्यालय ब्यावर आदि।

इन संस्थाओंमें काफी स्थायी फंड नहीं है और खर्च तो नित्य चालू ही है और हमारे भाई यदि अपनी कमाईका सौवां हिस्सा भी दान करदें तो हमारी संस्थाएँ अच्छी तरहसे चल सकें। इसके साथ २ एक विशेष कर्तव्य यह भी है कि हमारे सब तीर्थोंकी रक्षा होती रहे इसलिये तीर्थक्षेत्र कमेटीकी ओरसे जो प्रबंध होता है उनका चालू खर्च चलानेके लिये प्रतिवर्ष प्रत्येक घर पीछे केवल १) तीर्थरक्षा फंड इकट्ठा करनेकी सूचना हो रही है उसका पालन करना हमारा कर्तव्य है इसलिये इस पर्वमें पंचद्वारा तीर्थरक्षा फंडका घर पीछे एक २ रु० की दर ही करके बम्बई तीर्थक्षेत्र कमेटीको सभीको शीघ्र मेन देना चाहिये।


कारण बिना कार्य नहीं होता इस लिये कहीं कहीं किसी प्रकारका भी अनैक्य हो उसको इस पर्वमें उत्तम क्षमा गुण धारण करके मिटा देना चाहिये तथा मतिरोग हिंसा प्रकट करना चाहिये तथा चतुर्दशीके दिन सब भाई व्यापार छोड़कर उपवास करते हैं व धर्म ध्यान करते हैं उस दिन मंदिरके शास्त्र भंडारकी सम्हाल करनी चाहिये और जो २ शास्त्र मंदिरजीमें न हों उनको अपने द्रव्यसे या तो मंदिरके भंडारोंके द्रव्यसे मगा लेने चाहिये। यह पर्व कहां किस तरहसे मनाया गया, क्या २ नवीन कार्य हुए आदिके समाचार सब भाई हमें आश्विन बदी १ तक मेन देवें ताकि वे आगामी अंकमें प्रकट कर सकें।

* * *

नुकता और शास्त्र।

व्यावरमें प्रतिष्ठा करानेकी भावनाका रटन करते २ अकस्मात अकाल मृत्युको प्राप्त होनेवाले ३६ वर्षके एक नामी श्रीमान् सिं० मोतीलालजीका नुकता बम्बईमें हुआ था उसकी चर्चा हमने की थी और ऐसे नुकते शास्त्र सिद्ध हो तो बतावें ऐसा हमने लिखा था उस पर खंडेलवाल जैन हितेच्छुने अं० १९में 'नुकता और शास्त्र' नामक लेख लिखकर तोड़ मरोड़ कर नुकताको शास्त्र-सिद्ध दिखानेका यहां तक प्रयत्न किया है कि अंतमें यहां तक लिखडाला है कि "नुकता करना न तो विधि है न कुरीति है और इसे बंद करना मानों पापके पापश्चित्तका बंद करना है, और मृत मनुष्यके पुत्रादि पर दुना भारका बोझ लाद देना है!!" उपरोक्त वाक्य लिख कर संपादकजीने यह बतलाया है कि हरएक छोटे बड़ेकी मृत्युका नुकता करना शास्त्र सिद्ध है और करना ही चाहिये और न करेंगे तो दुष्ट

दिको दुना पाप लगेगा तो जब खंडेलवाल महासभा धर्मसे अविरुद्ध चलनेकी पूरी डींग मारती हैं और उसने ३० वर्षकी आयु तकका नुक्ता न करनेका प्रस्ताव कर रक्खा है वह क्या उनके विचारसे धर्म विरुद्ध नहीं है? नुक्ते न करनेवालेको ये पापी और अधर्मी कहते हैं तब ऐसा प्रस्ताव क्यों कर रक्खा है?! और बंगाल आसाम सं० समाने ३० के स्थान पर ४९ वर्ष तककी आयुवालेका नुक्ता न करनेका जो प्रस्ताव किया है वह भी उनको बूरा लगा है यह कैसी मजेकी बात है! इससे ही पता लग सकता है कि खंडेलवाल जैन हितेच्छु कैसे २ सुधार जातिमें करना चाहता है!



दाहोदमें ऐक्य—गुजरात प्रांतका केन्द्र, दाहोदमें ९१ गृह जैनियोंके हैं। वहां कई दिनोंसे परस्पर फूट थी और दशलाक्षणी पर्वमें कई बाधाएँ उपस्थित होनेकी शंका थी परन्तु अतीव हर्ष है कि भादों वदी ११ को वहांके जूने मंदिरमें सब भाइयोंने बैठकर अपना झगड़ा बड़े प्रेम भावसे निबटा लिया और एकता होगई जिसके चिह्नरूप बतासे भी बांटे गये। यहांके मंदिरमें रेशमी अपवित्र वस्त्रोंका उपयोग होता है सो भी बंद होना चाहिये।

मूड़बिद्री—में बड़े मंदिरके जीर्णोद्धारका कार्य पूर्ण होने आया है और भ० चारुकीर्तिजी और पंचोंके प्रयत्नसे वहां आगामी माघ मासमें पंचकल्याणक प्रतिष्ठाका बड़ा भारी उत्सव होनेवाला है।

साकरोदामें विद्यालय—ब्रह्मचारी चांदमलजीके उपदेश व प्रयत्नसे साकरोदा (उदयपुर, मेवाड़) में एक वर्ष हुए बोर्डिंग व ऋषभ दि० जैन विद्यालयकी स्थापना हो गई है और खूब उन्नति पर है। अभी ७० विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इस प्रांतके जैनियोंका कर्तव्य है कि अपने बालकोंको इस विद्यालयमें पठनार्थ भेजें व यथाशक्ति सहायता भी देते रहें।

उपदेशक चाहिये—गुजरात तथा दक्षिण प्रांतमें उपदेश करनेके लिये बम्बई दि० जैन प्रांतिक सभाको एक उपदेशककी आवश्यकता है। सफर खर्च और वेतन योग्यतानुसार। लिखो—माणिकचंद वैनाडा, महामंत्री, हीराबाग-बम्बई।

पावागढ—सिद्ध क्षेत्रमां गत वर्षमा यात्री ओछा आवेला हता तेथी आवक करता खर्च वधु थयो छे तेमज धर्मशाला वगेरेनु देवु पण छे ने व्याज मावु पडे छे माटे ए तीर्थनी रक्षाना फंड माटे मुनीम चंदुलाल मथुरादासने गुजरात मालवा अने निमाडमा मोकलेला छे. ए मुनीम वैष्णव छे माटे तेमनापर शंका ने लावता सर्वए यथाशक्ति मदद आपवी अथवा अमने मोकलवी। लालचन्द कहानजाम मंत्री, नवीपोळ—बडोदरा।

तिलक जयंती—के दिन गत १ अगस्तको सागरकी पाठशालाके छात्रोंने सभा करके स्वदेशी

वस्त्र ही पहननेकी प्रतिज्ञा ली थी।

रामटेकमें खं० सभा—नागपुर प्रां० दि. जैन खंडेलवाल सभाका ७ वां अधिवेशन ता० १०–११–१२ अक्टूम्बरको होगा। सब तैयारी होरही है।

भिंड—में भट्टारक दि० जैन विद्यालय अच्छी तरह चल रहा है। इसकी प्रबंधक कमेटीने नियम बनाया है कि ६) साल देनेवाले २९० –व १०१) देनेवाले १०० मुख्य मेम्बर बनाये जावें। सब भाइयोंको मेम्बर बनना चाहिये। १०० तो बन चुके हैं।

इंदौरमें उत्सव—दा० सर सेठ हुकमचंदजीकी धार्मार्थिक संस्थाओंका ८ वां वार्षिकोत्सव इस साल विशेष रूपसे मनाया जायगा अर्थात् भादों सुदी १० से तेरहद्वीप पूजन विधान होगा व आश्विन वदी ४ को जलयात्रा महोत्सव, विद्वानोंके व्याख्यान व संस्थाओंका वार्षिकोत्सव होगा तथा अंबरीबाग धर्मशालाकी दूसरी मंजिल तैयार होगई है उसकी उद्घाटन क्रिया होगी और शामको सर सेठ हुकमचन्दजीकी ओरसे उपस्थित दि० जैनियोंका प्रीतिभोज होगा। सभी भाई व खासकर संस्थाके पूर्व कार्यकर्ता व छात्र आना अवश्य २ पत्रोंसे।

हजारीलाल, महामंत्री।

दशलाक्षणी पर्वमें—पं० वंशीधरजी व रावजीभाई दोशी ऐनापुरमें मुनि शांतिसागरजीके पास उपदेशार्थ जांवेंगे। वहां २० २००–३०० जैनियोंके घर हैं। पं० निटवाल शास्त्री सोलापुर जावेंगे व सोलापुरमें सुबलीका अर्थ मांडेकरजी बी० ए०, पं० पन्नु शास्त्री व गुलाबचन्द दोशी कहेंगे।

कलकत्तामें धर्म-प्रभावना—पूज्य ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजीने इस साल कलकत्तेमें चातुर्मास किया है इससे वहां धर्म प्रभावना खूब हो रही है। ब्रह्मचारीजी नये मंदिरमें नित्य दोनों समय शास्त्र पढ़ते हैं तथा चाखल पट्टीके मंदिरमें ब्र० चांदमलजी शास्त्र पढ़ते हैं। स्याद्वाद प्र० समाके जन्मसे हरएक १४ को होते हैं। कार्तिकी महोत्सवपर यहां महासभाका अधिवेशन करनेका भी विचार हो रहा है। रक्षाबंधनके दिन सभा होकर संस्थाओंमें दान करनेकी अपील की गई थी जिससे पांच संस्थाओंके लिये करीब ७००) का दान हुआ था जिसमें सर सेठ हुकमचन्दजीने २५०) दिये थे। स्त्री समाजने भी १००) इकट्ठे कर बम्बई आश्रमको भेजे थे। तथा २३ भाइयोंने विधि पूर्वक पं० शम्भुलालजी द्वारा यज्ञोपवीत धारण किया था। यहां धर्मशाला व औषधालयकी बड़ी भारी आवश्यकता है। क्या ब्रह्मचारीजीके चातुर्मासके स्मरणमें कलकत्तेके धनिक भाई ऐसा कोई बड़ा दान नहीं करेंगे? हमें तो इस साल इन भाइयोंसे बहुत उम्मेद है।

महासभाकी—प्रबंधक कमेटी देहलीमें ता० २९ जुलाईको बैरिस्टर चंपतरायजीके सभापतित्वमें हुई थी उसमें ८ प्रस्ताव हुए थे जिसका सारांश यह है कि जैन गजटके लिये १०००) के शेयरोंसे प्रेस खोला जावे। धुआं कंपनी टूट-फूट साफ होकर रजिस्टर कराना निश्चित हुआ, बा० नरसिंहदासजी कोषाध्यक्षका चार्ज

डेढ महीनेमें न देवें तो दीवानी या फौजदारी उचित कार्रवाई करनेके लिये नवीन कोपाध्यक्ष निर्मलकुमारजीको सत्ता दी गई, महामत्री ला० भगवानदासजीका स्तीफा अफसोससे स्वीकार किया गया आदि।

खेरवडा—में मंदिरके कार्यकर्ताओंने व पंचने प्रस्ताव किया है कि जिन मंदिरजीमें विदेशी वस्त्र किसी भी निमित्तसे न चढाया जाय। इसका अनुकरण वहांके वैष्णव मंदिरमें हो गया है।

परतापगढ—में ब्र० गेंदीलालजी, उदासीन पं० पन्नालालजी गोधा व घासीलालजीके चातुर्मासमें ठहरनेसे बहुत धर्म प्रभावना हो रही है। नित्य दो दफे शास्त्र सभा होती है।

जिंतुर—में नवीन प्राचीन तीर्थ नेमगिरी पर्वतपर श्रा० सु० ६ को ब्र० महावीरप्रसादजीके उद्योगसे नेमिप्रभु जयंती मनाई गई थी।

व्यावरमें सत्समागम—महासभाका मंत्री विद्यालय व्यावरमें आ गया है और इस समय यहां दशलाक्षणी पर्वमें पं० मगीरथीजी वर्णी, ब्र० शीतलप्रसादजी, अजित, उदय ब्र० ज्ञानानंदजी, ब्र० छोटेलालजी (मालपुरा), आदि त्यागियोंके उपदेशामृतका अच्छा लाभ होगा। सेठ हुकमचंद नागपुरवालजी व मुन्शी सायनपिंहजी गोहाना तो धर्म साधनार्थ वहां पहुंच गये हैं व अन्य भाई भी जा सकते हैं।

अयोध्याजी—क्षेत्रका प्रबंध सुधर गया है और नवीन मुनीम मूलचंद परवारको पं० फूलचंदजी व दयाचंदजी गोदीकाने आकर सब चार्ज ता० २४ तारीको दिला दिया है। यहांके सामानकी सूची भी 'जैनमित्र' में प्रगट हो गई है।

बडनगर अनाथालय—के अनाथ छात्रोंको रक्षाबंधन पर्वके दिन उत्सव सभा आदि कर विधिपूर्वक यज्ञोपवीत धारण कराया गया था।

नांदगांव—(नासिक) में ऐलक पन्नालालजी महाराजका चातुर्मास है। वहां भी ऐक्यता हो गई है और खूब धर्म प्रभावना हो रही है आसपासके भाई त्यागीजीके दर्शन व उपदेश लाभार्थ वहां अवश्य पधारें।

जैन जेलमें—पिठौरिया (सागर) में हरिचंद जैन स्वराज्य कार्य करते हुए ६ माह जेलको गये हैं।

छूटे—महात्मा भगवानदीनजी बैतूल जेलसे छूटे हैं और ब्र० कुंवर दिग्विजयसिंहजी आगामी मासमें छूटेंगे। अर्जुनलालजी सेठी अजमेरमें कांग्रेस कमेटीके मंत्री हैं और कांग्रेसका खूब कार्य कर रहे हैं।

परतापुर—मुनि चंद्रसागरजीका चातुर्मास नहीं हुआ है, परंतु परतापुरमें तो क्षुल्लक शांतिसागरजीने चातुर्मास किया है और एक मासका उपवास कर रहे हैं। दस दिनके बाद सिर्फ जल लेते हैं। भीतरीमें पं० चुन्नीलालजी द्वारा अच्छा धर्मोपदेश हो रहा है तथा समोसरण विधान व रथयात्रा उत्सव भी हो गया है और जैनधर्मका उत्तम उपदेश देते हैं तथा आप दशलाक्षणी पर्वमें १० उपवास करनेवाले हैं।

सेवक पन्नालाल, गढियाकोट।

रक्षाबंधन—पर्वमें जेठमल सदासुख लखनऊने संस्थाओंको ६७) का दान किया था।

सिद्धवरकूटमें—कोट बननेका काम चालू हो गया है। सेठ हुकमचंदजीने १०००) भेज दिये हैं। जिन सज्जनोंके पास क्षेत्रकी रकम बाकी हो भेज देनी चाहियें।

छूटे—ऊपरौली (मेरठ) निवासी ला० मंगतराय जैन (कांग्रेस कमेटीके मंत्री) ६ माहकी जेल पूर्ण होनेपर गत ता० १९ को मेरठ जेलसे छूटे हैं।

महोपदेशक—प० कस्तूरचन्दजी दशलाक्षणी पर्वमें उज्जैनके भाइयोंके आग्रहसे वहां ठहरे हुए हैं और धार्मिक व्याख्यान व आम समाए हो रही है।

क्षमा धर्म।

क्षमा नाम सस्कृत भाषामें पृथ्वीका भी है। पृथ्वी पर राज्य करो, इसको काटो, चीरो जलाओ कुछ भी क्यों न करो, मगर पृथ्वी न तो किसी पर क्रोध करती है और न किसीका बुरा चाहती है। ठीक इसी प्रकार **मनुष्यका स्वभाव होना सो ही क्षमा धर्म है।** यह क्षमा धर्म क्रोधरूपी वैरीको जीतनेसे प्राप्त होता है। क्योंकि क्रोध है सो आत्माके क्षमा धर्मको खो देता है। और सत्य, संयम, सतोष, निराकुलता आदि स्वभावको भी नष्ट कर देता है। क्रोधीके धर्म अधर्मका, हित अहितका, विचार नहीं रहता है। गुस्सा करनेवालेके अपने मन, वचन, काय, काबूमें नहीं रहते हैं। ये गुस्सा जैसा बहुत कालकी प्रीतिको क्षणमात्रमें दूर करके मित्रोंको भी शत्रु बना देता है। क्रोधका बहुत प्रभाव होकर झूठ वचन, चोरी निंद्य, भीरुता इत्यादि बोलने लायक वचन बोलने लग जाता है। क्रोधी धर्मको छुपा देता है। क्रोधी मनुष्य पिता, माता, पुत्र, स्त्री, मालिक नौकर, मित्र, बधु आदिकको मारनेमें पाप नहीं समझता। निहायत गुस्सेवाला आदमी, जहर, हथियार आदिकसे अपघात तक कर लेता है। कमजोरीका विश्वास कभी नहीं हो सक्ता। क्रोध ही यमराजके समान है। क्रोधके असरसे बड़े २ ऋषिमुनि भी धर्मसे भ्रष्ट होकर नरक आदि दुर्गतियोंमें चले गये। क्रोध बुद्धिमें भ्रम कर देता है। क्रोधसे पागल हो जाता है। निर्दयी बना देता है। गुस्सेकी बराबर जगतमें कोई भी पाप नहीं है। गुस्सेके बराबर अपना घात करनेवाला कोई भी नहीं है। जैसे किसी जलता हुआ अंगार फेंककर मारे तो उसे लगना न लगना उसके होनी (शुभ या अशुभ कर्मों) के आधीन है। मगर जिसने अंगारा हाथमें लेकर मारना चाहा उसका हाथ तो प्रथम ही जल जायगा। इसी तरह जो कोई गुस्सेके वशमें होकर दूसरेका बुरा करना चाहेगा वह अपने क्षमा, शील, सत्य, सन्तोष, आदिक गुणोंको नष्ट कर देता है। जिसने अपने क्षमा धर्मको नष्ट कर दिया है उसीको आत्मघाती कहते हैं। क्रोधरूपी वैरीको जीत लेना, कभी भी गुस्सा नहीं करना उसीको क्षमा कहते हैं। क्षमा है सो आत्माका मुख्य धर्म (स्वभाव) है। क्षमा धर्म ही ससारके दुःखोंसे छुड़ानेवाला है, दुर्गतिसे बचानेवाला है, क्षमा धर्म जिसके होता है उसके सारे गुण सहज ही में प्रगट हो जाते हैं। इसलिये सबको चाहिये कि उत्तमक्षमा धर्मको धारण करें। ॐ शान्ति शान्ति शान्ति॥

उलफतराय जैन—गोहाना।

श्री दशलाक्षणिक पर्व
या
जैनियोंके सत्याग्रह दिवस।

जैनियो! बतलानेकी आवश्यकता नहीं कि आनेवाला श्री दशलक्षण पर्व कितना पुनीत है? जैनीका प्रत्येक बालक २ री इस पर्वसे भली-भाँति परिचित है। ज्यों२ पर्वके दिन समीप आते जाते हैं त्यों २ भावोंमें पवित्रता आती जा रही है। पहिले मैं इस पर्वको भलीभाँति पूर्ण करनेके लिये निम्नलिखित सामग्री परम आवश्यक समझता हूं। आशा है कि आप उस सामग्रीको सञ्चित कर पर्वके परम पावन दिवसों धर्ममय व्यतीत करेंगे।

ठीक इसी भाँति सत्याग्रहके लिये भी अपनी हार्दिक पवित्रताकी आवश्यकता है। **बिना क्रोधादिको वशमें किये पूरा सत्याग्रही कदापि नहीं कहा जा सकता है।** सत्याग्री यदि जेलमें मेल दिया जावे, देशसे निकाल दिया जावे या अपने घरमें सकुटुम्ब रहे, कदापि द्वेष भाव और प्रेम भाव न रखकर समता भाव ही धारण करेगा जो कि उत्तम क्षमा धर्मका पूर्ण परिचायक होता है।

बन्धुवर्ग! संसारमें ऐसा कोई प्राणी नहीं है जो सदा सुखकी खोजमें न रहा करता हो किन्तु सुख मंदिरके यथार्थ मार्गका ज्ञान न कर व्यर्थ ही इधर उधर भ्रमण किया करते हैं जिसका परिणाम दुःखप्रद ही होता है और उस दुःखके फलको भोगते हुये दुःखके बीजों पर ध्यान न देकर दुःखको दूर करनेके लिये प्रयास किया करते हैं तथा दुःख दूर करनेके प्रयत्नके विफल होनेपर हताश भी हो जाया करते हैं।

जिस मनुष्यके घरमें आग लगी है उसका सबसे पहिला प्रयत्न यह ही होना चाहिये कि जहांसे आग लगी है वहांसे जल सिञ्चनादि उपायोंसे आग शान्त करे, शान्त होनेपर अन्य सर्व सामग्री स्वयमेव सुरक्षित रह सकती है किन्तु अन्ध अज्ञानी पुरुष पहिले मुख्य स्थानको शान्त न कर इधर उधर फैली हुई सामग्रीको घरसे बाहिर ले जाया करता और उठाने रखनेके अवसर तक अग्निके अधिक प्रज्वलित हो जानेके कारण घरकी समस्त सामग्रीसे हाथ धोकर, भस्म ही प्राप्त कर सकता है। उसी प्रकार हम सुखकी परम अभिलाषा रखते हुये भी उसके बीजको न प्राप्तकर सुखके फलको प्राप्त करनेमें विफल प्रयत्न हुवा करते हैं। इस परम सुख फलके सघन बीजको हमारी क्रोधाग्नि, मानशिखरि (पर्वत) माया जल और लोभ गर्त सदा ही नष्ट किया करते हैं। कहनेकी आवश्यक्ता नहीं कि मनुष्य क्रोधके वशमें होकर अपना व दूसरेका कितना अनिष्ट कर डालता है। क्रोधी, मानी, मायावी और लोभी पुरुष मान व अपमानका विचार न कर हित व अहित एक ही समझ बैठते हैं। जो मनुष्य क्रोध द्वारा दूसरे पर क्रोध प्रकट कर अपना क्रोध दूर करना चाहता है, वह सर्वथा मूर्ख करता है। जो मनुष्य हाथमें अग्नि लेकर दूसरेको जला हुवा देखना चाहता है वह स्वयं पहिले अपना जला बैठता है, पीछे चाहे दूसरेकी हानि हो या न हो।

क्रोध केवल आत्माकी हीनता है। जो मनुष्य दुर्बल और रोगी हुवा करते हैं, तथा जिनको अपने अधिक शक्तिधारियोंका सामना करना पड़ता है आत्म दुर्बलताके कारण ही क्रोध पिशाचिनीको पास बुला लाया करते हैं। जो मनुष्य गंभीर होता है वह कदापि क्रोध नहीं करता सदा समता धारण करता है। समुद्र न तो वर्षाकालमें अधिक होजाता है और न गर्मियोंमें सूख ही जाता है तभी तो उसका माहात्म्य समस्त संसारमें विदित हुवा है क्रोध और मानकी अधिकतासे शान्तिके अभावमें फूट-कल उत्पन्न हुवा करता है। आज इस फूटके प्रत्यक्ष अनेक उदाहरण उपस्थित हैं। प्रत्येक व्यक्ति फूटकी हानिको समझता हुवा भी उसे त्याग नहीं सकता, न जाने कैसी विलक्षण दशा है। यह दशा ठीक सांप छछूंदरके समान है। जिस तरह सांप छछूंदरको छोड़े तो स्वयं मर जाता है और निगल जावे तो वह ही कैसे फिरता है।

हमारी यह भूल है। इसका कोई प्रतिविधान नहीं है। यदि आपने अपना आत्म निरीक्षण कर लिया तो महत्व रत्नको प्राप्त कर लिया, यदि नहीं किया तो संसार रत्न ही कहेगा। आपके सामने दोनों पंथ उपस्थित हैं। जहाँ आप मुख समझें जाइये।

यदि पारस्परिक विद्वेष रहे तो भी कुछ नहीं किन्तु फूटका दौरदौरा कि उसका सिंहासन, हृदयों, समाजों जाति व समाजोपयोगी संस्थाओंमें ही स्थान पा सकता है।

धर्मकी अहर्निश (दिनरात) चर्चा हम करते रहते हैं, अपने आप समझते हैं, दूसरोंको समझाते हैं पर आचरणको सर्वथा भिन्न समझते हैं किन्तु वाचक वर्ग! "**ज्ञानं भारः क्रियां विना**" अर्थात क्रियाके बिना ज्ञान होना निष्फल है।

उस ज्ञानका फल प्रेम अथवा **वात्सल्य अङ्ग** होना चाहिये। बिना सहधर्मियोंमें प्रेम किये धर्मकी प्रभावना होना वन्ध्या (बांझ)के सुन्दर सुतकी आशाके समान है। हम अपने प्रत्येक व्याख्यानमें, लेखमें, पारस्परिक वार्तालापमें भी "**प्रभावना**" को महत्व देते हैं लेकिन परस्परमें विद्वेष होनेके कारण सबको विदित हो जावे कि "ये जैनी हैं" इतने कहाये जानेसे ही इतिश्री नहीं हो जावेगी। हमको वास्तविक धर्मका (क्रोधादिको मन्दकर) आचरणकर जैन धर्मकी प्रभावना करना चाहिये।

आत्माकी दृष्टिसे प्रत्येक स्वतन्त्र है कि वह शुभ व अशुभ कार्य करे और करावे अतः उस उपयोगको भलाईकी ओर लगानेसे ही प्रशंसा हो सकती है। श्रेष्ठ मार्गपर चलना ओनकल लाहता हो गया है। हमारा समाज अवनतिकी ओर (छिद्रों एक दूसरेकी बुराईकी ओर) जल्दी चला जाता है, उन्नतिकी ओर शतशः प्रयत्न भी निष्फल होजाते हैं। इस प्रकार संसारमें गुणराशी और अवगुणराशि दोनों प्रत्यक्ष हैं, जिसे जिसका स्वभाव बनाने आजावे सो ही ठीक है। हेय उपादेय (जिस उपवनमें कांटा, पुष्प, सुगन्धित फलफूल हैं उनमें से आदर

बबूलको ही श्रेष्ठ समझता है। धन्य है इस स्वभावको ? उंटमें इस अवगुणके कारण उसके आकार (देह) में भी कुरूपता आदि अवगुण प्रकट दीखते हैं। जैसा कहा है—

"रूक्षं वपुर्न च विलोकनहारि रूपं,
न श्रोत्रयो सुखदमारयति कदापि।
इत्थं न साधु तव किञ्चिदिदञ्च साधु,
तुच्छे रतिः करभ कण्टकिनि-द्रुमे यत्॥

अर्थात् ऊंटका शरीर छूनेसे रूखा (कठोर), रूप देखनेमें असुन्दर, शब्द अश्रुतप्रिय (न सुननेयोग्य) लगता है। उसमें इतने अवगुण हैं कि बड़े पेड़में न समाकर बाहिर तक निकल आये। कहनेका सार यह है ठीक इसी प्रकार फूट आदि के रहनेके कारण हमारी जाति व समाजके शरीरमें भी उसी प्रकार रूपहीनता—प्रभावनाका अभाव है। जो हम शब्द निकालते हैं व सुनते हैं वे भी द्वेष परिपूर्ण, इस लिये कोई सज्जन (निष्पक्ष) सुनना नहीं चाहता है। हाँ, आपसमें (पक्ष २ वालोंमें) तो उसकी सुन्दरता आदि सभी गुण मालूम होते हैं वह भी प्रकृति विरुद्ध नहीं। देखिये—

"उष्ट्राणां विवाहेषु गीतं गायन्ति गर्दभा।
परस्पर प्रशंसन्ति, अहोरूपमहोध्वनिः॥

अर्थात् ऊंटोंके विवाहमें गधे गीत गाते हैं। वे दोनों आपसमें रूपकी और ध्वनि (शब्द) की प्रशंसा करते हैं। गधेने ऊंटसे कहा "कामदेव! आपके रूपको क्या कहना है?" फिर क्या था, ऊंटने अपनी प्रशंसा सुन धोतीसे बाहिर होगये और गधेसे कहते हैं "और आप तो कोकिल हो रहे हैं" निष्पक्ष विचारो तो न इनमें रूप ही है और न शब्द मनोहर ही किन्तु एक दूसरेको प्रसन्न कैसे किया जाय?

इसलिये उपर्युक्त दृष्टान्तसे आपको हृदय-मन्दिरमें क्षमा (उसकी बहिन शान्ति) प्रियाको अवश्य स्वीकार करें और सदा सत्य प्रेमोद्यानके फल फूलोंका मधुर आस्वाद लेते रहें। देखिये—

"प्रेमका प्याला नहीं जिसने पिया,
सार है, निस्सार है, जीवनी उसकी॥"

अर्थात् जिसने प्रेमके प्यालेमें भरा हुआ अमृत नहीं पिया उसका जीवन लोहेके समान कृष्ण (मलिन, चारित्र और रूपमें) होता है और पशुओंके समान उनका जीवन निरर्थक है।

अतः अब आवश्यकता एक, एक (१, १) होनेकी नहीं है लेकिन नौ और दो ग्यारह—एक पर एक (११) होनेकी आवश्यकता है। समाज व जातिके बन्धनका प्रत्येक व्यक्ति उसका सूत (डोरा—धागा) है बिना प्रत्येक व्यक्तिके मिले समुदाय कैसे कहा जा सकता है? बालु (रेती) को परस्पर (रेगिस्तान) नहीं कहते और न बिन्दु २ को समुद्र ही कहते हैं आदि।

इसलिये जिस प्रकार जलमें रेखा करने पर एक होजाता है—पारेके सेकड़ों टुकड़े करने पर भी एक होजाता है, बन्धुओं, उसी प्रकार तुम भी एक होजाओ। भिन्न २ दरबारी हो केवल इसी अनेक समझे जाओ। हार्दिक प्रेम वासना एक ही हो तभी जैनधर्मकी प्रभावना होसकती है।

दूसरे देखनेमें मनोहर रेशमी वस्त्रोंका त्याग सर्वथा कर देना चाहिये। इसका विवरण दिगम्बर जैन, जैनमित्रादि समाचार पत्रोंमें

ભડકામણાં કપડાંના મોહમાં વિલાસ લુબ્ધ થઇ રહેલા ભાઇઓ તમારાં નેન તીર્થો ભયમાં સપડાય છે અને સપડાયાં છે. તમને અમન-ચમન સિવાય કશુંએ કયાં સુઝે છે? જ્યારે તમે તમારાં દેહ સ્વદેશી બનાવશો ત્યારે તમારો આત્મા પવિત્ર થશે. અને ત્યારેજ આત્મબળ મેળવી તમારા ધર્મનું રક્ષણ કરશો.

ખાદી ઉત્પન્ન કરવા માટે આપણે રેંટીયા શાળા-વણાટશાળામાં દાખલ થઇ જાતે કામ શીખવું જોઇએ અને તેનો સદુપયોગ કરી ખાત્રી કરી આપવી જોઇએ કે જે ગરીબી ભડકામણાં કપડામાં હતી તે નષ્ટ થઇ છે. સ્વદેશી પ્રચારનું કાર્ય પંચદ્વારાએ થાય તો સારું કામ થાય, અને હરાવનો અમલ બરાબર કરી બતાવે તો પાછળ રહી ગયેલાં સમાજમાં પ્રાપ્ત થયેલા તેજ-થી દરેકને આનંદ થાય.

ઉદ્ધર્મ ગરા થયા પછી કામ બરાબર કરી બતાવ્યું. એમ તો ન થવું જોઇએ કે ગુજરાતના હમારા દિગંબર દશા હુમડ ભાઇઓએ ઉદ્ધર્મ ફંડ થઇ નાણાંની ટીપો ભરાવી પંચસા સારા એકઠા કરી શ્રી ૧૦૦૮ શ્રી ચંદ્રસાગર બોર્ડિંગ સ્થાપી અને પોતાનાં બાળકોને તો ઘેરજ રાખી મુકમા છે વિદ્યામંદિરમાં તો વિદ્યાર્થીઓજ મોકલે કેળવણી માટે સરથા સ્થાપી પછી તો બાળકોને પૂર્વ ભોગે પણ ભણાવવા મોકલવાને પ્રતિબંધ પંચે કરવો જોઇતો હતો,-તે તો ભૂલ્યા પરંતુ ઉદ્ધર્મ ફંડ અને કાર્યે અધરા એ કારણને બરી પાડી છે તેમના કરતા, હવે તો સમેત સમજીને પગલું ભરો તોજ સમા-જની પ્રતિષ્ઠા છે. સત્ય કાર્ય કરનાર આમ કોઇની રાહ ન જુએ. તે તો પોતે કરી પોતાની ફરજ બજાવે. કોઇ યુક્તિ મેળવે તે પછીજ કું મેળવું એમ ન કહે. જેમ તમારો દેખવામાં જોયો પડેલા બધ પડેલું સ્થાન મેળવવાનો લોભ રાખીએ છીએ તેમજ મોક્ષમાર્ગે ચાલવામાં પરમાત્માની મદદ સિવાય કોઇની રાહ ન જોઇએ.

દેહીમાં ચાલી રહેલા ધર્મયુદ્ધમાં જ્યારે આત્મા-ચૈતન્યતા એ અંશસ્થાને છે. અને તેનાજ પ્રભાવે ને તેજ ન સહી શકનાર સરકારે આપણા પચીશ હજાર દેશ ભાઇઓને કેદ કર્યા છે, અને કરતી જાય છે.

પરદેશી વસ્તુઓ વાપરી આપણે દેશદ્રોહી બન્યા છીએ. આપણા ઉદ્યોગોને જમીનદોસ્ત કરી પરદેશીના ઉદ્યોગ પોષ્યા છે. ધનવાન બન-વાના લોભે હજારોના રહેતા રોટલો છીનવી કંગાળ કીધા છે, હજારોને ઘરબાર વિનાના બના-વ્યા છે, હજારો ભારતના પુત્રોને એક ટંક આ-વાના સાંસા છે, અને હજારો ભાઇઓ એકાદુકા-ડાની ભિક્ષા માગતાં મરણમાગે છે. પેટને ખાતર ન કરવાનાં કાર્ય કરી ઘણાએ પ્રાણ ત્યાગે છે, બીઓ બીયળ વેચે છે, પુરૂષો પુરૂષાર્થ વેચેછે.

આવી મુસ્કેલીમાં આખો દેશ સંડોવાયલો છે. ત્યારે ભાઇઓ તમો શું પૈસા બચાવવાનો સરળ માર્ગ જે સ્વદેશી છે, તેનો સ્વીકાર પણ શું નહિ કરો? આપણે તો ગુજરાતી જાડાં કપડાંના પહેરનારા અર્ધ સ્વદેશી છીએ. તો આપણને સંપૂર્ણ સ્વદેશી બનતાં સમય પણે શું લાગવાનો હતો? આપણે એટલો તો નિર્ણય જરૂર કરીએ કે હવે પછી વિલાયતી કપડાં ન ખરીદીશું. આપણો બેહુત વર્ગ ઘણા ભાગે જે આપણો ગ્રાહક વર્ગ છે, તેને કોઇ પણ રીતે સત્યાર્થથી સમજાવશો તો સમજી જાય તેવો છે, માટે વિલા યતી બરીદો તેના બદલે દેશીજ બરીદશો તો જરૂર તેમાં સરળતા મેળવશો.

સાચો પંથ પકડતા વિઘ્નો ઘણાં નડે છે. પરંતુ અડગ રહેવાથી સત્ય બધું સરળજ થાય છે. મહાત્મા ગાંધીજી તમોને વારંવાર યાદ કરે છે કે મારા ગુજરાતી ભાઇઓ ખરેખર કયારે બનશે, અને કહે છે કે-સ્વદેશી યંત્રો ચરખો અને ખાદીના ઉપયોગ માટે કપાતાં લાખો પ્રાણીઓની રક્ષા થઇ, દેશ આબાદ થાય છે, માટેજ સમાજમાં નિયમ બધો, ને પોતે હદનાથી પોતે-તેજ અદિસાવાદી છો એમ કહેવાને તમને અધિકાર છે.

અલ્પ મતિએ લખાએલા આ લેખમાં કદાચ ભૂલ જાને તો સુધારી સત્ય તત્વ મહણ કરી કહુંને, કામને અને દેહને વધારે નીચેરો. ઇત્યાદિ

श्री दशलक्षणी पर्वमें जैन समाजका आवश्यकीय कर्तव्य ॥

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्न गुप्तं धनम् ।
विद्या भोगकरी यशः सुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः ॥
विद्या बन्धु जनो विदेशगमने विद्या परं दैवतम् ।
विद्या राजसु पूजिता न हि धनम् विद्याविहीनः पशुः ॥

संसारमें अनादि कालसे अखिल जन प्रथमतः विद्या (ज्ञान) के लिये ही आदर देते आरहे हैं। अर्थात सबसे प्रथम ज्ञान प्राप्त करनेके लिये ही चेष्टा करते हैं, उसका कारण यही है कि जब तक किसी भी वस्तुके गुण दोषका परिज्ञान नहीं हो जाता तभी तक उस वस्तुमें हेयोपादेयकी बुद्धि नहीं होती, अतएव दुःखदायी वस्तुका त्याग वा सुखदायी वस्तुका ग्रहण नहीं हो सक्ता। इसलिये सुखसे वर्जित रहना पड़ता है, इससे ज्ञात होता है कि संसारमें ज्ञानके अतिरिक्त सुखदायी पदार्थ दूसरा है ही नहीं, जैसा कि एक "कवि" ने कहा है "ज्ञान समान न आन जगतमें सुखको कारण" अतः उक्त सर्वशास्त्रके वाक्यानुसार हमारी जैन समाजका यही कर्त्तव्य है, कि जिस प्रकार बने उस प्रकार अपनी सन्तानको हरएक तरहसे अर्थात् लौकिक शिक्षा तथा पारमार्थिक शिक्षासे शिक्षित बनावें। यह शिक्षा वर्तमानके सामाजिक विद्यालयों व पाठशालाओंमें मौजूद है, अतएव उन्हीं विद्यालयोंको स्वकीय द्रव्यकी सहायता द्वारा चिरस्थायी रखना समाजका मुख्य कर्तव्य है। तदनुसार बुंदेलखंड प्रान्तमें "सागरस्थ श्रीसत्तर्क सुधातरङ्गिणी दिगम्बर जैन पाठशाला" जो कुछ विद्याकी जागृति कर रही है वह समाजके समक्ष है। किन्तु विना शिरके कूप भी खाली हो जाता है। इस नीतिके अनुसार इस पाठशालाकी मासिक आय ३००) तीनसोसे भी कम है, और व्यय ५००) पांचसोसे भी अधिक है, क्योंकि वर्त्तमानमें लगभग ४० चालीस छात्र विद्याध्ययन करते हैं जिनमें सिर्फ ६ छात्र ही ऐसे हैं जो कि शहरसे पढ़ने मात्रके लिये आते हैं, शेष सर्व छात्र छात्राश्रममें रहकर भोजन भी करते हैं। इसलिये जब तक ५००) पांचसौकी आमदनी पाठशालाकी चिरस्थायी न हो तब तक पूर्ववत् कार्य सुचारुरीतिसे नहीं कर सक्ता, अतः समाजसे सादर निवेदन है कि यदि अपनी जातिको वास्तविक समुन्नत बनाना कर्तव्य है तो "कथनीसे करनी भली" इस नीतिके अनुसार श्री पर्युषण "शौच" पर्वका अनुशीलन करते हुए स्वकीय द्रव्यको विद्याद[illegible], तथा क्योंकि आप ही लोगोंका लगाया हुआ यह पौधा यदि सदैव हरयाह शिक्षाका अद्वितीय प्रभाव फैला देगा।

निवेदक कालेटु चैतो
करोड़ीलाल सर्राफ, मंत्री-श्री सत्तर्क सुधा

जैन काव्योंका महत्व ।

(गतांकसे आगे)

स्नानं विधाय विधिवत्कृतदेवकार्यः ।
संतर्पितातिथिजनः सुमनाः सुवेषः ।
आप्तैर्वृतो रहसि भोजनकृत्तथा स्यात्
सायं यथा भवति भुक्तिकरोऽभिलाषः ॥ (यश०)

अर्थात् स्नानको करके विधिके अनुसार जिनेंद्रार्चाको कर अपने अतिथिजनोंको संतुष्टकर, निराकुलचित्त होकर अच्छे वेषको धारणकर अपने हितजन गुरु आदिकोंसे युक्त एकान्तमें यदि भोजनको करे तो संध्याके समयमें उसकी भोजन करनेमें रुचि होती है ।

चारायणो निशि तिमिः पुनरस्तकाले
मध्ये दिनस्य धिषणश्चरक प्रभाते ।
भुक्तिं जगाद नृपते मम चैष सर्ग-
स्तस्याः स एव समयो क्षुधितः यदैव ॥

अर्थात् हे राजन् ! चारायण नामक वैद्यने रात्रिमें भोजन करनेके लिये कहा है तथा तिमि नामक वैद्यने संध्याकालमें, धिषण नामक वैद्यने दोपहरके समयमें, तथा चरक-नामक वैद्यने सुबहके समयमें भोजन करनेको कहा है । लेकिन मेरा तो इस विषयपर ऐसा मत है कि जिसको जब भूख लगे उसी समय भोजन करे ।

अधिगतसुखनिद्रः सुप्रसन्नेन्द्रियात्मा ।
सुलघुजठरवृत्तिर्भुक्तपक्तिं दधान ॥
श्रमभरपरिखिन्नः स्नेहसमर्दिताङ्गः ।
सवनमहनुपेयाद्भूपतिर्मज्जनाय ॥

अर्थात्–प्राप्त किया है सुखनींदको जिसने, अच्छी तरह प्रसन्न है इन्द्रिय, आत्मा जिसकी, तथा बहुत थोडी है जठरकी वृत्ति (क्षुधा) जिसकी, भोजनको पचाता हुआ ऐसा और बहुत श्रमसे खिन्न ऐसा भूपति, तैलको शरीरमें मर्दनकर स्नान करनेकेलिये स्नान गृहको जावे ।

आदौ स्वादु स्निग्धं गुरु मध्ये लवणमम्लमुपसेव्यम् ।
रुक्षं द्रवं च पश्चान्न च भुक्त्वा भक्षयेत्किंचित् ॥

भोजनके आदिमें स्वादयुक्त, घृतयुक्त भारी भोजन करना चाहिये । बीचमें लवण युक्त आम्लेके रससे युक्त भोजन करना चाहिये, पीछेसे रूक्षाहार करना चाहिये, तथा भोजन करके कुछ नहीं खाना चाहिये ।

शिशिरसुरभिवर्षेष्वातपाम्बु शरत्सु, क्षितिपजलशरद्भिर्मन्तकालेषु चैते।
कफपवनहुताशा संचय च प्रकोप ॥

हे रानन् ! शिशिर ऋतु (माघ फाल्गुन) में कफका संचय होता है, सुरभि (वसन्त चैत्र वैसाख) ऋतुमें कफका प्रकोप होता है, और घर्मऋतु (ज्येष्ठ, आषाढ) में कफ शांतिको प्राप्त होता है, गर्मीमें वायु संचयको प्राप्त होता है, श्रावणमास, भादोमासमें पवन प्रकोप होता है, शरद ऋतु (आश्विन कार्तिक) में पवन शांतिको प्राप्त होता है शरदऋतुमें पित्त संचय होता है, मार्गशीर्ष पौष मासमें पित्त प्रकोप होता है, माघ फाल्गुन मासमें पित्त शान्त होता है ।

तदिह शरदि सेव्यं स्वादु तिक्तं कषायं ।
मधुरलवणमम्लं नीरनीहारकाले ।
नृपवर ! मधुमासे तीक्ष्णतिक्ते कषायं ।
प्रशमरसमथान्नं ग्रीष्मकालागमे च ॥

अर्थात हे नृपवर ! इस शरदऋतुमें मिष्टान्न, तिक्त, कषायरसको सेवन करना चाहिये, तथा नीरनीहार ऋतुमें मीठा नुनखरा आमूलेके रसको सेवन करना चाहिये । वसन्तकालमें तीक्ष्ण, तिक्त कषायरसको सेवन करना चाहिये, तथा ग्रीष्मऋतुके प्रारम्भ होने पर प्रशमरसान्न (मिष्टान्न) को सेवन करना चाहिये आदि लोकोपकारी विषयोंका इसमें बहुत ही योग्य रीतिसे वर्णन किया गया है । इस ग्रंथके अष्टमाध्यायमें समस्त आचार विनयुक्ताका वर्णन बड़े विस्तारके साथ तथा साहित्यकी चातुर्यको दिखाते हुए जिस योग्य सुचारुरीतिसे किया है वह कोई दूसरे ग्रन्थमें नहीं मिलता । यह भी इसके अनन्यलभ्य महत्त्वके योतन करनेके लिये उदाहरण होगा अतः पाठकोंके मनोविनोदके लिये स्नानविधिका एक विशेषण दर्शाते हैं ।

" ॐ भक्तिप्रविनतोरगनरसुरेन्द्रशिरःकिरीटकोटिस्पृष्टतलपल्लवायमानचरणयुगम्, अमृताभिषेकाङ्गनाकरविकीर्यमाणमन्दारमेरुपारिजातसंतानकवनप्रसूनस्पन्दमानमकरन्दस्रावोन्मदमिलन्मत्तालिकुलझंकारोद्गीतनिखिलभुवनविवरं यथावसरविरचितवरसाक्षतारोपितवेणुवल्लकीपणवानकमृदङ्गझर्झरहुडुक्कविविधनादलहरीभेरीपटुपटहप्रभृतिनानाविधशुषिरततानवनद्धवादनादनिर्वेदिनिरीक्षणविधिविधिषोपसनाक्षणम् अनेकामरविकिरत्कुलकीर्णनिशठपाशोकानोकहोल्लसन्मञ्जरीपुञ्जरक्तपटविनाहदृढपरागप्रदरम् अतिसुरभिनैर्यलांछनातपत्रत्रयशिखण्डमण्डनम्लिम्लुचोल्लिखन्मानसगुणानेकरीमाप्तदृष्टिदर्पणम्, अनवरतदक्षविक्षिप्यमाणोभयपक्षनासमीरणसुगन्धीकृतविनेयजनवदनप्रसादनविधिम् अशेषपक्षालितवदनार्थीति शार्यं शारीरमाप्तिरंगतृणिपत्रपिच्छमाभारमविनिद्रनिद्रम्, अनवधिमन्तुविस्तारसप्तसप्तिमारविन्दारितमाक्षीणं क्षत्रक्षपितिमण्डलकरणरोमाञ्चम्, समाप्तिपरिपूर्णोपशमवानप्रवसानवन्दनवन्दारुवृन्दवितीर्यमाणवरवादवादवोन्मुखम्, अनन्यसामान्यसमस्मरणसमर्पितमनुमधिविन्मुख-

नेन्द्रवृन्दवन्द्यमानपादारविन्दयुगलं ।

" मङ्गाविलक्ष्मीलतिकावनस्य, प्रवर्धनावर्जितवारिपूरैः ।
जिनं चतुर्भिः स्नपयामि कुम्भैर्नभः सदो धेनु पयोधराभैः ॥ "

(यशस्तिलकचम्पू ८ वा आश्वासन)

पाठकवृद ! इस स्नानविधिके विशेषणसे आप अनुमान कर सकते हैं कि "यशस्तिलकचम्पू" को किस तरहसे अनन्यलभ्य महत्व प्राप्त है ।

यद्यपि यशस्तिलकचम्पूके विषयमें बहुतसे पडितोंकी शुभ सम्मतिया हमको उद्धृत करना चाहिये थीं, परन्तु लेख बढनेके भयसे हम एकका ही सिर्फ उल्लेख करेंगे । काशीके प्रसिद्ध पंडित गुलाबझाकी यह सम्मति है—

"यशस्तिलकचम्पूकी सृष्टि मानवी बुद्धि द्वारा नहीं हुई बरिक किसी अनुपम देवीय बुद्धिसे हुइ है । इत्यादि "

प्रियपाठकवृद ! अब हम आपको इस "यशस्तिलकचम्पू"की उत्तमताका सिंहावलोकन कर "जीवन्धरचम्पू" के लिये कुछ कहेंगे ।

वास्तवमें इस "चम्पू" ग्रथके वैसे तो सबही गद्य और पद्य उल्लेखनीय हैं तथापि भव्य पाठकोंके सन्मुख कुछ इसकी भी उत्तमताके दृष्टात स्वरूप श्लोक भेंट देंगे किन्तु इसके पहिले हम इस काव्यके नेता "जीवन्धरस्वामी"के चरितके बारेमें कहेंगे । वास्तवमें इनके चरित्रोंपर "गद्यचिंतामणि, जीवन्धर चम्पू, क्षत्रचूडामणि, जीवन्धर चरित्त, जीवन्धर पुराणादि काव्य रचे हैं । वास्तवमें इनकी जीवनीका वृत्तात विशेष कोतुहलवर्द्धक, पतनसे उत्थान बनानेको आदर्शनेता चरित्रक लिये सर्वोत्तम है । इस ही कारणसे इनकी जीवनीके वृत्तातसे सज्जित अनेक काव्यरत्न है अब हम जीवधरचम्पूकी बानगी देते हैं—

वक्त्रं चन्द्रप्रभं यद्भुजयुगमजितं यस्य गात्रं सुपार्श्वं
कृत्यं स्वाधीनधर्म्यं हृदि पुरुचरितं शीतलं सुव्रताढ्यं ।
राज्यं श्रीवर्धमानं कुलमतिविमलं कीर्तिवृन्दं त्वनन्तं
सोऽयं प्रत्यक्षतीर्थेश इव विजयते विश्वविद्याविनोदः ॥

अर्थात चन्द्रप्रभ, सुपार्श्वनाथ, शीतलनाथ, सुव्रतनाथादि तीर्थंकरोंकी तरह विनयको प्राप्त होता है । नामके एक देश कथनसे सपूर्णका ज्ञान हो जाता है ।

और भी हम इस चम्पूकी विशेषताका दृष्टात देंगे । अक्सर देखा जाता है कि कालिदास आदि कवि अपने अपने काव्योंमें शृगाररसकी महत्ता दिखानेके लिये स्त्री, पुरुषके हावभावोंको बडी निर्लज्जताके साथ दिखाते हैं किन्तु महाकवि हरिश्चद्रजी कैसी अनुपम रीतिसे अपने चम्पूमें बताते हैं । आशक्त गुणमाला क्रीडाशुकके द्वारा किस तरह अपने

प्रेमी जीवंधरको पत्र लिखती है। तथा विरहाग्नि दुःखसे दुःखित स्वामी जीवंधर उसका क्या उत्तर देते हैं—

मदीयहृदयाभिधं मदनकाण्डकाण्डोद्यतं
नवं कुसुमकन्दुकं वनतटे त्वया चोरितं।
विमोहकलितोत्पले रुचिररागसत्पल्लवं
तदद्य हि वितीर्यतां विजितकामरूपोज्ज्वलः॥ जी० च० ४

तथा स्वामीजी उसके उत्तरमें पत्रद्वारा यह भेजते हैं,

" मम नयनमराली प्राप्य ते वक्त्रपद्मं
तदनु च कुचकोशप्रान्तमागत्य हृष्टा।
विहरति रसपूर्णे नाभिकासारमध्ये
यदि भवति वितीर्णा सा त्वया तं ददामि॥ जी० च० ४ लं०

काव्यरसिकमंडल! जरा निरपेक्ष दृष्टिपर पक्षपातका एनक न लगाकर कहिये। प्रेमी प्रेमिकाओंके ऐसे सुन्दर पत्र क्या, और किसी कविने अपने नेता उसकी प्रेमिणीके साथ करवाये हैं; इसका सौभाग्य जी० च० के रचयिता श्रीयुत महाकवि हरिश्चन्द्रजीको ही प्राप्त हुआ है।

पाठकों! "जीवन्धरचम्पू" उत्तमतामें प्रायः सम्पूर्ण उल्लेखनीय है। अतः और हमको उल्लेख करना चाहिये था किन्तु मंजिलतक पहुंचनेमें मार्ग अभी विशेष तय करना है; अतः हम चम्पूको छोड़कर श्रव्यकाव्यके प्रधान भेद " महाकाव्य " में उत्तमता दिखाते हैं।

पाठकवृन्द! जिस तरह वैष्णव महाकाव्यपुंज आपकेछ आप लोगोंकी निगाहमें आते हैं उसी तरहसे जैनमहाकाव्य पुंज भी उपसे किसी हालतमें भी कम नहीं है। यद्यपि मैंने लेखके पूर्व भागमें इस बातको दिखला दिया है कि बौद्ध तथा शंकराचार्य, महमूदगजनवी, औरंगजेब आदिके जमानेमें जैन ग्रन्थागारोंके साथ २ जैनकाव्योंका भी प्रलय हुआ था फिर भी इस प्रलय युगसे बृहदवशिष्ट रूप भाग भारतमें उपस्थित है।

आप लोगोंको जो काव्य दृष्टिगोचर होते हैं वह प्रायः सम्पूर्ण निर्णयसागरके छपे हुए ही होंगे, क्योंकि जैनसमाज अपने धनके सामने ऐसे रत्नोंको थोड़ा ही कुछ मूल्यवान् समझती है! नहीं तो भारतादि देशोंमें रक्खे हुए अपने काव्यरत्नोंको प्रकाशित न करती! देखिये जितने भी जैन काव्य "निर्णयसागर"से प्रकाशित हुए हैं, वह सब जयपुरकी सरकारी लाइब्रेरीसे प्राप्त हुए हैं। यह लाइब्रेरी प्राईवेट तथा अन्दर है। इस लाइब्रेरीमें जैन काव्योंकी उपस्थिति बहुत है, उसमेंसे बहुत थोड़े प्रकाशित हुए हैं किन्तु वैष्णव काव्य

निर्णयसागरमें बहुलतासे पाये जाते है इसलिये अपनी दृष्टिमें बहुत कम आते है, किन्तु यदि आप प्रकाशित तथा अप्रकाशित दोनोंको मिलाकर वैष्णव का योंसे तुलना करेंगे तो जैन काव्योंकी गणना किसी प्रकारसे भी कम नहीं हो सकती ।

जैन महाकाव्य समुद्रके अन्दर जो विचित्र रत्न स्वरूप एकाक्षर वा द्वयाक्षरके श्लोक उपस्थित हैं, पाठकोंको हम उन्हींका सिंहावलोकन कराते हैं ।

रौरोरा रैररैरेरी रोरो रोरुररेररिः ।
रुरूरुरुरूरोरारारीरैरुरोररम् ॥ (म० चन्द्रप्रभ १६ सर्ग)

अर्थ–चिल्लाते हुए शत्रुके त्यागशील क्रूरोंको, तिरस्कृत करनेवाले शत्रुको, चक्रोंके आक्षेपसे प्राप्त कर लिया (अथवा चक्राक्षेपोंके द्वारा शत्रुका शत्रु स्वयं आगया ।)

" ककाकुकङ्केकांककोकिकोकैकुकुःकुकः ।
ककुकौकः काककाकनकाकुकुककाङ्कुकुः ॥ (महा० नेमिनिर्वाण)

अर्थात् देखिये विचित्र एकाक्षरसे समुद्रका कैसा सुन्दर वर्णन किया है ।

कंकः किं कोकुकेकाकी किं काकः केकिकोऽकुकं ।
कौकः कुकैकुकः कैकः कः केकाकाकुकांकुक ॥ (महा० धर्मशर्माभ्युदय)

अर्थ–चक्रवाक हंसके समान गमन करनेवाला बगुलाके आकार तथा मयूर के समान स्वरूप धारण करनेवाले कौएके आकार, स्वर्ग, पृथ्वी जलमें अद्वितीय होकर कुटिलतासे मयूरके समान शरीरको समान बनाकर कुटिलतासे युद्ध करता भया ।

" गंगोरगगुरुग्रांग गौरगोगुरुरुग्रगुः ।
रागागारिंगैरंगैरग्रेऽगं गुरुगीरगात् " ॥ (धर्मशर्माभ्युदय)

अर्थ–गंगा, शेषनाग तथा हिमालयके समान गौर वाणीवाले बृहस्पति तथा प्रखर है प्रकाश जिनका ऐसे बृहस्पतिके समान गानसे महानादके कारण विषके समान महानाद होता भया । (अर्थात् जिस प्रकार शरीरको विष दुख देता है इस प्रकार कर्णोंके लिये कटुक नाद)

रैरोऽरिरीरुरारा रोरुरारारिरैरित् ।
रुरूरोरुरारारुरुरुरूरेरुरुः ॥ (महाकाव्य द्विसंधान)

अर्थ–धन देनेवाले, और शत्रुओंके समूहको अच्छी तरहसे नष्ट करनेवाले, शब्द करनेवाले प्रतिविष्णु (श्री बलभद्र) बड़े २ आरोंको शत्रुओंके प्रति प्रेरित करते भये और शत्रुओंके हृदयको घायल करते भये ।

यहां रामायण पक्षमें (द्वितीयार्थ) धन देनेवाले, शत्रुओंके समूहको नष्ट करनेवाले,

शब्द करनेवाले प्रतिविष्णु लक्ष्मणजी बड़े २ आरोंको शत्रुओं (रावण पक्षवालों) के प्रति प्रेरित करते भये और शत्रुओंके हृदयोंको घायल करते भये।

वीरारिवैरवारी वै वने रविरिवोर्वराम्।
विवोवरैराविविरैरवोवावा विरावबान्॥ (म० द्विसंधान)

अर्थ–वीर शत्रुओंके वैरको नष्ट करनेवाले अपराधियोंके अंधकारको भगानेवाले गम्भीर ध्वनिवाले सूर्यके समान कृष्णजीने अच्छी तरह धान्यसे पूर्ण पृथ्वीको अपने प्रखर तेज मंडलसे आच्छादित कर दिया।

द्वितीय अर्थ–वीरशत्रुओंके वैरको नष्ट करनेवाले अपराधियोंके अंधकारको भगाने वाले, गंभीरध्वनिवाले केशवके समान रामचन्द्रजीने अच्छी तरह धान्यसे पूर्ण पृथ्वीको अपने प्रखर तेजोमंडलसे आच्छादित कर दिया।

ऐसे विचित्र एकाक्षर व्यंजन, द्वयाक्षर व्यंजनके अनेक श्लोक हैं। इस बातका हम लोगोंको विशेष गौरव मानना चाहिये। प्रिय पाठकवृंद! जैनेतर कवियोंने मुख्यतया अष्ट रस माने हैं तथा पीछेसे यह भी कह देते हैं कि "**शान्तोऽपि नवमो रसः**" किन्तु पुण्य जैनाचार्योंने शान्तरसको खूब अपनाया है। वास्तवमें यह ही योग्य तथा न्यायानुकूल भी है। क्योंकि बिना रसके काव्य ऐसा है जैसे अच्छे भोजनोंमें निमकका नहीं होता

साधुपाकेऽप्यनास्वादं, भोज्यं निर्लवणं यथा।
तथैव नीरसं काव्यमिति ब्रूमो रसान्निह॥ (वाग्भटालंकार)

तथा वाग्भटालंकारमें रसोंको कहा है।

शृंगारवीर करुणाद्भुत हास्य भयानकाः।
रौद्रबीभत्सशान्ताश्च, नवैते निश्चितायुधैः॥ (वा० अ०)

अर्थात्–शृंगार, वीर, करुण, अद्भुत, हास्य, भयानक, रौद्र, बीभत्स, शान्त ये नव रस बुद्धिमानों द्वारा निश्चित हैं।

सब महाकाव्योंमें इस शांतिरसको प्रायः उच्च स्थान ही दिया है। अब हम "वंद्रप्रभमहाकाव्य"के लिये कहेंगे। यह उत्तम काव्य श्रीयुत वीरनन्दिने बनाया है। इसका तथा कालिदास द्वारा विरचित रघुवंश महाकाव्यका हम मिलान करते हैं।

रघुवंशके दूसरे सर्गका श्लोक तथा चन्द्रप्रभके चतुर्थ सर्गका प्रथम श्लोक देते हैं।

अथ प्रजानामधिपः प्रभाते जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्यां।
वनाय पीतप्रतिबद्धवत्सां यशोधनो धेनुमृषेर्मुमोच॥
(रघुवंश)

अथ प्रजानां नयनाभिरामो लक्ष्मीलतालिङ्गितसुन्दराङ्गः ।
वृद्धिं स पद्माकरवत्प्रपेदे दिनानुसारेण शनैः कुमारः ॥

प्रिय पाठकवृंद ! देखिये वीरनन्दि, कालिदासकी काव्यरचनाके विषयमें शैलीकी उत्तमता यहीं देखिये । कालिदासकी कल्पना शक्ति, बुद्धि पाटव, आलंकारिक रचना देखकर वीरनंदिके शिष्यकी तरह मालूम होते हैं । तथा चंद्रप्रभके प्रथम सर्गमें देशवर्णन ऐसी उत्तमतासे लिखा गया है कि, रघुवंशमें तो क्या ? बल्कि कालिदासके दूसरे काव्योंमें भी पाना असंभव है । उदाहरणके लिये हम कुछ श्लोक देते हैं–

मदेन योगो द्विरदेषु केवलं विलोक्यते धातुषु सोपसर्गता ।
भवन्ति शब्देषु निपातनक्रियाः कुचेषु यस्मिन्करपीडनानि च ॥

अर्थात् उस नगर (रत्नसंचयपुर) में हस्तिओं ही में मद केवल था, तथा धातुओंमें ही उपसर्ग पाये जाते थे तथा निपातनक्रिया शब्दोंमें ही पाई जाती थी, करपीडा (हस्त-पीडा) कुचोंमें ही पाई जाती थी । अर्थात् उस रत्नसंचयपुरमें हस्तिओंमें ही केवल मद था किन्तु मद=घमंड=लोकमें नहीं था तथा धातुओंमें ही उपसर्ग पाया-जाता था । किन्तु उस नगरमें उपसर्ग, उपद्रव नहीं पाये जाते थे । शब्दोंमें ही निपातनक्रिया थी किन्तु उस नगरमें निपातन मारण नहीं था, तथा कुचोंमें ही करपीडा हस्तपीडा थी, किन्तु उस देशमें करपीडा=राजकरग्रहण=नहीं थी ।

ऐसे ही बहुत अच्छे २ श्लोकोंमें देशवर्णन, राजाका वृत्तांत दिया है । द्वितीय सर्गमें उद्यानका कैसा अच्छा वर्णन किया है तथा इसमें न्यायका वृहदंश दिया है जो कि विशेष गम्भीर तथा सरल श्लोकोंसे सुसज्जित है । चन्द्रप्रभकाव्यमें राजनीतिका कैसा उत्तम वर्णन किया है जिसको देखकर बहुत आश्चर्य होता है । पाठकोंके लिये हम देते हैं ।

वाञ्छन्निवभूतीः परमप्रभावा मोद्दीविजस्त्वं जनमात्मनीनं ।
जनानुरागं प्रथमं हि तासां निबन्धनं नीतिविदो वदन्ति ॥
समागमो निर्व्यसनस्य राज्ञः स्यात्संपदां निर्व्यसनत्वमस्य ।
वश्ये स्वकीये परिवार एव, तस्मिन्नवश्ये व्यसनं गरीयः ॥
विधित्सुरेनं तदिहात्मवश्यं, कृतज्ञतायाः समुपैहि पारम् ।
गुणैरुपेतोऽप्यपरैः कृतघ्नः समस्तमुद्वेजयते हि लोकं ॥
धर्माविरोधेन नयस्व वृद्धिं त्वमर्थकामौ कलिदोषमुक्तः ।
युक्त्या त्रिवर्गं हि निषेवमाणो लोकद्वयं साधयति क्षितीशः ॥
वृद्धानुमत्या सकलं स्वकार्यं सदा विधेहि प्रहतप्रमाद ।

विनीयमानो गुरुणा हि नित्यं सुरेन्द्रलीलां लभते नरेन्द्र ॥
निगृह्णतो बाधकरान् प्रजानां भृत्यांस्ततोऽन्यान्नयतोऽभिवृद्धिम् ।
कीर्तिस्तवाशेषदिगन्तराणि, व्याप्नोतु वन्दिस्तुतकीर्तनस्य ॥
कुर्याः सदा संवृताचित्तवृत्तिः फलानुमेयानि निजोहितानि ।
गूढात्ममंत्रः परमंत्रभेदी भवत्यगम्यः पुरुषः परेषाम् ॥

(चंद्रप्रभ ४ सर्ग ३६–४२)

अर्थ–हे पुत्र उत्कृष्ट प्रभाववाली विभूतियोंको चाहते हो तो अपने जनों (प्रजा)को कभी दुःखित मत करो, क्योंकि नीतिज्ञ कहते हैं कि उन सम्पत्तिओंके आनेका प्रथम कारण जनोंका अनुराग ही है ।

(प्रजानुरंजन शासन शासन है, नहीं तो सब निश्शासन हैं)

[तथा सम्पत्तिओंका समागम निर्व्यसन राजाके होता हैं]

निर्व्यसन नरेशके सम्पत्तिओंका आगमन होता है, तथा राजाका निर्व्यसनत्व, अपने परिवारके वश करनेपर ही होता है, अपने परिवारके वशमें न करनेसे व्यसन (दुःख गरीब (अतिशय बड़ा) होता है । अपने परिवारके वशमें रखनेकी इच्छा रखनेवाला राजा कृतज्ञताके पात्रको प्राप्त होवे । क्योंकि दूसरे २ गुणोंसे सहित होने पर भी कृतघ्न (किये हुए ऐशानको न माननेवाला समस्त लोकको दुःखित करता है ।

कलिकालके दोषोंसे रहित हे राजपुत्र ! तुम धर्माविरुद्ध धन, कामकी वृद्धिको प्राप्त करो क्योंकि युक्तिसे धर्म, अर्थ, कामको सेवन करनेवाला नरेश इस लोक, परलोक दोनोंको सिद्ध करता है । अपने प्रमादको नष्ट कर अपने तमाम कार्य वृद्धोंकी अनुमतिसे सदैव करो क्योंकि बृहस्पतिसे विनीयमान (कहा हुवा) इन्द्र, सुरेन्द्र, लीलाको प्राप्त होता है, अथवा वृद्धसे विनीयमान राजा इन्द्रलीलाको प्राप्त होता है । प्रजाको बाधा करनेवाले ऐसे राज्यके नौकरोंको निग्रह, और प्रजाकी उन्नति करनेवाले ऐसे राज्य नौकरोंका अनुग्रह करनेसे वन्दिजनोंसे स्तुति होनेवाले ऐसे राजाकी (तुम्हारी) कीर्ति सम्पूर्ण दिशाओंमें व्याप्त होवेगी । (इस श्लोकके अनुसार वर्तमान नौकरशाही जो कि प्रजाको बाधा कर रही है, उसके लिये निग्रह स्वरूप असद्व्यवहार निवारण प्रायः अहिंसा है अतः जैन समाजका धर्म, कर्तव्य एवं राजनीति प्रतीत होती है ।

हमेशा अपनी चित्तवृत्तिको प्रकाशित मत करो जिससे कि तुम्हारे विचार केवल कार्योंके पश्चात् अनुमान किये जांय; क्योंकि गूढ विचारवाला पुरुष तो है सो दूसरेके विचारको जान सकता है किन्तु दूसरे लोग उसकी मंत्रणाओंको नहीं जान सकते ।

प्रिय पाठक उपर्युक्त विषयोंसे कितनी बड़ी बड़ी उच्चकोटिकी राजनीति है, यदि

यह राजनीति काममें लाई जाय तो आज भारतवर्षकी यह दशा नहीं होती। प्रिय पाठकवृंद, मैं अब "धर्मशर्माभ्युदय"की उत्तमता दिखाता हूं। इस महाकाव्यके रचयिता श्रीयुत कवि हरिचन्द्रकी प्रशंसा बहुतसे प्राचीन विद्वानोंने की है, उसमेंसे हम "कादम्बरी"के रचियता श्रीयुत बाणकवि "हर्षचरित"में कहेगये पद्यको दिखाते हैं।

पदबन्धोज्ज्वलो हारी, कृतवर्णक्रमस्थितिः।
भट्टारहरिश्चन्द्रस्य, गद्यबन्धो नृपायते॥ (हर्षचरित)

प्रिय पाठकवृन्द! प्रसिद्ध बाणकवि भी कहता है कि पदबन्धोंसे उज्ज्वल, हारी, ऐसी भट्टारहरिश्चन्द्रकी गद्यबन्ध नृपकी तरह आचरण करती है। इन्हीं श्रीयुत कविराज हरिश्चन्द्रकृत यह एक मनोहर पद्यकाव्य है।

इसकी हम क्या प्रशंसा करें इसके प्रथम सर्गमें सज्जनदुर्जन वर्णन बहुत चारुरीतिसे किया जाता है। उदाहरणार्थ हम दो पद्य उद्धृत करते हैं।

गुणानघस्तान्नयतोऽप्यसाधुपक्षस्य यावद्दिनमस्तु लक्ष्मीः।
दिनावसाने तु भवेद्गतश्री राज्ञः सभासंनिधिमुद्रितास्यः॥ धर्मशर्मा०

उच्चासनस्थोऽपि सतां न किंचिन्नीचः स चित्तेषु चमत्करोति।
स्वर्णाद्रिशृंगाग्रमधिष्ठितोऽपि काको वराकः खलु काक एव॥ ध.अ.

प्रिय पाठक वृंद! ऊपरके श्लोकमें श्लेषगर्भित स्वभावोक्तिको दुर्जनके लिये कैसा दिखलाया है सो विचारिये। तथा दूसरेमें दुर्जनके लिये कैसा अर्थांतर दिखलाया है।

तथा इसी तरह इस ही पहिले सर्गमें जम्बूद्वीप, सुवर्णगिरि तथा रत्नपुर नामके ग्रामका वर्णन पदलालित्य, अलंकार, रस, उपमा, उपमेय आदिसे अधिकतम सुन्दर बना दिया है। जो कि नैषध माघमें नहीं पाया जा सकता। तथा पांचवें सर्गमें स्वर्गसे उतरती हुई देवांगनाका अत्यंत मनोहर ऐसा वर्णन किया है जो कि नैषध, माघमें उन देवांगनाओंका ऐसा वर्णन ही नहीं मिलता तथा सुन्दरके साथ २ वृहदाधिक्यके साथ किया है; जिसको कि बहुतसे महाकाव्यों सिर्फ ३–४ श्लोकोंसे किया होगा। तथा इसी तरह इस महाकाव्यके कुल दसवें सर्गमें विन्ध्याचल पर्वतका कैसा उत्कृष्ट उत्तम वर्णन किया है जो कि किसी काव्यके अन्दर नहीं पाया जाता है; तथा ११ वें सर्गमें ऋतुओंका वर्णन विशेष उल्लेखनीय है किन्तु हम उसका दृष्टांत स्वरूप देनेमें बिलकुल असमर्थ है; क्योंकि अभी बहुत दूर पड़ाव है;

अब हम हर्षकवि, श्रीयुत हरिचंद्र कविजीकी काव्यरचनाका मिलानकर "महाकाव्य" के भागको खतम करेंगे।

श्रीयुत हर्षकवि राजा नलकी विद्याके वर्णनमें कहते है—

"अधीतिबोधचरणाप्रचारणै, दशः चतुस्रा प्रणेयन्नुपाधिभिः ।
चतुर्दशत्वं कृतवान् कुतः स्वयं, न वेद्मि विद्या सुचतुर्दश स्वयं ॥

अर्थ—महाराजा नल अधीति, ज्ञान, आचार, प्रचार से विद्याओंमें ४ पनेंको करते तथा उन्होंने स्वयं १४ विद्याओंको प्राप्त कर लिया । मैं नहीं जानता कि राजा नलने १४ विद्याओंको कैसे प्राप्त किया ।

तथा कविवर हरिचन्द्रजी राजाकी विद्याका वर्णन करते है ।

ततः श्रुताम्भोनिधिपारदृश्वनो, विशंकमानेव पराभवं तदा ।
विशेषपाठाय विधृत्य पुस्तकं कराच्न मुञ्चत्यधुनापि भारती (धर्म०)

अर्थ—श्रुतसागरके पारको प्राप्त ऐसे इस राजासे पराभव(हार)की आशंकासे ही मानों विशेष अध्ययनके लिये सरस्वती अपने हाथसे आज भी पुस्तकको नही छोड़ती है। विचारिये पाठक उभयकाव्योंकी उत्तमता । अब हम और भी इस विषयमें मिलान करते हैं ।—

हरिचन्द्र कवि राजीके वर्णनमें कहते हैं —

कृतौ न चेत्तेन विरंचिना सुधानिधानकुम्भौ सुदृशः पयोधरौ ।
तदङ्गलग्नोऽपि तदा निगद्यतां स्मरः परासु कथमाशु जीवितः ॥

अर्थ—उस सुव्रताके दो स्तन यदि ब्रह्माने अमृतके कोष नहीं बनाये । तो फिर कहिये उसके शरीरमें लगा हुआ मृत कामदेव किस तरह जीवित हो गया । तथा हर्ष कवि कहते हैं:—

अपि तद्वपुषि प्रसर्पतोऽमितै कान्तिझरैरगाधितां ।
स्मरयौवनयो खलु द्वयोः ध्रुवकुम्भौ भवतः कुचाद्रयौ ॥

अर्थ—कांतिरूपी झरनामे अगाधित दमयन्तीके शरीरमें विद्यमान कामदेव यौवनके लिये उसके कुचयुग तैरनेके लिये दो घड़ोंके समान होते भये ।

कपोलहेतोः खलु लोलचक्षुषो विधिर्व्यधात्पूर्णसुधाकरं द्विधा ।
विलोक्यतामस्य तथा हि लाञ्छनच्छलेन पश्चात्कृतसीवनव्रणं ॥

अर्थ—चंचल है चक्षु जिसके ऐसी राजीमें ऐसे कपोलोंके कारणसे ब्रह्माने चन्द्रमाको द्विधा विभक्त कर दिया । अतएव करनेके उसमें मिलाईका निशान दीख पड़ता है ।

तथा हर्षकवि कहते हैं—

'कृतसारमिवेन्दुमंडलं, दमयन्ती वदनाय वेधसा ।
कृतमध्यविलोक्यते, घृतगम्भीरावनीम्बलीलिम्" ॥

अर्थ—ब्रह्माने निश्चय करके दमयन्तीके मुखके बनानेके लिये चन्द्रमाका सार

सार खीच लिया अतएव सार खीचनेसे श्याम हुए चन्द्रमामे पुतीहुई सफेदी के छुटजानेसे बीचमें कालिमा दिखाई पडती है।

पाठकवृंन्द देखिये कवि हरिचन्द्रजीकी कवितामें कितना रससौन्दर्य है।

इमामनालोचनगोचरां विधिर्विधाय सृष्टेः फलशार्पणोत्सुकः।
लिलेख चक्रे तिलकांकमध्ययोर्भ्रुवोर्मिषादोमिति मंगलाक्षरं॥

(धर्मशर्माभ्युदय)

इस श्लोकमें कविने स्वीकृति वाचक ॐ शब्दको किस अद्भुतीयरूपसे दिखाया है।

इन्ही कवि हरिश्चंद्रजीकी एक उत्तम कल्पना दिखाते हैं।-

उदीरिते श्रीरतिकीर्तिकान्तिभिः श्रयाम एतामिति मौनवान्विधि।
लिलेख तस्यां तिलकांकमध्ययोभ्रुवोर्मिषादोमिति संगतोत्तरं॥

अर्थ—श्री, रति, कीर्ति, कांति इन्होंने जिस समय ब्रह्माजीसे प्रार्थना की उसी समय मौनी बृह्माने तिलका चन्हित भौं इसके बहानेसे ॐ (अर्थात मै स्वीकार करता हूँ) ऐसा समुचित उत्तर लिखा दिया। इसी तरह इनकी प्रत्येक कवितामें नवीन२ सुन्दर कल्पना भरी हुई है।

प्रियपाठकवृंद! इसी तरहसे महा० द्विसधान जिसमें कि एक साथ महाभारत, रामायण दोनोंका एक साथ ही श्लोकोंसे अर्थ लगता चलता है। उदाहरणार्थ हम इसका भी उल्लेख अवश्य करेंगे।

केवरपार्थामधुरा न भारती कथेव कर्णान्तिमुपैति भारती।
तनोति सालंकृति लक्ष्मणान्विता सतां मुदं दशरथे र्यथा तनु॥

१ सर्ग

प्रियपाठकवृंद। इस काव्यके उपर्युक्त श्लोकसे आप अनुमान करसकते है। तथा इस काव्यके अन्दर विशुद्ध, तथा उच्चकोटिके राजनीतिका वृत्तांत आया है। जो कि ऐसे नाजुक जमानेमें उसका कथन भारतके लिये अच्छा होता। प्रियपाठकवृंद द्विसंधानकी तरह चतुःसंधान, चतुर्विंशति संधान उपस्थित हैं जो कि कवि जगन्नाथने बनाये हैं,इनमेंसे चतुःसंधानके हरएक श्लोकका अर्थ चार चार कथाओंके अनुसार चार ४ अर्थवाला होता है तथैव दूसरे चतुर्विंशति संधानके हरएक श्लोकका अर्थ २४ कथाओं (२४ तीर्थंकर) के अनुसार चौवीस २४ होते है। और इसीतरह "सप्तसंधान" के भी सात २ अर्थ लगते हैं। यह महत्त्व जैनेतरोंको नहीं मिलता लेकिन लेख विस्तर होजानेके कारण हम इस विषयको न कहकर अब खंडकाव्योंकी मनोहर वाटिकामें आप लोगोंको लिये चलता हूं "पार्श्वाभ्युदय" काव्य जो कि श्रीयुत जिनसेनाचार्यने कालिदासके "मेघदूत"

अन्याकृत्यमलोवरो भवयमः कुर्वन्मतिं तापसे ।
तत्वा चित्यमतीशिता तयशितः स्तुत्योरुवाणि पुनः ॥
जिष्णूतष्फुटकीर्तिवारवशमः श्रेयोऽभिधे मण्डने ।
धीर स्थापय मां पुरो गुरुवर त्व वर्धमानो रुधी ॥

खडकाव्यमें क्षत्रचूडामणि नामक ग्रथ है इसमें जो महत्त्व है यह किसी कविको नहीं मिला है । इसमें अर्द्धश्लोक मय जीवधर अनुपम विचित्र चरित्र और अर्द्धश्लोकोंमें नीति है । वास्तवमें ऐसा नीतिशास्त्रका काव्य शायद ही सस्कृत काव्योंमें हो जब कि हम इसका स्वाध्याय करते हैं, तो यह मिलता है जिसको कि प्रात काल पढना चाहिये ।

जीवित्वान्तु पराधीनाज्जीवानां मरण वरं ।
मृगेन्द्रस्य मृगेन्द्रत्वं विर्तीर्ण केन कानने ।

अब हम आपको कालिदासके रघुवशकी तथा क्षत्रचूडामणिकी नीतिका मिलान कराते है ।

प्रजानां विनयाधानाद्रक्षणाद्भरणादपि ।
स पितः पितरस्तासां केवलं जन्म हेतवः ॥
रात्रिंदिवविभागेषु यदादिष्ट महीक्षितां ।
तत्तिष्ठेव नियोगेन, स विकल्प पराङ्मुख ।
स वेलावप्रवलयां, परिखीकृत सागरं ।
अनन्यशासनमुर्वी, शशासैक महीमिव ॥ (रघुवशे)

सुखदुःख्व प्रजाधीने, नदाभूतां प्रजापते ।
प्रजानां जन्मवर्जं हि, सर्वत्रापितरो नृपाः ॥
रात्रिंदिवविभागेषु नियतो नियतिं व्यधात् ।
कालातिपातमात्रेण, कर्तव्यं हि विनश्यति ॥
प्रबुद्धेऽस्मिन् सुयं कृत्स्नां रक्षयत्येव पुरीमिव ।
राजन्वती भूरासीदन्वर्थं, रत्नसूरपि । (क्षत्रचूडामणि)

मिलानकर देखिये कितना रस, कान्तिय, सरसता क्षत्रचूडामणिमें टपकती है, "गद्यकाव्य" भी एक, काव्यका भाग है यद्यपि हम इस गद्यके दृष्टांतको पूर्वमें दे चुके हैं फिर भी "गद्यचिंतामणि" कादम्बरीसे पदलालित्य, सरसतामें उत्तम है । कादम्बरीमें वृथा ही असिद्ध शब्दोंको देकर, कठिनता बढ़ा दी है । हम ही इसबातको नहीं कहते । बल्कि एक निरपेक्ष प्रोफेसरका भी ऐसा ही मत है। हम उसके वाक्योंको नीचे उद्धृत करते हैं—

" जैसे भारतके वनमें उन सघन वृक्षोंके नीचेमें पैदा हुई छोटी २ झाडियोंके मोर रास्ता गमन करनेमें असाध्य हो जाता है। और किसी तरह मार्ग निकाल भी लिया जाय तो दुष्ट भयंकर जन्तुओंसे पिंड छुटाना पड़ता है। उसी प्रकार बाण कविकी गद्यमें अप्रसिद्ध शब्दोंके मारे कथोपयोगी समझना कठिन पड़जाता है। और कठिन शब्दोंके समझनेके लिये वृथा ही कष्ट उठाना पडता है "।

वास्तवमें यह बात बाण कविके लिये बिलकुल ठीक प्रतीत होती है, हम लोगोंको बड़ा भारी गौरव समझना चाहिये कि हमारे यहाँपर क ख ग आदि ३२ अक्षरोंका क्रमसे ऐसा श्लोक भी है।

ऐसे श्लोक अन्य काव्योंमें नहीं देखे जाते है। यह महत्व जैन काव्योंमें ही प्रायः मिलता है।

प्रिय पाठक महाशय ! हमारी इस काव्योंकी महत्ताको स्वयं हम ही नहीं कहते बल्कि विजातीय भी कहते हैं "निर्णयसागरमें जितने काव्य निकलते है वह सब प्रसिद्ध काशीनाथ पाडुरंग द्वारा संशोधित किये निकलते है। इन्होंने कईवार एक प्रसिद्ध जैन कार्यकर्तासे कहा था कि " जैन काव्योंके सामने वैष्णवकाव्य निष्प्रभ मालूम पड़ते हैं। " यद्यपि पश्चिमीय निरपेक्ष विद्वानोंकी इस मत पर बहुतसी सम्मतियां है किन्तु मैं उन सबको यहां कहना नही चाहता किंतु कितनी ही भाषाओंका वेत्ता, जगत्सिद्धान्तोंका अनुशीलन करनेवाला प्रसिद्ध डाक्टर हर्टलका कहना है–

" Now what would sanskrit poetry be without this large Sanskrit Literature of Jains. The more I learn to know it, the more my admiration rises

अर्थात्–यदि जैनोंका महान् संस्कृत साहित्य अलग कर दिया जाय तो संस्कृत कविताकी क्या दशा होगी। जितना कि मैं जाननेके लिये पढता हूँ उतना ही अधिक आश्चर्य होता है।

यद्यपि जैन काव्य भारतीय समस्त प्राचीन भाषाओंके अन्दर पाया जाता है किन्तु हम भारतकी होनेवाली राष्ट्रीय भाषा हिन्दी काव्यके महत्त्वका दिग्दर्शन करायेंगे। क्योंकि भारतको स्वाधीनता दिलानेवाले "असहयोग"का मूल प्राण अहिंसाका बारीकतासे इसी काव्यकुंजमें निर्देश पाया जाता है।

नानानन्तनुतान्त तान्तिननिनुन्नुन्नान्त नुन्नानुत।
नूतीनेन नितान्ततानितनुते नेतोन्नतानां ततः।
नुन्नातीतिनुन्नतिं नितनुतान्नीतिं निनूतातनु–
न्तान्तानीतितताननुतानन नतान्नो नूतनैनोन्नु नो। (जिनसतके)

माननीय विचारशील सुहृत्तम पाठकवृंद ! जिस समय हम बहुविस्तृत हिन्दी जैन काव्यसागरकी तरफ दृष्टिपात करते हैं तो हमारी दृष्टि वहांसे हटती नहीं है। और वहां पर चंचल मनको भी अपने स्वभावको बाध्य होकर बदलना पड़ता है। और वह अपने द्वारपाल चक्षुयुगलको वहापर खडाकर आप इस विस्तीर्णसागरमें मनोनीत माणिक्य-पुंजकी प्रबल ग्रहणेच्छासे प्रवेश होता है। धैर्य विभूषित सज्जनवृंद ! आप शांतचित्त होकर थोडे समयके लिये आप भी इस अनतसागरके तट पर एकाग्रचित्त हो बैठिये। थोड़े ही समयमें यह सेवक हिन्दी जैनकाव्योत्तमरत्नपुंज भेंटमें सम्मानित कर आपसे विदा लेगा।

प्रथम जिससमय हम जैन हिन्दीपुराण काव्य, आदिपुराण, महापुराण, हरिवंश-पुराण, पॉडवपुराण, पुण्यास्रव, यशोधरचरित पुराण, आदि जैन पुराण काव्यनिकुंजमें घुसते हैं तो शब्दार्थालंकारोंकी शोभासे पूर्ण, एव च नूतन नामागुणोंकी सुगन्धित माला ओंसे सजे हुए एक ऐसे निकुँजमें पहुँचते हैं--जहा पर धर्म, शान्तिका वायुमण्डल प्रतिस-मय हमारे त्रस्त, चंचलहृदयको,अनुपमशान्त वैराग्यमें स्थित बनाता है। इस पवित्र निकुँ-जमें अधर्म, हिंसादुर्गन्धयुक्त वायुका प्रवेश अन्य परिकल्पित लिंग पुराणादिककी तरह कहीं भी किसी सूक्ष्मातिसूक्ष्म छिद्र द्वारा नहीं हो पाता, क्योंकि इन पुराणानिकुँजोंकी चारों दीवालें अहिंसारूपी ईंटों तथा शान्तिके गिलाओंसे बहुत मजबूतीके साथ बनी हैं। जिस-तरहसे अन्यपुराणोंमें कपोलकल्पित, नितान्तासंभव, भ्रमोत्पादक तथा हिंसा घृणा क्रूरतादि विषयोंकी, अत्याधिक्य मर्यादाके उलंघन करनेवाला वर्णन पाया जाता है। जैसे कि ब्रह्माजी की उत्पत्ति पद्मजसे हुई है (१) सीता की उत्पत्ति विना माता पिताके हुई है (२) तथा एक गौमें ३३ कोटि देवता वास करते हैं इत्यादि असंख्य मिथ्या तथा विशेषवासनाओंके जालमें फंसानेवाली कथाओंका वर्णन जैसे वैष्णव पुराणोंमें पाया जाता है वैसा वर्णन भव्य, सभ्य, काव्यनिकुंजवृंदमेंसे किसी भी काव्यके सूक्ष्मतमांशमें भी अनुपंधानकारियोंके दृष्टिपथ नहीं होता। प्राय इन वैष्णव पुराणोंकी ऐसी निर्मूल, अत्यंतासंभव हिंसासे आढ्य (प्रचुर) देखकर ही हमारे यूरोपीयलोग मनगढंत, मिथ्या, भ्रमोत्पादक, मकारके वर्णनके लिये उपमाका काम लेते हैं।"अस्तु"। हम दृष्टांतस्वरूपमें इनके (जैन पुराणोंके) इधगध इस लेखमें लिखकर इस लेखका गृह-दाकार न करेंगे। किंतु दिग्में संदेव सुननेवाले (हर्षोत्पादक) यशस्तिलकचरित पुराणके वारेमें अवश्य लिखेंगे। इस पवित्र पुराणको पढनेसे राक्षसी प्रकृतिवाले मनुष्यके भी हिंसासे घृणा होकर पवित्र अहिंसामय जीवनका संगठन होगा। तथा इस पुराणमें कविने किस सौन्दर्य अनुपम-अहिंसासे वर्णन किया है कि पाठक महोदयोंके रोमांच खड़े होजाते हैं

॥श्रीवीतरागाय नमः ॥

दिगंबर जैन.

THE DIGAMBAR JAIN.

नाना कलाभिर्विविधश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभि ।
सबोधयत्सत्रमिद प्रवर्त्तताम्, दैगम्बर जैन समाज मानम् ॥

वर्ष १५ वाँ. || वीर संवत् २४४८. आश्विन विक्रम स० १९७८. || अंक १२वा



परमपूज्य दशलाक्षणी पर्व सानंद बीत गया और हमारे परम पूज्य अंतिम तीर्थंकर श्री महावीर प्रभुका निर्वाण दिन भी सब स्थानोंपर निर्विघ्नतासे मनाया गया होगा। हमारे वीरनिर्वाण पर्वका माहात्म्य इतना जगद्व्यापी है कि इस पर्वको हम तो क्या सब हिंदु लोग दिवाली (दीपावली) पर्वके नामसे मानते हैं। इतना बडा भारी पर्व कबसे चालू हुआ और उसको कितना समय बीत गया यह जाननेके लिये और हमारे पूज्य वीर प्रभुकी अहर्निश स्मृतिके लिये श्री वीर प्रभुका संवत चालू हुआ है। वीर प्रभुको निर्वाण-गये २४४८ वर्ष हुए हैं और तबसे ही वीरनिर्वाण संवतका प्रचार है। अब विक्रमस० १९७९ शालिवाहन १८४४, इस्वीसन १९२२ है व पारसी मुसलमानोंके सन् इससे भी कम है तब हमारा वीरनिर्वाण संवत २४४९ हुआ है। परन्तु खेद है कि अब भी हमारे कई जैन भाई वीर संवतका प्रचार नही करते अर्थात् अपनी वहियों, पत्रव्यवहार आदिमें वीर संवतका व्यवहार नहीं करते। अब तो इस प्रमादको हटाना चाहिये और सर्वत्र वीरसंवतका प्रचार करना चाहिये। आशा है सब जैनी भाई इस साल वीर स० २४४९का व्यवहार चिट्ठीपत्री वहियों आदिमें अवश्य करेंगे।

* * *

'दिगम्बर जैन'का १९ वे वर्षका यह अंतिम अंक है। अर्थात इस बलकने १५ वर्षांत्ते। वर्ष पूर्ण किये है। इसका जन्म वीर निर्वाण संवतके प्रारम्भसे ही हुआ है इस लिये नवीन १६ वें वर्षका प्रारम्भ भी वीर सं० २४४९ कार्तिक मासमे ही होगा। नवीन वर्षका सचित्र खास अंक हम मगसिर मासमें निकाल सकेंगे परन्तु यह अंक करीब ८० पृष्ठोंका कई चित्रोंसे सुशोभित प्रकट होगा। इस खास अंकके लिये हिन्दी, गुजराती, मराठी, अंग्रेजी लेख व कवितायें जो भाई भेजना चाहे वे ८ दिनके भीतर २ अवश्य भेज देवें अन्यथा वे स्थान नहीं पा सकेंगे। सबके सुभीतेके लिये नये सालका जैन तिथिदर्पण तैयार करके इसी


अंकके साथ बांट दिया है सो सर्व पाठक समाल लेवें। जहांतक हो नवीन वर्षका अंक शीघ्र ही प्रकट होगा। तिथिदर्पणके चित्रका परिचय भी नवीन अंकमें प्रकट होगा।

* * *

'दिगंबर जैन'का वीर सं० २४४७ व २४४८ का दो सालका मूल्य बहुत ग्राहकोंसे मूल्य व लेना शेष है। यह न वसूल करनेमें उपहार। हमारा ही प्रमाद है। और वह प्रमाद सिर्फ उपहार ग्रंथ तैयार न हो सकनेका है। अब वीर सं० २४४७के दो उपहार ग्रंथ तैयार हुए हैं और ग्राहकोंको वीर संवत २४२७ के मूल्यकी वी० पी०से भेजे जांयगे। वर्ष १९ वीर सं० २४४८ का एक ऐतिहा- ...क उपहार ग्रन्थ तैयार हो रहा है वह तैयार होनेपर उसका मूल्य भी वी०पी०से वसूल किया जायगा। तथा वीर सं० २४४९ में कोई न कोई उत्तम ग्रंथ उपहारमें देनेका हम अवश्य प्रबंध करेंगे। वार्षिक मूल्य सिर्फ १॥।) कायम रहेगा।

* * *

शन थवानी जरूर छे. गत वर्षे नातेपुते (सोलापुर)मां सभा थई गई हती अने आ वर्षे गुजरातमां थाय तो ते वास्तविक छे. नियम प्रमाणे कोई न बोलावे तो मुंबाईमां थवानी जरूर छे. पण जे लाभ गुजरातमां कोई मोटा स्थळे थईने थाय ते मुंबईमां नज थई शके. आ माटे मढुवा (सुरत)मां अतिशय क्षेत्र श्री विघ्नहर पार्श्वनाथ पर अधिवेशन करवानी भ० सुरेंद्रकीर्तिजी वगेरेनी अभिलाषा छे, पण त्यांना भाईओ जे हाम उपाडी ले तोज ते थई शके पण ते करतां विशेष सहेलो तो गुजरातना पाटनगर अमदावादमांज थई शके एम छे. अमदावादमां २० वर्ष थया ओर्डिंग नीकळ्या पछी एक पण उत्सव थयो नथी ने अमदावाद एवुं मध्यस्थ स्थळ छे के त्यां जो उत्सव थाय तो गुजरात ना जैन भाईयो ने बहेनो हजारोनी संख्यामां लाभ ले ने त्यांना २०००० घे० जैन भाईयोनी समक्षमां दि० जैन भाईयोनी पण प्रभावना थाय. आवो प्रसंग बनी शके एवां कारणो उपस्थित छे अने ते एज के अमदावादमां पनामानीपोळमां शेठ नेथुंगभाई हरजीवनदासना अथाग परिश्रम अने उत्साहथी एक मोटी टीप थई हजारसर तैयार थयुं छे तेनी वेदी प्रतिष्ठा थवानी तैयारी छे. जो



श्री हस्तिनापुरजी–में वार्षिक मेला व रथोत्सव आगामी अष्टान्हिका पर्वमें होगा। रथयात्रा १९ को होगी। ठहरनेको धर्मशाला डेरे तथा भोजनके लिये भोजनालयका प्रबंध होगा। सेवासमिति व स्वयंसेवकोंका भी प्रबंध हुआ है।

सिद्धवरकूट–सिद्ध क्षेत्रमें भी वार्षिक मेला अष्टान्हिका पर्वमें सुदी १९ व वदी १को होगा।

औरंगाबाद–की पार्श्वनाथ दि० जैन पाठशालाका वार्षिकोत्सव कार्तिक सुदी १९ को श्री कचनेरजी अतिशयक्षेत्रपर होगा।

बहाड मध्य प्रां० दि० जैन सभा-का पंचम वार्षिकोत्सव ता० ९–१० नवम्बरको श्री मातकुली सिद्ध क्षेत्रपर होगा। पाठशालाओंके छात्रोंकी परीक्षा भी इस समय ली जायगी।

मनोहर बापूजी वकील।

महासभाकी–प्रबंधक व ट्रस्ट कमेटीकी अलग २ मीटिंग आगामी ता० ४–५ नवम्बर मिती कार्तिक सुदी १९ व मगसिर वदी १ को कानपुरमें होगी। सभासद अवश्य पधारें।

चैनसुखलाल छाबडा महामंत्री।

उत्तर बंगालमें–भयानक बाढके कारण हजारों आदमी व पशु मरगये। करोडोंका नुकसान हुआ तथा लाखों आदमी व मकान, अन्न, वस्त्र, घास आदिसे पीडित हैं। इनकी रक्षाके लिये मारवाडी रिलीफ सोसायटी जगमोहन मल्लिक लेन कलकत्ताने फंड खोला है जिसमें १८००० हुए हैं तथा कलकत्तेके दिगम्बर जैन भाइयोंने करीब ६०००) इकत्र करके भेजे हैं। हमने भी १९) भेजे हैं। हरएक पाठकका फर्ज है कि कुछ न कुछ द्रव्य इन दुःखितोंको उपरोक्त पतेसे अवश्य भेजें।

जैन महिलादर्श–नामक मासिक पत्र बहुत उत्तमताके साथ श्राविकाश्रम जुबिलीबाग तारदेव बम्बईके पत्तेसे ६ माहसे २४ पृष्ठोंमें प्रकट होता है। वार्षिक मूल्य सिर्फ १।) है। हरएक बहिन व भाइको इसका ग्राहक होना चाहिये।

सिद्धक्षेत्र श्री कुंथलगिरि–में वार्षिक मेला व रथोत्सव मगसिर सुद १९ को होगा। उसी मौकेपर वहांके देशभूषण कुलभू० ब्रह्मचर्य आश्रमका उत्सव व कसरतके खेल गायन संवाद आदि होंगे। इस आश्रममें ८४ अत्यन्त अनाथ विद्यार्थी शिक्षा पाते हैं। २९ कर्मचारी व १२००) मासिकखर्च है। कुंथलगिरिकी आबो हवा उत्तम है तथा यात्राका अपूर्व स्थान ऊंची पहाडीपर है। बार्सी (सोलापुर) स्टेशनसे १० कोसपर है। गाडीका प्रबंध होता है।

कलकत्तेमें–नवरात्रीपर होता हुआ पाडे बकरे आदिका वध बंद करनेके लिये इसबार दि० जैन भाइयोंने ४०००० नोटेश बंगला व हिंदी भाषामें बांटे थे जिसमें हिन्दु शास्त्रानुसार ही पशु बलि करना धर्म विरुद्ध बताया था इसका असर इतना हुआ कि गत वर्षसे साढे छप्पनी अब इस वर्ष कम हुआ है। रिपोर्टसे

मालूम हुआ है कि इस वर्ष कम होते हुए भी इस वर्ष ६ भैंसे व ९१० बकरेका वध हुआ था। यदि पहिलेसे विशेष प्रयत्न हो तो और भी सफलता मिल सकेगी।

समाधान–हमारी महासभा व उसके पुराने कोषाध्यक्ष बाबू नवलकिशोरजीके बीचमें जो वैमनस्य चल रहा था उसका निबटेरा हो गया। अभी कानपुरमें सं० प्रा० दि० जैन सभाकी प्र० बैठक ता० २३–२४ सितम्बरको हुई थी उसमें बा० चंपतरायजी बेरिस्टर सभापति व नवलकिशोरजी मौजूद थे और एक प्रस्तावानुसार बा० नवलकिशोरजीने महासभाके ९००-००) के नोट बे० चंपतरायजीको दे दिये हैं। हिसाबका निबटेरा भी अब होजायगा।

नये संचालक–भारत दि० जैन महासभाके महामंत्री सेठ चैनसुखदास छावडा नियत हुए हैं। महासभा संबंधी पत्रव्यवहार अब सिवनीसे होगा। महासभाका मुखपत्र 'जैनगजट' भी अब देहलीमें छपकर देहलीसे ही प्रकट होने लगा है। सहायक सम्पादक पं० लालारामजी शास्त्री प्रकाशक हो गये हैं। अब गजटकी दशा सुधरनेकी उम्मेद है।

जैन मित्र मंडल–देहलीका ७वां वार्षिकोत्सव रा० बा० सुखतानसिंहजीके सभापतित्वमें भादों सु० १५को होगया। पं० लालारामजी देवकीनंदनजी आदिके व्याख्यान हुए। कानूनी झगडोंमें मैनीजर मुकन बांटनेका प्रस्ताव पास हुआ व सभापतिने जैन हो बनानेकी सहायतामें ५१) दिये।

विजयादशमी–के दिन सोलापुर और कारंजाकी व्यायामशालामें खास उत्सव होकर तरवार पटा, लाठी जंजीर आदिके कसरतके खेल हुए थे।

महाराजपुर–में ब्र० परमानंदजी हैं और चार माहसे आंतरेसे उपवास कर रहे हैं। आपके उपदेशसे वहां खूब धर्म प्रभावना हो रही है।

नातेपुतेमें–खेमचंद मयाचंद गांधीने अपने पुत्रकी लिपि संस्थान क्रिया महापुराणानुसार अभी की थी।

मांगीतुंगी–में कार्तिक सुदी १५ को व **कुंथलगिरीमें** मगसिर सुदी १५ को वार्षिक मेला होगा।

कम्पिलाजी–तीर्थका प्रबंध अब सुधर गया है।

परतावगढ–में ब्र० गेंदीलालजीके चातुर्मास होनेसे बडी धर्मप्रभावना हो रही है। कई आम सभायें भी होती हैं।

बिना मूल्य मंगालो–अष्टसहस्री, श्लोकवार्तिक, जैनेन्द्र प्रक्रिया, पार्श्वाभ्युदय काव्य और विश्वलोचन कोष ऐसी ११॥=) की **संस्कृत** भाषाकी पुस्तकें हम बिना मूल्य भेजते हैं। सबका पोस्टेज १॥=) भेजकर मगा लीजिये।

नाथारंगजी गांधी सोलापुर।

नये त्यागी–परतापुरमें क्षुल्लक शांतिसागरजीने चातुर्मास किया है और १ माहके उपवासका पारना भादों सु० १५को गमनाबाईके यहां किया था तब गमनाबाईने आजीवनके लिये यावज्जीव कषायसे अप्रवर्तन का धारण किया है।

इसका नाम हीरालाल ब्रह्मचारी रखा गया है। और भी बहुतसे व्रत नियम लिये जा रहे हैं। कन्याविक्रय करनेवाले व कन्या विक्रयवाले लग्नमें भोजन न करनेकी बहुतोंने प्रतिज्ञा ली और ज्यादे दहेज लेनेवालेके यहां भी कई भाई व बहिनोंने त्याग किया है।

कलकत्तेके–अजायबघरमें बहुतसी प्राचीन दि० जैन मूर्तिएं खंडित व अखंडित हैं। इनमें बहुतसी मूर्तिएं दो हजार वर्ष पहलेकी है। पुन्य ब्र० शीतलप्रसादजीने वहां जाकर निरीक्षण करके इसका हाल जैन मित्र अं० ४५ में प्रकट किया है। अखंडित मूर्तियें अपने कबजेमें लेनेका यत्न महासभा व तीर्थक्षेत्र कमेटीको करना चाहिये।

तीर्थ रक्षा फंड–भारत दि० जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटीकी ओरसे प्रतिवर्ष फी घर १) लिया जाता है जिसमें इस वर्ष ता० २८-९-२२ तक कमेटीको १६० स्थानोंसे रु० ३२७१॥) प्राप्त हुये हैं। सबसे बडी रकम ४७३) कलकत्तेकी है। जहां भी तीर्थरक्षा फंडके रुपये इकट्ठे हुए हों बम्बई भेज देने चाहिये।

सागर–पाठशालाके अनुभवी महामंत्री सिं० बालचंदजीका स्वर्गवास हो गया।

'जैन प्रभादर्श'–नामक मासिक पत्र बम्बईसे प्रकट होनेवाला है।

तीन जातियोंका पता–ब्र० सूरजलजी जैनने नागपुर प्रान्तमें भ्रमण करके पत्ता लगाया है कि इस प्रान्तमें अलग २ स्थानोंपर जैनकला २, मानभाउ व जैनकोष्टी नामक जातियां हैं जो पूर्वमें जैन थी व उनके कई आचरण अभीतक जैन धर्मसे मिलते जुलते हैं।

अनंतकीर्ति–सुलभ ग्रन्थमालाका दूसरा ग्रन्थ भी अमितगति श्रावकाचार करीब ४५० पृष्ठमें प्रकट होगया है। मूल व भाषाटीका सहित व मूल्य सिर्फ १॥=) है।

एनापुर–(नेजगांव)में मुनि शांतिसागरजी विराजते हैं। आपके उपदेशको मादों सु० १४ को आणप्पा लेंगडे ब्रह्मचारी हुए हैं।

ब्र० दिग्विजयसिंहजी–ता० २१ सितम्बरको छूटे और अभी विदुषुरामें हैं।

कल्याण जैन छात्राश्रम–इन्दौरमें सर सेठ हुकमचंदजीके हस्तसे रा० बा० दानवीर सेठ कल्याणमलजीने उपरोक्त बोर्डिंग ता० १२ सितम्बरको खोल दिया है। अब कल्याणमलजीके हाइस्कूलमें पढनेवाले छात्र इस बोर्डिंगमें रहसकेंगे।

डॉ० गौड–का सिविल मेरेज बिल बडी धारासभामें पेशकर चुनी हुई कमेटीको सुपुर्द किया गया है जो जैन व हिंदु धर्मसे विरुद्ध होनेसे इसके विरोधमें कलकत्तेमें बडी सभा होकर इसके विरोधमें वाइसरायको तार भेजा गया है और हरएक स्थानसे भी ऐसे तार जाने चाहिये।

६२५०)का दान–इन्दौरमें मादों सुदी ४ को सौ० गुलाबबाई धर्मपत्नी सेठ फतेचंदजीका स्वर्गवास हुआ था इस बाईके दश बालक है, पति भी है तौभी बाईने अपने हाथसे ६२५०) का दान किया है (इसमें ९००) बम्बई श्राविकाश्रम तथा सौ२ दो२सौकी रकमें संस्थाओंको दी है तथा ३०७५०) के हुकमचंद मीलके ६

शेरका व्याज गरीबोंको व्यपारार्थ सहायता व विद्यार्थियोंको इनाममें खर्च किया जायगा।

दाहोद—में जैन पाठशालाका वार्षिकोत्सव पं० दीपचंदजी वर्णीके समापतित्वमें गत माहमें बडे समारोहसे हुआ था। विद्यार्थियोंने उपदेशात्मक कई संवाद किये थे।

अनंतचतुर्दशी—की आम छुट्टी होनेके लिये महासभाने प्रस्ताव पास किया था उसका अमल होनेके लिये महासभाके समापति वे० चंपतरायजी सरकारसे लिखा पढी की तो उत्तर यह मिला है कि सन् १८८१के कानून अनुसार पब्लिक छुट्टीके दिन मंजूर करनेका अधिकार प्रान्तिक सरकारको है इसलिये उन प्रान्तीय सरकारोंको जहां अनंत चतुर्दशीकी छुट्टी न होती हो उसके लिये उनसे पत्रव्यवहार करें।

मूडबिद्री—में बडे मंदिरके जीर्णोद्धारका कार्य पूर्ण हुआ है और आगामी माघ माहमें पंचकल्याणक प्रतिष्ठा होनेवाली है।

c दान-भावनगरमा अषाड मासमां मोतीयंद गोकलदासनी विधवा कंकुबाइओ पोताना अवसान समये नीचे प्रमाणे ५०१) नु दान कर्युं हतुं-१२०) शेत्रुंजय पर जीर्णोद्धार माटे, १२०) भावनगरना देहरासरम. चादीनी दीवी माटे, २०) पाठशाला, २५) काशी विद्यालय, २५) ध्व० आश्रम, ५१) कुंथलगिरि आश्रम, २५) मोरेना विद्यालय, २५) सुभाष ब्रह्मचर्याश्रम तथा परचुरण.

भावनगर-मा संतोक बहेन पाठशाळानुं काम सारे चाले छे. २६ विद्यार्थी छे. शाळाने अंगे इनामी इंड छे, तेमा आ वर्षे ११५) पेटलाद संघे आप्या हता. वारवार इनामो वंचाय छे. पंडितनी जरूर छे.

अमदावाद-नी शेठ प्रेमचंद मोतीयंद वि. दीन ओडिंगनी आतरिक व्यवस्था सारी रीते चाली शके ते माटे गुजरातना भाईयोनुं एक व्यवस्थापक मंडळ नीमवानो विचार करवाने एक मीटिंग अमदावाद ओडिंगमां आसो वद ३ पर पोपीझनल कमेटीना मंत्री शेठ हरजीवनभाइ रायचंद ओलावी हती जेमा गुजरातमाथी २५-३० आगेवानो एकत्र थया हता अने शेठ मंगळदास नाथाभाइना प्रमुखपणा नीचे मीटींग थइ हती अने तेमां हरजीवनभाइ, मुलचंदभाइ कापडिया, छोटालाल धे. गांधी वगेरेना विवेचनो पछी एक व्यवस्थापक मंडळ नीचेना ११ सभ्योनुं नीमवामा आव्युं हतु. शेठ ताराचंद नवलचंद (प्रमुख), शेठ लल्लुभाइ लखमीचंद, शा० हरजीवनभाइ रायचंद उपप्रमुख, चीमनलाल नरसिंहदास वकील (सेक्रेटरी), मुलचंद कसनदास कापडीया, छोटालाल धेलाभाइ गांधी, शकरलाल तापीदास, डॉ० माधवलाल, चीमनलाल जेशंभाइ, रतीलाल जगजीवनदास अने डाह्याभाइ हरगोवनदास. आ प्रसंगे रूपाभाइ रभारह मंडळनी वार्षिक सभा पण शेठ रतनचंद प्रेमचंद झवेरीना प्रमुखपणा नीचे थइ हती तेमां रिपोर्ट वंचायो हतो ने विद्यार्थीओना भाषणो थया हता. तेमज 'स्वतंत्र' विद्यार्थी नामनुं क्षेमित भाषिक विद्यार्थीओ अठवार पाडवा मांडयुं छे तेनो प्रथम अंक रजु थयो हतो. विद्यार्थीओमा प्रान्त भाव, देश सेवा ने ऐक्य दीवी विशेष थयेली भासम पडती हती. वळी व्यवस्थापक मंडळना शरूआतना खर्च माटे २५) मांडेभाहे भराया हता. तेमज शेठ मंगळदासे बे दिवसनो रसोडा खर्च आप्यो हतो.

पूजनोपयोगी शुद्ध स्वदेशी-
पवित्र काश्मीरी केशर।
२।) फी तोला
मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।

पर्युषण पर्व ।

આમોદ–માં પાંચેમ આઠેમ ને પૂનેમે ખાસ સભાઓ ભરાઇ દશ ધર્મ તથા બાદી વાપરવા શેઠ હરજીવન રાયચંદ વગેરેના વિષે ભાષણો થયા હતાં જેની અસરથી દહેરાસરમાં વપરાતું ભ્રષ્ટ કેશર બંધ કરવામાં આવ્યુ, વિદેશી ભ્રષ્ટ ખાંડના પતાસાં ને સાકર બંધ થયાં, તથા વરઘોડો સ્વદેશી પોષાકમાં નીકળ્યો હતો. અત્રે બાદીનો પ્રચાર વિશેષ છે.

અકલકોટ–માં નિત્ય તત્વાર્થ ને દશ ધર્મના વિવેચનો થતાં ને ચાર જાહેર સભાઓ થઇ હતી તેમાં વિદ્યોન્નતિ સંવાદ નાટક રૂપે ચર્ચાયો હતો. વરઘોડાની શોભા અપૂર્વ હતી. તેમજ મોટા દહેરાસરનો શિખર પૂરો કરવા માટે ૧૭૭૬)ની ટીપ થઇ છે જેમાં છસો રૂની બે રકમો મેતા રામભાઉ કરતુરચંદ ને નાનચંદ મુખારામની છે ને કામ ચાલુ છે.

સીતવાડા–માં ૧૫ ભાઇબોએ જુદા જુદા વ્રત કર્યાં હતાં. ઉત્સાહ સારો હતો.

તલોદ–માં ૧૩ જણે વ્રત કર્યાં હતા પણ શા૦ નેમચંદ જેચંદે દહેરાસરમાં આપેલું ઘરેણ આપવાથી ઝવેરો હોવાથી વિશેષ પ્રભાવના થઇ નહોતી.

વડોદરા–માં નિત્ય વાજીંત્ર સાથે પૂજન થતું રોજ શાસ્ત્ર વંચાતું તેમજ ખાસ સભા થઈ એકતા વિષે ભાષણ અપાયું હતું તથા પાઠશાલાના વિદ્યાર્થી ને બાલકોઓને ઇનામ વેચાયા હતાં, મંડળને લીધે અત્રે ઉત્સાહ સારો છે. તીર્થરક્ષા ફંડનો એકેક રૂપ્યો બધાએ તરતજ આપી દીધો હતો.

કાણીસા–માં ઉત્સાહ બહુ સારો હતો. શાસ્ત્રની સુચી તૈયાર થઇ. ખંભાત મોંદર માટે ટીપ થઇ. વરઘોડાની શોભા અપૂર્વ હતી.

પાદરા–માં એક બાઇએ પાંચ ને બેએ ત્રણ ત્રણ અપવાસ કર્યા હતાં. પાઠશાળા બંધ હતી તે ૫૦ મુનિ કેશરવિજયજીના ઉપદેશથી ચાલુ થઇ ને પાંચ વર્ષ માટે ટીપ થઇ છે. સંસ્કૃતનો અધ્યાપકની જરૂર છે.

જાહેર–માં ગયે વર્ષે ગંભીર બનાવ બનેલો તેનો નીવેડો હજુ આવ્યોજ નથી જેથી ઘણાઓ પર્યુષણ કરવા બહારગામ ગયેલા ને દહેરાસરમાં પૂજા, પ્રભાવના, શાસ્ત્ર વરઘોડો કે પાખી કંઇપણ થયેલું નહીં !! કોઇપણ રીતે આ ઝવડાનો નીકાલ થવો જોઇએ અથવા નો નરસીપુરમાં નવું દેહરાસર બંધાવવું જોઇએ. એમ. ડી. શાહ.

ગુજરાત–માં જુદે જુદે સ્થળે ઉજવાયેલા પર્યુષણ પર્વના સમાચારનો લેખ મુંબાઇના ગુજરાત દિ૦ જૈન યુવક મંડળ તરફથી મલ્યો છે તે સ્થાનાભાવને લીધે આવતા અંકમાં આપેા પ્રકટ થશે.

સુરત–માં નવાપરાનાં મંદિરમાં નિત્ય અમો શાસ્ત્ર વાંચતા હતા. ચાર દાનની ટીપ થઇ હતી તેમાં રૂા૦ ૫૨૫) શ્રી સમાજ તથા આશરે ૧૫૦) પુરૂષ સમાજ તરફથી થયેલા તે જુદી જુદી સંસ્થાઓને મોકલવામાં આવ્યા હતા તેમજ તીર્થ રક્ષા ૪૬માં ૫૯) ભરાયા હતા. સ્ત્રીઓની પાઠશાલા ચાલુ છે ને છોકરાઓની પાઠશાલા બંધ હતી તે પાંછી ભાદરવા વદ ૫ થી ચાલુ થઇ છે જેમાં ૩૫ વિદ્યાર્થી લાભ લે છે. અત્રે સ્ત્રીઓમાં ધર્મપ્રેમ વિશેષ છે.

खंडवा–में एकने १० व कई बाइयोंने पांच २ उपवास किये थे। परतापगढ–में ब्र० गेंदीलालजीके ठहरनेसे खूब धर्म प्रभावना हुई थी। भिवानी–में न्या० पं० माणिकचंद्रजीके पधारनेसे धर्मामृतकी वर्षा खूब हुई थी। नादगांव –में भी ऐलक पन्नालालजी व ब्र० हीरालालजीके

होनेसे अपूर्व आनंद रहा। **दाहोद**–में पं० दीपचंदजी वर्णी होनेसे तत्वचर्चाका लाभ अपूर्व था। पाठशालाका उत्सव भी हुआ तथा कई भाइयोंने यज्ञोपवीत संस्कार कराया था। **कुचामन**–में तेरह द्वीप ढाई द्वीपकी पूजन भी हुई थी। **झालरापाटन**–में मुनि चंद्रसागरजीने १६ उपवास किये थे। **कोपरगांव**–में तात्या केशव चोपडे कीर्तनकार पधारनेसे खूब आनंद रहा था। **बोधेगांव**–में जलयात्रा अभिषेक पूजन व्याख्यानका आनंद अपूर्व था। **खेखडा**–में जैन कुमार सभाके प्रयत्नसे मंदिरमें भी खादीके वस्त्रका व्यवहार प्रारंभ हो गया। **पवई**–में सब मंदिरमें स्वदेशी वस्त्र रखनेका ही प्रस्ताव हो गया। **रायपुर**–में फूट मिटकर एकता हो गई। **छिंदवाडा**–में बालसभाका प्रयास उत्तम था। पाठशालाका पंचायतीकी ओरसे प्रबंध हो गया। रेशम व विदेशी वस्त्र मंदिरमेंसे निकाल देनेका प्रस्ताव हुआ। पवित्रताका निर्णय न होने तक केशर बंद किया गया। वहियोंपर कपडे गत्ते लगाये गये आदि महत्वपूर्ण कार्य हुए। **लाडनूं**–में व्रत नियम उपवास खूब हुए। शास्त्र नित्य होता था व संस्थाओंके लिये १००) चंदा हुआ था।

खातेगांव–में पं० प्रेमरामजीने उपदेशसे दि० जैन मंडल स्थापित हुआ, ११ स्वयंसेवक हुये व पाठशाला चालू हो गई। **सोलापुर**–में व्रत उपवास खूब हुए थे। नित्य शास्त्र होता था। जैन गार्डन समाजका मेलेमें प्रथम नंबर था। **जिंतुर**–में ब्र० महावीरप्रसादजीके उपदेशसे रथयात्रा हुई थी। **नेमागिरी** फंडमें १०९) आये थे **कलकत्ता**–में पूज्य ब्र० शीतलप्रसादजीका चातुर्मास होनेसे यह पर्व अपूर्व सफलतासे पूर्ण हुआ था। आप ब्र० चांदमलजी, पं० झम्मनलालजी, पं० मुन्नालालजीका उपदेश अच्छा हुआ था। कई भाई बहिनोंने ८–९–१० तक उपवास किये थे। स्त्रियोंमें जैन कन्याशालाके लिये १२००) का चंदा हुआ। दो आम सभाएं हुई थीं। सेठ रामजीवनदासजी आदिके उद्योगसे संस्थाओंके लिये १०००) का चंदा हुआ था जो संस्थाओंको मांग करके बडी २ रकम भेजी गई। तीर्थरक्षा फंडकी उगाही हुई थी। सामायिक पाठ व नियम पोथी सबको बांट गये थे।

नये २ ग्रंथ मगाइये।

बृ०निर्वाण विधान पृ० ९६ ।≈)
अमितगति श्रावकाचार–भागचंदजी कृत टीका सहित, अनंतकीर्ति ग्रन्थमालाका दूसरा सुंदर ग्रन्थ, पृ. ४४० मूल्य मात्र १॥≈)
श्री पद्मपुराणजी (सचित्र पृ०९२९) ११)
पार्श्वनाथचरित्र ए०४२९(पक्की जिल्द) २॥)
जैनार्णव (१०० ग्रंथका संग्रह) १।)
दौलत पदसंग्रह १–२(नवीन) ॥)
शांतिसोपान (ब्र० ज्ञानानंदजी कृत) ॥)
जैनबालबोधकभा० भाग(पं.पन्नालालजी कृत)।≈)
" " दूसरा " " " ।≈)
महिलाओंका चक्रवर्तित्व १)
धर्मसंग्रह श्रावकाचार ५)
पवित्र केशर व सभी दि०जैन ग्रन्थ मिलनेका पता
मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय–सूरत।

जैन काव्योंका महत्व।

(गतांकसे आगे)

इस बातको हमारे नन्दनीय स्वाध्यायिवर्ग तथा सभाके विद्वान स्वाध्याय कर अपने हृदक्षेत्रोंमें विश्वस्तको वो सकेंगे। मे अब पुण्याश्रवादि उत्तमोत्तम जैनकाव्योंकी उत्तमता बतलानेके लिये समय नहीं रखना। फिर भी काव्योत्तम पार्श्वपुराणवचनिकाके कुछ चुने हुए कुसुमोंसे आप सज्जनोंपर वर्षा करताहुआ इस प्रकरणको शान्त करूंगा।

वास्तवमें कविवर भूधरदासजीने श्री पार्श्वनाथ पुराणको आद्य दृष्टया अति मनोहर काव्य बनादिया है। दृष्टान्तके लिये हम उनका आधका कल्पद्रुम देते हैं-

भुवनतिलक भगवंत, संतजन कमल दिवाकर।
जगतजंतु बंधव अनंत, अनुपम गुणसागर॥
रागनाग मयमंत, दंत-उच्छेदन बलि अति।
रमाकंत अरहंत, अतुल जसवंत जगतपति॥

तथा च-विमलबोधदातार, विश्व विद्या परमेसर।
लछमीकमलकुमार, मार मातंग-मृगेसर॥
मुखमयंक अवलोकि, रंक रजनीपति लाजै
नाममंत्रपरताप, पाप पन्नग डरि भाजैं॥

क्या ही आदरणीय तथा आलंकारिकाभूषणोंसे सज्जित है। पाठक क्षमा करें, हमें इन कविकी इस लेखनशैलीकी उत्तमताको देखकर आश्चर्य होता है तथा हम इसी पुराणके और श्लोक कुछ देंगे जिससे कि इनकी विद्वत्ताका पूर्ण पता लगे-

जय अश्वसेन कुलचंद्र जिन, सक्र चक्र पूजित चरन।
तारो अपार भवजलधितें, तुम तरंड तारन-तरन॥
बाघ सिंह बस होयहिं, विषम विषधर नहि डकैं।
भूत प्रेत बैताल, व्याल बैरी मन सकैं॥
साकिनि डाकिनि अगनि, चौर नहि भय उपजावें।
रोग सोग सब जांहि विपत नेरे नहिं आवें॥ (पा० पु०)

पाठक वृंद, कविकी इस अनुपम कवितामें शब्दालंकार, अर्थालंकारको देखकर क्या नहीं कह सकते कि जैनेतर काव्योंमें ऐसे पुराणरत्न उपस्थित होंगे? अब इन्हीं कविका बनाया हुआ "जैनशतक" ग्रंथ है। इसकी उत्तमताका वर्णन क्या करें यह हि दीमें पद्य मय अत्यंत काव्य है जिसकी कि कुछ बानगी हम आपको देते हैं-

चितवत वदन, अमल चंद्रोपम, तजि चिंता चित होय अकामी।
त्रिभुवन चंद पाप तप चंदन, नमत चरन चंद्रादिक नामी।

तिह, जग छई चंद्रिका कीरति, चिह्न चंद्र चिंतत शिवगामी ॥
वन्दौं चतुर चकोर चन्द्रमा, चन्द्रवरन चंद्रप्रभस्वामी ॥

इसी तरह और भी चतुर्विंशति स्तुति कैसी उत्तम की गई है इसको हमारे पाठकवृंद ही विचारें।

इस कविने यज्ञमें हिंसानिषेधार्थ कैसे अनमोल बोल कहे हैं—

कहै पशु दिन सुन यज्ञके करैया मोहि,
होमत हुताशनमें कौनसी बडाई है।
स्वर्गसुख मैं न चहौं "देह मुझे" यौं न कहौं,
घास खाय रहौं मेरे यही मन भाई है॥
जो तू यह जानत है वेद यौं बखानत है,
जज्ञ जलौ जीव पावै स्वर्ग सुखदाई है।
डारै क्यों न वीर यांमें अपने कुटुंब ही कौं,
मोहि जिन जारै जगदीश की दुहाई है॥

प्रिय पाठकवृंद! कविकी जब यह सरल, युक्ति पक्षमें हिंसाका निषेध, अन्यमतावलम्बि देखते हैं तो दांतों तले उँगली दबा लेते हैं। बस इन कवित्तके दो ही ग्रंथोंकी बानगी देकर हम आगे बढ़ते हैं। हम स्वर्गीय कविवर द्यानतरायजीकी कविताकी अब उत्तमता बतावेंगे। हम उदाहरणके लिये इनका "धर्मविलास" पेश करते हैं। वास्तवमें हिंदी संसारमें यह एक उत्तम पद्य ग्रंथ है। इसकी भी थोड़ी कल्पना भव्य पाठकोंके निमित्त पेश करता हूं। ज्ञानीका बल वर्णन आपने छप्पयमें इस प्रकार किया है—

धाम तजत धन तजत, तजत गजवर तुरंग रथ।
नारि तजत नर तजत, तजत भुवपति प्रमाद पथ॥
अघि भजत अघ भजत, भजत सब दोष भयंकर।
मोह तजत मन तजत, सजत दल कर्म सचुवर॥
अरि चट्ट चट्ट सब कट्टकरि, पट्ट पट्ट महि पट्ट किय।
करि अट्ट नट्ट भवकट्ट यदि, मट्ट सट्ट सिव मट्ट लिय॥
तजत अंग अरधंग करत थिर, अंग पंग मन।
लखि अभंग सरवंग, तजत वचननि तरंग मन।
जित अनंग थिति सैलसिंग, गहि भावलिंग वर।
तप तुरंग चढि समा रंगरचि, करम जंग करि।

अरि झट्ट झट्ट मदहट्ट करि, सटसट्ट चौपट किय।
करि अट्ट नट्ट भव कट्ट दहि, सटसट्ट सिव सट्ट लिय। इत्यादि

विचारक गण! विचारिये कैसी अनुपम कविता है। इसके रस वैराग्यके चढ़ावको देखिये तथा जैनेतर नागरी काव्य पुंजमेंसे शायद ही इस ढंगकी उत्तम कविता मिले। ऐसी कविताओंके पुंजका पुंज इनके काव्योंमें पाया जाता है।

अब हम आपको कविवर भगवानदासजीका भी परिचय देंगे। आपका वृहद्ग्रंथ समुच्चय हिन्दी जैन काव्योंमें पाया जाता है। आपकी कविताकी पादें हम यहां पर दें तो ठीक होगा! विचारशील विद्वद्वृन्द। प्रायः कवि केशवदासको प्रायः सब हिन्दी संसार जानता होगा। कवि केशवने अपना "रसिकप्रिया" नामक काव्य बनाकर समालोचनार्थ कविवर विद्वच्छिरोमणि भगवानदासजीके समीप भेजा। कविवर भगवानदासजीने १ पद्य इसकी समालोचनामें भेजा। वह पद्य आपलोगोंके लिये दिया जाता है जिससे कि आपको उत्तम कविताका पता लगेगा।

बड़ी नीति लघु नीति करत वह, बाप सरित बह बोप भरी।
फौज आदि फुनगुणीमंडित, सकलदेह मनुरोग दरी।
श्रोणित हाड़ मांस मय मूरति, तापर रीजत धरीय धरी।
ऐसी नारि निरपि कर केशव, रसिक प्रिया तुम कहा करी।

प्रिय पाठकवृन्द! देखिये कैसी उत्तम कविता तथा अर्थ (केशवने रसिकप्रिया एक स्त्रीपर मोहित हुई थी) स्फुट है। वास्तवमें हमने जितना भी संस्कृत साहित्यको तरह हिन्दी जैन काव्यको देखा है, कहीं भी शृंगार रसकी प्रधानता नहीं देखी। अक्सर जैनेतर हिन्दी काव्य शृंगाररसमय ही होते हैं। कृष्णजीकी स्तुति भी राधाके कटाक्ष, गोपियोंकी आसक्ता तथा नीच भावोंसे भरी हुई होती है लेकिन जैन काव्यकुंजमें कहीं भी शृंगार मय कविताका आविर्भाव नहीं पाया जाता है। अतः यह बात बिलकुल असत्यशः सत्य है कि जैन काव्योंके निर्माणमें श्रीयुत भूधरदासजी, दौलतरामजी, बनारसीदासजी, श्री वृन्दावनदासजी आदि कविश्रेष्ठोंने शृंगार रसकी निंदा करते हुए वैराग्यामृतहीको रचा है जिसको पढ़कर हिन्दीके विद्वान् प्रतिदिन वैराग्य नदीमें सानंद गोते लगाते रहते हैं तथा केशवादि द्वारा रचे हुए, अजैन काव्योंमें वैराग्यका नाम तक नहीं पाया जाता। बल्कि इन लोगोंके काव्यपुंज भारतवर्षकी अवनतिमें ही प्रधान कारण हुए हैं।

मान्यवर पाठक! अब हम आपको कविश्रेष्ठ बनारसीजीकी कविताऽमृत पान कराते हैं—

"गुणविचार शृंगार वीर उदिम उदाररुख ।
करुणा समरस रीति, हास हिरदै उछाह सुख ॥
अष्ट कर्मदल मलन, रुद्र थरते तिहि थानक ।
तन विलेच्छ वीभत्स, द्वन्द दुख दशा भयानक ।
अद्भुत अनंत बल चिंतवन, शांत सहज वैराग ध्रुव ।
नवरस विलास परकाश तव, जय सुबोध प्रगट हुव ।

पाठक, जिस तरह जैनेतर कवि शृंगारन विषय पर ही कविता रचकर सुकवि बननेका दावा करते हैं । किन्तु हमारे कविश्रेष्ठ श्रीयुत बनारसीदासजीने उपर्युक्त पद्यमें आत्मामें ही नवरस अति सुंदर रीत्या घटित किये हैं । पर वृह्दात्माका यह नवरस युक्त अपूर्व चिंतवन अविद्वानोंको अभूतपूर्व आनन्दमय बनाता है ।

ऐसी जैन कवियोंकी अनुपम सुन्दर कविता क्या अनैन काव्योंमें मिल सकती है? हम इन्हीं कविश्रेष्ठकी कविता ऐसी पेश करते हैं कि समस्त हिन्दी संसारमें इस ढँगकी कविता नहीं मिलेगी ।

भगवान पार्श्वनाथ और सुपार्श्वनाथकी स्तुतिमें आपका

(सर्वहस्वाक्षर) मनहरण

करम भरम जग तिमिर हरन खग ।
उरगलंछन पग शिव मग दरसि ।
निरखत नयन भविक जल वरषत ।
हरषत अमित भविक जन सरसि ॥ १ ॥
मदन कदन जित परम धरम हित ।
सुमिरत भगत भगत सब डरसि ।
सजल जलद तन मुकुट सपत फन ।
कमठ दलन जिन नमत धनरासि ॥ २ ॥

(सर्व ह्रस्वकागत) पद्मद

सकल करम मल दलन कमठ शठ पवन फनक नग ।
धवल परम पद रमन, जगत जन अमल कमल खग ।
परमत जलधर पवन, सजल घन समन समकर ।
पर अघर जहर जलद, सकल जाननत भय भय हर ॥
यम दलन नरक पद छयकरन, अगम अमठ भव जल तरन ।
वर सपल मदन धन हरद हन, जय जय परम अभय करन ॥३॥

प्रिय पाठकवृन्द, विचारिये कैसी उत्तमतम कविता है। क्या ही पदलालित्य अर्थगांभीर्यमय एवं च अलंकारोंसे सुसज्जित है। इन कवीश्वर श्रीयुत बनारसीदासजीद्वारा जैन काव्यपुंज बहुलतासे रचा गया है। इन कविवरकी कविता देखकर श्रीयुत रामायण लेखक गोस्वामी तुलसीदासजी भी इनपर प्रत्यंत, प्रेम, श्रद्धा करनेलगे थे। एक दफे गोस्वामी तुलसीदासजीने अपनी "रामायण" की समालोचनाके बारेमें पूछा तब पूज्य कविराजीने उत्तर दिया।

राग सारंगवृन्दावनी।

विराजै रामायण घट मांहि, मरमी होय मरम सो जानै।
मूरख मानैं नाहिं विराजै, रामायण घट मांहि ॥ १ ॥
आतमराम ज्ञान गुन लछमन, सीता सुमति समेत।
शुभपयोग वा नर दल मंडित, वर विवेक रण खेत, विराजै० ॥२॥
ध्यान धनुष टंकार शोर सुनि, गई विषयदति भाग।
भई भस्म मिथ्यामत लंका, उठी धारणा आग, विराजै० ॥ ३ ॥
जरै अज्ञान भाव राक्षसकुल, लरे निकांछित सूर।
जूझे रागद्वेष सेनापति, संसै गढ़ चकचूर, विराजै० ॥ ४ ॥
विलखत कूंभकरण भव विभ्रम, चुलकित मन दरपाव।
धाकित उदार धीर महिरावण, सेतुबंध समभाव, विराजै०
मूर्छित मंदोदरी दुराशा, सजग चरन हनुमान।
घटी चतुर्गति परणति सेना, छूटे छपक गुण वान, विराजै० ॥६॥
निरखि सकति गुन चक्रसुदर्शन, उदय विभीषण दीन।
फिरै कबंध मही रावणको, प्राणभाव शिरहीन, विराजै० ॥ ७ ॥
इह विधि सकल साधुघट अंतर, होय सहज संग्राम।
यह व्यवहार दृष्टि रामायण, केवल निश्चय राम, विराजै० ॥

तुलसीदास इस अनुपम आध्यात्मिक चातुर्यको देखकर अत्यंत प्रसन्न हुये और अपनी कविताको "किसी भी लायक भी नहीं" यह कहकर कविवरजीकी भक्तिसे "भक्ति विरदावली" नामक सुन्दर कविता (पार्श्वनाथ स्तोत्र) प्रदान की। वास्तवमें इन कविवरकी जितनी भी कविता कुसुम वाटिका है वह सब आध्यात्मिक गंधसे सुगंधित है। आपका बनाया हुआ "समयसार" कैसी सुंदर कविताओं आध्यात्मिक रससे भरा हुआ है इसके लिये हम आप लोगोंको एक पद्य भेंट करते हैं—

राम रसिक अरु रामरस, कहन सुननको दोय ।
जब समाधि प्रगट भई, तब दुविधा नहि कोय ॥
नंदन वंदन थुति करन, श्रवण चिंतवन जाप ।
पठन पठावन उपदिशन, बहुविधि क्रिया कलाप ॥
शुद्धातम अनुभव जहां, शुभाचार तिहि नांहि ।
करम करम मारग विषें, शिवमारग शिव मांहि ॥

और भी जैनसाहित्यमें अच्छे २ ग्रंथ हैं उनमें से श्रीयुत कवि वृन्दावनजीके पुत्र अजितदासने जैन रामायण जिसमें कि ७२ अध्याय हैं, रची हैं। काव्यदृष्टिसे यह भी अनुपम कविता है। इसमें तुलसीदासजीकी तरह निर्मूल विवेचन नहीं किये गये हैं।

जैनकाव्यनिकुंजमें 'बुधजनसतसई' भी बहुत उत्तम ग्रंथ है। इसकी बानगीके लिये हम नीचे लिखते हैं—

आपने पहिले १०० श्लोकोंमें जिन स्तुति की है उनके दो श्लोक यह हैं—

तीन लोकके पति प्रभु, तीन लोकके तात ।
त्रिविधि शुद्ध वन्दन करूं, त्रिविधि ताप मिट जात ।
मन मोहो मेरो प्रभु, सुन्दर रूप अपार ।
इन्द्र सारिखे थकगये, करि करि नैंन हजार ॥

आगे जाकर इसी ग्रंथमें बहुत ही अच्छी २ शिक्षायें, तथा शुभ नीतिपूर्ण है। जिनको पढ़कर आश्चर्य होता है।

प्रिय पाठको, अब आपका समय नहीं लेना चाहता हूं बल्कि इसी कथनको उपसंहारसे कहता हूं।

संसारमें संस्कृत काव्यसागरके समान कोई भी काव्य इस जगतमें नहीं है, तिस संस्कृत काव्यसागरमें भी जैन काव्यसागर अत्यंत विस्तीर्ण है तथा इसके अन्दर यह यह रत्न उपस्थित हैं कि यदि काव्यरसिकवृन्दोंने इसको छाना तो उन रत्नोंको प्राप्त होगी, जो कि जैनियोंके लिये ही वे भूषण नहीं होंगे बल्कि इस २० कोटि जनसंख्यावाले भारतवर्षके लिये अनुपम प्रदर्शनीयका स्थान पावेंगे। तथा जैन हिन्दीकाव्यपुंज भी हिन्दी काव्यनिकुंजमें अनुपम, वैराग्यके रससे अमृतको पिलाता हुआ, दीन हीन भारतके रक्षक असहयोगकी जांन अहिंसाके सूक्ष्म तत्त्वोंकी शिक्षा देकर इतिहासमें अपना सर्वोपरि नाम लिखवा सकता है। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

भवदीयगुणानुरक्त ।

लेखक—पन्नालाल स्याद्वादी, शायोदरांद, मोरेना (ग्वालियर)

उपवास-महिमा ।

पाठक ! चंचल चित्त सँभालो-करो दूर अविवेक ।
स्वास्थ्य सर्वदा जीवन-जीवन संयम सिद्ध-विवेक ॥
गाँठमें बाँधो मंत्र महान्-करो उपवास-बनो बलवान् !
काम-अर्थ पुन धर्म-मोक्षकी, सिद्धि स्वास्थ्यके हाथ ।
कमी न स्वास्थ्य रहेगा निश्चल, यदि उपवास न साथ ॥
सुनो यह आयुर्वेदिक गान-करो उपवास-बनो बलवान् !
खाना पीना मौज उड़ाना, यही नहीं है कर्म ।
कुछ तो शर्म शेष ही रहती, कुछ तो रहता धर्म ॥
मानवी जीवन दुर्लभ जान-करो उपवास-बनो बलवान् !
आधा पेट कीजिये भोजन, सो भी सादा पुष्ट ।
आधा भरो पवन पानीसे, हटे अजीर्ण दुष्ट ॥
बना जो आज मवाले जान-करो उपवास-बनो बलवान् !
प्रति हफ्तेमें एक दिवस तो अवश्य करो उपवास ।
पावक-यंत्र धकावट खोवें मलका होवे खटास ॥
सुधाका होवे सच्चा ज्ञान-करो उपवास-बनो बलवान् !
मन मलीन त्यों विकसित होवे, कर निज हलका भार ।
मरा हुआ 'एकाग्र' तत्वमें, जग-जीवनका सार ॥
कि जिससे दृढ़ हो नाता ध्यान ! करो उपवास-बनो बलवान् !
क्रोध दूर होनाता बिलकुल, आजाती है शान्ति ।
और दीख जाती है सचमुच, वह अभिमानी भ्रान्ति ॥
कि जिससे दूर हुआ कल्यान । करो उपवास-बनो बलवान् !
भूखोंके प्रति दया उमड़ती, रहे दानका ख्याल ।
देकर ही लेना होता है, यों हल हुआ सवाल ॥
शीघ्र ही बन जाओ धनवान् । करो उपवास-बनो बलवान् !
हिंसा-वृत्ति दूर हो इससे, ऐसा सरल उपाय ।

दिखलाना विज्ञान विश्वका, ईश्वर भी दिखलाय ॥
गृहस्थोंको ये योग समान–करो उपवास–बनो बलवान् !
दुख पाते यदि नित रोगोंसे, लगता जीवन भार ।
पड़े हुए हैं कार्य अधूरे, तो इस ओर निहार ॥
शास्त्रकी बात लीजिये मान ! करो उपवास-बनो बलवान् !
निज नारीके सिवा, सभीको देखो मात समान ।
बन गार्हस्थ्य–ब्रह्मचारी यों, चमकाओ निज शान ॥
मित्र ! पुनः बनिये निष्ठावान्–करो उपवास–बनो बलवान् !
शक्तिहीन क्या कर सकते हैं, कोई यशके कार्य ?
शक्तिहीन कब कहला सकते, जीवित मानुष आर्य ?
क्रिया यह समझ शक्ति-निधान–करो उपवास-बनो बलवान् !

" वैद्य "] [नयन ।

स्वार्थीयतापर दो मित्रोंकी वार्तालाप-

(ले० दीपचन्द पांड्या–छिंदवाडा)

ज्ञानचंद–कहो भाई प्रेमचंद कुशल तो हो ?

प्रेमचंद–जी हां ! मित्र कुशल हूं ।

ज्ञान–और आपका चचेरा भाई ?

प्रेम–जी हां, मित्र वह भी कुशल है परन्तु...

ज्ञान–रुकिए, क्यों ? मित्र आगे तो कहो ?

प्रेम–क्या कहूं मित्र जमानेकी खूबी, उसकी इच्छा तो बहुत कुछ विद्याध्ययन करनेकी है परन्तु उसके कर्म बड़े अभागी हैं ।

ज्ञान–कैसे ?

प्रेम–आमकलकी सामाजिक रीतिके अनुसार उसके स्वार्थीयताकी हद तक ही पढ़ाने की है ।

ज्ञान–स्वार्थीयताकी हद याने क्या ?

प्रेम–व्यापार ।

ज्ञान–व्यापार तो थोडीसी मात्र भाषा और गणितके जानने से ही आ जाता है ।

प्रेम–बस ? वहीं तक हद भी हो चुकी !

ज्ञान–तो फिर भाई ऐसी अधूरी शिक्षासे क्या होता है ?

प्रेम–ऐसी शिक्षासे मनुष्य किसी हालतमें भी मनुष्यताको प्राप्त नहीं कर सकता ।

ज्ञान–यदि वह व्यापारिक शिक्षा ले परिपूर्ण हुआ तो ठीक ! अगर नहीं हुआ तो ?

प्रेम–ऐसी हालतमें एक पितापर (स्वार्थरूपी-भूत) सवार हो जायगा, उसे कई प्रकारके कटुवचन सुनने पड़ेंगे ।

ज्ञान–ये कैसे वचन ?

प्रेम–आमकलके सामाजिक रीतरिवाजके अनुसार याने पढ़ मूर्ख, हमारे पाससे निकल जा, कूद वहांसे हमारे यहां पैदा हुवा, सो तू अपना भी पेट नहीं

मर सकना तो फिर हमारा कहांसे मर सकेगा इत्यादि।

ज्ञान—तो फिर ऐसी बातोंसे उसपर क्या असर पड़ेगा?

प्रेम—भाई ऐसी बातोंसे वह अपने तकदिरकी परीक्षाके लिये विदेशोंमें चला जावेगा।

ज्ञान—तो आश्चर्य है! उसके पिताके पत्थर समान कठोर दिलको जो स्वार्थका गुलाम बनकर निज पुत्रको अपनेसे सदैवके लिये छोड़ता है।

प्रेम—भाई साहेब, आजकालके जमानेकी ऐसी ही खूबी है।

ज्ञान—भाई प्रेम देखो! जिसपुत्रको बड़े प्रेमसे पालनपोषण किया और आज उसीके साथ यह अत्याचार; आश्चर्य है। निर्दयी 'स्वार्थ' जरा भी तुझे दया नहीं।

प्रेम—भाई दया क्या कहेंगे, यह (स्वार्थ) जिसके हृदयमें वास करता है उसे निर्दया कठोर परिणामी बना देता है।

ज्ञान—भाई प्रेम—क्या यह माता पिताका धर्म है और कर्तव्य है कि वह अपने प्यारेसे प्यारे पुत्रको घरसे निकाल दें।

प्रेम—किंतु भाई यह सब इसी (स्वार्थ)की करामात और लीला है।

ज्ञान—बहुतसे पुत्र अपने माता पिताकी बदौलत बाल्यावस्थामें विवाहके जालमें फंस जाते हैं और अपने भाग्यकी परीक्षा अपने मां बापके मर जाने पर किया करते हैं।

प्रेम—मित्र सच है! कि छोटी अवस्थामें बालकोंकी शादी कर देनेसे उनका बहुत वीर्यपात हो जाता है जिससे वे बुद्धि हीन, बलहीन तथा निकम्मे होकर थोड़े ही दिनोंमें अपने भाग्यके परीक्षक बन जाते हैं।

ज्ञान—भाई प्रेम, जिन बालकोंका विवाह बाल्यावस्थामें हो जाता है उनके द्वारा सन्तानोत्पत्तिकी क्या आशा है?

प्रेम—जिस तरह खाद्य रहित खेतसे धान्य उत्पन्न होनेकी आशा नहीं की जा सकती उसी प्रकार उनसे भी नहीं।

ज्ञान—यदि किसी प्रकार संतानोत्पत्ति हो भी जाय तो?

प्रेम—वह सन्तान बहुत कमजोर और रोगी होगी इसलिये वह ज्यादा दिन न जी सकेगी और मावापके भी अधिक दिन जीनेमें शंका ही है।

ज्ञान—तब तो भाई प्रेम, मुझे बालविवाहसे अनेक दोष मालूम पड़ते हैं।

प्रेम—इस बातको तत्र माननेमें कसर ही क्या है?

ज्ञान—इतने पर भी मातापिता अपनी सन्तानकी शादी छोटी अवस्थामें कर देते हैं इसका भी कोई कारण जरूर होगा?

प्रेम—भाई मुझे तो एक मात्र यही कारण मालूम होता है कि जिन्होंने (स्वार्थ रूपी अमृत पिया है) वे यह समझते हैं कि शायद अगर हम मरजायें तो हमारी सन्तानकी शादी विवाह कौन

करेगा ?

ज्ञान–इसके सिवाय और भी कोई कारण है क्या ?

प्रेम–ज्ञान, मुझे एक कारण और भी मालूम पड़ता है कि कई लोग अपने सामने पुत्रकी बाल लीला वो छोटीसी बहूकी घरमें छम २ छम आवाजमें ही आनंद मानते हैं यही दो खास कारण हैं।

ज्ञान–अच्छा भाई प्रेम, अब मुझे आजकलकी सामाजिक रीति रिवाजका पूरा-२ परिचय मिल गया।

प्रेम–अजी मित्र, इतनी ही नहीं, इसके सिवाय और भी कई कुरीतियां, वृद्ध विवाह, अन्मेल विवाह आदि समाजमें हैं।

ज्ञान–अच्छा मित्र, अब समय बहुत हो चुका, दीवाली पर मिलेंगे।

प्रेम–बहुत ठीक मित्र ! जयजिनेंद्र।

लेखक- दीपचंद पांड्या-छिंदवाड़ा।

छपकर तैयार हो गया।
प्रभावनाके लिये थोकचंद मगाइये
सामायिक पाठ।

ब्रह्मचर्य।

ऐसा कोई विषय नहीं है कि जिसपर हमारे साहित्य (प्राचीन साहित्य) ने प्रकाश न डाला हो। परन्तु प्रत्येक विषयका संगठन, समयानुकूल–अवस्थाके आधार पर हुवा करता है। सिद्धांत मूलक युक्तियोंमें नवीनता नहीं आसकती है तो न सही, समय और अवस्थाकी आवश्यकताओंका रूप तो आधुनिक भाषा द्वारा व्यक्त किया जासकता है। आधुनिक साहित्यका यही काम है कि वह प्रत्येक विषय पर प्राचीन साहित्यको मननकर मौलिकता पूर्णभावसे लेखनी उठवानेका प्रयत्न करे। नहीं तो वर्त्तमान साहित्य, अनुवाद, अनुकरण, पुनरुक्ति और दुरुक्तिके सिवाय और कुछ न होगा। पुरानी बातोंको नवयुवकगण किस्से, कहानियोंकी तरह मनो-अकतासे सुन सकते हैं। किन्तु वैसा कार्य नहीं कर सकते हैं। क्योंकि न तो वैसे लेखोंमें समयानुसार क्रियात्मक सुविधायें ही होती हैं और न वर्तमान कालीन दृश्य होते हैं कि जिनको देखकर लोग उत्साहित हों और उन शिक्षाओं को विना कार्यमें परिणत किये, चुपचाप रह ही न सकें। लेखकका काम है कि वह ऐसा प्रभाव डाले कि जिससे पाठक अस्थिर और अधीर होजायें। वर्तमान समयमें लेख लिखे जाते हैं, परन्तु उनका प्रभाव आवश्यकतानुसार इसी लिए नहीं पड़ता है कि वे इधरउधरकी बिखरी बातोंसे पूर्ण होते हैं।

ब्रह्मचर्य्यके विषयमें "मौलिकता" की बात ढूंढ कर हम खुद गलती करनेपर विवश हुए हैं। परन्तु इस विषय पर हम स्वतंत्रता पूर्वक विचार करना चाहते है और संभव है कि प्राचीन मत पर कहीं २ आक्षेप आजावें! इसी कारण हमने निवेदन किया है कि प्रत्येक विषय पर अर्वाचीन दृष्टिसे आन्दोलन करना आधुनिक साहित्यका प्रधान कर्त्तव्य है और सत्यासत्यका निर्णय करते हुए कर्तव्य पालन करना हमारा काम है और यही साहित्य लाभ है कि जिसके लिए लिखने और पढनेकी सृष्टि हुई है।

प्राय ब्रह्मचर्य्यकी परिभाषा सभीको अवगत है। वीर्य्यकी रक्षा करना ही ब्रह्मचर्य्य कहलाता है। किन २ क्रियायों द्वारा ब्रह्मचर्य्य सुरक्षित रक्खा जासकता है यह बातें ब्रह्मचर्य्यके विषयमें कर्त्तव्यपथ प्रदर्शक है।

परन्तु ब्रह्मचर्य्यका साहित्य सबके लिए एक ही प्रकारका नहीं होसकता है। यदि सब लोग ब्रह्मचारी हो जावेंगे तो संसार उजड जायगा। यदि कहाजाय कि बाल्यावस्थामें सबको ब्रह्मचर्य्यका पालन करना चाहिए तो क्या गृहस्थों और संन्यासियोंको ब्रह्मचर्य्यकी आवश्यकता नहीं है?

हम ब्रह्मचर्य्यकी परिभाषा नवीन ढगसे करना चाहते हैं। ब्रह्मचर्य्यका अर्थ उस उपासनासे है कि जिसकी शक्ति प्रत्येक जीवको अपनी सत्ता स्थिर करा सकती है। अर्थात ब्रह्मचर्य्य एक ऐसा आधार है कि जिसके सहारे ही से जीवन व्यतीत किया जासकता है। संसारमें आत्मिक उन्नति ही जीवनका उद्देश्य है। बाल्यकालकी विद्या, गार्हस्थकी सफलता और संन्यासकी रक्षा जीवकी उन्नतिके लिए ही आवश्यक है। पापोंसे दूर रहनेकी यही आवश्यकता है। वैसा करनेसे कोई सुख नहीं मिलता है और नैतिक ह्रास होता है। अज्ञानकी इसी लिए बुराई की जाती है कि वह व्यर्थ हम लोगोंको इधर उधर भटकाता हुआ ठोकरें खिलवाता है। कमजोरीको हीन समझनेका यही कारण है कि उससे कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। साहस, दृढता और संयमके लिये हमारा चित्त इसलिये लालायित रहा करता है कि उससे स्वाभाविक उन्नति होती है। अतएव यदि ऐसे स्थान पर रहना हो कि जहा अच्छाई और बुराई दोनों हों तो एक ऐसी शक्ति चाहिये कि जो अच्छाइयोंको ग्रहण करावे और बुराइयोंसे घृणा उत्पन्न कराती हुई उनको दूर हटावे। विचार पूर्वक देखनेसे मालूम होगा कि यह गुण सिवाय ब्रह्मचर्य्यके और कहीं नहीं है। ऐसी अवस्थामें यदि कहा जाय कि ब्रह्मचर्य्यकी आवश्यकता केवल बाल्यकालमें ही है तो सर्वथा अनुचित होगा। ब्रह्मचर्य्यका दूसरा नाम जीवरक्षक दैवीशक्ति भी रक्खा जासक्ता है। इस शक्तिकी आवश्यकता विद्यार्थीको भी है, गृहस्थको भी है, सन्यासीको भी है और स्त्रियोंको भी है। कुमारी कन्याके लिये भी वह प्रयोजनीय है और विधवाके लिये भी आवश्यक है। एक शब्दमें जो शक्ति जीव मात्रका जीवन आधार है वह किसीसे किसी अवस्थामें भी दूर न होनी चाहिये। जिस समय ब्रह्मचर्य्य पूरा होगा उसी समय घोर ह्रास हो जायगा। समाजकी शृङ्खला, उपदेशोंका महत्व,

चरित्र गठन और मानसिक विकासोंमें शक्तिकी ज्योति जगमगा रही है। उसके बिना यह सब अङ्ग भंग और अप्राकृतिक एवं विपरीत हो जावेंगे, इसमें कोई सन्देह नहीं।

वीर्य्यकी रक्षा करना ही ब्रह्मचर्य्य कहलाता है किन्तु जो गृहस्थ पुरुष वीर्य्यकी रक्षा नहीं करता है और यदि वह ब्रह्मचारी रहेगा तो क्या जीवित ही नहीं रहेगा? हजारों लाखों गृहस्थ पूर्ण ब्रह्मचारी होगये हैं। इस पर आश्चर्य करनेकी कोई बात नहीं है। प्राचीन ग्रन्थोंमें इसके बहुतेरे प्रमाण मिलते हैं। अब भी हजारों गृहस्थ एक पत्नीव्रतके धारक पाये जाते हैं। परन्तु हम इससे ही सन्तुष्ट नहीं होसकते हैं। हमारे पूर्वजोंने इस व्यापक ब्रह्मचर्य्यके विषयको संकुचित करके थोड़ी सी भूल की है।

संसारमें उत्पन्न होकर जीव नानाप्रकारकी अवस्थाओंमें होकर जीवन व्यतीत करता है। उसकी शारीरिक इन्द्रियां और मानसिक इन्द्रियां भी उन्हीं अवस्थाओंके अनुकूल रूप धारण किया करती हैं। साथ ही, समस्त शक्तियोंकी विविध अवस्थाओंमें विविध भाँतिसे सहायता देती हुई जीवकी सहायक रहा करती हैं। बाल्यकालमें विद्याध्ययनके लिये हम लोग विद्यार्थी कहलाते हैं। विवाह होजाने पर और नौकरी करनेपर क्या विद्यार्थी नहीं रहते हैं? हम लोग किस समय विद्यार्थी नहीं रहते हैं? यदि नहीं रहते हैं तो बरबाद होते हैं। यदि रहते हैं तो विद्यार्थी न करता क्या भी विद्यार्थी ही होते हैं। गृहस्थी अवस्थामें और नौकरीकी अवस्थामें जो भेद है वह भेद विद्यार्थी भावको अवस्थाके अनुसार केवल बदल देता है—निर्मूल नहीं करता है। निर्मूल होनेसे अवश्य ही हानि होगी। बाल्यकालमें जब लड़के भूलते हैं तो अध्यापकका तमाचा खाते हैं? पढ़नेके बाद जब हम लोग "स्वतंत्र" हो जाते हैं और उस समय जब कोई भूल करते हैं तो क्या दण्ड नहीं पाते हैं? शारीरिक भूल करनेपर पश्चात्ताप, अपमान, क्षोभ, दुःख, चिन्ता और व्याकुलता आदिके मानसिक "तमाचे" झेला करते हैं। अस्तु, दण्ड सभी पाते हैं परन्तु अवस्थाके अनुसार दण्डविधि अन्य रूप धारण कर लिया करती है। अब यह सिद्धांत प्रमाणित होकर मान्य होगया होगा कि समस्त अच्छी और बुरी शक्तियाँ सर्वदा जीवके साथ रहा करती हैं और विविध नामोंसे व्यक्त हुआ करती हैं। इसी तरहसे जीवनका आधार ब्रह्मचर्य्य सबके लिए अनिवार्य्य है। परन्तु अवस्थाके अनुसार उसके कई भेद होते हैं। उन भेदोंकी परिभाषाएं भी पृथक् २ है। जो आदमी जिस अवस्थामें हो वह उस अवस्थाका ब्रह्मचर्य्य धर्म पालन करे। यदि उसमें त्रुटि होगी तो उसका दण्ड मिलेगा। नीचे अवस्थानुसार ब्रह्मचर्य्यके भेदों पर विचार किया जाता है।

किसी पण्डितने एक खुले हुए स्थान पर एक ऐसा कपड़ा खुला लिख मारा है कि जिससे कितने ही भोले भाले पाठक बहक गये। लिखा है कि कलियुगमें मनसा पाप नहीं होता है। देखनेकी दृष्टिमें मनके साथ शरीरका क्रियात्मक सम्बन्ध नहीं है। इसीमें उसने ऐसा लिख मारा है।

इस आज्ञाके अनुसार एक ब्रह्मचारी विद्यार्थी, सडकों पर निकलने वाली स्त्रियोंके साथ मानसिक व्यभिचार कर सकता है ? मान लो कि करसकता है—मन पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जासकती। परन्तु इससे इन स्त्रियोंका तो कुछ बिगडता नहीं है किन्तु, इस जहर मिले मनके लड्डूओंसे कुछ दिन बाद उस ब्रह्मचारीका घोर पतन होजाता है, यदि उसे यह मालूम होता कि इस प्रकारकी मानसिक कल्पनाए अपना प्रभाव बिना दिखलाये कभी न चुप रहेंगी तो वह बेचारा व्यर्थ अपने पैरमें कुल्हाडी न मारता। इस बातकी आडमें जो घोर और मलीन स्वार्थ छिपा बैठा है उस पर विचार करनेसे लेखकके ऊपर बेतरह क्रोध आता है।

वास्तवमें, क्या कलियुगमें और क्या सतयुगमें क्या प्रातः और क्या सायंकाल सर्वदा जीवकी स्थिति मानसिक विचारोंके अनुसार रहती है। अपने विचारों पर विचार करके हरएक आदमी जानसकता है कि वह कैसा है। यह भी आजमाया जासकता है कि मानसिक सुविचारोंमें प्रभाव होता है या नहीं। हमने इस सिद्धातको स्वयं आजमाया है। एक प्रकारके विचारसे हम कुछ दिनोंतक मानसिक चिन्तामें कैसे फंसे रहे। जिस तरह हमारे ऊपर अच्छे विचारोंके साकार प्रभाव पडे उसी तरहसे उस बुरे विचारका भी प्रभाव पड़ा और ऐसा पड़ा कि आहि आहि। अतएव हमें अच्छी तरह मालूम होगा कि मानसिक अवस्था ही हमारी सच्ची अवस्था है।

बाल्यकालका ब्रह्मचर्य्य आदि और प्रारम्भिक होनेसे कठिन व्रत है। बालक नहीं जानता है कि प्रसङ्गमें क्या सुख और क्या दुःख है। परन्तु वह सुन्दरताको देखकर यह ख्याल कर सकता है कि सुन्दरीका साथ अवश्य अपूर्व आनन्ददायक होगा। यही उसकी आदि अवस्था है। वीर्य्यकी प्रारम्भिक अवस्था जो एक तरहका जोश उत्पन्न करती है उससे कठिनता मालूम होती है। यदि किसी कारणसे बीस अथवा पच्चीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य्य धारण किया है परन्तु बीच २ में उसे प्रसंगकी बलवती इच्छा हुई है और जब कभी स्वप्न भी हुए हैं तो वह निकृष्ट ब्रह्मचारी है और इसी सिद्धात पर विचार करनेसे गुरुकुलोंकी सृष्टि की गई। बाल्यकालका ब्रह्मचर्य बिलकुल निर्दोष होना चाहिए। शारीरिक ब्रह्मचर्यके साथ मानसिक ब्रह्मचर्य भी आवश्यक है। बाल-ब्रह्मचारीको खाना पीना खूब सोच समझ कर देना चाहिए। पुस्तकावलोकनमें सचेत होना चाहिए। जो बालक 'प्रसंग' विषयसे अनजान रहेगा यही पूर्ण ब्रह्मचारी कहा जायगा।

विवाहके उपरांत नवयुवक स्त्री-प्रसंगका विषय स्वयम् अनुभव करता है। जवानीकी नई उमङ्ग प्रसङ्गको आनन्ददायक बतलाती है। उस समय अपनी स्त्री पर स्नेह किया जासकता है। परन्तु, इधर उधर कुदृष्टि डालना या उसका विचार भी करना व्यभिचार है और उससे शक्ति नष्ट होती है। पतीव्रत मनुष्य भी वीर्यपात करता है और व्यभिचारी मनुष्य भी वैसा ही करता है। यदि दोनों आदमी परिमितरूपसे समान भावसे वीर्य्यपात करें तो भी

व्यभिचारी मनुष्य अधिक निर्बल होजायगा। फलतः एक पत्नीव्रत युक्त मनसा और कर्मणासे वीर्यपात करता हुआ भी ब्रह्मचारी है। गृहस्थको सन्तानकी इच्छासे प्रसंग करना इसी कारण बतलाया गया है। प्रसंग करना कोई लाभदायक बात नहीं है। किन्तु पत्नी पाकर मनुष्यका प्रसंग करना धर्म है—पाप नहीं है। अर्थात्—एक कर्त्तव्यके पीछे ब्रह्मचर्य उसी भांति स्पष्ट विराजमान है कि जिस प्रकार स्कूल छोड़नेके बाद 'विद्यार्थित्व'। अब आप ही कहें कि क्या गृहस्थी ब्रह्मचारी नहीं है? यहां पर ब्रह्मचर्यकी परिभाषा दूसरी है और बाल्यवाक्यमें दूसरी थी।

बहुतसे वृद्ध प्रसंगशक्ति हीन होजाने पर भी मोहें मटकाया करते हैं। बिना कारण, बिना आवश्यकताके उनका यह निष्प्रयोजनीय और निंदनीय कर्म्म ब्रह्मचर्य नाशक है।

वह साधु भी ब्रह्मचारी नहीं है कि जो शरीर और मन पर पूरा कब्जा नहीं रखता और वीर्यको चरस आदि मादक द्रव्योंसे जलाता है।

वह विधवा भी व्यभिचारीणी है कि जो मन घूमकर मन ही मन प्रसंगकी लालसा रखती है। और वह व्यभिचार, कायिक व्यभिचारके समान इस कारण है कि उससे कायिक व्यभिचार होजायगा। यदि न हो तो सतीत्वकी प्रबल शक्ति अवश्य मन्द होजायगी। कायिक व्यभिचार अधिक हानिकारक है और मानसिक उससे कम। परन्तु हैं दोनों व्यभिचार ही। हां—मुहका मूठा शामको ठीक होजाय तो वह मूठा नहीं कहलाता है—पर बात ठीक है। मानसी निर्बलताओंका खयाल रखना ही होगा।

जो कामलिप्त नहीं है—जिसको वीर्य बहाना पसंद नहीं है जो साधना सहित इच्छाशक्तिको ब्रह्मचारिणी बनाये हैं—वह पूर्ण ब्रह्मचारी है।

अब इस लेखके उपसंहारमें ब्रह्मचर्यकी महिमा पर स्वतंत्र विचार प्रकट किये जाते हैं।

वास्तवमें ब्रह्मचर्य एक आध्यात्मिक विषय है। संसारी लोगोंकी दृष्टि उस पर नहीं पड़ती है—तो यह आश्चर्यकी बात नहीं है। जो लोग भावुक हैं, जो अपनी कोई विशेष सत्ता रखते, जो भक्त और श्रद्धालु हैं, जिन लोगोंके द्वारा कोई विशेष कार्य होनेवाला होता है, जो कवि हैं, जिनकी मति संस्कारोंके कारण शुद्ध और सात्विकी होगई है वही ब्रह्मचर्यको पहिचान सकते हैं। क्योंकि संसारमें एक यही शक्ति नावके स्वरूप है जो यात्रीको कुशलता पूर्वक 'उस पार पहुँचा देती है और मार्ग के नानाप्रकारके प्रलोभन रूपी भंवरोंसे साफ निकाल लेती है। कमलके पत्तेकी तरह पर्वाके समय भी पानीसे बिना भीगा ही बचा रखने वाली यह दैवी शक्ति है और आश्चर्य जनक सफलताओंकी सिद्धि देनेवाला यह अमोघ मंत्र है। अधिकारीके लिये ब्रह्मचर्यका पालन स्वाभाविकताके कारण सरल है और इधर उधरके पड़ने पुरुषोंके लिए पराई पर चढ़नेके बराबर कठिन है। ऐसे ही लोग साश्चर्य पूछते हैं—"क्या वह पूर्ण ब्रह्मचारी था"? उनको यह बात कुछ असम्भवसी दीखती है।

ब्रह्मचर्यके विषय पर व्याख्यान देनेवाले और लेख लिखनेवाले उसके सम्बन्धमें ऐसा भी कह-

जाते हैं कि देखो अंतकालमें व्रतके कारण ही भीमसेन इतने बलवान् हुए, परशुराम इतने तेजवन्य हुए, भीष्मजी ऐसे महात्मा, स्वामी शंकराचार्य ऐसे प्रचारक हुए, महावीर स्वामी ऐसे सच्चे उपदेशक हुए और श्री दयानन्दजी ऐसे परिवर्तक हुए। यह सब बातें किसी अंशमें ठीक हैं। पर ब्रह्मचर्यके बल ही यह सब नहीं हुआ। और न ब्रह्मके कारण प्रो० राममूर्ति प्रसिद्ध हुए। ब्रह्मचर्य एक आवश्यक और अनिवार्य आधार है। उसपर बिना खड़े हुए तो कोई काम नहीं हो सकता। परन्तु केवल उसीसे कुछ नहीं हो सकता है। वह "योग्यता" है—उसे अधिकार 'अधिकार' समझना होगा। ब्रह्मचर्य शिक्षाकी तरह विविध ज्ञानकी पहली सीढ़ी है। उपर्युक्त स्वनामधन्य प्रातःस्मरणीय महात्माने, ब्रह्मचर्यके आधारपर स्थिर होकर योगसहायतासे मनमाने कर्म किये हैं। फलतः ब्रह्मचर्यके बिना इस प्रकारके कार्य होना असम्भव। इस कारण, ब्रह्मचर्यका जितना भी यशगाया जाय थोड़ा है।

संतानोत्पत्तिकी अवस्थाके सिवा अन्य समस्त जीवनमें वीर्यकी रक्षा होना अनिवार्य है। वीर्य और ब्रह्मचर्यमें क्या अन्तर? ब्रह्मचर्य निराकार है और वीर्य साकार है। मेरी रायमें वीर्यको ब्रह्मचर्यसे पृथक् मानना ही चाहिए। अतएव, जिन लोगोंको प्रमेह रोग है चाहे जो हों—अपनेको ब्रह्मचारी समझकी भूल न करें। ब्रह्मचारी पत्नीकी तरह इसी हवामें नहीं डोलता है। वह उर्वशी जैसी सुंदरीको सहज ही दूर कर सकता है। ब्रह्मचर्यमें पुरुषत्व है। यदि पूछा जाय कि संसारमें कितने पुरुष हैं तो इसका कोई लम्बा चौड़ा उत्तर न होगा।

ब्रह्मचर्य अथवा वीर्यकी रक्षा कई प्रकारसे की जा सकती है।

(१) सादा भोजन करना, एक ही समय खाना, आधा पेट खाना।

(२) जलके सिवाय कोई तरल पदार्थ न पीना।

(३) मादक द्रव्योंसे बचाव रखना।

(४) अपने इष्टदेव, धर्म या ईश्वरमें पूर्ण भक्ति रखना।

(५) संसारको गुरुद्वार समझ अदबसे रहना।

(६) परमात्माको सतत समक्ष होशमें रहना।

(७) शृङ्गारकी कविता न पढ़ना, पुस्तक भी न पढ़ना।

(८) शृङ्गार रसका कोई चित्र न देखना।

(९) स्त्रियोंको माताकी दृष्टिसे देखना। इससे महाशक्ति पुत्रकी तरह ख्याल रखेगी। मूछका दण्ड भयानक जानना।

(१०) मनपर कड़ी दृष्टि रखना।

(११) योगाभ्यास करते रहना।

(१२) समाजकी सेवा करना।

(१३) अभिमान आदि उत्तेजक भावोंसे दूर रहना।

(१४) प्रसन्नचित्त और आशावादी रहना।

(१५) ब्रह्मचर्यका प्रचार करना।

(अ) लेखों द्वारा (ब) व्याख्यानों द्वारा (स) गुरुकुलों द्वारा और (द) कर्म प्रदर्शन द्वारा।

(१६) स्त्रियोंको भी ब्रह्मचर्यका महत्व बतलाना।

वैद्य] [शिवनारायण वर्मा।

ऊन्हा-आंसु

अने

मावापोनी निर्दयता।

संसारभूमिपर भजवाता नाटय प्रयोगोमांथी बे प्रकारनां तत्व खेंचाय छे. एक तो धर्म भावनाथी अने बीजी पाप भावनाथी; आज प्रभाणे संसारमां रहीने कोइ कुळनी, समाजनी, अने देशनी सेवा बजावी स्वजन्मने सफळ बनावे छे त्यारे केटलाक आत्माओ अबळा-पंथने महीं पोतानी मनुष्य फरजथी निष्फळ थइ स्वसंसारोने माटीमां मेळवे छे, आजे हुं नाटय प्रयोग रूपेज ऊन्हा-आंसु सारती दयापात्र व्यक्तिओना आत्म कल्पांतने तमारी सन्मुख रजु करूं छुं तो आशा छे के कोइपण भाइ वांची पोताना समाजमां रहेला अधमरीवालोने छिन्न भिन्न करवा प्रयास करशो अने तेथी थराज हृदिओने भोगे थतां आशानां दृश्यो टाली तमोने आशीर्वाद आपशे.

बाळ विवाही बालिका.

उषाकाळना पवननी शीतळ लहेरीओ वाय छे, पंखीडां कलरव करतां जनसमाजने आनंद आपे छे. पाणी भरी आवती पनीहारीओ अरसपरस आत्म कथाओ कही दिलने ठालवी रही छे. सूर्यदेव पोताना रथ पुर वेगथी चलावी रह्या छे, वराबर माधानव वागी रह्या छे. ग्रीष्म ऋतुनो समय होवाथी गरमी जरा पडे छे. आवा समयमां एक सत्तर वर्षनी युवति जळ भरवाने सरिता तरफ दोडी रही छे. सरिता आ समये सुंदर हरती वहेती आनंद आपी रहीछे. पाणी भरवाने आवेली युवतीओ बेडलुं नीचे मुकी सरिता देवीनी सामे निहाळी अंतरनो एक उंडो निश्वास नाखी सूर्यदेव सामुं निहाळी बे हाथ जोडी, विनवया लागी.

हे सरिता देवी! हुं तो तमारा अमाप जळमां आ अभागिनीने विसर्जित आपो तो मारूं इनियानामधी कृत्योमां पण अविचारपशुने पोषनारा मानव समाजमां रहेवा करतां तो तमारां सहवासनुं प्राप्त थतुं मरण पण उत्तम छे. छता पण अे अनाथ रहेली यौवनभर आळा हुं भारहवसो केम काढुं. पितानेय धीरज शुं मारी पूछुति छे? हे सूर्यदेव! तमारा प्रणळ किरणोनासिंकत जवाळा मारा उपर फेंको के जेथी हुं बळीभस्म थाउं. सखीयोना हास्य विनोद पतिनी प्रीति होवा छतांअे लुखखा कंकरनी सभा खुं. अेवा जीवननी दयाति होय यातो न होय राअे शुं? हे देवी, दयाकर, दयांकर. तारा प्रो प्रवाहनुं अेकज मोजुं लावी मने धसडी जा, के जेथी हुं छुटुं. तारी कृपाथी थयेलुं मृ उत्तम छे. परंतु आ दशामां रहेलुं जीवन वरे दुखकर छे. हे देवी, लग्न कर्या पछीथी त्यार सुधी मारी आंखोनां नीर सुकातांज नथी पुरुषो अेक स्त्री मरवाथी अगर दयाति होा छतांअे बीजी साथे लग्न करी शके छे, परंतु मारा माटे योग्य पति पण न जोवाय, अेवो जुलम कहेवाय! ओ माता पिता, जुओ जुओ, हृदय चीरी लमार तो निहाळो के हमारो आत्मा केटलो दीन बनी रहयो छे. पुरुषो चाहे तेम रे, तेनी हमने लेश मात्र दरकार नथी, परंतु हारे तो आर्यावर्तनुं संतीत्व गौरव चाहे तेवो पति पण देव मानी हमारूं सर्वस्व जे शीयळ छे, तेनुं रक्षण प्राणना भोगे पण करी उज्जळ बनावीशुं; परंतु ओ दयाहीन मातापिता! तमारी शी दशा? तमो तमारी हमारा प्रत्ये अेक पण फरज बजावी शकता नथी. हमने नथी भणावी के नथी कोइ कला (भरत गुंथवादि) सीखवाडी के नथी हमारा माटे योग्य वरनी अपेक्षे करी. तमे तो हमोने जन्मथीज शोकवाडी छे.

तमे तो तमोने मानपानथी (स्वार्थ होय त्यां सुधीज) बोलावे, सहेज गाडामां बीजावेल पलंगमां रमो अने मीरो पुरी ने लाडवानां भोजन आपे तेना वेराग वेराज नथी, परंतु

જેની સાથે મારે જીંદગીભર આંસુ ત્યાં પડશે તેવા પતિના સાથે લગ્ન કરતાં સહેજ પણ વિચાર કર્યો છે? હમારો તો આશી રહ્યો છે, પરંતુ દૈવ તો તમારા અવિચારી કૃત્યને ક્યાં આપ્યા વિના કેમ રહેશે!

આવી રીતે મૃત્યુની ભિક્ષા માં બાલિકા જળ ભરી ઘર તરફ વળી. વહાલા વાંચો! વિચારો કે આ સમયે તમારા દીલમાં કંપ નથી આવતી? પત્થર સમ દીલ પીગળીને ઉનાં આંસુ શું સમાજના ઉદયની નિશાની? નહિ કદાપિ નહિ.

ઘોડીયામાં હીંચતાં બાળકોના [illegible] વેવીશાળોનાં બંધન લગ્નથી મજબુત [illegible] છે, એ પછી ટુંટતાંજ નથી, પછી તો દૈવ તોડે છે. વેવાઇ સારા છે, વેવાણ સારાં છે. બી દીયેર જેઠ છે, એક બે ઘર પણ ગામમાં હોય સારું છે. માટે કન્યાનો વેવીશાળ કરીએ સારું છે. આવો સંજુ મેળો પાકો મળવો મુશ્કેલ છે, વળી પૈસાદાર છે; કોઇક સમય ભીડ પડે (ભવિષ્યમાં ભિખારી થવાની આશાએ) ભીડ ભાંગશે પણ ખરા (સ્વાર્થ સર્યા પછી તો તુંહમેરે કૌન હૈ, મીયાંભાઇના ન્યાય જેવો ન્યાયથાય છે) એવું એવું તો પોતાના માટે કાંઇ વિચારો કર્યા પણ કન્યાના હિતનો એક વિચાર કર્યો છે? બાળ વિવાહ થાય છે, ત્યારથી લગ્નયોગ્ય વય થતાં સુધીમાં શરીરોની કૃતિ બદલાઇ છે એટલે કાણો થાય, કુબડો થાય, દીવાનો મૂર્ખ થાય, વ્યસની થાય કે અભણ રહે એ કરેલા વેવીશાળોથી લગ્ન કરવાંજ પડે છે એવા બાળ વેવીશાળથી આવાં ભયંકર પરિણામ આવે છે. કન્યાવાળાઓ ઘરને જુએ છે જ વરવાળા બાપીકાપતાં સ્વપ્નોમાં (કોણ જાણે કાળો કે નહિ) પોતાના બાળકોનાં ભવિષ્ય નિર્જીવ કરી મુકે છે. એ તો બા ઘર જોયું ને? વરને કયાં જોવો છે, વરકન્યા વેવીશાળ કરતી સમય તો ઉભરે સરખાં હોય છે, પરંતુ લગ્ન કરવા સમયે બેઉની વેનું અંતર મા અને દીકરાના અંતર સમાન લાગે છે, ત્યારે માબાપો મુંઝાય છે, પરંતુ કરેલા વેવીશાળો જો તજે તો અરસપરસની આબરૂ જાય, ઘર અને કુળનો સત્યાનાશ થાય, એ બીકે, પરંતુ હાલહડતી અન્યાય ભરી આબરૂ સાચવવી જોઇએ. એ છોડાયજ કેમ? વરને વરસ તેર થયાં, બાકી કન્યાને પણ તેર થયાં, વર નાનો રહે, અને કન્યા તો યુવાન થઇ એટલે લગ્ન કર્યા સિવાય છુટકો નથી હોતો, એટલે બાળ પતિ સાથે કન્યાને પરણાવી પોતે પોતાની ફરજોમાંથી મુક્ત થયેલાં માને છે. પહેલાં આબરૂનો જે સવાલ રહેતો હતો, તે હવે સેકન્ડ હેન્ડ થયો એટલે પોતે અરધી ચિંતામાંથી મુક્ત થયા, પુરી ચિંતા વરના બાપને રહી. તેને વહુને સંભાળવી રહી અને પુત્રને સંભાળવો રહ્યો. જો પુત્રની સંભાળ ઓછી રાખે તો તે બિચારો કુમળો બાળક અનેક બાધિનો ભોગ થાય છે. જો કન્યાની ચિંતા ઓછી કરે તો દુનીયામાં લોકવાયકાનો મોટો ભય રહે છે. એટલે વર ભયમાં, કન્યા ભયમાં, અને તેનાં હિત ચિંતકો પણ ભયમાં! અરેરે દૈવ! આવા દયાપાત્ર સંજોગોમાં આવો સમાજ પોતાની શ્રેષ્ઠતા કયાંથી મેળવશે? વહુ વરને જોઇ આંસુ સારે છે, વર વહુને જોઇ ભાગે છે, આવાં બાળ વિવાહનાં નાટક કયા સુધી ભજવાશે? હે દૈવ! જય જયાં જે જે સમાજોમાં આવું પરિવર્તન હોય ત્યા ત્યાં ત્યાંના આત્માઓમાં સદ્‌બુદ્ધિ પ્રેરજે એવી મારી પ્રાર્થના છે, અને જે જે આવા અનુભવોનો યાદ હોય તેમણે પોતાનાં બાપને ધોઈ નાખવા. પોતાનું અનુકરણ સમાજમાં કોઇ ન કરે તેને માટે શ્રમ લઇ હજુએ વરકન્યાના વરસનું અંતર સારા પ્રમાણમાં રાખવા સુયત્ને એમ ઇચ્છું છું.

હવે વાંચક આગળ વધ, કારણકે ગ્રંથમ ઋતુના દિવસો છે, તેથી સરિતાનું પડેલું દરપ વાંચી ગરમીથી "લુ" ન વાય, માટે હવે ઘર તરફ વળીએ અને આજેજ આપણે બીજે ગામ જઇએ અને ત્યા જે બાદગીના બીજા લગ્ન-પ્રથીયો અધધપેલ એક નાની વયની બાલિકાની ખબર લઇએ,

ાનો નમુનો મળ્યો સારવારમાં રોકાઈ. હવે આપણે પણ આપણી
બાળ ાટી વાતે રસ ભરી ફરજ બજાવવા આટલી રહી વર્તા બે શબ્દોની
ણવુ સાંભળો પડે છે । તમારી કૃષ્ણ ઉપર નવાજેશ કરીએ.
હોમ દેનારી વાતો આનંદને બે અગ્નિ
સળગતો દેખાયો, જગતમાં જેને રવો તરફની અવિચારી માબાપો લગ્નની લહાણું લેવાને
ચિંતા રહે છે, તેને શાંતિ કયાંથી મળી હતી? લે.બે તેમજ બર્થ બચાવવાની આતર આવી
ધન દોલત કે વળ્યા કે સાસુ સસરારોરે અંગ- નાની વયમાં અવિચારી વેરીશાળો અને લગ્ન
ચિત સુખો હોય તે પણ શા કામના? જો એકજ શામાટે કરે છે?
યતિ વિના મોટાં છે-અક્ષુણ્ણ બે.રો સમાન વાંચક, આંદગીમાં જે બાળા છે તેના વિશે
સ્વાદ રહિત છે. હમારી આ દશા, નાર મા- કેટલુંક કહી જાય છે, તે કહીએ અને પછી
બાપો ગાડરીમા, પ્રવાહને અનુસરનાર બાપ આગળ વધીએ.
સમજ્યે, સમજ્યે, ડગલે. અને પગલે વરના નિ- નાજુક કન્યાઓને લગ્ન ગ્રંથીથી જોડી ગોર
સાસા અને ટપકતાં ઉન્હાં આંસુઓ ને રીબા- કર્યું તે સહીથી વગર મુહૂર્તે શરમના પીન્જરે
વશે અને નરકના ભાગીદાર બનાવશો. ફરજ (સાસરે) પુરે છે.
હીણ મોટાઇમાં બીજાઓનું બલી, અ પ- જે ઉમ્મ વય ખેલવા, કુદવા, વિગેરે નીર્દોષ રમતોને
નાર બાપાયો! તમારામાં અને કેમાં શો યોગ્ય હોય, તે સ્થળે તે નાજુક કુસુમપર સંસાર
ફરક છે, કસાઇ અણમોલ પશુઓ કાપે છે રૂપી જબરો ભણની શય્યા મુકવાથી બીચારી બાળાનું બેલી કોણ?
ત્યારે તમો તમારી અબુધ રહેલી બાલ પુત્રી-
ઓપર તમારા અવિચારનું શસ્ત્ર ચલ હમોને જે સમાજમાં જ્ઞાનામૃતનું એક પણ બિંદુ
થોડે થોડે રોપાવો છો. તમારી પુત્રીની જીવતી ચાખવાનો અધીકાર દુરાગ્રહી બાપાયો ન રાખે
ચીતાઓ પર તાપી તમો આનંદ ી તમારી તેમજ કોઇ ભરવા ગુથેલા કે સમજવાની બધી
પાપી રૂઢીઓને પોષો છો. ઓ સરના મોટો વ્યવહારકુશળતાથી અજાણ રાખે અને ઘર કા-
મોટી વાતો કરનારા પટેલો! તમા ુદ્ધિને કયાં યની અમલ બોજાથી લાધી રાખે તો આવા
વેચી નાંખી છે? લક્ષાધીપતિની પદવી મતાં અને વર્તનથી આપણને નિર્દયપણે જીવવાનો અધિકાર
મોટાઇમાંજ મશગુલ રહેતાં તમારે જોવું છે, પણ શો? જે સમાજમાં પુત્ર અને પુત્રી પ્રતે
જુઓ-જુઓ તમારીજ પુત્રીઓ ી દશા થઇ ભિન્ન ભાવો છે. અને તે બાળ રત્નોને કેળવણીથી
રહી છે, બુદ્ધિને ગીરવી મુકનાર નારી પટેલો દુર રાખી બેપરવાઇમાં સમાજનું સ્વર્ગનાશ કરી
જાગો અને ગીરવી મુકેલી બુદ્ધિને જબરમાંથી રહ્યા છીએ; પુત્રોને તો થોડું થોડું આપણને કમા-
ખરીદો, અને તમારા હાથે બંધાતા બંધાને ન ઇને ખવડાવી શકવાના સ્વાર્થથી શિક્ષણ આપીએ
તોડતાં વધારે સારા કાયદા બાંધી રી હજારો છીએ પરંતુ પુત્રીઓને તો પરાઇ ઘરની લક્ષ્મિ
પુત્રીઓના આશીર્વાદ મેળવો, જાગોને જુઓ માની કે-ખ-ગ થી પણ વંચીત રાખીએ છીએ.
કે તમો દુનિયાની સંપૂર્ણ કબરોમાં સુતા આવી પક્ષપાત વૃત્તિથી આપણો ઉદ્ધાર જો સંભ-
છો અને તે કબરાપટ્ટોમાંથી નીકળ દુર્ગંધનો વતા હોયતો તે આશા વ્યર્થ છે. પુત્ર અને
પવન હમોને લાગી રહ્યો છે. અને થીજ હમે પુત્રી એકજ પ્રભુની લક્ષિસ છે. લક્ષ્મિ તો પુન્ય-
અબુધ અજ્ઞાન નિર્જિવ જ્ઞાનમાંથી હમાર ની દાસી છે, પુત્રીનું નસીબ લઇ પુત્રી અવતરે છે.
જીવન ખતમ કરીએ છીએ. તે તો સાક્ષાત લક્ષ્મી છે. તે ઇશ્વર શક્તિને
(લક્ષ્મીને) ઠોકરે મારી, મૃગજળવંત લક્ષ્મી
એ પણ હુંય ખાલી કરી પર બાળાની પ્રાપ્ત કરવા ગયો રહેવાથી ખરી લક્ષ્મની ગુમાવી

કર્તવ્યભંગ થઇ વધારે ને વધારે નિર્ધન બની અધોગતિનો માર્ગ લઇ રહ્યા છીએ.

બિચારી બાળા માંદી પડે અને તે પણ પૈસાના ઉપાસકોને ત્યાં પછી પુછવું જ શું? સગાં વ્હાલાની ફક્ત જાખી હોય, સીરોપુરી ઉડતા હોય, બીજી કન્યાનાં માગાં માટે ધાંધલ અને વાટાઘાટ થતી હોય, તેવી પુન્ય પ્રવૃત્તિમાં બીમાર બાળાનું રક્ષણ પ્રભુજ કરે છે, વૈદ્યને બોલાવે છે. અને ડૉક્ટરની વાતો કરે છે, અને દવાના ઉકાળાના લીટ તો બીસામાં ઇને બીસામાંજ રહી જાય છે, વ્હાલા વાચક! આ સમય બિચારો ઘરધણી કરે શું? વધારે ફરજ બંદાની આવજત કરવામાં રહેલી છે કે વેદીશાળ કરવા માટે (બીમાર બાળાના મૃત્યુની રાહ જોતા પંથા) આવેલા મહેમાનોની સારવારમાં ખાંડ અને કંસાર ખવડાવવામાં તેનો નિર્ણય તો વાંચક તમેજ કરશો. આ મરશે તો બીજી જડશે એ ભાવનાના શ્રીમંતો શ્રીમંતો નહિ પરંતુ કંગાલો છે, સાચો શ્રીમંત તો એ છે કે જે પુત્રવંતને પોતાનું બાળ ગણે અને તેની હયાતિ હોય ત્યાં સુધી તેની બરાબર સારવાર કરે તેમજ એકજ શક્તિનાં સર્વે બાળકો છીએ, એકજ જનેતાવાડીનાં બાપજ પુત્રો છીએ અને સહુ એકજ સુગંધીથી પરિપૂર્ણ છિએ. વૈભવો પુન્યના છે તો તે પુન્યનો દુરપયોગ નહિ કરતાં વધારે પુન્ય જમા કરવાની કોશીશ કરીએ.

પુન્ય ઉપાર્જન કરવાનો ખરો માર્ગ દયા છે. દયાથી ધર્મ સાંપડે છે, અને એ અમૂલ્ય ધર્મ-ભાવથી દરેક આત્માઓને સરખા માન્ય કરી દાખનો પણ આત્મા ન દુભાય તેવું વર્તન રાખવું ઘટેછે, ઉચ નીચના ભેદોજ દોકરવાનની પડતી છે. તે પડતીના માર્ગમંથી બચવા આજ અત્યારે પ્રયત્નશીલ (ઉભો) થઇ રહ્યો છે.

હવે ત્રીજી જે બાળ વિધવાએ પોતાનું દુઃખ કહી તમારી અ.બે.માં અધિકારનો ફેર કર્યો છે, તેને ઉગારવા પ્રાર્થના કરું છે, ને બોટી ન કહી શકાય કે જે નાના અપરિપાક વીર્ય બાળા બાળો માટે ઉભરે પડેલિની મુર્તિઓનાં પાણી શું થાય તો તે કોમળ મગ પ્રણાં જીવ કને અકાર્ય સાચવવામાં નિષ્ફળ થવું ઉમર લક થયેલી બાળા પોતાની સ્થિતિ જા દશાથી ચિંત હોવાથી પોતાના (નુકસાન નહિ) નભણવાથી) લાવણ્ય યુક્ત ભાવોથ લોહ ચુકની સમાન બાળ પતિને ખેંચી જીંદ ગીના દ્વા આણે છે.

કુમિની જવાબદારી ઓછી નથી હોતી ઘરમાં રહલાયક વહુ હોય એટલે પોતાના બાળ કના દિ માટે તેમના બાબાપો આંખો આડ હાથ દઈ પશ્ચાતાપ કરે છે. બાધા આખડીઓર્થ પ્રાપ્ત થયા પુત્રોને હજારો વ્યધિઓના ભેમા બનાવી તાતું કુળ પુત્ર વિનાનું કરી મુકે છે એટલે પુરાઆ કાની દુનિયાને તજે છે. એક બાજુ પુત્રનું દુઃખ ત્યારે બીજી બાજુ બાળ વિધવાના વિલાપોનું દુઃખ અને તેથી નરકના ભાગીદારો થવાય છે. અને તે આપણજ અવિચારથી! માટેજ ભાઇઓ, આ ત્રણ અને હવે પછી લખા યેલો ચોથો પ્રવેશ ધ્યાનમાં લેશો.

સમાજના કાયદાઓમાં સુધારા કરો-કન્યા અને વરની વચ્ચેનું અંતર ઓછામાં ઓછું વરસ ૬ નું રહે તો સમાજનો ઉદ્ધાર થાય. કન્યા વરસ ૧૦ ની થાય અને વરની ઉમર બરાબર ૧૬ ની હોય ત્યારેજ ગૃહદોષ તપાસી વેદીશળો થાય તો છતાં પતિએ અનાથ થવાનું ન રહે, અને કન્યા વરસ તેરની થાય ત્યારેજ લગ્ન કરવાનો પ્રતિબંધ થાય તો સાસ રોમાં બની મુખ્યાઓને મુંઝાવું ન પડે અને તેથોજ બાળ વિધવાઓ પુત્ર હીન પન ના રહે, એમ માનું છું. સંતાન પ્રાપ્તિ એ કર્મની કૃપા છે, પુન્યને પ્રમાદ છે પરંતુ ઉમરેજ થયેલાં લગ્નોમાં ઓછા વરસના અંતરમાં પ્રાપ્ત થતા વૈધવ્ય મુખ્ય વિધવાઓને સંતાન રૂપી રત્નો પ્રાપ્ત થાય છે તેથી તેમને વૈધવ્ય દશામાં ઘણું દુઃખ આપે છે.

વિદ્યાર્થી જીવન અને લગ્ન આરંભ

વિદ્યા ભુવન.

ભારતર સાહેબ-શેઠજી પધારો મારો આજે કંઈ વધારે ઉમંગમા જણાવો છો

શેઠ-સાહેબ, વૈશાખ માસમા ટૂંકે આજ થી એક અઠવાડિયા પછી છોકરા લગ્ન છે. તેથી છોકરાને તેડવાજ આવ્યો છું માટે કૃપા કરી ઓગામાં ઓછી બે મહીનાની રજા આપ શોજી.

ભારતર-રામ રામ રામ-અરે હુ આવડા ૧૦ વરસના બચ્ચાના લગ્ન કરીની જીંદગી પાયમાલ કરશો. ભણતર બગાડશે અને તેનુ સર્વસ્વ નાશ કરશો સેહજી મારી તેવડ્યા છે કે તમો લગ્ન હાલમા મુલતવી રાખશો

શેઠ-નારે સાહેબ, આવડ બાયકોની ના પાડીએ તો ન્યાત કહે કે અમિ આપ્યુ છે. ખર્ચ કરવા નથી મળતો એટલેજ ની કહે છે. માટે સાહેબ બધ રહે તેમથા.

ભારતર-વાહ શેઠ છોકરો કોનો છે કે ન્યાતનો ?

શેઠ-મારો છે સાહેબ ?

ભારતર-તમો છોકરાઓ પ્રાપ્તકરવાને તો હજારો ઉપાયો કરો છો. તમો સમયે તો તમારો ધર્મ છોડી પરધર્મમા શ્રદ્ધાખી બાધા આખડીઓથી પુત્ર મેળવવાની ઇચ્છા રાખો છો, માટે સેહજી તમારો પુત્ર તમે શુમાં ?

શેઠ-શું કરૂ સાહેબ, કન્યાને સ અગીયાર થયા છે, પરતુ દેખાવમા તો વરસત્તર જેટલી લાગે છે, તેથી કન્યાનો બાપ રહીશકતો નથી, માટે મારો ઉપાય નથી

ભારતર-ત્યારે શેઠજી વેવીશાળ ભગ કરો, તમે કુંવારી દશામા ભગ નહિ તો પરણાવીને બેડના જીવન હના કરશો માટે હુ તમારા ભલાને માટે કહું છુ

, સાહેબ, વેવીશાળ ભગ થાય ન્યાતવ ાઓ ન્યાત બહાર ને અને કન્યા-વાળાઓ મને અભિમાનનુ પુતળુ માની કન્યા ન આપે એટલે સાહેબ બની રીતે મુઝવણ થાય, માટે પ્રભુ પ્રભુ થશાદ્ધ કરો તે થશે.

ભારતર-ત્યારે શુ તમારો સમાજ ન્યાયી નથી ? તેમજ તમારામાં આત્મબળ નથી ? તમો ઇશ્વરને માની જૈની તરીકે ઓળખાવો છો, મહા વીરના પુત્રો કહેવાઓ છો, છતા તમારા જીવન નિરસ નિર્જિવ અને આત્મહીન છે ગાડરીયા પ્રવાહમાંજ તમારો આત્મા છે અને તેથીજ તમારો ઉદય તમો ખોની રહ્યા છો ? શું તમારી સમાજના આગેવાનોનો પણ આજ વિચાર છે ?

શેઠ-અરે ભારત સાહેબ, ત્યારે તો પચાત છે કે હમારા જ્ઞાતિ નાયકો કઇ કરી શકતા નથી અને પછી હમારે બહુ મતિને માન આપવુ પડે છે

વાંચક-ઉપરની વાતચીત પરથી અનુમાન થાય છે કે સમાજમાં બહુ પક્ષ બાપ વૃત્તિઓને પાછુ વાળી ન જોતો હોય, ત્યારે અલ્પ ભાગ પણ પાપીજ બને છે. આવા પરિવર્તનમા તો જ્ઞાતિના નાયકોએ જીભનોજ ભોગ આપવાનો છે, છતા એ આપી શકતા નથી. ઉપર જણાવેલ વેવીશાળનું અંતર અને મર્યાદા આવા બાળકોને માટે ઉત્તમ છે આવો સુધારો કરો એવી આશા રાખું હુ ખરો, છતા પણ તેની સાથે કેળવણી જોઇએ. જેમ જ્ઞાન સિવાય તલવાર ન શોભે તેમ સમાજનુ બંધારણ કેળવણી વિના ન ટકે -શુદ્ધ સરકારના બાળકોજ અને તે પણ સુશોભિત નીવડે તો નિદાને પાત્ર થતો સમાજ યજ્ઞને પામે એમ કહી હુ વિરમું છું. ભુલચુકની ક્ષમા માગુ છુ, તે સાથે તમારી સંસારનૌકાની સદર સફળ નીવડે તે માટે મુબવસ્થા કરવાનુ સૌભાગ્ય પ્રાપ્ત કરે તેવી પ્રભુ પ્રત્યે પ્રાર્થના છે લેખ-

સી૦ વી૦ શા

दीपमालिका विधान (दिवालीपूजा)
तीसरी आवृत्ति तैयार होगई है। मू० एक आना।
मैनेजर, दि० जैन पुस्तकालय-सूरत।

हैं जैसे कुछ सुधारक समझे बैठे हैं। उनका मूल्य इस विभिन्नतामें ही गर्भित है न कि उनकी एकरूपतामें। यदि स्त्री और पुरुष एक ही समान हैं तो इसमें कुछ हानि नहीं कि उन मेंसे कोई भी जातीय वा राष्ट्रीय उन्नतिके मार्गमें अग्रसर हों; परन्तु इस कारणसे कि वे एक दूसरेसे विभिन्न हैं क्योंकि वे प्रत्येक प्रश्नको विभिन्न नय-विभिन्न दृष्टिसे देखते हैं, क्योंकि स्त्री प्रत्येक प्रश्नको अपने स्त्री जैसे मस्तिष्क हृदयसे विचारती है जो कि मनुष्यके दिल और दिमागसे नितान्त विभिन्न है। बस यह इसी कारणसे है कि दोनोंका सहयोग वह शक्ति रखता है जो पृथकत्वमें कभी भी संभव नहीं है। यह गान विद्याके सदृश है जिसमें कि स्वरोंकी विभिन्नतासे ही उसकी उत्तमता प्राप्त होती है। और यह ही वह विभिन्नता है जो कि शारीरिक स्थिति पर व्यक्त है और हार्दिक एवं मानसिक स्वभाव पर भी। उसी विभिन्नता पर मैं इस बातका दावा करूंगी कि स्त्रियोंका साथ साधारण कार्योंमें एवं राष्ट्रके जातीय और व्यवहारिक विभागमें अवश्य होना चाहिए। खासकर व्यवस्था (administration) के कार्य-क्रमोंमें स्त्रियोंका सहयोग एक विशेष मूल्य रखता है। साफ कहूं तो मैं यह समझती हूं कि स्त्रीमें पुरुषके समान ही नियोजक शक्ति (Intintive) नहीं है। मैं साधारण तौर पर कह रही हूं न कि दोनों ओरके व्यक्ति विशेषोंको ही लेकर। परन्तु यदि आप अधिकांश पुरुषोंको ले और अधिकांश स्त्रियोंको तो आपको मालूम होगा कि अधिकांश पुरुषोंमें अधिकांश स्त्रियोंसे अधिक नियोजक शक्ति [illegible] परन्तु व्यवस्था और सिद्धांतोंको कार्यमें परिणत करनेके समय पर आप सदैव यह देखेंगे कि व्यवस्थापनयोजक नियमोंपर स्त्रीके मस्तिष्क का पूर्ण अधिपत्य है जो कि किसीको व्यवस्था संबंधी बातोंमें विशेष उपयोगी बना देता है। मुझे यहां इसके अमली प्रयोगका उदाहरण जैसे किंग्सेन्डमें प्राप्त है उपस्थित करने दीजिए जबकि स्त्रियोंके सुपुर्द अस्पतालों, बच्चोंकी शालाओं रोगियोंकी सेवा और अन्य स्थानोंकी नहीं गर्वों और युवकोंका ध्यान रक्खा जाता हो वहां है। इन सब स्थानोंपर स्त्रियोंका व्यवस्थाके ज्ञान विशेष मूल्यवान पाया गया है। स्त्रियां उन बातोंको ढूंढ निकालती हैं जिनका पुरुषको विचार भी न था। यहां पर मुझे एक कन्याशालाकी याद आती है जहां पर एक या संस्थामें बच्चे थे और जहांकी स्थिति बहुत हीसे पुरुषोंके हाथमें थी। परन्तु उस कन्याशाला प्रबंधकारिणीमें एक स्त्री चुन ली गई। पहिला कार्य जो उसने किया वह यह था कि वह अपने विदुषी सूचित किए ही समय [illegible] निरीक्षणार्थ आने लगी। दूसरा कार्य जो यह किया कि उसने बच्चोंके जूते उतार कर देखा कि उनके मौजे सिरे पर पूरी तरह सीले हुए हैं जिसके कारण कोमल पगोंको बड़ा कष्ट उठाना पड़ता था। उसने बच्चोंके लाभ वर्द्धन हेतु बहुतसे कार्य किए जिनको कि पुरुष अपनी दूरदर्शितासे नहीं कर सकते थे एक पक्षकी दृष्टिके अभावमें न [illegible] नहीं वे आप अवश्य